सूर्योदय : 5:57
सूर्यास्त : 5:55
अधिकतम तापमान : 34.0
न्यूनतम : 26.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-112 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शुक्रवार, 29 सितम्बर 2023
13 रबीउलअव्वल, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com




## न्यूज डायरी

### दीपोत्सव में आएंगी मुर्मू

**अयोध्या।** अयोध्या में एक बार फिर से दीपोत्सव की तैयारियां तेज हो गई हैं। इस बाद 24 लाख दीप जलाकर अयोध्या के घाटों को जगमगाने की तैयारी की जा रही हैं। वहीं इस बार दीपोत्सव में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शामिल हो सकती हैं। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि राष्ट्रपति को कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। अयोध्या में एक बार फिर से दीपोत्सव की तैयारियां तेज हो गई हैं। इस बाद 24 लाख दीप जलाकर अयोध्या के घाटों को जगमगाने की तैयारी की जा रही हैं।

### भाजपाई खा रहे आरक्षण

**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने देश के 45 केंद्रीय विश्वविद्यालयों में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के प्रोफेसर की संख्या महज चार प्रतिशत रहने से संबंधित रिपोर्ट को लेकर आज भाजपा पर हमला बोला और कहा कि पिछड़ों का आरक्षण भाजपाई खा रहे हैं। राजद अध्यक्ष ने कहा कि केंद्रीय विश्वविद्यालयों में सिर्फ़ चार प्रतिशत ओबीसी प्रोफेसर हैं जबकि ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि पिछड़ों का आरक्षण भाजपाई खा रहे हैं।

### पांच युवक डूबे

**मैनपुरी।** मैनपुरी के कस्बा घिरोर के लोग विधूना में बृहस्पतिवार को भगवान गणेश की प्रतिमा विसर्जन करने आए पांच लोग कुंड में नहाने के लिए उतर गए। सभी गहराई में चले गए और डूबने लगे। उन्हें डूबता देख घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। तैराक युवाओं ने एक युवक को तुरंत ही बाहर निकाल लिया। चार अन्य लोगों को बाहर निकालने के बाद मेडिकल कॉलेज भिजवाया। वहां तीन ने दम तोड़ दिया। एक की हालत गंभीर बनी हुई है।

### वापस बुलाए गए राकेश

**इंफाल।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी राकेश बलवाल को पूर्वोत्तर राज्य में वापस भेजने का फैसला किया है। केंद्र ने वर्तमान में श्रीनगर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के रूप में तैनात राकेश बलवाल को उनके गृह कैडर मणिपुर में समय से पहले वापस भेजने का आदेश दिया। बलवाल अब हिंसाग्रस्त राज्य की सहायता के लिए मणिपुर में काम करेंगे। गृह मंत्रालय के प्रस्ताव के लगभग एक महीने बाद कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने मंजूरी दे दी है।

### सूर्यकांत दानी का निधन

**मुंबई।** एशियन पेंट्स के को-फाउंडर अश्विन सूर्यकांत दानी का वीरवार को 81 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। वह एशियन पेंट्स लिमिटेड के गैर-कार्यकारी अध्यक्ष थे। वह दिसंबर 1998 से मार्च 2009 तक कंपनी के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक रहे। बता दें कि एशियन पेंट्स 16 देशों में परिचालन वाली भारत की सबसे बड़ी पेंट कंपनी है। सूर्यकांत दानी भारत के अरबपति बिजनेसमैन हैं। उनके एशियन पेंट्स का बिजनेस भारत के अलावा 16 देशों में चलता है। एशियन पेंट्स एशिया की सबसे बड़ी पेंट कंपनियों में शुमार है।

## ज्ञानवापी में एएसआई सर्वे रोकने की अर्जी खारिज, अदालत ने कहा

# मस्जिद कमेटी चाहे तो सुप्रीम कोर्ट जाए

- श्रृंगार गौरी की नियमित पूजा पर कोर्ट ने फैसला टाला
- वजूखाने में शिवलिंग जैसी आकृति पर भी आदेश नहीं
- साक्ष्यों को डीएम संरक्षित करेंगे




**वाराणसी।** वाराणसी के ज्ञानवापी परिसर में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआइ) का सर्वे रोकने की मांग वाली अंजुमन इंतेजामिया मस्जिद कमेटी की अर्जी गुरुवार को खारिज कर दी गई। जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत ने कहा कि यह मसला पहले भी इलाहाबाद हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के सामने उठाया जा चुका है। तब भी सर्वे रोकने की मांग खारिज की गई दी थी।

मस्जिद कमेटी चाहे तो सुप्रीम कोर्ट जा सकती है। ज्ञानवापी में एएसआई सर्वे रोकने के लिए मस्जिद कमेटी ने बीते नौ अगस्त को अर्जी दी थी। कमेटी ने कहा था कि सर्वे में आ रहे खर्च की फीस नहीं जमा की गई है। इसके बगैर सर्वे कानून के खिलाफ है।

सर्वे के लिए एएसआई को रिट नहीं जारी की गई और न लिखित रूप से जानकारी दी गई। सामान्य नियम और सिविल प्रक्रिया संहिता के तहत दिए गए प्रावधानों का पालन किए बगैर जो सर्वे किया जा रहा है, उसे रोका जाए। जिला जज की अदालत ने मस्जिद कमेटी की मांग खारिज करते हुए उसकी अर्जी का निस्तारण कर दिया। मां श्रृंगार गौरी मुकदमे की वादिनी सीता साहू, रेखा पाठक, मंजू व्यास और लक्ष्मी देवी ने जिला जज की अदालत से हिंदू धर्म से संबंधित साक्ष्यों को संरक्षित कर जिलाधिकारी को सौंपने का अनुरोध किया था। इसका निस्ताण भी जिला जज की अदालत ने कर दिया। अदालत ने कहा कि इस मामले में पहले ही आदेश दिया जा चुका है। एएसआई सर्वे की रिपोर्ट जिलाधिकारी को भी मुहैया कराएगा। इन साक्ष्यों को जिलाधिकारी सुरक्षित व संरक्षित रखेंगे। जब भी अदालत को जरूरत पड़ेगी, तब जिलाधिकारी साक्ष्य प्रस्तुत करेंगे। यही आदेश इस मामले में प्रभावी रहेगा। अलग से आदेश जारी करने की आवश्यकता नहीं है। दरअसल, साक्ष्यों को सुरक्षित करने का आदेश राखी सिंह की अर्जी पर पहले ही आया था।

### सर्वे की मांग पर पांच अक्टूबर को सुनवाई

मां श्रृंगार गौरी मुकदमे की वादिनी राखी सिंह ने अधिवक्ता सौरभ तिवारी और अनुपम द्विवेदी के जरिये जिला जज की अदालत में 64 पन्ने का प्रार्थना पत्र दिया है। इसके माध्यम से ज्ञानवापी स्थित सील वजूखाने में एएसआई से सर्वे कराने का अनुरोध किया गया है। इसकी प्रति बृहस्पतिवार को सभी पक्षकारों को उपलब्ध कराई गई। अंजुमन इंतेजामिया मस्जिद कमेटी ने आपत्ति और जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा। इस पर अदालत ने सुनवाई की अगली तिथि पांच अक्तूबर तय कर दी।

# केशव, पाठक, दयाशंकर समेत कई मंत्रियों को मिल सकता है टिकट

- केशव मौर्य के कार्यकाल में 2017 में भाजपा को पूर्ण बहुमत मिला था
- पाठक बसपा से उन्नाव संसदीय क्षेत्र से लोकसभा का चुनाव जीत चुके हैं



**नई दिल्ली।** बीजेपी 2024 लोकसभा चुनाव की तैयारी जोर-शोर से कर रही है। उत्तर प्रदेश में बनने वाले विपक्षी दलों के संभावित गठबंधन को देखते हुए बीजेपी योगी आदित्यनाथ सरकार के दिग्गज मंत्रियों को लोकसभा चुनाव के मैदान में उतार सकती है। योगी सरकार के मंत्रियों को भाजपा 2024 का लोकसभा चुनाव लड़ा सकती है।

सबसे पहले बात उत्तर प्रदेश के कद्दावर नेता व डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य की करते हैं, जिन्हें पार्टी 2024 में फिर से लोकसभा चुनाव लड़वाने की तैयारी कर रही है। मौर्य के प्रदेश अध्यक्ष के कार्यकाल में ही 2017 में भाजपा को पूर्ण बहुमत मिला था और उस समय मौर्य यूपी में मुख्यमंत्री पद के प्रबल दावेदार माने जा रहे थे। लेकिन, सीएम पद योगी आदित्यनाथ को मिल गया और उन्हें उपमुख्यमंत्री पद से ही संतोष करना पड़ा। 2022 में हुए विधानसभा चुनाव में केशव प्रसाद मौर्य ने अपने गृह जिले कौशांबी की सिराथू सीट से चुनाव लड़ा। लेकिन, उन्हें समाजवादी पार्टी उम्मीदवार पल्लवी पटेल से हार का सामना करना पड़ा। हालांकि, पार्टी आलाकमान के दबाव में योगी आदित्यनाथ ने अपनी दूसरी सरकार में भी उन्हें उपमुख्यमंत्री तो बनाया लेकिन लोक निर्माण विभाग जैसा मंत्रालय वापस लेकर उन्हें ग्रामीण विकास मंत्रालय का जिम्मा सौंप दिया। इससे पहले मौर्य 2014 में फूलपुर से लोकसभा सांसद भी चुने गए थे। उत्तर प्रदेश के दूसरे उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक को भी 2024 में भाजपा लोकसभा के चुनावी मैदान में उम्मीदवार बनाने पर विचार कर रही है। बसपा से अपने राजनीतिक सफर की शुरुआत करने वाले पाठक मायावती की पार्टी से उत्तर प्रदेश के उन्नाव संसदीय क्षेत्र से लोकसभा का चुनाव जीत चुके हैं।

## दिल्ली में फर्नीचर मार्केट पहुंचे राहुल गांधी



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी गुरुवार को दिल्ली के कीर्तिनगर स्थित फर्नीचर मार्केट पहुंचे और वहां कारीगरों से मुलाकात की। इसको लेकर उन्होंने एक्स पर जानकारी देते हुए लिखा, एशिया के सबसे बड़े फर्नीचर मार्केट जाकर आज बढ़ई भाइयों से मुलाकात की। ये मेहनती होने के साथ ही कमाल के कलाकार भी हैं। मजबूती और खुबसूरती तराशने में माहिर। काफी बातें हुई, थोड़ा उनके हुनर को जाना और थोड़ा सीखने की कोशिश की। इससे पहले राहुल गांधी बीते हफ्ते 21 सितंबर को दिल्ली के आनंद विहार रेलवे स्टेशन पहुंचे थे और वहां कुलियों से मुलाकात की थी। उन्होंने कुलियों से बात की और उनकी परेशानियों को सुना था। इस दौरान राहुल ने कुली की ड्रेस पहनकर यात्रियों का सामान भी उठाया था। 27 जून को करोल बाग भी पहुंचे थे और वहां मोटरसाइकिल मैकेनिकों से मुलाकात की थी। तब उन्होंने फेसबुक पर मैकेनिकों के साथ अपनी बातचीत की तस्वीरें पोस्ट कीं थी और लिखा- उन हाथों से सीखना जो रिंच घुमाते हैं और भारत के पहियों को गतिमान रखते हैं।

### पंजाब माफिया राज्य बन गया है: तरुण चुघ

**चंडीगढ़।** भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरूण चुघ ने आज पंजाब को माफिया राज्य बनाने के लिए सीधे तौर पर पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को दोषी ठहराया और कहा कि भगवंत मान सरकार सीधे तौर पर पंजाब में माफियाओं को संरक्षण दे रही है। चुघ ने मीडिया से बात करते हुए कहा सरकार पर कटाक्ष किया कि जिस तरह से पुलिस और राजनेता कथित तौर पर राज्य में माफियाओं को संरक्षण दे रहे हैं, जिससे आम जनता का जीवन दयनीय और असुरक्षित हो गया है।

## गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ...




**मुंबई।** देशभर में अनंत चतुर्दशी पर विभिन्न गणेश मंडलों द्वारा ढोल-नगाड़ों और 'गणपति बप्पा मोरया' के जयकारों के साथ विघ्नहर्ता की प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। मुंबई में लोग सुबह से ही प्रतिमाएं विसर्जन स्थल पर ले जा रहे हैं। जगह-जगह भक्तों का हुजूम दिखाई दिया। मुंबई में पुलिस के 19 हजार जवान तैनात किए गए हैं।

ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों में 16,250 कॉन्स्टेबल, 2,866 अधिकारी, 45 असिस्टेंट कमिश्नर, 25 डिप्टी कमिश्नर, 8 एडिशनल कमिश्नर और अन्य सीनियर अधिकारी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि 2,452 प्रतिमाओं में से 919 को विसर्जन नगर निकाय द्वारा स्थापित कृत्रिम तालाबों में किया गया। भगवान गणेश की विभिन्न रूपों और आकारों की सुसज्जित प्रतिमाओं को प्रार्थना, अगले बरस फिर से आने के अनुरोध, संगीत और नृत्य के साथ विसर्जन के लिए पंडालों से बाहर निकाला गया। अपने प्रिय देवता की एक झलक पाने के लिए सुबह से ही शहर के विभिन्न स्थानों पर भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी।

#### हेट स्पीच मामला

### रमेश बिधूड़ी की मुश्किलें बढ़ीं

**नई दिल्ली।** संसद में अमर्यादित भाषा के उपयोग करने वाले भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी की मुश्किलें बढ़ गई हैं। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने इस मामले को संसद की विशेषाधिकार समिति को भेज दिया है। अब समिति जांच कर विशेषाधिकार हनन के मामले में बिधूड़ी पर कार्रवाई कर सकती है। बता दें कि बिधूड़ी ने बहुजन समाज पार्टी के सांसद दानिश अली पर संसद में अपमानजनक और धार्मिक टिप्पणियां की थीं। मामले की जांच लोकसभा समिति को सौंपे जाने का बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे ने स्वागत किया है। बीजेपी सासंद निशिकांत दुबे ने सोशल मीडिया पर कहा कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला जी का आभार, उन्होंने दानिश अली प्रकरण में लोकसभा सचिवालय की समिति को जांच का जिम्मा सौंपा है, आज यह इसलिए संभव हो पाया क्योंकि लोकसभा में भाजपा का बहुमत है।

# स्मार्ट बजट बनाने की तैयारी

## संविदा की भर्तियों पर नियंत्रण, काम को ही संविदा पर कराने के निर्देश

- प्रशासनिक स्टाफ की होगी समीक्षा
- नई गाड़ियों की खरीद तभी होगी जब शासन अनुमोदन करेगा



**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने अगले वित्त वर्ष के लिए स्मार्ट बजट बनाने की तैयारी के निर्देश सभी विभागों को दिए हैं। एक तरफ स्टाफ के बढ़ते खर्च का बोझ घटाने के लिए कहा गया है तो दूसरी तरफ प्रशासनिक स्टाफ की समीक्षा के निर्देश भी विभागीय प्रमुखों को दिए गए हैं।

सभी विभागों से कंजूसी बरतने के लिए कहा गया है। कबाड़ हो रहे उपकरणों के इस्तेमाल के निर्देश दिए गए हैं और नई खरीद पर नियंत्रण के लिए कहा गया है। सभी विभागों से कहा गया है कि शासकीय ढांचे का पुनर्गठन करें। रिपोर्ट बनाए कि लाभार्थी तक पहुंचने वाले डिलीवरी सिस्टम पर कितना खर्च आ रहा है। नई गाड़ियों की खरीद तभी होगी, जब शासन अनुमोदन करेगा। संविदा पर कर्मचारियों की नियुक्ति पर भी नियंत्रण किया जाएगा। इसके लिए संविदा कर्मचारियों की भर्ती के बजाय काम को ही संविदा पर कराने के लिए कहा गया है। बजट को नियंत्रित रखने के लिए राज्य सरकार हरसंभव प्रयास कर रही है। एक तरफ विकासपरक और जनता से जुड़ी योजनाओं पर अधिक खर्च किया जा रहा है तो दूसरी तरफ अनुपयोगी खर्चों को नियंत्रित करने की कवायद की जा रही है।

इसी क्रम में सभी विभागों के प्रमुखों से अगले साल के बजट में कुछ अहम बिंदुओं पर ध्यान देने के लिए कहा गया है। किसी काम के लिए एकमुश्त बजट के आवंटन में सावधानी बरतने को कहा गया है। अपरिहार्य मामलों में एकमुश्त बजट की जरूरत को तार्किक रूप से लिखित में समझाना होगा। बकाया वसूली को गंभीरता से लेते हुए कहा गया है कि जिन विभागों में वसूली की रकम कम है और विभागीय खर्च ज्यादा हैं उन की न केवल समीक्षा की जाए बल्कि सख्त कार्यवाही भी करें।

नई गाड़ियों की खरीद पर अंकुश लगाते हुए निर्देश दिए गए हैं कि बजट में नई गाड़ियों की खरीद को न शामिल करें। तमाम विभाग केन्द्र और राज्य सरकार के अतिरिक्त अन्य योजनाओं से मिलने वाले धन से गाड़ियों को खरीद लेते हैं। इस पर भी रोक लगा दी गई है। नई गाड़ी तभी खरीदी जा सकेगी, जब शासन से अनुमति मिलेगी।

# कुमाऊंनी धरती पर पधारेंगे पीएम मोदी

- गुजारेंगे दो दिन
- सौगात में मिलेगी ड्रीम प्रोजेक्ट की खास योजना
- डीएम और एसपी ने किया निरीक्षण



**चंपावत।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोहाघाट स्थित अद्वैत आश्रम मायावती के संभावित दौरे को लेकर तैयारियां तेज होने लगी हैं। जिलाधिकारी नवनीत पांडे के निर्देश पर लोनिवि ने लोहाघाट नगर से लगे सुईं छमनियां स्टेडियम तक जाने वाली लगभग 800 मीटर रोड में इंटरलॉकिंग टाइल्स बिछाने का काम शुरू कर दिया है। 11 और 12 अक्टूबर को प्रधानमंत्री के पिथौरागढ़ दौरे में चंपावत के अद्वैत आश्रम मायावती में रात्रि विश्राम भी संभावित है। चंपावत, संवाद सहयोगीः प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोहाघाट स्थित अद्वैत आश्रम मायावती के संभावित दौरे को लेकर तैयारियां तेज होने लगी हैं। जिलाधिकारी नवनीत पांडे के निर्देश पर लोनिवि ने लोहाघाट नगर से लगे सुईं छमनियां स्टेडियम तक जाने वाली लगभग 800 मीटर रोड में इंटरलॉकिंग टाइल्स बिछाने का काम शुरू कर दिया है।

# सपा इंडिया गठबंधन के साथ है

## मध्य प्रदेश में अखिलेश यादव ने आदिवासी घर में किया भोजन

### विचारधारा

- सपा के लिए मप्र में बड़ी संभावना
- 2024 में इंडिया गठबंधन की सरकार बनना तय



**खजुराहो।** दो दिवसीय दौरे पर मध्यप्रदेश गए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि मध्य प्रदेश में परिवर्तन निश्चित है। समाजवादी पार्टी का लक्ष्य मध्य प्रदेश में भाजपा को हराना है।

मध्य प्रदेश में बड़ी संख्या से समाजवादी नेता निकले हैं। यहां बड़ी गुंजाइश है। समाजवादी विचारधारा का भविष्य बड़ा और अच्छा है। अखिलेश ने इस दौरान मध्य प्रदेश के राजनगर क्षेत्र में स्थित सिंगरो गांव में एक आदिवासी के आवास पर भोजन किया। घर की महिलाओं ने स्वागत कर उन्हें भोजन कराया। अखिलेश यादव ने खजुराहो में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि समाजवादी पार्टी का संगठन जिन क्षेत्रों में मजबूत है और जहां पर हमारे प्रत्याशी जीतने की स्थिति में हैं, वहां पर चुनाव लड़ेंगे। पिछले विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी एक सीट जीती और कई स्थानों पर बहुत मजबूती से चुनाव लड़ी। सपा प्रमुख ने कहा कि समाजवादी पार्टी इंडिया गठबंधन के साथ है। हम (पीडीए) पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यकों को एकजुट करके भाजपा को हराने की रणनीति पर काम कर रहे हैं। दावा किया कि केंद्र में 2024 में इंडिया गठबंधन की सरकार बनना तय है। मध्य प्रदेश में भी भाजपा को हराने और सत्ता परिवर्तन में समाजवादियों की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। सरकार में आने का मौका मिला तो मध्य प्रदेश में माता बहनों को हर महीने छह हजार देकर उनकी मदद करेंगे।

### बिना सोचे-समझे नौजवान बन रहे साधु: खरगे

**रायपुर।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आज गुरुवार को भाटापारा में श्रमिक सम्मेलन में बागेश्वर धाम सरकार पंडित धीरेंद्र शास्त्री पर तंज कसते हुए बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग जादू दिखाते हैं। जंतर-मंतर दिखाते हैं। आजकल बगैर सोचे-समझे बहुत से नौजवान लोग भी साधु बन रहे हैं। मैं किसी का नाम नहीं लेना चाहता। जंतर मंतर जंतर मंतर बताते हैं, लेकिन सतनामी समाज के गुरु अपने जीवन में दुखों को सहन करके, संघर्ष करके, लोगों को बचाने के लिए, धर्म के रास्ते में लाने के लिए और अच्छाई दिखाने के लिए काम किया है।

आजकल ऐसी विचारधारा के लोग देश में बहुत कम हैं। छत्तीसगढ़ में खास करके गुरु घासीदास जो सतनामी पंथ के स्थापना करने में बहुत बड़ा हाथ था और उनकी वजह से ही सतनामी पंथ यहां पर स्थापित हुआ। सही मार्ग किसी ने बताया तो वो घासीदास ने बताया था।

# नहीं रहे एमएस स्वामीनाथन

- 98 साल की उम्र में ली अंतिम सांस
- हरित क्रांति का कहा जाता था जनक



**चेन्नई।** हरित क्रांति के जनक एमएस स्वामीनाथन का निधन हो गया है। 98 वर्षीय एमएस स्वामीनाथन को उनके जीवन में कई पुरस्कारों से सम्मानित किया गया जिनमें 1967 में पद्म श्री', 1972 में पद्म भूषण' और 1989 में पद्म विभूषण' शामिल हैं। स्वामीनाथन सिर्फ भारत ही नहीं दुनियाभर में सराहे जाते थे।

2004 में स्वामीनाथन को किसानों पर राष्ट्रीय आयोग के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया था। इस आयोग को आत्महत्या के मामलों के बीच किसानों के संकट को देखने के लिए गठित किया गया था। आयोग ने 2006 में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की और अपनी सिफारिशों में सुझाव दिया कि न्यूनतम समर्थन मूल्य उत्पादन की औसत लागत से कम से कम 50 प्रतिशत अधिक होना चाहिए। स्वामीनाथन को भारत में हरित क्रांति का अगुआ माना जाता है। वे पहले ऐसे व्यक्ति हैं, जिन्होंने सबसे पहले गेहूं की एक बेहतरीन किस्म को पहचाना और स्वीकार किया। इसके कारण भारत में गेहूं उत्पादन में भारी वृद्धि हुई। इसी बीच दूसरे विश्व युद्ध के दौरान 1943 में बंगाल में भीषण अकाल पड़ा जिसने उन्हें झकझोर कर रख दिया। इसके बाद स्वामीनाथन ने तय किया कि देश में खाने की कमी नहीं हो इस उद्देश्य से कृषि की पढ़ाई की। 1944 में उन्होंने मद्रास एग्रीकल्चरल कॉलेज से कृषि विज्ञान में बैचलर ऑफ साइंस की डिग्री हासिल की। स्वामीनाथन ने पुलिस सेवा को छोड़कर नीदरलैंड जाना सही समझा। 1954 में वह भारत आ गए और यहीं कृषि के लिए काम करना शुरू कर दिया।

### कृषि से जुड़ा रास्ता अपनाया

1947 में वह आनुवंशिकी और पादप प्रजनन की पढ़ाई करने के लिए दिल्ली में भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईएआरआई) आ गए। उन्होंने 1949 में साइटोजेनेटिक्स में स्नातकोत्तर की डिग्री प्राप्त की। उन्होंने अपना शोध आलू पर किया। हालांकि, समाज और परिवार का दवाब पड़ा कि उन्हें सिविल सेवा की परीक्षा की तैयारी करनी चाहिए। आखिरकार वह सिविल सेवाओं की परीक्षाओं में शामिल हुए और भारतीय पुलिस सेवा में उनका चयन हुआ। उसी समय उनके लिए नीदरलैंड में आनुवंशिकी में यूनेस्को फेलोशिप के रूप में कृषि क्षेत्र में एक मौका मिला।

# चंदपुरा, मुड़िया खेड़ा, रामापुर में स्वच्छता की पड़ताल करने पहुंचे विधायकः सीडीओ

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** जिले में जेई, एईएस, स्क्रब टाइफस जैसी बीमारियों की रोकथाम के लिए डीएम महेंद्र बहादुर सिंह के निर्देश पर गांवों में विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है।

स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के तहत स्वच्छता अभियान को गति देने के लिए सीडीओ अनिल कुमार सिंह व विधायक योगेश वर्मा ने डीपीआरओ सौम्यशील सिंह संग गुरुवार को स्वयं मार्निंग फालोअप करने निकले।

**विधायक और सीडीओ ने सदर ब्लॉक के गांव**

चंदपुरा, मुड़ियाखेड़ा, रामापुर में मार्निंग फालोअप के दौरान लोगों को स्वच्छता का महत्व बताया और लोगों को साफ-सफाई के लिए प्रेरित किया। निरीक्षण के दौरान रामापुर ग्राम पंचायत में सफाई कर्मी सीमा वर्मा व सुमन वर्मा अनुपस्थित मिली, जिस पर सीडीओ ने घोर अप्रसन्नता



जाहिर की।डीपीआरओ ने नदारत सफाई कर्मी को निलंबित करते हुए निलंबन आदेश जारी किया। निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत मुड़िया खेड़ा में सड़क पर घूरा, गोबर डालने वाले पर विधायक ने गहरी नाराजगी जताई। रामापुर में हाईवे पर अतिक्रमण कर गंदगी फैलाने वाले दुकानदारों को अफसरो ने तत्काल दुकान हटाने के लिए निर्देशित किया। सीडीओ ने एडीपीआरओ को सफाई व्यवस्था का लगातार अनुश्रवण करने के निर्देश दिए। ग्राम चंदपुरा एवं मुड़िया खेड़ा में हर घर जल मिशन द्वारा कई छतिग्रस्त सड़को एवं खड़ंजों की मरम्मत न होने पर नाराजगी व्यक्त की। विधायक सदर योगेश वर्मा ने कहा कि स्वच्छता से ही ग्रामीण स्वस्थ्य होंगे तभी तेजी से विकास होगा। 02 अक्टूबर तक लगातार वह इसी प्रकार औचक निरीक्षण करेगे। सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने अभियान में सहकारी समितियों की सहभागिता बढ़ाने पर जोर दिया।

डीपीआरओ ने कहा कि संचारी रोग की रोकथाम के लिए विशेष सफाई अभियान का रोस्टर बनाया गया है। रोस्टर के अनुसार सफाईकर्मी गांव जाकर सफाई करें। गांव में साफ सफाई व्यवस्था को लेकर लगातार निरीक्षण किए जा रहे हैं, जो भी सफाई कर्मचारी कार्य में लापरवाही बरतेगा या अनुपस्थित मिलेगा। उस पर कार्रवाई होगी।

डीएम ने काम न करने वाले सफाई कर्मियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई के लिए स्पष्ट निर्देश दिए हैं। निरीक्षण के दौरान एडीओ पंचायत अनिल मिश्रा, जिला कंसलटेंट नंद किशोर दीक्षित भी मौजूद रहे।

## शहीद-ए आजम भगत सिंह के जन्मोत्सव पर विचार गोष्ठी आयोजित

**सहारनपुर।** शहीदे आजम भगत सिंह की जयंती पर आज उनकी स्मृति में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें उनके त्याग और बलिदान पर विस्तार से प्रकाश डाल उनके जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया गया।

आज अम्बाला रोड स्थित गुरूनानक इंटर कॉलेज में शहीद ए आजम भगत सिंह की जयंती के उपलक्ष्य में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमे वक्ताओं ने शहीद-ए आजम सरदार भगत सिंह को याद कर उनके जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला। गोष्ठी में सभी ने उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। शहीद-ए आजम भगत सिंह के जन्मोत्सव के उपलक्ष पर आयोजित विचार गोष्ठी में तिलक राज भाटिया, सरोज वर्मा सहित कई सगठनो के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओ समेत गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# युवती ने पीएसी के सिपाही पर दुष्कर्म करने व रुपये लेने के आरोप लगाये

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** नौ महीने पुराने मामले में पलिया क्षेत्र की युवती ने पीएसी के सिपाही पर दुष्कर्म करने व रुपये लेने के आरोप लगाए हैं पुलिस महानिदेशक के निर्देश पर पुलिस ने पीएसी के दो सिपाहियों सहित पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है पलियाकलां थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने बताया कि विमल कुमार गौतम 24 बटालियन में पीएसी सिपाही है घर पर उसका आना जाना है एक दिन विमल कुमार गौतम ने नहाते समय फोटो खींच लिया और वायरल करने की धमकी देकर उससे दो बार में 61,100 रुपये ले लिए। जब वह 9 जनवरी 2023 को प्रतियोगी परीक्षा देने के लिए लखनऊ गई, तो आरोपी ने फोटो वायरल करने की धमकी देकर होटल में दुष्कर्म किया इसके बाद विमल 16 मई को नोएडा में उसके किराये के कमरे में पहुंच गया और दुष्कर्म किया। आरोप है कि 26 जून को वह गर्भवती हो गई तो सिपाही विमल ने गोला में एक डॉक्टर के यहां गर्भपात करवा दिया। आरोप यह भी है कि विमल के दोस्त 24 बटालियन पीएसी मुरादाबाद में तैनात सिपाही सतेंद्र व मुख्य आरोपी के मामा ब्रजेश निवासी बंडा जिला शाहजहांपुर ने भी फोन कर शिकायत करने पर हत्या की धमकी दी पुलिस ने नहीं सुनी तो युवती ने पुलिस महानिदेशक से शिकायत की। पुलिस महानिदेशक के निर्देश पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी विमल कुमार गौतम, साथी सतेंद्र कुमार व मामा ब्रजेश के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर शुरू कर दी हैं मुकदमे में दो महिलाओं को भी नामजद किया गया है एक ही मामले में दो थानों में दर्ज मुकदमा युवती की तहरीर पर एक ही दिनांक में दो थानों में दर्ज मुकदमा चर्चा का विषय बना हुआ है। पुलिस महानिदेशक के निर्देश पर आनन-फानन में पलिया और गोला पुलिस ने एक ही मुकदमा दर्ज कर लिया। दोनों थानों में मुकदमा एक ही तारीख में दर्ज किया गया।

## आवारा पशुओं से आखिर कब मिलेगी निजात



**मोहम्मदी खीरी।** सरकार ने जो भी व्यवस्थाएं छुट्टा आवारा पशुओं के लिए की है वह धरातल पर नहीं उतर रही है मोहम्मदी क्षेत्र के दर्जनों ग्रामों ग्रामों के सैकड़ो किसानों का कहना है कि हम सब को रात-रात भर फसलों की रखवाली करनी पड़ती है कई बार इसकी शिकायत भी की गई लेकिन समस्या से निजात आज तक नहीं मिल सका कुछ जगह नजदीकी गौशाला होने के बावजूद भी मवेशियों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है किसानों के लिए छुट्टा आवारा पशु सर दर्द बने हुए हैं रातों की नींद हराम हो गई है आवारा पशुओं के आतंक के कारण खुद ही फसलों की रखवाली कर रहे हैं वहीं जिम्मेदार विभाग भी मवेशियों की समस्या से निजात दिलाने के लिए किसानों के हित में कोई ठोस कदम नहीं उठा रहे हैं कई बार इस समस्या को लेकर समाचार पत्रों में खबर प्रकाशित होने के बाद भी जिम्मेदार अधिकारियों ने मवेशियों के प्रबंधन हेतु कोई ठोस कदम नहीं उठाया इसके अलावा किसानों को मजबूरी में अपने खेतों से नुकीले तार लगवाने पड़ रहे हैं मोहम्मदी क्षेत्र के ग्रामों में यह समस्या बनी हुई है शाम होते ही मवेशी किसानों के खेत में पहुंचे जाते है धान ,ज्वार आदि और भी फैसलो को नष्ट करने लगते हैं किसान दिन भर अपनी पेट पूर्ति हेतु दिनभर इधर-उधर मजदूरी करते हैं शाम को घर जाकर भोजन कर हर व्यक्ति आराम की नींद लेना चाहता है लेकिन छुट्टा मवेशियों के आतंक के कारण किसानों की नींद हराम हो गई है आवारा पशुओं से निजात दिलाने के लिए शासन ने निर्देश जारी किया प्रत्येक गांव पंचायत में मिनी गौ आश्रम स्थल का निर्माण करने को कहा इसका उद्देश्य यही था कि किसानों को पशुओं के आतंक से निजात मिलेगी लेकिन इन सब भारी भरकम तामझाम के बाद भी हालत जस के तस हैं शासन के निर्देश के बाद भी छुट्टा मवेशियों का आतंक कम होने के बजाय दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है पशुओं का झुंड किसानों की फसलों को तबाह करने के साथ सड़कों पर घूमता नजर आता है नगर से लेकर ग्रामों तक चौराहा , खेत, गली मोहल्लों में , सड़को पर,छुट्टा मवेशियों के झुंड राहगीरों का रास्ता बाधित करते है ऐसा आपको शाहजहांपुर रोड ग्राम मछेछा में भी देखने को मिलेगा जो की हाईवे पर सभी जानवर आपको बैठे मिल जाएंगे कई बार राहगीर मवेशियों की दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं।

## नशीली टैबलेट के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी।** थाना मैलानी पुलिस द्वारा अभियुक्त उत्तमवीर सिंह उर्फ गोल्डी पुत्र स्व0 गुरनाम सिंह को 79 अदद अवैध नशीली टैबलेट (अल्प्राजोलम) बरामद कर गिरफ्तार किया गया, जिसके सम्बन्ध में थाना मैलानी पर एनडीपीएस एक्ट की सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# डेढ साल से लम्बित, राज्य सफाई कर्मचारी आयोग की रिपोर्ट को लागू कराने के लिए सार्थक प्रयास होगें: कमलेश मिश्र

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** भारतीय जनता पार्टी के अनूसूचित जाति की बस्तियों



में जन संपर्क के दौरान वाल्मीकि बस्ती गोटैय्या बाग में कुंवर विकेन्स के आवास पर भारतीय जनता पार्टी क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्र और भाजपा के जिला अध्यक्ष सुनिल सिंह का आगमन हुआ इस अवसर पर चंदन लाल वाल्मीकि राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष वंचित शोषित सामाजिक संगठनों के अखिल भारतीय परिसंघ महादलित परिसंघ के प्रतिनिधि मंडल ने प्रदेश के सफाई कर्मचारियों की सर्वोच्च संस्था राज्य सफ़ाई कर्मचारी आयोग उत्तर प्रदेश की रिपोर्ट को राज्य सरकार से लागू कराने के लिए ज्ञापन दिया गया।

चन्दन वाल्मीकि ने ज्ञापन देते हुए कहा कि डेढ़ साल से आयोग की रिपोर्ट का लागू होना शेष है।

अगर उत्तर प्रदेश सरकार यह रिपोर्ट लागू कर देती है तो सीवर डैथ रुकेंगी।

आरक्षण का वर्गीकरण एवं सामाजिक न्याय समिति की रिपोर्ट को लागू करने का भी उल्लेख किया गया है। भारतीय जनता पार्टी ने उत्तर प्रदेश के की के चुनाव से पूर्व अपने घोषणा पत्र में आरक्षण का लाभ सभी जातियों को मिले और इस के आरक्षण के वर्गीकरण की बात कही। सरकार बनने के बाद इस पर तत्कालीन समाज कल्याण मंत्री रमापति शास्त्री ने काम भी किया। लेकिन सामाजिक न्याय समिति की रिपोर्ट को सरकार ने सामाजिक न्याय की रिपोर्ट भी ने लागू नहीं किया है।

रिपोर्ट में स्वच्छकारों को पृथक आरक्षण की मांग भी प्रमुखता से की है अनुसूचित जातियों से अधिक मुख्य धारा में लाने के लिए सफाई पेशे में लगी जातियों जैसे वाल्मीकि, हेला, धानुक, डोम, बसोर, रावत, डुमार, बॉसफोर, लालबेगी,आदि जातियों के लिए पृथक आरक्षण और विशेष सहूलियत दिये जाने की बात कही है।

सफाई कर्मचारियों की नियमित भर्ती की मांग की है, 2006 के सम्विदा सफाई कर्मचारियों का नियमितिकरण और सेवा के दौरान मृत संविदा सफाई कर्मचारियों के स्थान पर उनके आश्रितों को मानवीय आधार पर उनके रिक्त पदो पर समायोजन,ठेका कर्मचारियों को पूर्ण निर्धारित पारिश्रम ईपीएफ, ईएसआई का लाभ नहीं मिल पा रहा है, जो ठेका फर्म/कंपनियां सफाई कर्मचारियों के देयक उनके वेतन से तो काट लेते हैं, लेकिन जमा नहीं करते।

नगर पालिका परिषद बदायूॅ के कई दैनिक वेतन सफाई कर्मचारी है जो नियमितिकरण की सभी औपचारिकताएं पूर्ण करने के बाद कुछ दैनिक वेतन सफाई कर्मचारियों को नियमित किया लेकिन ऐसे कई सफाई कर्मचारी आज भी नियमित होने से शेष है। वहीं प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी की के संसदीय क्षेत्र की नगर निगम वाराणसी के पुराने 431 ठेका कर्मचारियों को संविदा में परिवर्तन 431 ठेका सफाई कर्मचारियों को उनकी सेवाओं और नगर निगम वाराणसी के वोर्ड प्रस्तावों को दृष्टिगत करते हुए उन्हें संविदा में समायोजन किया जाना शेष है। आगरा शमशाबाद के ठेका सफाई कर्मचारी श्री बच्चू सिंह कूड़ा निस्तारण करते अपने दो पैर एक हाथ गवा चुके उनका पुनर्वास के लिए आयोग ने सिफारिश की है,

इसके अलावा दुर्घटनाओं में मारे गये/घायक सफाई कर्मचारियों को मुआवजे, इलाज व पुनर्वास के लिए अलग बजट के अतिरिक्त विशेष फण्ड की व्यवस्था की जाए और परिवार के पुनर्वास की योजना बनाने की सिफारिश की है। पंचायती राज विभाग के सफाई कर्मचारियों की सेवा नियमावली बनाई जाय। पुरानी पेंशन बहाल की बहाली, शैक्षिक योग्यता के अनुसार पदोन्नति सफाई कर्मचारियों को कैशलैस चिकित्सा, सफाई कर्मचारियों की सेवाकाल में मृत्यु के उपरांत बीमा राशि बढा कर दस लाख की जाए।

आयोग ने सफाई कार्य से जुडे लोगों का जीवन स्तर ग्रामीण क्षेत्रों में बडे बजबूरियों भरा रहा है इसके लिए जीवन यापन के लिए विमुक्ति जातियों की भांति भूमि हीन परिवार को कम से कम एक एकड की भूमि का पट्टा दिया जाए।

## मृतक सागर के परिजनों से मिला सपा नेताओं का प्रतिनिधि मण्डल

**सहारनपुर।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर पार्टी पदाधिकारी का एक प्रतिनिधिमंडल काशीराम कॉलोनी पहुंचा और मृतक सागर जाटव के परिजनों से मिला और शोकाकुल परिवार के प्रति शोक संवेदनाएं व्यक्त की और सरकार से पीड़ित परिवार की पत्नी को सरकारी नौकरी व 50 लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने की मांग की। उल्लेखनीय है कि विकास 17 सितंबर को सागर जाटव पुत्र बलवीर निवासी काशीराम कॉलोनी शेखपुरा पेपर मिल रोड की डूब कर मौत हो हो गई थी। मौत के करण का पता लगाने के लिए सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव के निर्देश पर पार्टी के प्रतिनिधिमंडल काशीराम कॉलोनी पहुंचा और मृतक सागर जाटव के परिजनों से भेंट की। सागर के परिवार में उनकी पत्नी और छोटे-छोटे दो बच्चे है। प्रतिनिधि मंडल ने मृतक के परिजनों को हर संभव मदद का शासन देते हुए प्रदेश सरकार से मांग कर कहा कि मृतक आश्रित की पत्नी को सरकारी नौकरी व 50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी जाए। प्रतिनिधिमंडल में पूर्व मंत्री संजय गर्ग, प्रदेश सचिव मांगेराम कश्यप, एससी एसटी प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल भारती, जिला अध्यक्ष चौधरी अब्दुल वाहिद, महानगर अध्यक्ष आजम शाह, सहारनपुर विधानसभा अध्यक्ष सुरेश त्यागी, फैसल सलमानी प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, पिछ्ला प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष इंजी. विजेश शर्मा, चौधरी अब्दुल गफूर, हसीन कुरैशी,, रामकुमार विश्वकर्मा, इसरार चौधरी, हुकम सिंह, कर्म सिंह, मोहम्मद उमर, राजीव भारती आदि मौजूद रहे।

## एसपी ने किया चौकी व थाने का निरीक्षण



**सीतापुर।** एसपी चक्रेश मिश्रा ने गुरुवार को नैमिषारण्य पर्यटन पुलिस चौकी व मछरेहटा थाने का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अधीनस्थों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। एसपी चक्रेश मिश्रा ने नैमिषारण्य पर्यटन पुलिस चौकी व थाने का निरीक्षण किया। यहां पर थाना कार्यालय, कंप्यूटर कक्ष, महिला हेल्प डेस्क व नैमिषारण्य थाना परिसर का निरीक्षण किया। जो भी खामियां मिलीं, उन्हें दुरुस्त करने के लिए नैमिषारण्य थानाध्यक्ष को निर्देश दिए। गुरुवार को गणेश प्रतिमा का विसर्जन कार्यक्रम चल रहा था। इसको लेकर भी एसपी ने सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। इसके बाद एसपी मछरेहटा थाना पहुंचे। यहां भी निरीक्षण किया। बैरक, थाना परिसर, कंप्युटर कक्ष, महिला हेल्प डेस्क का हाल देखा। वहीं साफसफई के निर्देश अधीनस्थों को दिए।

### नहर में उतराता मिला युवक का शव

**सीतापुर।** बिसवां कोतवाली इलाके के मोहल्ला कोटरा निवासी मोहित यादव उम्र 22 वर्ष पुत्र गया प्रसाद यादव मंगलवार को संदिग्ध हालात में लापता हो गया था। परिजनों ने काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कहीं कोई पता नहीं चला। इधर गुरुवार की शाम लोगों ने बिसवां कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खेदरियापुरवा के निकट मोहित यादव का शव शारदा सहायक नहर में उतराता हुआ मिला। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे परिजन हत्या का आरोप लगाने लगे। इधर पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्ट्या युवक की मृत्यु नहर में डूबने से प्रतीत हो रही है। हत्या जैसे कोई साक्ष्य नजर नहीं आ रहे हैं।

# जिले भर में धूमधाम से निकाली गई भगवान गणेश की शोभायात्रा

*अवधनामा संवाददाता*

**सीतापुर।** जिले भर में गुरुवार को गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन किया गया। श्रद्धालु गाजे बाजे के साथ भगवान गणेश की प्रतिमाओं को लेकर नाचते गाते निकले। श्रद्धालुओं ने नदियों के घाटों पर पहुंचने के बाद पूजन कर प्रतिमाओं का विसर्जन किया। खैराबाद नगर पालिका अध्यक्ष बेबी अभिषेक गुप्ता, अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता ने पूजा अर्चना के साथ गणेश प्रतिमा को विसर्जित किया। इस दौरान खैराबाद कस्बे में शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शांति नगर से गाजे बाजे के साथ शोभायात्रा निकली। शोभायात्रा में विभिन्न देवी देवताओं की झांकियां शामिल थीं। शोभायात्रा खैराबाद से नैमिषारण्य पहुंची, जहां पर आदि गंगा गोमती नदी में गणेश प्रतिमा का विर्सजन किया गया। इधर ग्राम नैपालापुर में भंडारे का आयोजन किया गया। कलाकारों ने रात में भगवान शंकर व गणेश की झांकी दिखाई। गुरुवार को गाजे बाजे के साथ गणेश जी की भव्य शोभायात्रा निकाली और बाबा गोपालदास घाट पहुंचकर सरायन नदी में प्रतिमा का विसर्जन किया। इस मौके पर भाजपा युवा मोर्चा के जिला महामंत्री अनूप विश्वकर्मा, खैराबाद ब्लाक प्रमुख अजय विश्वकर्मा, सैनिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक संजय राजवंशी, विवेक विश्वकर्मा, पंकज निषाद आदि मौजूद रहे। कमलापुर में जल्लाबाद गांव से सूरज भार्गव की अगुवाई में गणेश शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा नवागांव होते हुए लालपुर घाट सरायन नदी तट पर पहुंची। यहां पर प्रतिमा का विसर्जन



किया गया।

इस मौके पर ग्राम प्रधान जनक कुमारी सिंह, पूर्व प्रधान मंगनू राजवंशी, लवकुश सिंह, अभय सिंह, प्रशांत सिंह, आशीष सिंह, वेद सिंह, विनीत सिंह आदि मौजूद रहे। इसी तरह से जिले के रेउसा, लहरपुर, महमूदाबाद, सिधौली, बिसवां, महोली, मिश्रित, नैमिषारण्य, संदना आदि क्षेत्र में गणेश प्रतिमा का विर्सजन किया गया।

## 24 वर्षीय युवक का शव मिलने से सनसनी

**महराजगंज,रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के चौकी थुलवासा के पास बृहस्पतिवार की भोर एक 24 वर्षीय युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। घटना की खबर सुनकर मौके पर सैकड़ो ग्रामीण इकट्ठा हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम भेजने की तैयारी कर रही है। उधर परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। आपको बता दें कि, जानकारी के अनुसार याकूबगंज मजरे सोथी गांव के ग्रामीण बृहस्पतिवार की सुबह नित्य क्रिया के लिए निकले थे। इस दौरान थुलवासा पुलिस चौकी से लगभग 100 मीटर की दूरी पर बने मृतक के मकान के पास ही झाड़ियां में युवक गंगाराम (24) पुत्र हरीराम पासी का शव संदिग्ध परिस्थिति में देखकर इसकी सूचना पुलिस को दी। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम हेतु तैयारी कर रही है। परिजन व ग्रामीणों ने हत्या की आशंका जताई है। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। उधर ग्रामीणों में युवक के शव को लेकर तरह तरह की चर्चा हो रही थी, कोई दुर्घटना की बात कर रहा है, तो कोई मारपीट कर यहां फेंकने की बात कर रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि, युवक के शरीर और गुप्तांग पर चोट के निशान दिखाई दे रहे हैं।

# जनपद में प्रथम बार 32 दिगंबर मुनियों का प्रवेश एवं भव्य पंचकल्याणक की घोषणा



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** संगियान क्षेत्र में स्थित प्राचीन दिगंबर जैन मंदिर के परिसर में जैन समाज के अध्यक्ष राजेश जैन द्वारा 10 दिसंबर से 15 दिसंबर तक होने वाले जानकी धाम स्थित श्री मंदिर जी के पंचकल्याणक की घोषणा करते हुए भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, निवर्तमान महानगर अध्यक्ष राकेश जैन को मुख्य संयोजक के रूप में मनोनीत किया गया।

राजेश जैन ने बताया पंचकल्याणक प्रतिष्ठा परम पूज्य आचार्य विशुद्ध सागर महाराज सहित 32 मुनियों के संघ पावन सानिध्य में की जायेगी। सहारनपुर नगर में प्रथम बार जन-जन के प्रबल पुण्य से 32 दिगंबर मुनियों का प्रवेश एक साथ होगा। राजेश जैन ने बताया कि वार्षिक गजरथ यात्रा महोत्सव 1 से 6 नवम्बर तक मनाया जायेगा, जिसका सौभाग्य सहारनपुर जैन समाज की टोली फाटक को प्राप्त हुआ है। महोत्सव सहारनपुर नगर में विभाजित 9 टोलियां द्वारा संपन्न कराया जाता है।

राजेश जैन ने बताया कि वे एक माह से अस्वस्थ चल रहे हैं, अस्पताल में एडमिट भी रहे हैं। दिगंबर मुनियों के आशीर्वाद से ही वे आज समाज के बीच आने में समर्थ हो पाये है। संपूर्ण समाज को अपनी मंगलदेशना में मुनि समत्व सागर ने कहा कि जब सभी नदियां आकर सागर में मिल जाती हैं तो वे सागर रूप हो जाती हैं, इसी प्रकार समाज और राष्ट्र में प्रत्येक व्यक्ति को धर्म, जाति, पंथ, क्षेत्र, भाषा की संर्कीणता से ऊपर उठकर समाज एवं राष्ट्र के उत्थान में योगदान देना चाहिए। मांगलिक कार्यक्रम में भाजपा नेता राकेश जैन, संजीव जैन, अरुण जैन, सी.ए. अनिल जैन, विपिन जैन, चौधरी अनुज जैन, अजीत जैन, चौधरी संदीप जैन, अमित जैन दादू, विनय जैन, दीपक जैन, राजा जैन, प्रमोद जैन, श्रेयांश जैन, राजीव जैन, रवि जैन, नितिन जैन, अजय जैन आदि मौजूद रहे।

## छड़ियों के विश्राम के साथ विशाल भंडारे का आयोजन

**सहारनपुर।** श्री जाहरवीर गोगा जी महाराज की स्मृति में पिछले दो सप्ताह से प्रतीकात्मक छड़ियों को आज पूजा अर्चना के पश्चात विश्राम दिया गया। इस अवसर पर भंडारे का आयोजन भी किया गया। श्री जाहरवीर गोगा जी महाराज की स्मृति में लगभग दो सप्ताह तक भ्रमण करने के पश्चात छड़ी मेले के समापन पर आज सभी छड़ी भक्तों ने अपने-अपने स्थानों पर गोगा जी महाराज की पूजा अर्चना कर छड़ियों को विश्राम दिया। इस अवसर पर भंडारे का आयोजन भी किया गया। आज शारदा नगर के रौनक बाजार गली नंबर 7 में छड़ी पूजन कर छड़ियों को विश्राम दिया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं द्वारा पूजन कर जाहरवीर गोगाजी महाराज का आशीर्वाद ग्रहण किया गया व कई श्रद्धालुओ ने प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ उठाया। कार्यक्रम मे श्रद्धालुओं के द्वारा वीर शिरोमणि जाहरवीर गोगाजी महाराज के खुब जयकारे लगाये। श्री गोगा म्हाडी सुधार सभा के चौधरी अनिल प्रताप सैनी ने कहा कि जैसे 09 सितम्बर को छड़ियो का श्रृंगार हुआ है।

# शोभा यात्रा निकाल भगवान श्रीगणेश की प्रतिमा का किया विसर्जन

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** अनन्त चतुर्दशी पर आज विभिन्न स्थानों पर चल रहे गणेश महोत्सव को विश्राम देते हुए श्रद्धालुओं ने भव्य शोभा यात्रा के साथ भगवान श्रीगणेश की प्रतिमाओं का विसर्जन किया। आज पूरे दिन नगर में 'गणपत्ति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ' का जयउद्घोष होने से नगर का वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बना रहा और चहुंओर अबीर गुलाल उड़ता नजर आया। बड़ी नहर पर विसर्जन को लेकर भारी हुजुम उमड़ा था, जिसको संभालने के लिए पुलिस को भारी मशक्कत करनी पड़ी। आज सुबह से ही गणपति विसर्जन को लेकर नगर में चारो ओर भक्ति रस की धारा प्रवाहित हो रही थी। जगह-जगह गणपति महोत्सव का आयोजन किया गया था और विसर्जन को लेकर व्यापक तैयारियां की गयी थी। आज सभी पंडालों में गणेश महोत्सव को विश्राम देते हुए श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की और अबीर गुलाल से जमकर होली खेली। साथ ही भव्य शोभा यात्रा भी निकाली। शोभा यात्रा में डीजे की धुनों पर श्रद्धालु नाचते गाते बड़ी नहर पहुंचे, जहां पूरी आस्था के साथ गणपत्ति बप्पा मोर्या के जयउद्घोष के बीच भगवान श्रीगणेश की प्रतिमा का विसर्जन किया गया। इसके अलावा को शोभा यात्रा के रूप में डीजे की धुन पर थिरकते हुए हकीकत नगर, कोर्ट रोड, दिल्ली रोड, हसनपुर चौक, सर्किट हाउस रोड एवं मानकमऊ से होते हुए बड़ी नहर पहुंचे और भगवान श्रीगणेश की प्रतिमा का विधिवत्



हकीकत नगर चौक पर गणेश महोत्सव का आयोजन गणपति क्लब द्वारा किया गया। गणपति महोत्सव के आयोजन में राहुल जुयाल, रोहित जुयाल, वैभव दत्ता, सोमनाथ बब्बर, मयंक अरोड़ा का विशेष सहयोग रहा। गणेश महोत्सव की अनन्त चतुर्दशी पर विशेष पूजन पं.मनमोहन कौशल द्वारा कराया। जिसके बाद सभी श्रद्धालु भगवान श्रीगणेश की प्रतिमा पूजन कर देश में खुशहाली की कामना करते हुए विसर्जन किया गया। तत्पश्चात भंडारे का आयोजन कर सभी को प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान सन्नी, अक्षय गर्ग, प्रमोद सिंघल, रोहित धारकी, हर्षित, आनंद, वासु चावला, प्रवीन गुप्ता, अंकित राजभर, लक्ष्य, मोहित, नारायण, राहुल, अजय, अर्पित राणा, मन्नु राणा आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

इसके अलावा श्री राधा कृष्ण संकीर्तन समिति मंदिर प्रांगण में भगवान श्रीगणेश की स्थापना की गई। जिसका विसर्जन गणेश पूजन के उपरान्त आज बड़ी नहर मानकमऊ में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि नगर विधायक राजीव गुम्बर, भाजपा महानगर अध्यक्ष पुनीत त्यागी, श्रीराम सेना के अध्यक्ष विभोर राणा, राजेश मेहता आदि रहे। कार्यक्रम में श्री राधा कृष्ण संकीर्तन समिति के पदाधिकारी महेन्द्र तनेजा अध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सतीश्वर चांदना, महामंत्री मदन लाल सचदेवा, रमेश अरोड़ा एडवोकेट, श्याम सुन्दर, नरेश कुमार चड्ढा, अनिल दहूजा, अशोक जग्गा, लेखराज कुमार, प्रभु दयाल, त्रिलोक टण्डन, भानू, शम्मी, राजन चुग, मतीश्वर चांदना, सूरज छाबडा, सोनू सेठी, अमित त्यागी, अमित चांदना, रवि जुनेजा द्वारा विशेष पूजा अर्चना की गयी। श्री राधा कृष्ण सनातन धर्म मंदिर के पंडित रोशन लाल भट्ट द्वारा भगवान श्री गणेश जी के श्रीविग्रह की विधिवत पूजा अर्चना की गयी। शोभायात्रा का संचालन सतीश्वर चांदना द्वारा किया गया।

# इटवा में धूमधाम से निकाला गया जुलूस-ए-जश्ने ईद मिलादुन्नबी

## जुलूस-ए-मोहम्मदी में हजारों लोग शामिल, सड़कों पर दिखाई दिया जनसैलाब



- जुलूस में मजहबी झंडे के साथ लोगों ने शान से तिरंगा लहराया
- कड़ी धूप में भी लोग नबी की शान में पढ़ते रहे कसीदे लगाते रहे नारा
- प्रशासन का रहा पुख्ता इंतजाम, हर जगह रखी नज़र
- जुलूस-ए-मोहम्मदी में हजारों अकीदतमंद रहे शामिल

एजाज़ सिद्दीक़ी

**इटवा सिद्धार्थनगर।** 12 रबी अव्वल ईद मीलादुन्नबी पर बृहस्पतिवार को इटवा में हजारों अकीदतमंद शामिल हुए। सड़कों पर जनसैलाब दिखाई दिया। जुलूस में मजहबी झंडे के साथ लोगों ने शान से तिरंगा लहराया। इटवा में हर तरफ जश्न का माहौल छाया रहा।

इस्लाम के पैगम्बर हजरत मुहम्मद मुस्तफा के जन्मदिन पर मनाए जाने वाले त्योहार की धूम पूरे क्षेत्र में छाई रही। जगह-जगह मीलाद का कार्यक्रम हुआ। सुन्नी जामा मस्जिद से दोपहर जोहर की नमाज के बाद जुलूस-ए-मुहम्मदी रवायती अंदाज में पूरे जोश व खरोश के साथ निकला तो पूरा जन सैलाब उमड़ पड़ा। इस्लामी नारों की गूंज से माहौल गुंजायमान रहा। भीड़ ऐसी कि रास्ता चलना दुश्वार था। जुलूस में सुंदर ढंग से सजे मस्जिद, मीनार आदि झाकियां सभी के लिए आकर्षण का केंद्र रहीं। जामा मस्जिद से जुलूस उलमा-ए-कराम की अगुवाई में निकाला गया। आगे-आगे धार्मिक उलमा चल रहे थे तो पीछे लोगों का हुजूम। इसके पीछे सजावट वाले वाहनों का लंबा काफिला। जुलूस चौराहे पर आया। नार-ए-तकबीर-अल्लाहो अकबर, नार-ए-रसालत-या रसूलल्लाह, रसूल की आमद-मरहबा, सबसे प्यारा नबी-हमारा, एक नार-ए-हैदरी या अली या अली, जैसे नारों के बीच जुलूस बढ़नी, फिर बांसी और अंत में डुमरियागंज मार्ग पर जुलूस आया। ब्लाक कार्यालय से होते हुआ जुलूस मस्जिद के पास जाकर समाप्त हुआ। जुलूस दोपहर में निकला। आज मौसम काफी गर्म रहा। तापमान करीब 37 डिग्री सेल्सियस रहा। तेज धूप के बीच उमस भरी गर्मी चरम पर रही,, बावजूद इसके लोगों का उत्साह चरम पर रहा।

कड़ी धूप में भी लोग पैगम्बर हजरत मुहम्मद की शान कसीदे पढ़ते और नारे लगा रहे थे। हर आयु वर्ग के लोग जुलूस में शामिल हुए। महिलाएं भी बड़ी तादाद में जुलूस देखने आई थीं। जुलूस के मद्देनजर जगह-जगह स्टाल लगाए गए। जहां मिष्ठान के साथ पेयजल की सुविधा उपलब्ध रही। अपराध निरोधक समिति की ओर से सचिव रिजवान अहमद सिद्दीकी द्वारा चौराहे पर स्टाल लगाकर फल का वितरण किया गया। जुलूस में हजरत अल्लामा मुफ्ती मोहम्मद राबे नूरानी बदरी, मौलाना मुहम्मद रईस, मौलाना सैयद अफरोज अहमद, अल्लामा मो. शमीम कादिरी, नूरानी शाह, फारूक हसन, राजू पार्सल, गुलाम मुहम्मद, अब्दुल मोईद, खान रजा, बब्लू खान, कमरूज्जमां, साहिल राईनी, मो0 कमर सहित बड़ी तादाद में अकीदतमंद शामिल रहे।

## कच्ची शराब पीकर मजदूर ने फांसी लगायी

अवधनामा संवाददाता

**फर्रुखाबाद।** मजदूर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मजदूर की मौत से परिवार में कोहराम मच गया है। घटना स्थल पर फॉरेंसिक टीम ने सबूत जुटाना शुरू कर दिए हैं। मां ने पुलिस को बताया कि शराब पीने का आदी था। कोतवाली कायमगंज क्षेत्र के ग्राम भगौतीपुर में एक मजदूर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की माँ ने बताया कि पुत्र शराब पीने का आदी था और बीती रात्रि भी वह मंसूर नगर से कच्ची शराब पीकर आया था। सूत्रों के अनुसार पुलिस व आबकारी विभाग की मिली भगत से मंसूर नगर में वर्षों से कच्ची शराब बनाने का कारोबार हो रहा है।

मृतक युवक की मां ने बताया कि उसने रात में उठकर दो बार पुत्र को देखा लेकिन आधी रात के बाद उसने किसी समय फांसी लगा ली। सुबह पुत्री मनीषा जब कमरा खोल कर देखने गई तो उसने पिता गोविंद को फांसी के फंदे पर लटकता हुआ देखा। मृतक युवक गोविंद पुत्र स्व. रामौतार उम्र 20 वर्ष पुताई करने का कार्य करता था।

# स्वच्छता के लिए श्रमदान और गन्दगी फैलाने वालों को हुआ जुर्माना



अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा थीम पर रेलवे में स्वच्छता पखवाड़े का आयोजन चल रहा है। पूर्वोत्तर रेलवे में इस कार्यक्रम को मंडल स्तर पर डीआरएम वाराणसी विनीत कुमार श्रीवास्तव, जोनल स्तर पर जीएम चंद्रवीर रमण और बोर्ड स्तर पर चेयरमैन रेलवे बोर्ड एवं सीईओ जया वर्मा सिन्हा मॉनिटर कर रही हैं। भटनी स्टेशन सहित वाराणसी मंडल के सभी रेलवे स्टेशनों, कालोनियों और सम्बंधित संस्थानों में पूर्व निर्धारित अनुसूचि के अनुपालन में प्रतिदिन जागरूकता अभियान, रैली, संवाद, नुक्कड़ नाटक, प्लॉगथन, सफाई अभियान, श्रमदान, पौधरोपण किया जा रहा है। मोटू,पतलू और भोलू हाथी कार्टूनों के माध्यम से महिलाओं एवं बच्चों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है। सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग से बचने के लिए भटनी रेलवे स्टेशन पर मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक अमित कुमार मिश्र एवं ई इन एच एम विभाग के कर्मचारी कॉटन के झोलों का वितरण यात्रियों को कर रहे हैं। पर्ची और पुस्तिकाओं के माध्यम से यात्रियों को गंदगी नहीं फैलाने और स्वच्छता के महत्व को बताया जा रहा है। वाराणसी मंडल के अधिकारी अपूर्व स्वर्णकार योजनाबद्ध तरीके से बहुत ही कुशलता पूर्वक स्वच्छ भारत मिशन के इस अभियान को सफल बनाने में जुटे हुए हैं। सम्बंधित पर्यवेक्षकों, कर्मचारियों को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से दिशानिर्देश दे रहे हैं। बताते चलें कि अपूर्व स्वर्णकार को रेलवे में एक तेज तर्रार और कर्तव्यनिष्ठ अधिकारी के रूप में जाना जाता है जो कर्मचारी और यात्री हितों की रक्षा के लिए दिन-रात परिश्रम करते हैं।

# डीएम ने की राहत कार्यों की समीक्षा



अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने देर सायं कलेक्ट्रेट स्थित कार्यकक्ष में राहत कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि दैवीय आपदा से पीड़ित लोगों को त्वरित राहत पहुंचाना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस कार्य में किसी भी तरह की कोताही न बरती जाए। साथ ही विभिन्न प्रकार की आपदा से बचाव के संबन्ध में व्यापक जन जागरूकता अभियान चलाया जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि आकाशीय बिजली, सर्पदंश, सूखा, बाढ़, ओलावृष्टि शीतलहर, लू-प्रकोप आदि के बाद पीड़ितो अथवा प्रभावित व्यक्तियों एवं उनके परिजनों को राहत सहायता उपलब्ध कराना प्राथमिकता का कार्य है। आपदा से हुई क्षति का नियमानुसार भुगतान करने में कोताही न बरती जाए। यदि भुगतान नहीं होता है तो संबंधित संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध आपदा प्रबंधन अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने तहसील स्तर पर राजस्व निरीक्षक, लेखपाल को क्षेत्र परिवर्तन होने पर उसकी ऑनलाइन मौपिंग तत्काल अनिवार्य रूप से राहत पोर्टल पर करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि राहत पोर्टल पर भुगतान की स्थिति की प्रत्येक स्तर पर प्रतिदिन समीक्षा की जाये।

बैठक में स्वास्थ्य विभाग द्वारा अब तक वेक्टर जनित तथा अन्य संक्रमक रोगो की रोक थाम बचाव एवं उपचार हेतु चलाये गये अभियान की जानकारी दी गई। बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा विद्यालयों में चलाये जा रहे जन जागरूकता कार्यक्रम की स्थिति बताई गई। कृषि विभाग जनपद में वर्तमान में फसलों की स्थिति, फसल हेतु जन-जागरूकता कार्यक्रम की स्थिति के बारे में बताया गया। लोक निर्माण विभाग द्वारा सर्वेदनशील बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में सम्पर्क / राज्य मार्गो की स्थिति, सर्वेदनशील बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में किये जा रहें कार्यों का बताया गया। पशुपालन विभाग द्वारा पशु टीकाकरण की स्थिति एवं महामारी रोकथाम हेतु किये गये बचाव कार्य की स्थिति के बारे में बताया गया। जनपद में आँधी-तूफान आदि आपदाओ से टूटे विद्युत लाइनों एवं खम्भों का विवरण प्रस्तुत किया गया। समीक्षा में वित्तीय वर्ष 2023-24 में अग्नि कार्ड से हुई जनहानि / पशुहानि / मकान क्षति का विवरण तथा दिये गये राहत भुगतान की स्थिति के बारे में बताया गया है तहसील भाटपार रानी में अग्निकांड से एक जनहानि हुई है जिसको राहत भुगतान कर दिया गया है।

## तहसीलदार की कार से नीलगाय टकराया, मौत

अवधनामा संवाददाता

**नवाबगंज फर्रुखाबाद।** तहसीलदार की कार से नीलगाय टकराने से मौके पर मौत हो गई। कार के क्षतिग्रस्त होने से तहसीलदार व चालक बाल बाल बच गए जिससे एक बड़ा हादसा होने से टल गया। थाना क्षेत्र के कस्बा नवाबगंज से कायमगंज तहसील में तैनात नायब तहसीलदार सनी कनौजिया अपने विभागीय कार्यों को निपटाकर वापस कायमगंज जा रहे थे तभी मझना रोड पर कस्बे से पहले कोल्ड स्टोरेज से 100 मीटर की दूरी पर अचानक नीलगाय कहीं से निकल कर आ गया जिसकी अचानक तहसीलदार की कार से टक्कर हो गई। टक्कर लगने से नीलगाय की मौके पर मौत हो गई लेकिन गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई। जोरदार धमाका सुनकर वहां कुछ दूरी पर काम कर रहे लोग मौके की ओर दौड़े और जाकर देखा तब गाड़ी खोलकर सभी लोगों को बाहर निकाला। गाड़ी में बैठे घटना से सहमे लोग बाहर निकले लेकिन किसी को कोई ज्यादा चोट नहीं आई।

## प्रधान समेत पांच पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज

**कुशीनगर अवधनामा ब्यूरो।** तरयासुजान थाना क्षेत्र के ग्राम बसडिला बुजुर्ग में पीड़िता के पिता के तहरीर पर पुलिस ने ग्राम प्रधान सहित पांच ससुरालियों पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा पंजीकृत कर कार्यवाही में जुटी है। बिहार पश्चिमी चंपारण थाना बथुवरिया के गांव पिपरा भठई निवासी राजकुमार साह ने तहरीर में कहा है कि साढ़े चार माह पूर्व मई में पुत्री कृतिका कुमारी का विवाह तीन लाख नगद रुपए सहित सोने का चैन, सोने की दो अंगूठी अन्य दहेज का सामान देकर तरयासुजान थाने के गांव बसडिला बुजुर्ग निवासी प्रिंस गुप्ता पुत्र मन्नू गुप्ता के साथ किया था। शादी के एक माह बाद से ही मेरी लड़की को पति सहित सास कांति देवी, ससुर मन्नू गुप्ता, ननद प्रतिमा देवी, देवर विरझन गुप्ता उत्पीड़ित करने लगे। लड़की के सूचना पर मेरे द्वारा अनेकों बार सुलह समझौता कराया गया लेकिन मेरी लड़की का उत्पीड़न और बढ़ गया। सभी और अधिक दहेज लाने को लेकर बेल्ट आदि से पीट भूखे प्यासे कमरे में बंद कर देते थे। बढ़ते विवाद और किसी अनहोनी के आसंका से लडकी को लेजाने के लिए हम गांव में पहुंच दहेज वापसी और संबंध विच्छेद की बात कहे तो गांव के प्रधान लालमन यादव मौके पर आए और गाली गुप्ता सहित जान से मारने की धमकी दी। इस स्थिति में लडकी पुनः ससुराल आने को तैयार नहीं है। प्रकरण में पुलिस ने दहेज उत्पीड़न सहित संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर आवश्यक कार्रवाई में जुटी है।

## जालौन में कुमार विश्वास ने सुनाई रामकथा

**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** जालौन के ग्राम पचोखरा धाम में 5 कुंडीय श्रीराम महायज्ञ हो रहा है। जिसमें शामिल होने के लिए कवि डॉक्टर कुमार विश्वास पहुंचे। इस दौरान उन्होंने गोकुलवासी श्रीमत स्वामी राजेश्वरानंद रामायणी को श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। भक्तों को रामकथा का रसपान कराया। कहा कि राजेश्वरानंद रामायणी जी के प्रवचन आज भी सोशल मीडिया पर सुने जाते है। राम कथा के दौरान एक प्रसंग सुनाते हुए कुमार विश्वास ने कहा कि कौन किस मार्ग से आगे बढ़ता है, ये उस पर निर्भर है। कोई भ्रष्ट नेता की दलाली करके आगे बढ़ता है, कोई सच्चाई का साथ देकर गोली खाकर आगे बढ़ता। अब यह तुम्हें तय करना कि तुम कौन सा मार्ग चुनोगे। इच्छा का तो कोई अंत ही नहीं है। सबकी अपनी इच्छा होती है। मेरी भी इच्छा है भव्य मकान बने, बेटियों को सुयोग्य वर मिले, मेरी वाणी को पूरा विश्व सुने और राजनीति में जाने के बाद वापिस लौटा, यह भी एक ईश्वर की इच्छा है। ईश्वर की कृपा रही तो इच्छा यह भी है कि वह भी लाल किले से देश को संबोधित करें। उन्होंने कहा कोई राम का सहारा लेकर सत्ता हासिल कर रहा है, कोई राम का विरोध कर सत्ता हासिल करना चाहता है, सभी के अपने अपने राम हैं।



## डीसीएम डिवाइडर से टकराई, चालक की मौत

**फतेहपुर।** मलवां थाना क्षेत्र के एनएच-2 कैची मोड़ पर बुधवार की रात एक डीसीएम अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। जिसमे ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गया। रात होने के चलते जब तक पुलिस को घटना की जानकारी हुई तब तक ड्राइवर की मौके पर मौत हो गई। जानकारी के अनुसार एटा जनपद के थाना साकेत नगर के मलय गाँव निवासी राम भरोसे का 40 वर्षीय पुत्र ऋषी पाल सिंह पेशे से ड्राइवर है। वह दिल्ली के गुड़गांव से डीसीएम में माल लादकर कलकत्ता जा रहा था। जब वह मलवां थाना क्षेत्र के एनएच 2 कैची मोड़ पर पहुंचा तभी उसकी डीसीएम अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। जिसमें ड्राइवर ऋषि गंभीर रूप से घायल हो गया रात होने के चलते जब तक पुलिस घटना की जानकारी हुई तब तक उसकी मौत हो गई।

# सरकार की आमद मरहबा के नारों से गूंजा शहर



- जुलूस-ए-मुहम्मदी में उमड़ी अकीदतमंदों की भीड़

अवधनामा संवाददाता

**फतेहपुर।** पैगम्बर-ए-इस्लाम हजरत मुहम्मद साहब का जन्मदिन शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में बेहद अकीदत व एतराम के साथ मनाया गया। पैदाइश की रात जगह-जगह सजावट के साथ चरागा किया गया। गुरूवार को जुलूस-ए-मुहम्मदी का नजारा देखते ही बना।

शहर के लगभग दो दर्जन मुहल्लों से अंजुमन ने जुलूस निकाला। जुलूस के दौरान मुहम्मद साहब की शान में एक से बढ़कर एक नात शरीफ पेश की गयीं। इसके अलावा पूरा शहर अल्लाहो अकबर, नारे तकबीर, नारे रिसालत या रसूलल्लाह के नारों से गूंजता रहा। जुलूस-ए-मुहम्मदी के निकलने वाले रास्तों पर आशिकाने रसूल ने स्टाल लगाकर जहां फूलों की बारिश की वहीं लोगों को विभिन्न तरह की व्यंजन सामग्री के साथ ही शर्बत व पानी पिलाकर सवाब हासिल किया। जुलूस को लेकर पुलिस के जवान चप्पे-चप्पे पर तैनात रहे। जुलूस वाले मार्गों पर यातायात को मोड़ दिया गया था। जिसके चलते किसी भी तरह की दिक्कत नहीं हुयी। पैगम्बर-ए-इस्लाम की पैदाइश पर निकलने वाले जुलूसों में पढ़ने वाली नात शरीफका रिहर्सल कई दिन पहले से ही शुरू हो गया था। जोहर की नमाज के बाद शहर के दो दर्जन मुहल्लों से जुलूस-ए-मुहम्मदी निकाला गया। हर अंजुमन में शामिल बच्चों व बुजुर्गों की तरह-तरह की पोशाक लोगों के आकर्षण का केन्द्र रही। कोई हरी पोशाक में दिखा तो कोई कत्थई तो कोई सफेद लिबास में नजर आया। सभी अंजुमन अपने-अपने मुहल्लों से शुरू होकर चौगलिया में एक साथ हुयीं। तत्पश्चात यहीं से जुलूस मुहम्मद साहब की शान में नात शरीफ पढ़ता हुआ आगे बढ़ता रहा। जुलूस लाठी मोहाल, बाकरगंज से जीटी रोड होता हुआ मुखलाल वाली गली पहुंचा। इससे पूर्व इसी मार्ग पर सियासी दलों ने अपने स्टाल लगाकर जुलूस-ए-मोहम्मदी का इस्तकबाल किया। शहरकाजी मौलाना फरीद उद्दीन कादरी ने कहा कि पैगम्बरे इस्लाम कयामत तक के मनुष्यों के लिए नबी संदेष्टा व मार्गदर्शक बनाकर भेजे गये हैं।

## ढोल नगाड़ो के साथ गणेश विसर्जन हुआ

**नवाबगंज फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** गणेश विसर्जन के दौरान भारी संख्या में पुरुष और महिलाओं ने विदा किया। कस्बा नवाबगंज में हनुमान मंदिर थाने के सामने गणेश जी की मूर्ति एवं कमल मंदिर चिकन वाली गली की दोनों मूर्तियों को विसर्जन के लिए कस्बा वासियों ने भारी संख्या में एकत्रित होकर ढोल नगाड़ों के साथ बैंड बाजा के साथ पूरे नगर में भ्रमण कराया इस मौके पर भारी संख्या में स्त्री पुरुष बच्चे बूढ़े भीषण गर्मी में गुलाल वर्षा करते हुए नाचते हुए अपने इष्ट देव गणेश भगवान को विदा किया दोनों मंदिरों के कमेटी के अध्यक्ष राजन ठाकुर भूरे सिंह दीपू राठौर पप्पू राठौर गोल्डी गुप्ता मनोज कुमार पांडे सर्वेश कुमार राठौर पुजारी राम जी दिनेश कुमार रघुनाथ सिंह कुलदीप कुमार अजीत कुमार राकेश गुप्ता गोविंद गुप्ता भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने स्वास्थ्य शिविर का किया उद्घाटन



- पूर्व विधानसभा में हुआ स्वागत अभिनंदन

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे आयुष्मान पखवाड़े के अंतर्गत गीतापल्ली वार्ड में पार्षद ऋचा आदर्श मिश्रा के कार्यालय के समीप लगाए गए स्वास्थ्य मेले और रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया। रक्तदान हेतु युवाओं को प्रोत्साहित किया और सरकार द्वारा प्रदान कराई जा रही स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं की जानकारी देते हुए उत्तम स्वास्थ्य हेतु शुभकामनाएं दीं। शिविर में रविकांत राजन ,अंकित, विभोर, कुलदीप, अनुज,आशीष, अमित, सौरभ सहित अनेको भाजपा कार्यकर्ताओं ने रक्तदान किया। बड़ी संख्या में स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाने के लिए क्षेत्रीयगण सहित नगर मंत्री योगेंद्र पटेल, अमित मुख्य रूप से उपस्थित रहे। मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया स्वास्थ्य शिविर में कुल 211 मरीजों की विशेषज्ञों द्वारा खून की जांचे, ईसीजी सहित उचित उपचार एवं परामर्श प्रदान किया गया और निशुल्क दवा वितरित की गई। विशेषज्ञ चिकित्सकों में स्त्री रोग विशेषज्ञ, बाल रोग विशेषज्ञ दंत रोग विशेषज्ञ के द्वारा चिकित्सीय सुविधा प्रदान की गई। आयुष्मान भवः मेले के अंतर्गत 29 नए आयुष्मान कार्ड बनाए गए बनाए गए। 67 लोगों ने रक्तदान भी किया। वहीं भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी का आज पूर्व विधानसभा जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं द्वारा रघुवर मैरिज लान फरीदी नगर इंद्रानगर में भव्य स्वागत किया गया। पूर्व नगर अध्यक्ष राजेंद्र तिवारी, नगर उपाध्यक्ष राकेश सिंह , मण्डल अध्यक्ष शैलेन्द्र राय डब्बू, योगेश चतुर्वेदी, कृष्ण प्रताप सिंह, देवेन्द्र वर्मा, महिला मोर्चा अध्यक्ष सीता नेगी, पार्षद रामकुमार वर्मा, भृगुनाथ शुक्ला संजय सिंह राठौर ने भगवान गणेश जी की प्रतिमा का स्मृति चिन्ह प्रदान किया और बड़ी माला पहनकर स्वागत अभिनंदन किया।

# बाइकों से ज्यादा सड़कों पर ई-रिक्शा की धमाचौकड़ी

## मार्गों पर लगता मेला, सवारियां बिठाने को लेकर होती तकरार



### बड़ी तादात में होती अवैध पार्किंग

शहर में ई-रिक्शा के लिये कोई चिन्हित पार्किंग स्थान नहीं है। ऐसे में शहर में चलने वाले ई-रिक्शा सड़कों पर ही डेरा जमाए रहते हैं। सड़कों पर खड़े रहने की वजह से हर समय सड़क पर जाम की स्थिति बनी रहती है। आम तौर पर ई-रिक्शा सदर अस्पताल के सामने रोडवेज बस स्टॉप, ज्वालागंज चौराहा, वर्मा चौराहा, हरिहरगंज ओवर ब्रिज के पास, देवीगंज, रेलवे स्टेशन, गाजीपुर बस स्टॉप, लखनऊ चौराहा, लोधीगंज समेत शहर के अन्य चौराहों पर हर समय झुंड देखे जा सकते हैं।

### यातायात विभाग हुआ फेल

सड़कों पर लगने वाले जाम की समस्या के आगे यातायात विभाग भी अपने आपको लाचार पा रहा है। यातायात विभाग के कर्मी दिन भर सड़कों पर लगने वाले जाम को नियंत्रित करने या फिर हेलमेट चेकिंग में व्यस्त देखे जा सकते हैं। ऐसे में ई रिक्शा को अलग से नियंत्रित करना विभाग के लिए टेढ़ी खीर है।

### रुट निर्धारण न होना जाम की अहम वजह

ई-रिक्शा चालकों के लिये रुट का निर्धारण न होने की वजह से जिसे जहां से सवारी मिली उसी रुट घूम गया। ऐसे में मार्गों पर जाम की स्थिति बन जाती है और लोग जाम में फंसने को मजबूर हो जाते है।

अवधनामा संवाददाता

**फतेहपुर।** शहर में इन दिनों बैटरी चलित ई-रिक्शा की भरमार है। सड़कों से लेकर गलियों तक में इनकी धमाचौकड़ी से आम लोग परेशान हैं। बेरोजगारी व मंहगाई के चलते कम पढ़े लिखे लोगों के साथ ही पढ़े लिखे लोग भी ई-रिक्शा को अपना व अपने परिवार का पेट भरने के साधन के तौर पर अपना रहे हैं।

वहीं दूसरी ओर लोगों की जीविका का संसाधन बन चुके ई-रिक्शा आम लोगों के लिए जितने सुविधाजनक है उतने ही समस्याओं की वजह भी है। सड़कों पर चलने वाले इन ई-रिक्शा चालकों में से अधिकतर के पास न तो ड्राईविंग लाइसेंस होता है न ही इनके पास ई-रिक्शा चलाने का कोई प्रशिक्षण होता है। बाइक जैसी हैंडल वाली तीन पहियों का रिक्शा खरीदा या किसी से किराए पर लिया सीट पर बैठकर एक्सीलरेटर घुमाया और लगे सड़कों पर फर्राटा भरने। यात्रियों की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने वाले इन रिक्शा चालकों में से अधिकतर के पास यातायात से जुड़े नियमों तक की कोई जानकारी नहीं होती। जिसके चलते यह रिक्शा चालक यात्री के हाथ देकर रुकने भर के इशारे करते ही बीच सड़क पर ही रिक्शा रोक देते हैं। कई बार इस तरह की हरकत करने से पीछे चलने वाले वाहनों या उस पर बैठे यात्रियों की सुरक्षा खतरे में पड़ जाती है। चोटहिल होने के साथ ही अस्पताल भर्ती तक की नौबत आन पड़ती है। लापरवाही की यह कोई अकेला उदाहरण नही है। बल्कि रात के अंधेरे में इन रिक्शा चालकों के द्वारा हेड लाईट का भी प्रयोग नहीं किया जाता जिससे सड़क पर विपरीत दिशा से आ रहा। वाहन एवं सड़क पर चलने वाला यात्री इनकी चपेट में आकर घायल होता रहता है। **ई-रिक्शा की वजह से इन मार्गों पर लगता जाम:** ई-रिक्शा की बड़ी तादात की वजह से रोडवेज बस स्टॉप, बाकरगंज चौराहा, सदर अस्पताल के सामने, बिंदकी बस स्टैंड, चौक चौराहा पटेल नगर, अटल चौराहा, शादीपुर क्रासिंग, देवीगंज आदि के मार्गों पर सुबह से ही जाम की स्थिति बनी रहती है जो लगभग दोपहर को कुछ कम होती है जबकि शाम को एक बार फिर से जाम की स्थिति बनने लगती है। **मंहगाई व बेरोज़गारी अहम वजह :** सड़कों पर चलने वाले ई-रिक्शा की संख्या के बारे में यदि अनुमान लगाया जाए तो यह लगभग दस से लेकर बारह हज़ार तक हो सकते है। परिवहन कार्यालय में इनमें से आधे भी पंजीकृत नही होंगे। वहीं आंकड़ो पर गौर करें तो अभी तक छोटे मोटे काम करके परिवार का गुज़ारा कर रहे लोग बढ़ती मंहगाई की वजह से इन कामों को छोड़कर ई-रिक्शा चलाने में लग गये हैं जिससे इनकी संख्या में अचानक बाढ़ आ गई।

# भाजपा की नीतियों को प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाना प्राथमिकता: लोहारी



सेवा पखवाड़ा के तहत आबूनगर में हुआ समरसता कार्यक्रम

अवधनामा संवाददाता

**फतेहपुर।** सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत गुरूवार को आवास विकास वार्ड के अन्तर्गत आबूनगर सेवा बस्ती में चेतराम के आवास में सेवा एवं समरसता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जिला पंचायत सदस्य अजय सिंह रिंकू लोहारी सहित पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने बस्ती में वृहद संपर्क और बस्ती के लोगों का हाल-चाल जाना। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों से सम्पर्क कर अजय सिंह रिंकू लोहारी ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बिना किसी भेदभाव के समाज के प्रत्येक वर्ग को एक साथ भारतीयता की भावना के साथ एक सूत्र में पिरोकर सद्भावना के साथ रहना एवं भारतीय जनता पार्टी की नीतियों एवं लाभकारी योजनाओं को प्रत्येक वर्ग तक पहुंचना है। कार्यक्रम में बस्ती निवासी संतराम, चेतराम, दिनेश, छोटू, भैयालाल सहित पार्टी के नगर अध्यक्ष संजय मोदनवाल, उपाध्यक्ष श्याम सिंह परिहार, इं. आरपी श्रीवास्तव, संजय लाला, रज्जन गुप्ता, विनोद सिंह चंन्देल, सर्वेश श्रीवास्तव, शुभम कश्यप, शनि श्रीवास्तव, रज्जू गैस वाले सहित तमाम कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## आवश्यकता है

**कृष्णावती राम नरेश स्नातकोत्तर महाविद्यालय तिवारी नगर पूरेमुरली मखदूमपूर, रुदौली अयोध्या (सम्बद्ध डा राम मनोहर लोहिया अवध विश्व विद्यालय अयोध्या)**

असिस्टेंट प्रोफेसरः कला संकाय स्नातक (बीए) अंग्रेजी, भूगोल- दो-दो पद।

विज्ञान संकाय स्नातक (BSc) भौतिक विज्ञान , वनस्पति विज्ञान दो-दो पद।

कला संकाय परास्नातक (MA.) हिन्दी, भूगोल - दो- दो पद ।

विज्ञान संकाय परास्नातक (MSc) प्राणि विज्ञान, रसायन विज्ञान , गणित -दो- दो पद

अर्हता एवं वेतनमान-उप्र शासन, यूजीसी एवं विश्व विद्यालय परिनियमावली के अनुसार।

महाविद्यालय के पता पर 21 दिनो मे आवेदन करें।

**प्रबन्धक**
**राजीव कुमार तिवारी**
**मो 9839571200**

# पैगम्बर- ए-इस्लाम हजरत मुहम्मद के यौमे पैदाइश की याद में रोशनी, निकले जुलूस

*अवधनामा संवाददाता*

**मसौली बाराबंकी।** आका की आमद मरहबा, सरकार की आमद मरहबा के नारों के बीच 12 रबी उल अव्वल का झण्डा जुलूस क्षेत्र में



अक़ीदत एव सादगी से निकाला गया और नबी की शान में जश्ने ईदमिलादुन्नबी आयोजित की गयीं।

पैगम्बर- ए-इस्लाम हजरत मुहम्मद के यौमे पैदाइस की याद में क़स्बा मसौली, बड़ागांव, बांसा,शहाबपुर सहित तमाम जगहों पर जश्ने ईदमिलादुन्नबी धूमधाम से मनायी गयी। गांव-गलियों में रोशनी की गयीं।तथा लोग रात भर जागकर तिलावते कुरान शरीफ की। हज़रत मुहम्मद साहब के जन्मदिवस को लेकर घर-घर मिलाद पढ़ी गयी तथा तबरुकात का वितरण किया गया। कस्बा बड़ागांव मे बुधवार की देर शाम पूरे गाँव में जगह जगह रौशनी की गयी तथा गुरुवार की सुबह बड़ीचौक से जुलुसे मोहम्मदी निकाला गया जो पूरे गाँव मे घूमता हुआ बड़ीचौक पर जाकर समाप्त हुआ तथा मुल्क एव कौम की सलामती के लिए दुआ मांगी। इस मौके पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नूर मोहम्मद, हाफिज कुतुबुद्दीन अंसारी, हाफिज जमील अहमद अंसारी, हाफिज अब्दुल बारी, हकीमउद्दीन अंसारी, हाफिज तौफीक, तनवीर अहमद किदवाई, अब्दुल मतीन अंसारी, अब्दुल वहीद अंसारी नूरुल आमीन अंसारी, जाबिर अली, अब्दुल मन्नान, मो0 नसीर अंसारी, अफजाल अहमद, रज्जब अली सहित भारी संख्या मे लोग शामिल रहे।

कस्बा मसौली स्थित मदरसा वारसिया नूरुल उलूम मसौली कटरा एव मदरसा जामिया इस्माइलिया मसौली बाजार से जुलुसे मोहम्मदी निकाला गया जो पूरे कस्बे मे नारे तकबीर अल्लाहु अकबर सरकार की आमद मरहबा आका की आमद मरहबा के नारे से लोग अक़ीदत मे डूब गये। मसौली चौराहे पर गुलाब के फूल एव मिठाई देकर जुलुस का इस्तेकबाल किया गया। हजरत सैय्यद गुलजार शाह वास्तवी की दुआ के साथ जुलुसे मोहम्मदी का समापन हुआ।

इस दौरान सदर मो0 आरिफ वारसी, चांद खान, मो0 सलमान, सलाउद्दीन, अकील मास्टर, हाजी नियाज, नूर खान, डा0 यूनुस, मो0 असफाक, एडवोकेट महफूज आलम सहित कमेटी के लोग मौजूद रहे।

क़स्बा बांसा शरीफ में दरगाह हज़रत सैय्यद अब्दुर्रज्जाक शाह (रह0) से झण्डा जुलूस निकाला गया। जुलूस में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक नबी का झण्डा लेकर नारे तकबीर अल्लाह हु अकबर सरकार की आमद मरहबा के नारे लगाते हुए चल रहे थे। जुलूस अपने निर्धारित मार्गों से भृमण करते हुए ईदगाह तक गया। इसी क्रम में क़स्बा शहाबपुर मे प्रातः जुलूस निकाला गया और जुलूस के दौरान थानाध्यक्ष अभिषेक तिवारी, वरिष्ठ उपनिरीक्षक शमशाद अली, कस्बा प्रभारी अनिल कुमार सिंह, संतोष सिंह, रमेश्चंद्र, नरेंद्र द्विवेदी शांति बनाये रखने के लिए पुलिसबल के साथ जवान मुस्तैद रहे।

## शानो शौकत से निकाला गया जश्ने ईद मिलादुन्नबी का पर्व जुलूस -ए-मोहम्मदी

*अवधनामा संवाददाता*

**मयाबाजार -अयोध्या।** जामा मस्जिद के पेश इमाम हज़रत मौलाना मोहम्मद मुस्तकीम कादरी साहब की सरपरस्ती में जुलूस -ए- मोहम्मदी का जुलूस मदरसा अरबिया शम - उल-उलूम कनकपुर मया बाजार से बड़ी ही



शानों - शौकत के साथ गुलिस्ता साल की तरह इस साल भी निकाला गया । जुलूस जामा मस्जिद मया बाजार से निकलने के बाद द्वापर स्कूल से होते हुये मया भीखी गाँव को घुमाकर पुनः जामा मस्जिद मया बाजार में आकर खत्म हुआ। और उसके बाद सलातों सलाम पढ़ने के बाद फातिहा हुआ और उसके बाद दुआ में मुल्क में अमन - चैन कायम रहने वा मुल्क की सलामती के लिये दुआ माँगी गई। और जामा मस्जिद के पेश इमाम हज़रत मौलाना मोहम्मद मुस्तकीम कादरी साहब ने बताया कि ईदों की ईद ईद मिलादुन्नबी सरवर -ए-कायनात नबी -ए-पाक हज़रत मोहम्मद मुस्तफा (स.)की यौमे -ए- पैदाइश 12 रबीउल अव्वल को सुबह सादिक के वक़्त हुआ था।इसलिये उनके यौमे -ए-पैदाइश के आमद की ख़ुशी में जश्ने ईदमिलादुन्नबी का पर्व मनाया जाता हैं।इस अवसर पर मास्टर मुबारक़ अली इदरीशी , गुलाम मोहम्मद हुसैन, मोहम्मद कैफ इदरीशी,वारिस अली, मोहम्मद नईम, अज़मत अली , हसमत अली , शमसुद्दीन,मोहर्रम अली, मोहम्मद अन्सार, चाँद बाबू,मोहम्मद अबरार, मोहम्मद मेराज, शोएब अंसारी ,मोहम्मद अली उर्फ लोदर सहित बड़ी संख्या में लोगों ने जुलूस - ए- मोहम्मदी की जिम्मेदारी सँभाली।

## वाहन से कर रहे थे मादक पदार्थ की तस्करी, एक किलो स्मैक बरामद दो तस्कर गिरफ्तार

**देवा बाराबंकी।** थाना देवा पुलिस ने 2 शातिर मादक पदार्थ तस्करो को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से एक किग्रा स्मैक व एक वाहन बरामद किया। स्मैक की अन्तर्राष्ट्रीय कीमत करीब एक करोड़ 10 लाख रुपये बताई जाती है। अपराध पर प्रभावी नियंत्रण हेतु अपराधियों तथा मादक पदार्थ तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना देवा पुलिस टीम द्वारा मैनुअल इंटेलीजेंस के आधार पर महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई। पुलिस टीम द्वारा 2 शातिर मादक पदार्थ तस्करो जावद उर्फ मानू पुत्र स्व0 हासिम अली निवासी डालीगंज डार वाली गली मुंशीगंज तकिया थाना हसनगंज व अली हसन पुत्र पीर गुलमा निवासी ग्राम रजौली थाना गुडम्बा जनपद लखनऊ को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से कुल एक किलोग्राम अवैध स्मैक जिसकी अन्तराष्ट्रीय कीमत करीब 01 करोड़ 10 लाख रुपये है के अलावा एक लोडर छोटा हाथी क्र32 स्ह 1614 बरामद किया गया।

पूछताछ से प्रकाश में आया कि अभियुक्तगण द्वारा जनपद लखनऊ निवासी मुन्ना से स्मैक खरीदकर जनपद बाराबंकी, लखनऊ व आस पास के जनपदों में अवैध मादक पदार्थ की तस्करी बरामद वाहन के माध्यम से की जा रही थी। वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम द्वारा प्रयास किया जा रहा है। अभियुक्तगण के आपराधिक इतिहास के बारे में जानकारी प्राप्त की जा रही है।

## वृद्ध महिला को नशे की गोली खिलाकर टप्पेबाज ने हजारों का सामान उड़ाया

**बाराबंकी।** जिला अस्पताल में बुजुर्ग महिला के साथ टप्पेबाजी हो गई। नशे की गोली खिलाकर टप्पेबाज महिला का बाला, फोन, पायल आदि लेकर फरार हो गया। शाम तक होश में आई महिला ने पुलिस को घटना बताई।

शहर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत लखपेड़ाबाग के रहने वाले स्व सुरेश चंद्र मिश्रा की पत्नी दया मिश्रा 26 सितम्बर की सुबह 11 बजे जिला अस्पताल में दवा लेने गई थी। यहां उनसे एक अज्ञात शख्स मिला, उसने अपना नाम पप्पू बताया। बीपी लो बताकर कोल्ड डिंक में नशे की गोली मिलाकर महिला को पिला दिया। उसके होश खोते ही टप्पेबाज ने पायल, बाला फोन, आदि कीमती सामान रखने के बहाने ले लिया और झूठ बोलकर वहां से फरार हो गया। उधर महिला जिला अस्पताल में बेहोश शाम तक पड़ी रही। होश में आने पर उसने कोतवाली पहुंच कर पूरी बात बताई। पुलिस ने पप्पू नामक अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## सेवा पखवाड़ा अंतर्गत दी सरकार की उपलब्धियों की जानकारी, लगाई चौपाल

**बाराबंकी।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर आयोजित सेवा पखवाड़ा में अनुसूचित बस्ती संपर्क अभियान के अंतर्गत सांसद उपेन्द्र सिंह रावत ने मण्डल मसौली के ग्राम पंचायत निगरी के ग्राम दुलहीपुर में तथा मण्डल बंकी देहात के ग्राम टिकारिया की अनुसूचित बस्ती में चौपाल लगाकर भारतीय जनता पार्टी की केंद्र में मोदी सरकार व राज्य में योगी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं व उपलब्धियों को बताया। इसके पश्चात् सांसद श्री रावत ने अनुसूचित बस्ती में घर-घर जाकर बस्ती वासियों से बातचीत की तथा उनका हालचाल जाना। सांसद उपेन्द्र रावत ने ग्राम निगरी में त्वरित आर्थिक विकास योजना से निर्मित सड़क का निरीक्षण भी किया तथा ग्राम टिकारिया में नन्द राम रावत जी के यहाँ भोजन किया।

इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य डा0 अवधेश वर्मा, ब्लाक प्रमुख देवां धर्मेन्द्र यादव, मण्डल अध्यक्ष परशुराम रावत, भरत लाल, शिव स्वामी वर्मा, शक्ति केंद्र संयोजक रंजीत वर्मा, राम किशोर रावत, पप्पू सोनी, रमेंद्र चंद्र रावत योगेश यादव, कुलदीप, महेंद्र सिंह, नन्दराम, मायाराम, अवधराम रावत, नन्द किशोर, राजेन्द्र यादव सहित सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## पूर्व मंत्री ने किया जुलूस-ए-मोहम्मदी का स्वागत

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** चौक में पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय पवन व समाजवादी



पार्टी के महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव, महासचिव हामिद जाफर मीसम ने महानगर कमेटी के साथ जुलूस-ए-मोहम्मदी का स्वागत किया, पूर्व मंत्री ने टाटशाह मस्जिद के इमाम शमशुल कमर, गुलाम सिद्दीकी, मौलाना फैसल, सहित सभी कमेटी के लोगो को शाल व माला पहनाकर स्वागत किया, इस मौके पर पूर्व मंत्री ने कहा की पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब के संदेश हमेशा समाज को सच्चाई और नेकी के रास्ते पर चलने के लिए प्रेरित करते रहेंगे, महानगर अध्यक्ष ने कहा कि आज हम सभी को मुहम्मद साहब के बताए हुए रास्ते पर चलने की जरूरत है, आज हमारा आपसी भाईचारा ही है सभी धर्मों के लोग मिलजुलकर इसे श्रद्धा से मनाते हैं। महानगर प्रतियोगिता राकेश यादव एडवोकेट ने बताया इस मौके पर पूर्व नगर अध्यक्ष मंसूर इलाही एडवोकेट, महानगर उपाध्यक्ष राकेश पांडे, रियाज अहमद टेनी, महानगर सचिव जगन्नाथ यादव, आकिब खान, ईशा कुरैशी, अक्षत श्रीवास्तव, रजत गुप्ता, कामिल हसनैन, शाहबाज लकी, फरीद कुरैशी, शहनवाज खान शेखू, इश्तियाक खान, इत्यादि लोग मौजूद थे।

# मिल्कीपुर में निकली गणेश प्रतिमा विसर्जन शोभा यात्रा, बड़ी संख्या में श्रद्धालु हुए शामिल

*अवधनामा संवाददाता*

**मिल्कीपुर-अयोध्या** ।हवा में उड़ रहे रंग बिरंगे गुलाल से नगर वासी सराबोर हुई। डीजे की धुन पर सभी थिरक रहे थे। शोभायात्रा में शामिल झांकियों का आकर्षण नगरवासियों को लुभा रहा था। छतों से महिलाएं और बच्चे पुष्पवर्षा कर रहे थे। घंटा, घड़ियाल बजाते हुए पुरोहित भगवान गणेश प्रतिमा के साथ चल रहे थे। गांव से लेकर नगर तक की सड़कों पर भक्तों का उल्लास देखते ही बन रहा था। कई दिनों से चल रही गणेश पूजा में गुरुवार को गजानन को दी जा रही विदाई का नजारा कुछ अलग ही बयां कर रहा था। कुछ लोग मूर्तियां लेकर आदि गंगा गोमती नदी में प्रवाहित कर रहे थे तो किनारों पर मौजूद भक्त आवाज लगा रहे थे- गणपति बप्पा मोरिया, अगले बरस फिर जल्दी आना। मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र के इनायत नगर, कुचेरा, बारुन,



मंजनाई समेत अन्य प्रमुख बाजारों गांव में पंडालों में सजी भगवान गणेश की मूर्तियों का विसर्जन करने के लिए शोभायात्रा गुरुवार को निकल गई। सुबह पूजा अर्चना के बाद मुहूर्त के अनुसार मूर्तियों को लेकर भक्त आदि गंगा गोमती व त्रेता युग कालीन तमसा नदी की ओर चल पड़े। पुरुषों के साथ ही महिलाओं की जबर्दस्त भीड़ इस शोभायात्रा का हिस्सा रहीं। शोभायात्रा में शामिल भक्त अबीर गुलाल से शराबोर थे। गजानन के साथ ही भगवान राम का दरबार सहित देवी देवताओं की झांकियां की रौनक देखते ही बन रही थी। सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए उप जिला अधिकारी राजीव रत्न सिंह, क्षेत्राधिकारी आशीष निगम समेत मिल्कीपुर सर्किल के सभी थानों के प्रभारी निरीक्षक थानाध्यक्ष अपने-अपने थाना क्षेत्र में मूर्ति विसर्जन के लिए मुस्तादी से लगे रहे, ताकि कहीं पर किसी प्रकार की कोई समस्या मूर्ति विसर्जन के दौरान न होने पाए। कड़ी सुरक्षा के बीच में मूर्ति विसर्जन कार्यक्रम संपन्न हो गया।

## शहीद भगतसिंह स्मृति ट्रस्ट ने शहीद भगतसिंह की प्रतिमा पर अर्पित की श्रद्धांजलि

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या** ।शहीद भगतसिंह स्मृति ट्रस्ट द्वारा आज शहीद भगतसिंह की 116वीं जयंती नगर निगम प्रांगण में बड़े हर्षोउल्लास के साथ उनकी पर फूल चढ़ा कर श्रद्धाजंलि दिया गया।कार्यक्रम दो चरणों मे सम्पन्न हुआ।

पहले हम सब लोग शहीद भगतसिंह की प्रतिमा पर श्रद्धाजंलि अर्पित किया गया। उसके बाद ÷भगतसिंह की शहादत व आज का भारत विषय÷पर एक गोश्ठी किया गया।अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार आरडी आनंद ने किया तथा संचालन मालती तिवारी ने किया।

क्रांतिकारी गगन भेदी नारे इंकलाब जिंदाबाद,लगाते हुए श्रद्धाजंलि अर्पित किया।विचार गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए डाक्टर विशाल श्रीवास्तव ने कहा कि देश की आज़ादी की लड़ाई के लिए अपना सब कुछ कुर्बान कर दिया था और महज़ 23 साल की उम्र में हँसते-2 फांसी का फन्दा चूमकर अपने गले में डालकर 23 मार्च, 1931 को शहीद हो गया था। उनके साथ ही उनके दो साथी राजगुरु और सुखदेव ने भी उसी दिन अपनी-2 शहादत दी थी। धन्य हैं वो माँ जिन्होंने ऐसे वीर सपूतों को जन्म दिया था जो शहीद होकर भी हर हिंदुस्तानी के दिलों में आज भी ज़िंदा हैं। ट्रस्ट के चेयरमैन सत्यभान सिंह जनवादी ने जहाँ कि भगत सिंह ने जेल में रहते हुए बहुत कुछ लिखा है। उनकी लिखी हुई ÷जेल डायरी÷ मौजूद है। भगत सिंह ने एक ऐसे भारत का सपना देखा था जो बेहद खूबसूरत था। भगत सिंह और उनके दो साथियों राजगुरु व सुखदेव को फांसी देने का वक़्त 24 मार्च, 1931 की सुबह का तय था। लेकिन ब्रिटिश हुकूमत भगत सिंह से इतना खौफ खाती थी कि उन्हें एक दिन पहले 23 मार्च,1931 की शाम को ही गुपचुप तरीके से फांसी दे दी गयी। उनकी मौत पर सारा देश रो रहा था। अपनी बातों, मुकदमे के दौरान अपनी बहसों, अनगिनत लेखों, बहादुरी की वजह से भगत सिंह न केवल भारत में ही बल्कि सारी दुनिया भर में एक हीरो, लड़ाकू योद्धा के रूप में विख्यात हो चुके थे। माले नेता अतीक अहमद ने कहा कि भगत सिंह के विचार ब्रिटिश हुकूमत के लिए इतना बड़ा खतरा बन चुके थे कि उनको रास्ते से हटाना बहुत ज़रूरी हो गया था। और आखिरकार ब्रिटिश साम्राज्यवाद ने उनकी जान ले ही ली। ब्रितानी हुकूमत कितना डरी हुई थी भगत सिंह से कि उसने एक दिन पहले ही गुपचुप तरीके से 23 मार्च, 1931 की शाम को ही तीनों क्रांतिकारियों (राजगुरु, सुखदेव, भगत सिंह) को फांसी पर चढ़ा दिया था।वरिष्ठ साहित्यकार आरडी आनंद ने कहा कि ये बात यह साबित करती है कि विचार कितने ताक़तवर होते हैं और उन क्रांतिकारी विचारों से ज़ुल्म-ओ-सितम ढाने वाले इतना घबराते क्यों हैं?

इस बात को हम अच्छी तरह से समझ सकते हैं कि क्यों भगत सिंह का और ज़्यादा दिनों तक ज़िंदा रहना ब्रिटिश हुकूमत के लिए खतरनाक हो गया था।

### इसरो के वैज्ञानिक ने विज्ञान प्रयोगशाला का किया उद्घाटन

**महाराजगंज।** सिसवा नगर पालिका परिषद स्थित सेंट जोसेफ्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल सिसवा में गुरुवार को विज्ञान प्रयोगशाला का उद्घाटन बड़े ही धूम-धाम से केरला से आई इसरों की वैज्ञानिक अंजू मैथ्यू ने किया। इस अवसर पर अपने उद्?गार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में यह विद्यालय आधुनिक सुविधाओं से युक्त है जो इस प्रकार के विज्ञान प्रयोग शाला को देकर निश्चित ही एक सराहनीय कार्य किया है। इस संदर्भ में उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि यह विद्यालय एवं प्रयोगशाला नये वैज्ञानिकों के निर्माण में अभूतपूर्व योगदान करेगा। बिद्यालय की प्रबंधक बिंसी जोसेफ, डायरेक्टर ओ ए जोसेफ, प्रधानाचार्य व उपप्रधानाचार्य शिवेंद्र सिंह ने बुके देकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया। अंग्रेजी प्रवक्ता फणींद्र कुमार मिश्र,हिंदी प्रवक्ता अरुण कुमार श्रीवास्तव एवं विज्ञान विभाग के शिक्षक सिंसी पीटर,पुंडरीक गुप्ता, जीना जार्ज व एबी सर ने अंग वस्त्र देकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया । कार्यक्रम का संचालन ग्राउंड फ्लोर इंचार्ज प्रेम सागर चौबे ने किया। इस अवसर पर ऑफिस इंचार्ज भुवनेश्वर मिश्र, टीचर सेक्रेटरी धनंजय मिश्र ,मिडिल फ्लोर इंचार्ज मुन्ना पांडे ,गौरी शंकर दुबे ,नितेश श्रीवास्तव,अवनीश मिश्र,अनिल पांडे , पीयूष त्रिपाठी सतीश तिवारी, वर्षा जायसवाल ,रचना जयसवाल,संतोष तिवारी,गंगा दुबे,मनीष श्रीवास्तव,पीके सर, वीरेंद्र त्रिपाठी, रंजना तिवारी, रमा श्रीवास्तव, तमजीद अली, प्रदीप रौनियार, अनूप रौनियार, प्रहलाद प्रसाद,संजय गुप्ता, राधेश्याम, दीप्ति बारिक व भुआल गुप्ता सहित समस्त शिक्षक गण उपस्थित रहे।

### परमेन्द्र बने अयोध्या मंडल ओलंपिक संघ के संयोजक

**अयोध्या।** जिला ओलंपिक संघ के सचिव परमेन्द्र सिंह को उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के राज्य कार्यकारिणी ने अयोध्या मंडल ओलंपिक संघ का संयोजक नियुक्त कर एक और जिम्मेदारी प्रदान की है। इसकी जानकारी उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के महासचिव डॉक्टर आनंदेश्वर पांडेय ने पत्र के माध्यम से प्रेषित की। महासचिव उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ ने अपेक्षा की है कि आपके निर्देशन में अयोध्या मंडल में खेल और खिलाड़ियों के हित एवं उनको प्रोत्साहित करने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे उन्होंने बताया कि वाराणसी में 16 नवंबर से आयोजित हो रहे राज्य जूनियर मिनी बालिका ओलंपिक गेम्स के लिए अयोध्या मंडल की टीमों को प्रतिभाग करने का दायित्व भी श्री सिंह को सौंपा गया है। मंडलीय टीम चयन के आधार पर राज्य ओलंपिक खेलों की इस प्रतियोगिता में भाग लेगी।

## अखिल भारतीय चाणक्य परिषद महिला प्रकोष्ठ महामंत्री का प्रदेशाध्यक्ष टीम द्वारा अंग वस्त्र भेंट कर किया गया स्वागत

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश राजधानी से चलकर अखिल भारतीय चाणक्य परिषद की प्रदेश महामंत्री विनीत मिश्रा अयोध्या पहुंची अखिल भारतीय चाणक्य परिषद के तत्वाधान में जिला अध्यक्ष पंडित सत्य देव मिश्र द्वारा प्रदेश महामंत्री विनीत मिश्रा को दर्शन पूजन के बाद शहर के देवकली रोड निकट शक्ति नगर कॉलोनी स्थित अखिल भारतीय चाणक्य परिषद केंद्रीय कार्यालय पहुंचने पर प्रदेश अध्यक्ष पंडित दिलीप राम त्रिपाठी द्वारा अंग वस्त्र,माला बुके भेंट कर स्वागत किया गया इस अवसर पर पंडित जयप्रकाश तिवारी सदस्य राष्ट्रीय कार्यकारिणी, डॉ जय गुरुदेव शुक्ल प्रदेश उपाध्यक्ष, मुकेश तिवारी, आलोक कुमार पांडेय राम प्रकाश पांडेय, घनश्याम मिश्रा दुर्गेश पांडेय, धीरेंद्र पांडेय, रमाकांत मिश्र, विपिन शंकर तिवारी पंचमुखी हनुमान



मंदिर के संरक्षक ,अखिलेश चतुर्वेदी, अतुल तिवारी, राधा रमण त्रिपाठी, अमरेश शुक्ला एवं अखिल भारतीय चाणक्य परिषद के तमाम पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल रहे।

## कबड्डी प्रतियोगिता 29 सितंबर से

**फरेंदा (महराजगंज)।** फरेंदा तहसील अन्तर्गत ग्राम पंचायत लालपुर में आगामी 29 सितंबर से आदर्श कबड्डी प्रतियोगिता लालपुर के बैनर तले चार दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। प्रतियोगिता का उद्घाटन उदयराज ब्लाक प्रमुख बृजमनगंज करेंगे तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में हरिश्चंद्र सोनकर उपस्थित रहेंगे। उक्त जानकारी देते हुए कार्यक्रम के संयोजक व ग्राम प्रधान लालपुर ने बताया कि इस प्रतियोगिता में कोई शुल्क नहीं रखा गया है।

# सड़कों पर घूम रहे बेसहारा पशुओं से राहगीरों को मुसीबत

**फरेन्दा(महराजगंज)।** आदर्श नगर पंचायत आनंदनगर में सड़को व गलियों में बेसहारा पशुओं की अठखेलियाँ इन दिनों आम हो गई है। पशु झूंड में सड़कों के बीच खड़े रहते हैं। जिससे आने- जाने वाले राहगीरों के दुर्घटनाग्रस्त होने का अंदेशा रहता है।



बुधवार की सायं मिलगेट के पास ट्रैफिक जाम जैसी नौबत आ गई जब पशुओं का झुंड बीच सड़क पर आ गया और राहगीरों में अफरातफरी का माहौल बन गया। ज्ञात हो कि यह पशु सड़क पर चलने वाले वाहनों के लिए दुर्घटना का कारण बन रहे हैं, इसके बावजूद स्थानीय प्रशासन मौन बैठा हुआ है। शासन की तरफ से बेसहारा पशुओं को पकड़कर उन्हें गो-आश्रय स्थल भेजवाने के स्पष्ट दिशा-निर्देश दिया गया है। शुरुआती समय में तो अभियान चलाया गया और ऐसे पशुओं को पकड़कर गोशाला भेजा गया। लेकिन उसके बाद से इस तरफ अधिकारियों का कोई ध्यान नहीं गया। यहीं कारण है कि मार्ग और गलियों में बेसहारा पशुओं ने डेरा जमाया हुआ है। शिकायतों पर कोई सुनवाई होती दिखाई नहीं दे रही है। ऐसे में यह पशु हिंसक भी होते जा रहे हैं। इस मामले में एसडीएम फरेन्दा राकेश कुमार ने कहा कि यह समस्या संज्ञान में है संबंधित को निर्देश दिया गया है जल्द ही अभियान चलाकर पशुओं को गौ सदन भेजा जाएगा। जबकि ईओ नगर पंचायत का कहना है कि लंपी वायरस के कारण डीएम महराजगंज के आदेश पर समस्त गौशालाओं में अभी बाहरी पशुओं का प्रवेश नहीं हो रहा है , अभियान चला कर जल्द ही इन पशुओं को मधवलिया गोसदन भिजवाया जाएगा।

# धूमधाम से निकला हजरत मोहम्मद साहब का जुलूस

*अवधनामा संवाददाता*

**बृजमनगंज (महराजगंज)।** हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिवस पर गुरूवार को जुलूसे मोहम्मदी बड़े लेहड़ा बाजार की ओर से भव्य जलूस निकल कर पूरे बाजार में भ्रमण किया गया। साथ साथ रमजानपुर और हरपुर से भी जलूस निकल कर क्षेत्र में भ्रमण किया गया। इस दौरान जलूस में पूर्व



ही शान शौकत के साथ क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर निकाले गए। जुलूस नगर पंचायत बृजमनगंज में निकाला गया। सुबह से ही क्षेत्र में हजरत मोहम्मद साहब का जन्मदिवस हर्षोल्लास के वातावरण में मनाया गया। इस मौके पर पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब का जुलूस जामिया दारुल उलूमा अहले सुन्नत फैजुरसूल तथा जामिया आयशा सिद्दीकी गर्ल्स कॉलेज फुलमनहां ग्रामप्रधान अमित कुमार, अफजल हुसेन, अब्दुल गनी, शहबान अली, इकबाल अहमद, गुलाम हैदर, मो0 याकूब, अकरम अली, जियाउल हक, गयासुद्दीन, समशेर अली, आशिक अली, रिजवान, शाहिद, असलम, सहाबन अली आदि लोग शामिल रहे। सुरक्षा की दृष्टि से थानाध्यक्ष श्याम सुन्दर तिवारी अपने हमराही फोर्स के साथ मौजूद रहे।

# अनुसूचित बस्तियों में पहुंचकर मंत्री ने योजनाओं के संबंध में बताया

**महराजगंज।** केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी बृहस्पतिवार को अनुसूचित बस्ती संपर्क अभियान के



अंतर्गत विकास खंड परतावल के ग्राम पंचायत पचदेउरी और कुसमा में संपर्क अभियान का आगाज किया। घर घर जाकर सरकार की जन-कल्याणकारी योजनाओ के विषय मे बताया।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व मे भारत सरकार बाबा साहब के सपनो को साकार कर रही है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय और बाबा साहब का एक ही उद्देश्य था कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाए पहुंचनी चाहिए। इसी को ध्यान मे रखकर प्रधानमंत्री ने राशन कार्ड, उज्वला गैस योजना, प्रधानमन्त्री आवास, शौचालय, आयुष्मान कार्ड, घर घर बिजली, किसान सम्मान निधि, निश्शुल्क खाद्यान्न वितरण जैसी तमाम कल्याणकारी योजनाए लागू की। जिसका सीधा फायदा गरीब, वंचित और शोषित परिवारो को मिल रहा है।

केन्द्रीय मंत्री ने कहा की एक व्यक्ति मूलभूत आवश्यक्ता रोटी, कपड़ा और मकान होता है। जिसको पुरा करने के लिए सरकार कृतसंकल्पित है। गरीबो के ईलाज मे आ रही बाधाओ को दूर करने के लिए विश्व की सबसे बडी स्वास्थ्य योजना आयुष्मान कार्ड को सत प्रतिशत बनाने का प्रयास किया जा रहा। आने वाले दिनो मे कोई गरीब, दलित और पिछडा परिवार इस योजना से वंचित नही रहेगा। केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री ने कहा कि प्रधानमन्त्री ने बाबा साहब के सम्मान मे पंच तिर्थ का निर्माण किया है। अन्य दलो ने दलित समाज को सिर्फ एक वोट बैंक समझकर छला है। मोदी सरकार ने उनके दर्द को समझा और उनके विकास के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। इस अवसर पर पनियरा विधायक ज्ञानेंद्र सिंह, परतावल प्रमुख आनंद शंकर बर्मा ,मंडल अध्यक्ष उमेश गुप्ता, अंगद गुप्ता, सतीश मद्धेशिया, गणेश पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

## ईद मिलादुन्नबी पर जनपद के थाना क्षेत्रों में निकला जुलूस



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** पुलिस अधीक्षक के आदेश के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में समस्त क्षेत्राधिकारीगण के कुशल पर्यवेक्षण में जनपदीय पुलिस की मौजूदगी में ईद मिलाद उन नबी के अवसर पर मुस्लिम समुदाय के लोगो द्वारा जनपद के थाना शिवनगर डिड़ई, थाना चिल्हिया, थाना सिद्धार्थनगर, थाना कटेला समयमाता थाना मोहाना, थाना कपिलवस्तु, थाना उसका बाजार, थाना लोटन, थाना खेसरहा, थाना जोगिया उदयपुर, थाना ढ़ेबरुआ, थाना शोहरतगढ़, थाना मिश्रौलिया, थाना पथरा बाजार, थाना गोल्हौरा, थाना भवानीगंज मे परम्परागत रुप से जुलूस निकाला गया। जुलूस के साथ पर्याप्त पुलिस बल मौजूद रहा और जुलूस सकुशल सम्पन्न हुआ।

## यौमे पैदाइश पर अक़ीदत से निकला जुलूस



**बांसी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** पैगम्बरे इस्लाम हजरत मोहम्मद साहब की यौमे पैदाईश पूरे क्षेत्र मे अकीदत के साथ मनाया गया। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने जुलूस निकालकर अमन व शांति के लिए मांगी दुआ इस जश्न-ए-ईद मिलादुन नबी के अवसर पर जुलुसे मोहम्मदी अन्जुमन इस्लामिया मदरसा शीरतुन नबी से निकला जो डाकबंगला, मंगल बाजार, अकबर नगर, सर्राफा मार्केट, राजेंद्रनगर, बाले मियां का मैदान, रोडवेज चोराहा, राप्ती पुल होते हुए नरकटहा मे स्थित इमामबाड़ा वाली मस्जिद पर पहुचा जहां पूरे आलम की सलामती, सुख समृद्ध, शांति व सौहार्द्र की दुआ के बाद समाप्त हुआ। जुलुसे मोहम्मदी मे कांग्रेस नेता अरशद खुर्शीद, मौलाना निजामुद्दीन नूरी, मौलाना मुस्तकीम निजामी, मौलाना आलमगीर, खुर्शीद खान,मो हारुन, अनुराग बागी, इजहार खान, इमरान सिद्दिकी, जावेद अंसारी, मो नसीर, अब्बास खान, साहब खान सहित काफी संख्या मे लोग शामिल थे। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिये सीओ देवी गुलाम व कोतवाल अनुज सिंह जुलुस के साथ भारी पुलिस बल के साथ गश्त करते रहे।

## जलालपुर थाना क्षेत्र में चोरी का सिलसिला जारी

**जलालपुर अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** थाना क्षेत्र में चोरी का सिलसिला अनवरत जारी है। रात गस्त के दावा के बीच पुलिस चोरी पर अंकुश लगाने में नाकाम साबित हो रही है। पुलिस पिकेट पर तैनात पुलिसकर्मियों के बीच से बीते बुधवार को मालीपुर चौराहे पर खड़ी मोटरसाइकिल चोरी कर आसानी से फरार हो गए। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दिया है। बीते बुधवार को खालिसपुर गांव निवासी विनोद यादव अपनी मोटरसाइकिल मालीपुर चौराहे के एक क्लिनिक पर खड़ा कर सवारी गाड़ी से अकबरपुर चले गए। जब लौटे तो बाइक गायब थी। इधर उधर बाइक की खोज कर पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है। इसी कड़ी में बीते बुधवार रात को खालिसपुर गांव निवासी देवेन्द्र प्रताप सिंह का समसेवल अज्ञात चोरों ने डीलवरी पाइप के साथ चोरी कर लिया। इसके पहले कुलहिया पट्टी गांव निवासी ओंकार शर्मा, करमिसिरपुर के अरुण यादव समेत रुधौली अदाई और हासिमपुर गांव में कई लोगो का हैंडपम अज्ञात चोर खोल ले गए। थानाध्यक्ष प्रियंका पाण्डेय ने बताया कि जल्द ही सभी चोरी का खुलासा किया जायेगा।

# शान से निकला जुलूस, रवायती अंदाज में मनाया गया ईद मिलादुन्नबी का त्योहार

आफ़ताब रिज़वी

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** बारह रबी-उल-अव्वल (ईद मिलादुन्नबी) गुरुवार को डुमरियागंज तहसील क्षेत्र में जोश खरोश के साथ रवायती अंदाज में मनाया गया। इस दिन निकलने वाला विशेष जुलूस (जुलूए-ए-मुहम्मदी) मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। गगनभेदी नारों के बीच हजरत मुहम्मद की शान में कसीदे पढ़े गए। ईद मिलादुन्नबी के मौके पर बुधवार की रात ही इलाके की मस्जिद व मदरसे के साथ मुख्य मार्ग रोशनी में नहा उठे।

डुमरियागंज के जबजौआ, सिकहरा, मदरसा गरीब नवाज व बैदौला चौराहे पर खास रोशनी का इंतजाम रहा। जगह-जगह मीलाद का आयोजन हुआ। जिसमें पैगम्बरे इस्लाम हजरत मुहम्मद साहब की शान में कसीदे पढ़े गये। इस दिवस पर सुबह से ही माहौल उत्साह से लबरेज रहा। सैकड़ों गाड़ियां कतारबद्ध तरीके से खड़ी हुई। वाहनों को खूबसूरत



अंदाज में फूलों से सजाया गया। जुलूस बेवा चौराहा से इस्लाम व पैगम्बर मुहम्मद साहब की शान में गगन भेदी नारे लगाते हुए डुमरियागंज की ओर रवाना हुआ। तिलगड़िया, सिकहरा, जबजौवा, हल्लौर, बसडिलिया से

- लंबा काफिला के बीच मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा जुलूस-ए-मोहम्मदी
- गगनभेदी नारों के बीच हजरत मुहम्मद की शान में पढ़े गए कसीदे

बैदौला चौराहा पहुंचा। यहां जुलूस के सदर मौलाना मकसूद अकरम और अरबाब ने बताया कि यह जुलूस ही नहीं यह एक इंटरनेशनल त्यौहार है। जो पूरे मुल्क में मनाया जाता है। आज ही के दिन आखरी पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब का जन्म हुआ था। हजरत मोहम्मद साहब का इस दुनिया में आना बेहद ही खुशी का मौका है। इसी चीज को लेकर यह जुलूस निकाला जाता है। हजरत मोहम्मद साहब ने डूबती हुई इंसानियत को सहारा दिया था। हजरत मोहम्मद साहब ने गरीबों और मजलूमों कि हमेशा मदद की थी। चौराहे से जुलूस तहसील मुख्यालय की तरफ

### जुलूस व्यवस्था में दौड़ती रही प्रशासन की गाड़ियां

जुलूस को सकुशल सम्पन्न कराने के उद्देश्य से एसडीएम सहित सीओ, प्रभारी निरीक्षक सहित सर्किल के समस्त थानाध्यक्ष की गाड़ियां व पीएसी के जवान की गाड़ियां सुरक्षा में दौड़ती नज़र आयी।

आया। आगे नौजवानों का जत्था उसके पीछे मोटर साइकिल सवार जोश से लबरेज लोग, अंत में चार पहिया वाहनों का लंबा काफिला। डुमरियागंज पहुंच कर जुलूस ईदगाह के पास आकर समाप्त हुआ। जुलूस में शामिल अकीदतमंदों ने रास्ते में पड़ने वाले चौराहे बेवां चौराहा, सिकहरा, जबजौवा, भटगवां, हल्लौर, बैदौला चौराहा समेत दर्जन भर स्थानों पर जुलूस रोक कर मीठे पकवान, पानी की बोतलें, केक, बिस्कुट बांटे गये। जबकि शांति व्यवस्था हेतु एसडीएम प्रवेन्द्र कुमार, सीओ, थानाध्यक्ष समेत भारी संख्या में पुलिस जवान सक्रिय नजर आए। **जनप्रतिनिधियों व समाज सेवियों ने लगाए स्टाल:** ईद मिलादुन्नबी के मौके पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने स्टाल लगा कर जुलूस में शामिल लोगों को मिष्ठान, पानी की बोतल, विभिन्न प्रकार के शर्बत, चाय, समोसा, पकौड़ी आदि वितरित किया। सपा विधायक सैय्यदा खातून, ज़हीर मलिक, नगर पंचायत अध्यक्ष शाज़िया अतीक पत्नी अतीकुर्रहमान, डॉ मोहम्मद अय्यूब, डॉ. मोहम्मद वासिफ उर्फ वस्सु, अरशद खुर्शीद, आसिफ रिज़वी, अरबाब फारूकी, सच्चिदानंद पाण्डेय, सईद फारूकी, राही बस्तवी, सवेरा मिनी मार्ट, सलमान स्वीट, हाईटेक इंटरप्राइजेज सहित तमाम समाजसेवियों और नेताओ ने अपने अपने स्टाल लगाकर जलपान का वितरण किया। वही कुछ लोग जुलूस के साथ-साथ लोगों में पानी की बोतल, पाउच व बिस्कुट बांटते नज़र आये।

## जुलूस में गूंजती रही अल्लाहो अकबर, या रसूलल्लाह की सदाएं



**कुदरहा अवधनामा संवाददाता।** पैगम्बरे- इस्लाम हजरत मोहम्मद सल. की यौमे पैदाईश की खुशी के अवसर पर शहर से लेकर गांव तक जश्न का माहौल रहा है। अकीदतमंदों ने नूरी जामा मस्जिद से निकल गया जुलूस में परचमे-इस्लाम को हाथों में बुलंद कर जुलूस निकाला। पैगम्बर की यौमे पैदाईश पर कस्बों व गांव में जश्न का माहौल रहा। जुलूसों में मक्का व मदीना की आकृतियां बनाकर उसका प्रदर्शन किया गया। खुशी में झूमते पैगम्बर के दीवाने अल्लाहों अकबर व या रसूलल्लाह के नारे लगा रहे थे। लोगों में शीरनी वितरित की जा रही थी जुलूस को जगह-जगह रोककर नातिया कलाम पेश किया जा रहा था। विक्रमजोत बाजार से जुलूस निकालकर विक्रमजोत हाजी पुरवा पहुंचकर तकरीर का कार्यक्रम हुआ लोगों में शीरनी वितरित किया जुलूस विक्रमजोत हाजी पुरवा से निकालकर नेतवर, शंकरपुर, धुसैनिया से हो कर नूरी जामा मस्जिद पर पहुंच जुलूस समाप्त हुआ। इस बीच विक्रमजोत चौकी इंचार्ज चंद्रकांत पांडे, दीवान विक्रांत यादव,कांस्टेबल राजू गुप्ता के द्वारा जुलूस को अपनी निगरानी में सकुशल संपन्न कराया गया लोगों में शीरनी वितरित किया मौलाना खुर्शीद साहब, हाफिज व कारी युसूफ रजा हाफिज मोहम्मद आरिफ तनवीर, हाफिज तारीफ अमजद अली, शमशेर अली, नईम, सादिक अंसारी, अतीक अंसारी नासिर हुसैन, इसरार अहमद अंसारी, सफीक अहमद, अब्दुल कयूम अंसारी, जमील अहमद अंसारी, अफजल अब्दुल रहीम, उस्मान, दिलकश, ताबिश, जावेद, आमीन मौजूद रहे।

## मादक पदार्थ तस्कर को किया गिरफ्तार

**इटवा सिद्धार्थनगर।** स्थानीय पुलिस ने गुरूवार को मादक पदार्थ के एक तस्कर को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेज दिया है। इटवा पुलिस द्वारा मिली जानकारी के अनुसार प्रभारी निरीक्षक थाना इटवा संतोष कुमार तिवारी के कुशल नेतृत्व में थाना इटवा पुलिस द्वारा एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से 500 ग्राम नाजायज चरस बरामद हुआ। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना इटवा पर मु0अ0सं0 191/2023 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया। इसके उपरान्त आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर अभियुक्त को माननीय न्यायालय भेजा गया। गिरफ्तार अभियुक्त इरफान पुत्र ओरियावन निवासी सुन्नी जामा मस्जिद के पास बिस्कोहर रोड कस्बा इटवा थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर का निवासी है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उनि मोतीलाल, मुख्य आरक्षी इनामुदीन, आरक्षी मनीष यादव शामिल रहे।

## बालिका शिक्षा को बढ़ावा देकर दूर कर सकते हैं सामाजिक कुरीतियां: पांडेय

अवधनामा संवाददाता

**बस्ती।** बालिकाओं की शिक्षा सबसे महत्वपूर्ण होती है। इस कार्य में काफी सुधार हुआ है। इसके बाद भी बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए काम करने की अपार संभावनाएं हैं। बालिकाओं को शिक्षित कर समाज से तमाम खामियों को दूर किया जा सकता है। यह बातें श्रीमती कृष्ण कुमारी पांडेय गर्ल्स इंटर कालेज के वार्षिकोत्सव समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रबंधक बिन्दवासिनी पांडेय ने कही। समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही।

प्रबंधक बिन्दवासिनी पांडेय, अध्यक्ष गणेश प्रसाद पांडेय, उप प्रबंधक डॉ. राकेश कुमार पांडेय, एसकेपी इंटर कालेज प्रबंधक अजय पांडेय, प्रबंध समिति सदस्य प्रदीप पांडेय, शिवम पांडेय, विनय पांडेय व अभय पांडेय ने प्रधानाचार्या डॉ. सुरभि



सिंह के साथ दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विद्यालय संस्थापिका स्व. श्रीमती कृष्ण कुमारी पांडेय सहित सभी के चित्र पर पुष्पार्चन कर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। प्रधानाचार्या ने सभी अतिथियों को पुष्पगुच्छ देकर व लिपिक संजय पांडेय, दिनेश मिश्र ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। अध्यक्ष गणेश पांडेय ने विद्यालय की स्थापना करने को लेकर श्रीकृष्ण पांडेय व श्रीमती कृष्ण कुमारी पांडेय के त्याग व तपस्या की जानकारी दी। उपप्रबंधक डॉ. राकेश कुमार पांडेय ने विद्यालय की विकास यात्रा पर प्रकाश डाला। प्रबंधक पांडेय इंटर कालेज अजय कुमार पांडेय व प्रधानाचार्या योगेश शुक्ल ने संस्थापिका की सोच के अनुसार शिक्षा में आगे जाने के लिए छात्राओं से अपील किया। रुखसार, कविता, किंजल, निधि, दिव्यांशी ने सरस्वती वंदना, दिव्या व नेहा ने स्वागत गीत, रुचि, पूजा, अंजली, शर्मिला, नंदिनी, रिकिता व अंकता ने कजरी, शिवांगी, अर्चना, बबली, प्रिया शर्मा, मुस्कान ने रानी लक्ष्मीबाई पर आधार नृत्य नाटिका, प्रार्थना व प्रिया ने राधाकृष्ण गीत प्रस्तुत किया।

## भाजपा कार्यकर्ता आधारित पार्टी, यहाँ प्रत्येक कार्यकर्ता का सम्मान है: कन्हैया पासवान



- संजय गौतम बने निस. के सदस्य, प्रथम आगमन पर भाजपा जिलाध्यक्ष ने किया स्वागत

अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** भाजपा अनुसूचित मोर्चा के जिलाध्यक्ष संजय गौतम को उत्तर प्रदेश सरकार के समाज कल्याण विभाग की राज्य निगरानी समिति का सदस्य बनाए जाने के उपरांत प्रथम आगमन पर गुरुवार को भाजपा कार्यालय पर भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान ने जोरदार स्वागत अभिनंदन किया। जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान ने कहा हमारी पार्टी कार्यकर्ता आधारित पार्टी है, यहाँ प्रत्येक कार्यकर्ता का सम्मान है। जिस तरह कार्यकर्ता निःस्वार्थ भाव से लगकर पार्टी की सेवा करता है, पार्टी भी कार्यकर्ता का ध्यान रखती है और सही समय पर सही जगह स्थापित करने का कार्य करती है। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष दीपक मौर्या, महामंत्री विपिन सिंह, वरिष्ठ नेता अरविंद उपाध्याय, जिला संयोजक पिछड़ा मोर्चा फूलचंद जयसवाल, मीडिया प्रभारी निशांत पांडेय, मंडल अध्यक्ष अर्चिष्मान मिश्र, रमेश मणि त्रिपाठी, महेंद्र लोधी, मंगल चौरसिया, दीपेंद्र चौधरी, संपूर्णा नंद पाण्डेय, बृजेश, शिव प्रकाश आदि उपस्थित रहे।

## मुस्लिम समुदाय के लोगों ने ईद मिलादुन्नबी का जुलूस निकाल कर क्षेत्र किया भ्रमण

अवधनामा संवाददाता

**लोटन सिद्धार्थनगर।** मुस्लिम समुदाय के लोगों ने जश्ने ईद मिलादुन्नबी ग्रामीण क्षेत्रों में भी बहुत ही धूमधाम से जुलूसे मुहम्मदी निकाली मदरसा अलीमिया एजुकेशन एण्ड वेलफेयर सोसायटी तरघौना लोटन के प्रबन्धक एवं मदरसा कमेटी के लोगों ने और मदरसे में शिक्षा दे रहे मौलाना व अध्यापको ने चौदह सौ पैंतालीस हिजरी पहले जन्म हुआ मोहम्मद मुस्तफा सल्लल्लाहू अलैहे वसल्लम का जुलूस पुरे क्षेत्र में व चौराहे पर जुलूस के साथ भ्रमण किया गया इस दौरान मौलाना दानिश रजा गोरखपुरी ने माहे रबीउल अव्वल के बारे मे जगह जगह बताते रहे की नबी ने दुनिया में इंसानियत का पैगाम दिया और इस्लामी साल का तीसरा माह है। इस्लामी महीनों की तरह ये महीना भी सबसे अफजल है, यह इस्लामी तारीख का हिस्सा है जो हमेशा के लिए तारीखे में याद



किया जायेगा। आप सलल्लाहु अलैहि वसल्लम की विलादत ही कायनात की तखलीख का सबब है। अगर मोहम्मद साहब तसरीफ न लाते तो पुरी दुनिया कुफरो गुम्रोही मे डूबी होती। ये जमीन व आसमान अल्लाह ने अपने महबूब सलल्लाहु अलैहि वसल्लम की खातिर ही पैदा फरमाये, लिहाजा आप सलल्लाहु अलैहि वसल्लम की तशरीफ आवरी पर कायनात का ज़र्रा-ज़र्रा झूम उठा। कुफ्र व शिर्क की जुलमत व तारीकी दूर हो गयी और अनवार व हिदायत से तमाम जमीन रोशन हो गयी। माहे रबीउल अव्वल उम्मते मुस्लिमो के लिए बिलखुसूस और आलमे इंसानियत के लिए निहायत ही मुबारक है महिना है ।इस दौरान थानाध्यक्ष चन्दन कुमार कास्बा इंचार्ज फोर्स के साथ रहे मौजूद कोई ताकी कोई न दिक्कत मौलाना अल्हाज जमालुद्दीन, रिजवानुल्लाह खान, मौलाना अस्फाक, शहजाद आलम, मोहम्मद रफीक अंसारी, अली अहमद अतीउल्लाह खान, पप्पू उर्फ अख्तर हुसैन, सद्दाम हुसैन, मसीउल्लाह खान, हसन मोहम्मद, हैदर अली, पान मोहम्मद, मोहम्मद, अब्दुल्लाह, आरीफ राजा, मोहम्मद खालिद, रहमतुल्लाह, असलम, हाफीज अकरम, अफरोज, अहमद हुसैन, सुल्तान, आदि मौजूद रहे।

## भाजपा बूथ सशक्तिकरण अभियान की बैठक



**जलालपुर अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** भाजपा अंबेडकर नगर के एक-एक बूथ को मजबूत करने की रणनीति बना कर आगे बढ़ रही है। पार्टी का पूरा ध्यान बूथों को सशक्त बनाने में है। जिसे लेकर भाजपा ने पूरे प्रदेश में बूथ सशक्तिकरण अभियान का दूसरा चरण प्रारंभ किया है। इसी क्रम में, गुरुवार को मुख्य अतिथि नगर प्रवासी एवं पूर्व जिला अध्यक्ष डॉक्टर मिथिलेश त्रिपाठी के मौजूदगी में बूथ सशक्तिकरण अभियान के दूसरे चरण में बूथों की मजबूती एवं आगामी कार्यक्रमों की सफलता के निमित्त संगठनात्मक बैठक भाजपा नगर अध्यक्ष संजीव मिश्र के निज आवास नगर महामंत्री कृष्ण गोपाल गुप्ता के संचालन में सम्पन्न हुई। पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ मिथिलेश त्रिपाठी ने बूथ समितियों का सत्यापन एवं नगर टीम सत्यापन करते हुए कहा कि बूथों की मजबूती एवं आगामी कार्यक्रमों की सफलता के निमित्त संकल्प के साथ पूरी दृढ़ता से काम करना होगा। कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाते हुए उन्होंने कहा कि इस बार लोकसभा चुनाव में हर हाल में अम्बेडकर नगर में कमल खिलाना है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से माणिक चंद सोनी, अतुल जायसवाल, देवेश मिश्र, आशाराम मौर्य, विकाश निषाद, आनंद मिश्र, दीपक गोयल, दिलीप यादव, अमित गुप्ता, आशीष सोनी आदि मौजूद रहे। वहीं सेक्टर प्रभारी एवं सेक्टर संयोजक के साथ बैठक के दौरान सुरेश गुप्त, मानिकचंद सोनी शिवराम मिश्र, अरुण मिश्र, आनंद मिश्र, मिशम रजा, संदीप अग्रहरि, दीपक गोयल, शीतल प्रसाद, विनोद कुमार, विक्की गोतम समेत आदि मौजूद रहे।

## किछौछा व बसखारी में निकला जुलूसे मोहम्मदी

अवधनामा संवाददाता

**किछौछा अम्बेडकरनगर।** नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा के आसपास के इलाकों में गुरुवार को ईद-ए-मिलाद-उन-नबी को धूमधाम से मनाया गया। किछौछा व बसखारी के अलावा अगल बगल सटे इलाक़ो में भी मुस्लिम समुदाय के लोगों ने जुलूस निकाला। इस्लामिक कैलेंडर के मुताबिक, ईद-ए-मिलाद तीसरे महीने में रबी-उल-अव्वल के 12वें दिन मनाया जाता है। मिलाद-उन-नबी का पर्व इस्लाम धर्म के मुताबिक महत्वपूर्ण है।

मान्यता है कि इस दिन इस्लाम के पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब का जन्म हुआ था और उन्होंने अल्लाह के संदेशों को सभी तक पहुंचाया। इस पर्व को नबी मोहम्मद के जीवन और उनके संदेश के प्रति समर्पित रूप से मनाया जाता है। किछौछा में जुलूस प्रसिद्ध सूफी संत सैयद मखदूम अशरफ की दरगाह से निकलता है और कर्बला मैदान, निज़ामुद्दीननगर



(पुराबजगोती) निजामुद्दीनपुर, ख़ादिम टोला, माली चौराहा, पश्चिम तरफ होता हुआ किछौछा बाजार में स्थित कोतवाली मस्जिद पर आकर रुका वही बसखारी में भी ईद-ए-मिलाद-उन-नबी को धूमधाम से मनाया गया बसखारी क़स्बे से जुलूस मुख्य बाजार, तथा पूर्वी चौराहे से होते हुए हिंदुस्तान मैरेज हाल के पास ग्रामसभा डोंडो तथा बसखारी का जुलूस आकर रुका जिसके बाद विशेष दुआँ हुई जिसमें देश के अमन चैन व भाईचारे के लिए दुआँ माँगी जुलूस में आने वाली भीड़ के लिए जगह जगह खाने पीने का भी इंतेजाम किया गया था किछौछा में उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक़्फ़ बोर्ड द्वारा गठित कमेटी पानी बिस्किट और जुलूस में शामिल ओलमाओ को माला पहनाकर उनका स्वागत किया हिंदुस्तान मैरेज हाल के पास समाजसेवी इब्राहिम खाँ के द्वारा सरबत तथा खाने पीने का इंतेजाम किया गया वहीं सुरक्षा व्यवस्था में बसखारी थाना अध्यक्ष जय प्रकाश सिंह यादव उप निरीक्षक अमरनाथ यादव हेड कांस्टेबल विनोद मिश्रा, श्याम गुप्ता, अनवर खान, बलवंत सिंह, अशोक तिवारी, विशाल त्रिपाठी, सहित पीएससी के जवान भी मौजूद रहे।

## पत्नी से लड़ाई-झगड़ा करने, भागने की धमकी देने पर पति ने कर दी हत्या, गिरफ्तार



**बस्ती अवधनामा संवाददाता।** थाना सोनहा पुलिस द्वारा थाना सोनहा पर हत्या करने के सम्बन्ध में पंजीकृत मुकदमा धारा 302 आईपीएस से सम्बंधित अभियुक्त महेश चौहान पुत्र त्रिभुवन को मुखबिर खास की सूचना पर 24 घंटे के अन्दर भीरिया बाजार से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय बस्ती रवाना किया गया। बताते चले थाना सोनहा जनपद बस्ती पर सूचना प्राप्त हुआ कि थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम रामपुर मुंडरी अंतर्गत एक महिला फूला देवी पत्नी महेश की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो गयी है, जिस पर थाना सोनहा पुलिस द्वारा मृतका के शव को नियमानुसार पुलिस कब्जा में लेकर पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया। मृतका के भाई द्वारा प्राप्त प्रार्थना-पत्र व मृतका के पोस्टमार्टम रिपोर्ट (सिर में आई चोटों के कारण) के आधार पर अभियुक्त को गिरफ्तार कर पूछताछ करने पर अभियुक्त महेश चौहान पुत्र त्रिभवन द्वारा बताया गया कि मेरी पत्नी बार-बार लड़ाई-झगड़ा करती थी व घर से भाग जाने की धमकी देती रहती थी जिसके कारण मैं तख्त से बार-बार उसका सर लड़ाकर मार रहा था जिससे उसके सिर में लगे चोट के कारण उसकी मृत्यु हो गई। थाना सोनहा पुलिस द्वारा अभियुक्त महेश चौहान पुत्र त्रिभुवन को भीरिया बाजार से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय बस्ती रवाना किया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक सोनहा शैलेश कुमार सिंह, अपराध निरीक्षक दयानंद यादव, हे0का0 राघवेन्द्र दुबे, का0 करमजीत यादव, म0आ0 कुमारी प्रिया थाना सोनहा जनपद बस्ती शामिल रहे।

## जुलूसे मोहम्मदी का जुलूस शान्ति व सौहार्द के वातावरण में सम्पन्न हुआ

अवधनामा संवाददाता

**जलालपुर।** जलालपुर/टांडा नगर के चारों तरफ़ जश्ने ईद मिलादुन्नबी की रौनक देखने लायक थी टांडा बुनकर नगरी में इस मौके पर जुलूसे मोहम्मदी का आग़ाज़ मरकज़ी अन्जुमन गुलामाने मुस्तफा जुमा मस्जिद से प्रारंभ हुआ जो अपने परम्परागत मार्गो से होता हुआ देर शाम समाप्त हुआ जुलूस में भारी संख्या में विभिन्न मुहल्लों की अंजुमनों ने शिरकत कर इस्लाम धर्म के आखिरी पैगम्बर हज़रत मुहम्मद साहब के जन्मदिवस नाथ पाक पढ़ते हुए चल रहे थे इसी कड़ी में जलालपुर नगर व क्षेत्र में कार्यक्रमों की धूम रही। मस्जिदों के आसपास भव्य सजावट की गई।

नातख्वानी, जल्से व जुलूसों का आयोजन किया गया। नगर की तन्जीम-ए-अहल-ए-सुन्नत के बैनर तले जुलूस-ए-मुहम्मदी व सुबह-ए-बहारान का नामी जुलूस मुहल्ला काजीपुरा स्थित



फैजान ग्राउंड से शान शौकत के साथ निकला। दलाल टोला, उर्दू बाजार, पश्चिम तरफ, वाजिदपुर होते हुए जमालपुर चौराहा पहुंचा। वहां बसखारी रोड से पश्चिम तरफ होते हुए पुनः काजीपुरा में समाप्त हुआ। जुलूस में प्रमुख रूप से कारी गुलाम यासीन, मौलाना इमामुद्दीन, अजमल निजामी, हाजी मुकद्दसीन, हाजी अंसार अहमद, डॉ फारुक शामिल रहे। इससे पूर्व रात्रि में मरकजी तहफुज-ए-नामूस रिसालत कमेटी के बैनर तले नगर के मोहल्ला दलाल टोला स्थित जामा मस्जिद से जुलूस -ए- मुहम्मदी का आगाज़ अंजुमन इस्लाहुल मुस्लमीन की नातख्वानी से हुआ। चार चयनित स्थानों पर नगर की 16 अंजुमनो ने सरकार-ए-दो आलम हज़रत मुहम्मद मुस्तफा की शान में नजरान-ए-अकीदत पेश किया। इस अवसर पर नगर की सामाजिक, राजनीतिक एवं प्रबुद्ध वर्ग के साथ अकीदतमंदों की भारी भीड़ उमड़ी। जुलूस की निगरानी हाजी नबी अहमद, मास्टर अबुल कलाम, मेराजुल हक, इसरार अहमद मास्टर, हबीब अहमद, खलील अहमद डायर, पूर्व पालिकाध्यक्ष कमर हयात अंसारी, नदीम अंसारी, पूर्व पालिकाध्यक्ष अबुल बशर अंसारी, मास्टर शरीफुल हक आदि लोग कर रहे थे।

## कनाडा भी बना 'पनाहगाह'

जिस तरह पाकिस्तान आतंकियों की 'पनाहगाह' है, कनाडा भी उसी राह पर है। पंजाब में जो नौजवान मौजूदा व्यवस्था से नाराज हैं और लंबे वक्त से बेरोजगार हैं, उन्हें खालिस्तान-समर्थक एक खास चिट्ठी देते हैं। उसके आधार पर उन्हें आसानी से कनाडा का वीजा मिल जाता है। लोकसभा सांसद सिमरनजीत सिंह मान ने ऐसी चिट्ठी की पुष्टि की है। चिट्ठी लेने वाले 35,000 रुपए से एक लाख रुपए अथवा डेढ़-दो लाख रुपए तक का चंदा पार्टी को देते हैं। कनाडा जाने वाले ऐसे पंजाबियों को वहां प्लंबर, ड्राइवर, सेवादार, मैकेनिक, पाठी और रागी आदि के काम भी दिलवा दिए जाते हैं, लेकिन खालिस्तान के भारत-विरोधी धंधों में भी उन्हें शामिल किया जाता है। कनाडा में ऐसे 30 गुरुद्वारे बताए जाते हैं, जिनका पूरा नियंत्रण खालिस्तानियों के पास है। भारतीय पंजाब से जाने वाले चिट्ठीधारक नौजवानों को इन गुरुद्वारों में ही रहने-ठहरने की जगह दी जाती है। धीरे-धीरे खालिस्तान-समर्थकों की एक 'फौज' तैयार हो जाती है, जो कनाडा के ही नागरिक बना दिए जाते हैं। वे खालिस्तानी ही भारतीय दूतावासों और संस्थानों पर धावा बोल कर प्रदर्शन करते हैं, लेकिन कनाडा सरकार कोई कारगर कार्रवाई नहीं करती। दोनों देशों के बीच अब यह विवाद और तनाव कूटनीतिक रंग लेता जा रहा है। भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कनाडा का नाम लिए बिना ही संयुक्त राष्ट्र आम सभा में कहा है कि राजनीतिक सुविधा के लिए आतंकवाद का इस्तेमाल करना गलत है।

सवाल यह है कि क्या कनाडा 'दूसरा पाकिस्तान' बन गया है? खालिस्तानी आतंकवाद और हिंसा को लेकर दोनों देश आपस में साजिशें रच रहे हैं। पाकिस्तान में सरेआम सक्रिय रहे खालिस्तानी अब दहशत के खौफ में भी हैं, क्योंकि भारत ने आतंकी करणवीर सिंह के खिलाफ 'इंटरपोल' का रेड कॉर्नर नोटिस जारी करवा दिया है। अमूमन खालिस्तानी आतंकियों के खिलाफ पंजाब में नशीले पदार्थों और हथियारों की तस्करी, हिंसा और हत्या, आपराधिक साजिश की धाराओं में कई प्राथमिकियां दर्ज हैं। समाज और देश के इन दुश्मनों को कड़े सबक सिखाए जाने चाहिए। खुफिया सूत्रों के मुताबिक, पाकिस्तान की जासूस एजेंसी आईएसआई ने खालिस्तानी आतंकियों की पनाह के लिए, पाक-ईरान की पश्चिमी सीमा पर, सेना मुख्यालय में ही 'सेफ हाउस' बना रखा है। करीब 15 आतंकियों को 12 'सेफ हाउस' में पनाह दी गई है। आजकल कई खालिस्तानी आतंकियों का 'अंतरराष्ट्रीय बेस' पाकिस्तान में ही है। क्या इस संदर्भ में कनाडा-पाकिस्तान साथ-साथ नहीं हैं? चिट्ठी पाने वाले पंजाब के नौजवानों को कनाडा के अलावा ब्रिटेन, जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया और अमरीका में भी 'राजनीतिक शरण' दी जाती रही है। क्या इन देशों ने भारत से कभी पूछा है कि ऐसे चेहरों को 'राजनीतिक शरण' क्यों दी जाए? किन्होंने इनका उत्पीडन किया है या मानवाधिकार छीने हैं? वैसे ये देश खुद को भारत का 'जिगरी दोस्त' और 'रणनीतिक साझेदार' कहते हुए नहीं थकते! ब्हरहाल खालिस्तानियों को लेकर हमारी खुफिया और सुरक्षा एजेंसियों ने आक्रामक रुख अख्तियार किया है और एजेंसियां लामबंद हुई हैं। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने रॉ, आईबी, राज्यों के एटीएस प्रमुखों की बैठक बुलाई है। खालिस्तान समर्थक 19 आतंकियों की सूची भी तैयार की गई है, जिनकी पंजाब में संपत्तियां जब्त की जा रही हैं और उनकी कुर्की भी की जा सकती है। कनाडा को, अंततः, झुकना ही पड़ेगा, क्योंकि वहां के प्रधानमंत्री ट्रूडो अपनी कुर्सी बचाए रखने को झूठ बोल रहे हैं। आश्चर्य है कि एक प्रधानमंत्री ऐसे आतंकवादी की पैरवी कैसे कर सकता है, जिसके खिलाफ कई केस पंजाब में दर्ज हैं और जो 1996 में फर्जी पासपोर्ट लेकर कनाडा में घुसा था। हैरानी यह भी है कि ऐसे व्यक्ति को कनाडा का नागरिक कैसे बना दिया गया? क्या कनाडा खुद एक फर्जी देश है? किसी भी बड़े देश ने कनाडा के प्रधानमंत्री के भारत पर आरोप का समर्थन नहीं किया है और न ही ठोस साक्ष्य कनाडा ने भारत को सौंपा है। बल्कि हमारी एजेंसियों को अब साफ तौर पर कनाडा को आगाह कर देना चाहिए कि भारत-विरोधी गतिविधियों में संलिप्त पाए गए किसी भी खालिस्तानी को अब माफ नहीं किया जाएगा, बल्कि उसे तुरंत ढेर कर दिया जाएगा।

## स्वयं सहायता समूह से आत्मनिर्भर बनती महिलाएं


स्नेहा

देश की नई संसद भवन ने नारी शक्ति को नमन करते हुए सबसे पहले महिला आरक्षण बिल को पास किया है। दरअसल महिलाओं विशेषकर ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए आज़ादी के बाद से ही कई प्रकार की योजनाएं संचालित की जाती रही हैं। इसमें स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) की परिकल्पना ने धरातल पर महत्वपूर्ण भूमिका अदा किया है। इसके माध्यम से महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनने में बहुत सहायता मिली है। यही कारण है कि देश के तमाम राज्यों में स्वयं सहायता समूह संचालित किये जा रहे हैं। जिससे जुड़कर महिलाएं आर्थिक रुप से स्वावलंबी बन रही हैं और अपने परिवार और बच्चों का भविष्य संवार रही हैं। आमतौर पर इन समूहों में सदस्यों की संख्या 10 से 20 तक होती है।

मार्च 2022 तक के आंकड़ों के अनुसार देश भर में करीब 118.3 लाख समूह संचालित हो रहे हैं, जिसने करीब 14.2 करोड़ ग्रामीण परिवारों को सशक्त किया है। ख़ास बात यह है कि सरकार इन समूहों को प्रोत्साहित करने के लिए अनुदान और वित्तीय सहायता भी प्रदान करती है। सरकार ने समूहों से जुड़ी सभी महिलाओं की वार्षिक आय को वर्ष 2024 तक एक लाख रुपए तक करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके अतिरिक्त महिलाओं को स्वयं सहायता समूह के गठन और अन्य सहायता के लिए राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत संसाधन भी मुहैया कराये जाते हैं। इसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र को आत्मनिर्भर बनाना, स्थानीय स्तर पर रोज़गार के अवसर उपलब्ध कराकर शहरों होने वाले पलायन को रोकना और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना प्रमुख लक्ष्य रहा है। जिसका धरातल पर सकारात्मक परिणाम भी देखने को मिल रहा है। राजस्थान के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में भी स्वयं सहायता समूह संचालित किये जा रहे हैं। इसमें बीकानेर जिला स्थित लूणकरणसर ब्लॉक का बिंझरवाड़ी गांव भी शामिल है। जहां सफलतापूर्वक स्वयं सहायता समूह संचालित की जा रही है। इसमें गांव के गरीब परिवारों को जहां आर्थिक सहायता मिल रही है वहीं गांव के हर परिवार का भी विकास हो रहा है। माना जाता है कि गांव 600 साल पुराना है और सबसे पहले इस गांव में बिंजर जाति के लोग आबाद हुए थे। जिसके कारण इस गांव का नाम बिंझरवाड़ी हो गया है। गांव के 33 वर्षीय मुनि राम का कहना है कि भले ही यह गांव अनुसूचित जाति बिंजर समुदाय के नाम से आबाद हुआ है। लेकिन गांव में अलग अलग जातियों के लोग भी आबाद हैं। इनमें 40 घर ब्राह्मण जाति के, 50 राजपूत समुदाय के, 200 घर मेघवाल समुदाय के हैं। जबकि बिंजर समुदाय के 400 परिवार आबाद हैं। विभिन्न समुदायों की महिलाओं ने स्वयं सहायता समूह का गठन कर रखा है। जिससे उन्हें आर्थिक सहायता प्राप्त होती है।

गांव की महिलाओं ने इंदिरा गांधी स्वयं सहायता समूह और लक्ष्मी बाई समूह जैसे नामों से कई समूह बनाए हैं। प्रत्येक समूह में 10 से 20 महिलाएं जुड़ी हुई हैं। गांव के ही एक स्थान पर हर महीने की 10 तारीख को दोपहर 12 बजे से 2 तक समूह की सभी महिलाएं मीटिंग करती हैं। जहां न केवल समूह से जुड़े कामकाज पर चर्चा होती है और आगे की रणनीति बनाई जाती है, बल्कि सामाजिक मुद्दों पर भी चर्चा की जाती है। इसमें महिलाएं अपने पारिवारिक जीवन में आने वाली चुनौतियों को भी रखती हैं, जिस पर सभी महिलाएं मिलकर चर्चा के माध्यम से सामूहिक रूप से हल निकालने का प्रयास करती हैं। इस प्रकार यह मीटिंग न केवल काम तक सीमित होता है बल्कि आने वाली कठिनाइयों से पार पाने का भी सरल माध्यम बन जाता है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

2014 के बाद ज्यादातर चुनावों में महिलाओं ने, पुरुष की तुलना में, अधिक वोट दिए हैं। यह रुझान भी बढ़ता जा रहा है कि अब महिलाएं अपने विवेक और अपनी सोच के मुताबिक ही मतदान करती हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में 67.18 फीसदी महिलाओं ने वोट दिए, जबकि पुरुष वोट 65 फीसदी से कुछ ज्यादा थे। भाजपा के पक्ष में 36 फीसदी से ज्यादा महिलाओं ने वोट दिए, जबकि विपक्ष की सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस के समर्थन में करीब 20 फीसदी महिलाएं थीं। नारी शक्ति वंदन अधिनियम नाम से महिला आरक्षण विधेयक संसद से पारित हो गया है।

# सर्वसम्मत संसद मोदी सरकार की बड़ी उपलब्धि


डॉ. ओपी त्रिपाठी

भारतीय राजनीति एक नहीं बल्कि कई ध्रुवों में विभक्त रही है। किसी भी मुद्दे पर सत्ता और विपक्ष की आमराय बन पाना कोई आसान काम कभी भी नहीं रहा। भारत के संसदीय इतिहास में कम ही ऐसे अवसर सामने आए हैं जब सत्ता पक्ष और विपक्ष एक राय हुए हों, या कोई मामला सर्वसम्मति से संपन्न हुआ हो। पिछले एक दषक में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तल्खी लगातार बढ़ी ही है। ऐसे वातावरण में किसी मुद्दे पर सर्वसम्मति बना पाना असंभव को संभव करने के समान है। लेकिन मोदी है तो मुमकिन का नारा नारी आरक्षण बिल को पास कराते वक्त सिद्ध होता दिखा। जब विपक्ष खासकर कांग्रेस ने भी इस विधेयक का समर्थन किया और वो भी किसी ना-नुकर के। किसी एक मुद्दे पर सर्वसम्मति बना पाना ये मोदी के लिए संभव था। और उन्होंने वो भी कर दिखाया।

मोदी सरकार के लगभग साढे नौ साल के कार्यकाल की तमाम उपलब्धियों के बीच ये उपलब्धि भी बहुत खास है क्योंकि मोदी सरकार ने अपने रणनीतिक कौषल और सूझ-बूझ से देष की आधी आबादी को उसका दिलवाने का काम तो किया ही वहीं विपक्ष को अपनी हां में हां मिलाने के लिए राजी भी कर लिया। ऐसे में अहम सवाल यह है कि क्या भारतीय राजनीति बदल रही है? क्या महिला आरक्षण और सशक्तिकरण सरीखे अन्य मुद्दों पर भी राजनीतिक सर्वसम्मति हो सकती है? महिला आरक्षण पर सर्वसम्मति और एकजुटता विचार के स्तर पर है अथवा वोट की मजबूरी है? महिला आरक्षण बिल के कानून बनने के बाद यह व्यवस्था अक्षरशरू लागू होगी या आरक्षित वर्ग के साथ टालमटोल किया जाता रहेगा? यदि वाजपेयी सरकार के चार प्रयासों और यूपीए की मनमोहन सरकार के दौरान संसदीय अनुभवों को याद करें, तो उनकी तुलना में 'नारी शक्ति वंदन' बिल संसद के दोनों सदनों में लगभग सर्वसम्मति से पारित हुआ है।

लोकसभा में 454 वोट बिल के पक्ष में और ओवैसी तथा उनकी पार्टी के एक और सांसद, यानी मात्र 2 वोट, बिल के विरोध में गए। राज्यसभा में उपस्थित सभी 215 सांसदों ने बिल का समर्थन किया। हालांकि उच्च सदन की कुल संख्या 245 सांसदों की होती है। यह राजनीतिक अभिव्यक्ति और परिपक्वता विषयगत है, लेकिन धुर विरोधियों ने भाजपा सरकार के बिल को सर्वसम्मत समर्थन दिया, यह महत्त्वपूर्ण राजनीति है। संसद के दोनों सदनों में कुछ ऊंचे स्वर भी सुनाई दिए, कुछ विरोध भी देखा गया, अपने तार्किक पक्ष भी रखे गए, लेकिन हंगामे, अभद्र टिप्पणियों, असंतोष, अराजकता, नौटंकी और मार्शल द्वारा सांसदों को सदन से बाहर करने तक की नौबत नहीं आई। कांग्रेस, द्रमुक, तृणमूल कांग्रेस, सपा, बसपा, जनता दल-यू आदि के सांसदों ने ओबीसी महिलाओं के लिए भी आरक्षण की मांग की। जातीय जनगणना के सवाल भी किए गए, आरक्षण के लागू होने का समय भी



पूछा गया, राजनीतिक विचार पर अपने सरोकार पेश किए गए, लेकिन मत-विभाजन की बारी आई, तो बिल के समर्थन में वोट दिए। महिला सशक्तिकरण और मातृशक्ति को विकास, सत्ता, नीति-निर्धारण की मुख्यधारा से जोडने की अनिवार्यता और बाध्यता के सामने समूचे विपक्ष को अपने हथियार डालने पड़े, क्योंकि अब महिलाओं के जनादेश ही निर्णायक साबित हो रहे हैं। 2014 के बाद ज्यादातर चुनावों में महिलाओं ने, पुरुष की तुलना में, अधिक वोट दिए हैं। यह रुझान भी बढ़ता जा रहा है कि अब महिलाएं अपने विवेक और अपनी सोच के मुताबिक ही मतदान करती हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में 67.18 फीसदी महिलाओं ने वोट दिए, जबकि पुरुष वोट 65 फीसदी से कुछ ज्यादा थे। भाजपा के पक्ष में 36 फीसदी से ज्यादा महिलाओं ने वोट दिए, जबकि विपक्ष की सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस के समर्थन में करीब 20 फीसदी महिलाएं थीं।

नारी शक्ति वंदन अधिनियमश् नाम से महिला आरक्षण विधेयक संसद से पारित हो गया है। भारतीय संविधान में 128वां संशोधन, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर राजनीति और नीति निर्धारण में महिलाओं की भागीदारी का विस्तार करने के लिए तैयार है। यह निश्चित रूप से अधिक महिलाओं को नेतृत्व करने के लिए परिस्थितियां तैयार करेगा। साथ ही एक गहरे लोकतंत्र को उत्प्रेरित करेगा, ऐसी आशा प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने व्यक्त की है। यह राजनीतिक कदम की प्रकृति को फिर से परिभाषित करेगा। इसे अतिरिक्त राजनीति को अधिक सही मायने में प्रतिनिधिक बनाएगा।

चुनावी राजनीति में, विशेषकर 2024 के संसदीय चुनाव में महिला आरक्षण के लामबंदी प्रभाव का आकलन पर कुछ चीजें सामने आती हैं। जैसा कि विभिन्न चुनावी नतीजों से पता चलता है, पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा महिला मतदाताओं के एक बड़े प्रतिशत को आकर्षित करने में सफल रही है। महिला आरक्षण विधेयक इस समर्थन को बढ़ाने और समेकित करने जा रहा है। यह बड़ी संख्या में नई महिला मतदाताओं को ला सकता है। साथ ही बीजेपी के महिला कैडर में काफी इजाफा कर सकता है। यह पीएम मोदी को जाति और धर्म से परे महिलाओं के बीच लंबे समय तक चलने वाली राजनीतिक पूंजी दे सकता है। विधेयक का समय 2024 के चुनाव और आगामी राज्य चुनाव को प्रभावित करने के लिए बाध्य है।

नारी शक्ति वंदन अधिनियम, अपने पिछले संस्करण की तरह, महिलाओं के लिए एससीध्एसटी कोटा का एक तिहाई आरक्षण प्रदान करता है। यह प्रावधान भारतीय लोकतंत्र में हाशिये तक गुणात्मक परिवर्तन ला सकता है। यह सबाल्टर्न समूहों की राजनीतिक संस्कृति पर पितृसत्तात्मक नियंत्रण की जांच करेगा, जो कि प्रमुख सामाजिक समूहों द्वारा उन पर अपना प्रभाव डालने का परिणाम है। यह भारत में एक नई दलित-बहुजन राजनीति को आकार दे सकता है। बाबा साहब अंबेडकर और कांशीराम जैसे दलित-बहुजन नेताओं और विचारकों ने दलित राजनीति में महिलाओं के लिए जगह बनाने की कोशिश की। बसपा नेता मायावती का करियर इन्हीं कोशिशों का नतीजा है। जबकि बहनजी दलित महिलाओं के समुदाय को भुगतान करने में विफल रहीं। उन्होंने अपनी पार्टी में ऐसे नेताओं को विकसित नहीं किया, बसपा और मायावती ने दलित महिलाओं के बीच भारी लोकप्रियता हासिल की। महिला आरक्षण विधेयक समर्थन आधार को मजबूत कर सकता है। बड़ी संख्या में महत्वाकांक्षी दलित महिला नेता भी टिकट के लिए भाजपा और अन्य दलों की ओर रुख कर सकती हैं। जैसा कि हम जानते हैं, शिक्षित और उद्यमशील दलितों का एक बड़ा और उभरता हुआ वर्ग राजनीति में भाग लेने का इच्छुक है। सात दशकों के बढ़ते जमीनी स्तर के लोकतंत्र ने दलित महिलाओं का स्थानीय नेतृत्व भी तैयार किया है। ये राजनीतिक रूप से जागरूक, सक्षम निम्नवर्गीय महिलाएं उच्च नेतृत्व की आकांक्षा रखती हैं। यह विधेयक उनमें ऊपर की ओर राजनीतिक गतिशीलता लाएगा। 2024 में महिला वोट का कुल आंकड़ा बढ़ सकता है, लिहाजा महिला आरक्षण के पीछे यह राजनीतिक मजबूरी भी काम कर रही है। मोदी सरकार की अधिकतर लाभार्थी परियोजनाएं महिला-केंद्रित हैं।


# खाद्य बर्बादी पर जल्द नियंत्रण बेहद आवश्यक

भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण अनुसार, भारत देश में खाने से पहले ही एक-तिहाई अनाज बर्बाद हो जाता है। यूएनईपी खाद्य अपशिष्ट सूचकांक रिपोर्ट 2021 बताती है कि, भारत में घरेलू भोजन की बर्बादी हर दिन 137 ग्राम खाना, सालाना प्रति व्यक्ति लगभग 50 किलोग्राम है।


डॉ. प्रितम भि. गेडाम

पृथ्वी पर प्रत्येक सजीव को जीवित रहने के लिए आवश्यक ऊर्जा भोजन द्वारा प्राप्त होती है, बिना भोजन के ज्यादा समय तक जीवित नहीं रह सकते, परन्तु सभी जीवो में केवल मनुष्य ही ऐसा प्राणी है जो अपनी जरूरत पूरी होते ही भोजन को महत्वहीन समझकर व्यर्थ कर देता है। मनुष्य के पास खाद्य सामग्री के रूप में स्वाद अनुसार चयन के लिए विविध व्यंजन का विकल्प है, जिसका वह अपने हिसाब से उपभोग करता है। दुनिया में भारत ऐसा देश है, जहां खाद्य बर्बादी और भूख दोनों बड़ी मात्रा में मौजूद है। हमारे यहां सबसे बड़ी समस्या यह है कि हम अनाज का मोल केवल पैसे से लगाते हैं, जो संपन्न लोग है, वे अपने पसंद अनुरूप भोजन पर ज्यादा खर्च करते हैं, तो दूसरी तरफ कुपोषितों को पौष्टिक खाना तो दूर, भर पेट अन्न तक नहीं मिलता। भूख सबकी साधारण एक जैसी होती है, फिर भी अनाज का इतना ज्यादा अपव्यय बेहद दुखद है। धरती पर भोजन का दर्जा भगवान के समतुल्य मानकर दुनिया के हर धर्म में विशेष सन्मान दिया है। भोजन का पहला भोग ईश्वर को लगाते हैं, फिर हम भोजन ग्रहण करते है। किसान फसल बुआई से पहले और फसल कटाई पर ईश्वर और प्रकृति को धन्यवाद स्वरूप त्यौहार मनाते है। हमारे समाज में अन्नदान को सर्वोपरि माना गया है। जीवन देनेवाले भोजन को हम जरूरत के बाद अगर कचरे में फेंक देते हैं तो हमारे लिए यह बहुत ही शर्मनाक बात हैं, भोजन प्रकृति द्वारा मनुष्य की कड़ी मेहनत से प्राप्त होता है, इसका मोल उसकी कीमत से परे समझना बहुत जरूरी है। पहले अभिभावक अनाज के हर एक दाने का मोल समझें, फिर अपने बच्चों को भी इसकी अहमियत समझाएं।

अनाज को उगाने से लेकर हमारी थाली तक पहुंचाने में अनेक लोगों का संघर्ष जुड़ा होता है, किसान अनाज को उगाने के लिए दिन-रात खेत में मेहनत करता है, अनेक बार प्राकृतिक आपदा और आर्थिक संकट से किसान जूझता है, इतनी मेहनत के बावजूद भी बहुत बार उनके अनाज को मंडी में योग्य दाम नहीं मिलता। मंडियों में संग्रहण हेतु गोदामों के कमी के चलते अनाज खुले में रखने को मजबूर होते है, बारिश और खराब मौसम से ऐसा अनाज भीगकर सड़ता है। गोदाम के उचित रखरखाव की कमी के कारण हर साल सैकड़ों टन अनाज चूहे खा जाते है, संघर्ष करते हुए अनेक किसान हताश होकर आत्महत्या करते हैं, महाराष्ट्र के मराठवाड़ा और विदर्भ क्षेत्र में किसानों की आत्महत्याएं ज्यादा दर्ज होती है। हाल ही में संभागीय आयुक्त विभाग की जारी रिपोर्ट अनुसार, मराठवाड़ा क्षेत्र में 1 जनवरी 2023 से 31 अगस्त 2023 के बीच 685 किसानों ने आत्महत्या की है, जो हमारे आधुनिक एवं उन्नत कहलाने वाले समाज के लिए बेहद शर्मनाक और चिंताजनक बात है।



भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण अनुसार, भारत देश में खाने से पहले ही एक-तिहाई अनाज बर्बाद हो जाता है। यूएनईपी खाद्य अपशिष्ट सूचकांक रिपोर्ट 2021 बताती है कि, भारत में घरेलू भोजन की बर्बादी हर दिन 137 ग्राम खाना, सालाना प्रति व्यक्ति लगभग 50 किलोग्राम है। खाद्य और कृषि संगठन के अनुमानित आंकड़े अनुसार, भारत में 40त्न खाना बर्बाद हो जाता है जो एक साल में 92,000 करोड़ रुपये के बराबर होता है, 30 प्रतिशत सब्जियां और फल कोल्ड स्टोरेज की कमी के कारण समाप्त हो जाते है। जब हम भोजन बर्बाद करते हैं, तो हम उसे उगाने, फसल काटने, परिवहन करने और पैकेज करने में लगने वाली सारी ऊर्जा, पानी, श्रम, प्रयास, निवेश और बहुमूल्य संसाधनों को भी बर्बाद कर देते हैं। सीमित संसाधनों का अनावश्यक विनाश होता है, जिससे ग्रीनहाउस गैस का उत्सर्जन बढ़ता है। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम की खाद्य अपशिष्ट सूचकांक रिपोर्ट 2021, दर्शाती हैं कि, 61 फीसदी खाद्य अपशिष्ट घरों से, 26 फीसदी खाद्य सेवा से और 13 फीसदी खुदरा से आता है। दुनिया भर में किसी भी अन्य देश की तुलना में चीन और भारत हर साल अनुमानित 92 मिलियन और 69 मिलियन मीट्रिक टन से अधिक घरेलू खाद्य अपशिष्ट पैदा करते हैं। उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने खुलासा किया था कि पांच वर्षों के दौरान (2016 - 2020) केंद्रीय अन्न भंडार में 25,000 मीट्रिक टन से अधिक खाद्यान्न बर्बाद हो गया। लोकसभा में अपने लिखित जवाब में यह भी बताया था कि मार्च 2020 से दिसंबर 2021 के बीच लगभग 3,500 मीट्रिक टन अनाज बर्बाद हो गया। ग्लोबल हंगर इंडेक्स 2022 में भारत 121 देशों में से 107वें स्थान पर है। संयुक्त राष्ट्र के खाद्य सुरक्षा और पोषण की स्थिति, 2022 रिपोर्ट के अनुसार, 224.3 मिलियन लोग या भारत की 16 प्रतिशत आबादी अल्पपोषित है, जिनमें से 53 प्रतिशत कुपोषित हैं। सभी के लिए पर्याप्त भोजन होने के बावजूद दुनिया में, 690 मिलियन लोग भूखे सोते हैं, जिनमें भारत के 189.2 मिलियन लोग शामिल हैं। 2019-20 में भारत में 69 प्रतिशत बच्चों की मौत का कारण कुपोषण है।

कुछ दिन पहले मैंने देश के एक प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय के भोजनगृह में भोजन करने के लिए भेट दी, वहां विद्यार्थियों के साथ मैं भोजन कर रहा था, भोजन होने के बाद मैं अपनी थाली उठाकर जब आगे बढ़ा तो मैं सामने का नजारा देखकर स्तब्ध रह गया, अनेक विद्यार्थियों ने थाली भरकर भोजन तो लिया लेकिन स्वाद पसंद ना आने के कारण या किसी अन्य कारण से उन्होंने अपनी थालिया वैसी ही अन्न से भरी हुई छोड़ दी थी, जब मैंने वहां के कर्मचारियों से बात की तो पता चला कि ऐसा नजारा रोज देखने को मिलता है, जो बहुत ही दुखद है। देश के कोने-कोने से विद्यार्थी पढ़ते आते हैं, सबकी अपनी पसंद और अलग-अलग व्यंजन, स्वाद होता है, परंतु थाली में भोजन लेकर रोज-रोज उसे ऐसा बर्बाद करना कौन-सी शिक्षा हमें सिखाती है? अनाज की असली कीमत केवल एक मेहनतकश इंसान ही समझ सकता है, जिसने भूख की तकलीफ को समझा है, जिया है, वर्ना आज तो कहने को बड़ी-बड़ी बातें सभी करते हैं लेकिन दूसरे तरफ वही लोग घर, समारोह में खाद्य बर्बादी करते नजर आते हैं। भारतीय समारोह में तो खाद्य बर्बादी जगजाहिर है, आखिर कब सुधरेंगे हम? खाना मुफ्त का हो या खरीदा हुआ, हमें अपनी भूख के हिसाब से ही थाली में थोड़ा-थोड़ा भोजन लेना चाहिए, जरूरत के अनुसार ही उपभोग होना चाहिए। खाद्य बर्बादी को अगर अपराध मानकर जिम्मेदार व्यक्ति से भारी जुर्माना वसूला जाएं तो शायद देश में एक महीने के अंदर ही खाद्य बर्बादी पूरी तरह से नियंत्रित हो जाएगी और देश में अरबों रुपयों की बचत होकर अधिक मात्रा में विकास हो सकता है, भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत बनेगी, भुखमरी कम होकर समृद्धता बढ़ेगी। समाज के सभी वर्गों को भरपेट अनाज मिलेगा, महंगाई कम होंगी, देश आर्थिक, सामाजिक रूप से संतुलित होगा। घर, ऑफिस, होटल, रेस्टारेंट, कार्यक्रम, सामूहिक समारोह, संस्थान, भोजनालय, ढाबे, कैफ़े दुकान, खाद्य बर्बादी पर जिम्मेदार व्यक्ति पर दंड वसूला जाए तो हम जल्द सुधर जायेंगे।

# कब होगा दहेज मुक्त समाज?


इस कुप्रथा से उत्तराखंड के बागेश्वर जिला स्थित गरुड़ ब्लॉक का जोड़ा स्टेट गांव भी अछूता नहीं है। करीब 1784 लोगों की आबादी वाले इस गांव में 50 प्रतिशत शिक्षा की दर है। जो राष्ट्रीय औसत 77.70 प्रतिशत की तुलना में कम है। इस गांव में दहेज़ जैसी लानत के पीछे महिलाओं में साक्षरता की दर का काफी कम होना भी एक कारण है। सवर्ण जाति बहुल इस गांव में महिलाओं की साक्षरता दर मात्र 20 प्रतिशत ही दर्ज की गई है। हालांकि गांव में जैसे जैसे बालिका शिक्षा की दर बढ़ रही है वैसे वैसे दहेज़ प्रथा के खिलाफ आवाज़ भी उठने लगी है।


तनुजा भंडारी

आज़ादी के 75 साल में देश में बहुत कुछ बदलाव आ चुका है। कृषि से लेकर तकनीक तक के मामले में हम न केवल आत्मनिर्भर बन चुके हैं बल्कि दुनिया का मार्गदर्शन भी करने लगे हैं। इतने वर्षों में यदि कुछ नहीं बदला है तो वह है महिलाओं के खिलाफ हिंसा। आज भी हमारे देश में महिलाओं को घर से लेकर बाहर तक और बाजार से लेकर कार्यस्थल तक किसी न किसी रूप में लैंगिक हिंसा का सामना करना पड़ता है। न केवल यौन हिंसा बल्कि दहेज़ के नाम पर भी उसके साथ अत्याचार का सिलसिला जारी रहता है। यह वह हिंसा है जिसमें पूरा परिवार सामूहिक रूप से लड़की पर अत्याचार में शामिल रहता है। पढ़े लिखे और खुद को मॉर्डन कहने वाले समाज में भी दहेज के नाम पर महिला के साथ हिंसा होती है तो ग्रामीण क्षेत्र भी इससे अछूता नहीं है।

किसी समय में दहेज का अर्थ इतना वीभत्स और क्रूर नहीं था, जितना आज के समय में हो गया है। दरअसल दहेज, शादी के समय पिता की ओर से बेटी को दिया जाने वाला ऐसा उपहार है जिस पर बेटी का अधिकार होता है। पिता अपनी बेटी को ऐसी संपत्ति अपनी स्वयं की इच्छा से देता था और अपनी हैसियत के मुताबिक देता है। परन्तु आज इसका स्वरुप बदल गया है। लोग दहेज की खातिर हिंसा पर उतारु हो गए हैं। दहेज न मिलने पर लोग अपने बेटे की शादी तक रोक देते है। आए दिन हमें ऐसे कई केस देखने और सुनने को मिल जाते हैं जहां लड़का पक्ष दहेज़ नहीं मिलने पर बारात लाने से इंकार कर देते है या फिर इच्छानुसार दहेज़ नहीं मिलने पर लड़की के साथ ज़ुल्म की इंतेहा कर देते हैं। ऐसा कृत्य करने से पहले वह ज़रा भी नहीं सोचते हैं कि उस माता पिता पर क्या गुजरती होगी जिसने खुशहाल ज़िंदगी की कल्पना कर अपनी बेटी की शादी की होगी और हैसियत के अनुसार दहेज़ दिया होगा।

दहेज़ की इस कुप्रथा से उत्तराखंड के बागेश्वर जिला स्थित गरुड़ ब्लॉक का जोड़ा स्टेट गांव भी अछूता नहीं है। करीब 1784 लोगों की आबादी वाले इस गांव में 50 प्रतिशत शिक्षा की दर है। जो राष्ट्रीय औसत 77.70 प्रतिशत की तुलना में कम है। इस गांव में दहेज़ जैसी लानत के पीछे महिलाओं में साक्षरता की दर का काफी कम होना भी एक कारण है। सवर्ण जाति बहुल इस गांव में महिलाओं की साक्षरता दर मात्र 20 प्रतिशत ही दर्ज की गई है। हालांकि गांव में जैसे जैसे बालिका शिक्षा की दर बढ़ रही है वैसे वैसे दहेज़ प्रथा के खिलाफ आवाज़ भी उठने लगी है। इस संबंध में कक्षा 11 में पढ़ने वाली गांव की एक किशोरी पूजा गोस्वामी का कहना है



कि शिक्षा से हमें यह पता चल गया है कि यह एक सामाजिक बुराई है। दहेज लेना और देना दोनों ही कानूनी अपराध है। हम खुद सोचते हैं कि हम इतना पढ़ लिख कर अपने पैरों पर खड़े हो जाएं कि अपने मां-बाप पर बोझ न बनें जैसे कि दुनिया कहती है कि बेटियां बोझ होती हैं। शिक्षा के माध्यम से हम लड़कियां अपने आगे लगे यह बोझ शब्द को खत्म कर सकती हैं ताकि जब किसी परिवार में लड़की जन्म ले तो उसके पैदा होने पर खुशियां मनाई जाए। क्योंकि वास्तव में बेटी पैदा होने पर उसके लिए इतना दहेज जोड़ना पड़ता है कि माता पिता बोझ समझने लगते हैं।

स्नातक प्रथम वर्ष की छात्रा खुशबू का कहना है कि यह सभी जानते हैं कि दहेज लेना और देना गलत बात है। लेकिन आजकल लोग बिना दहेज के मानते ही नहीं हैं। लड़का पक्ष से यह कहते ज़रूर सुना जा सकता है कि हमें बस लड़की चाहिए, आप एक जोड़े कपड़े में अपनी लड़की को विदा कर दो। लेकिन उसके आगे का शब्द बाकी जो आपकी मर्जी आप अपनी लड़की को जो देना चाहे। दरअसल यही शब्द दहेज़ देने की ओर इशारा होता है। वास्तव में अगर एक जोड़े में कोई अपनी लड़की को विदा कर दे तो ससुराल वाले उसकी इज़्ज़त नहीं करते हैं। खुशबू का कहना है कि दहेज़ लेने में समाज का भी पूरा समर्थन होता है। ससुराल में जब लड़की पहुंचती है तो उसे डोली से उतारने से पहले समाज यह जानने को उत्सुक होता है कि वह कितना दहेज़ लाई है? जिस लड़के को जितना अधिक दहेज़ मिलता है समाज में उसकी उतनी ही इज़्ज़त बढ़ती है। भले ही लड़की कितनी पढ़ी लिखी हो, शिक्षित हो दहेज़ के बिना गांव समाज में उसका कोई मूल्य नहीं होता है।

इस संबंध में 32 वर्षीय राधा देवी कहती हैं कि यह बात सच है कि दहेज लेना और देना दोनों ही कानूनी अपराध है। इसके बावजूद हर मां-बाप अपनी क्षमतानुसार लड़की को दहेज के रूप में कुछ सामान ज़रूर देता है। यदि दहेज़ मांगने वालों के खिलाफ पूरा समाज एकजुट हो जाए तो इस कुप्रथा को आसानी से ख़त्म किया जा सकता है, लेकिन लोगों ने इसे अपना स्टेटस सिंबल बना लिया है। जो पूरी तरह से गलत है। राधा देवी कहती हैं कि जैसे जैसे लड़कियां शिक्षित हो रही हैं इस बुराई का वैसे वैसे अंत होगा। वहीं गांव की बुज़ुर्ग खष्टी देवी कहती हैं कि यह कुप्रथा समाज में जड़ तक फैला हुआ है। जहां लड़की के माता पिता अपनी बेटी की खुशहाल ज़िंदगी का सोच कर दहेज़ देते हैं तो वहीं लड़का पक्ष इसे लेना अपनी शान समझता है। इस तरह यह बुराई अपनी जगह कायम है। इसे समाप्त करने के लिए दोनों ओर से कदम उठाने की ज़रूरत है।

इस संबंध में सामाजिक कार्यकर्ता नीलम ग्रैंडी का कहना है कि शादी-विवाह में दिए-लिए जाने वाले दहेज को लेकर एक लंबे समय से बहस होती आ रही है। इसे हमेशा कुप्रथा बताया जाता है। इसके खिलाफ कड़े कानून भी बनाए गए हैं। लेकिन इन सबके बावजूद शादियों में दहेज के लेनदेन पर केवल इसलिए रोक नहीं लग पाई है क्योंकि समाज इसके लिए संवेदनशील नहीं है। दरअसल दहेज़ समाज के लिए किसी खतरनाक बीमारी से कम नहीं है लेकिन यह लाइलाज भी नहीं है। इस बुराई को रोकने के लिए लड़कियों की शिक्षित और जागरूक बनाने की ज़रूरत है। उन्हें अपने पैरों पर खड़ा होने और सशक्त बनाने में मदद करनी चाहिए क्योंकि शिक्षा ही समाज में फैली हर बुराई का जवाब है। एक शिक्षित लड़की ही हर परिस्थितियों का मुकाबला करने की ताकत रखती है। जिस दिन शहर से लेकर गांव तक की शत प्रतिशत लड़कियां शिक्षित हो जाएंगी, उस दिन से समाज की इस बुराई का अंत भी हो जाएगा। (चरखा फीचर)

# 12 जिलों के 13 सीएचसी का होगा कायाकल्प

## 8.58 करोड़ रुपए की धनराशि होगी खर्च, मिलेंगी आधुनिक सुविधाएं

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में सरकारी अस्पतालों, प्राथमिक स्वास्थ केंद्रों, सामुदायिक स्वाथ्य केंद्रों, ट्रीटमेंट व रिसर्च इंस्टीट्यूट्स में मॉडर्न मेडिकल इक्विमेंट्स इंस्टॉलेशन के साथ ही ढांचागत व बुनियादी जरूरतों की पूर्ति कर उन्हें वर्ल्ड क्लास फैसिलिटीज से लैस करने के लिए यूपी सरकार प्रदेश के कुल 12 जिलों के 13 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों का कायाकल्प किया जाएगा। जिन जिलों में 1-1 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के कायाकल्प की प्रक्रिया जारी है उनमें श्रावस्ती, बलिया, बलरामपुर, उन्नाव, कौशाम्बी, मुजफ्फरनगर, चित्रकूट, महोबा, लखनऊ, बदायूं व सुल्तानपुर शामिल हैं। वहीं, हापुड़ जिले में दो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के अपग्रेडेशन प्रक्रिया को मूर्त रूप दिया जाएगा।

इन सभी 13 सामुदायिक स्वाथ्य केंद्रों के कायाकल्प के लिए योगी



सरकार 8.58 करोड़ रुपए की धनराशि खर्च करने जा रही है जिसे शासन से वित्तीय स्वीकृति के बाद जारी कर दिया गया है।

प्रदेश के जिन 12 जिलों के 13 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में अपग्रेडेशन प्रक्रिया को मूर्त रूप दिया जा रहा है। उनमें हापुड़ के बहादुरगढ़ व गोहरा आलमगीर का नाम प्रमुख है। वहीं, श्रावस्ती के लक्ष्मणपुर बाजार, बलिया के सहतवार, उन्नाव

- अपग्रेडेशन से बढ़ेगी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों की क्षमता
- इन्स्टॉल किए जाने वाले मेडिकल उपकरण की खरीद प्रक्रिया को आगे बढ़ाने का मार्ग प्रशस्त होगा

के ऊंचगांव, कौशाम्बी के करारी, मुजफ्फरनगर के सिसौली, चित्रकूट के रैपुरा, महोबा के श्रीनगर, लखनऊ के बेहटा, बदायूं के इस्लामनगर व सुल्तानपुर के डिहदुग्धुपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का नाम भी उन सामुदायिक स्वास्थ केंद्रों में शामिल है। इन्हें अपग्रेड करने की प्रक्रिया जारी है।

निश्चित तौर पर इस धनराशि आवंटन की प्रक्रिया को वित्तीय स्वीकृति मिलने के बाद इन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के विकास में तेजी आएगी और यहां इन्स्टॉल किए जाने वाले मेडिकल उपकरण की खरीद प्रक्रिया को आगे बढ़ाने का मार्ग प्रशस्त होगा। प्रक्रिया में क्रय होने वाले सभी उपकरण की गुणवत्ता, क्रय प्रक्रिया का निर्धारण व अनुपालन क्रयाधिकारी के निरीक्षण में किया जाएगा। इस पूरी प्रक्रिया को प्रदेश शासन के नियम व शर्तों के अधीन पूरा किया जाएगा और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि आवंटित धन का उपयोग केवल उसी मद में हो जिस मद में उपयोग किया जाना निर्धारित किया गया था।

### प्रदेश के कई स्वास्थ्य व चिकित्सा संस्थानों में जारी है अपग्रेडेशन का कार्य

प्रदेश के कई स्वास्थ्य व चिकित्सा संस्थानों के मॉडर्नाइजेशन का प्रयास यूपी सरकार द्वारा किया जा रहा है। इसी क्रम में, लखनऊ स्थित वीरांगना अवंतीबाई महिला चिकित्सालय में 2 बेबी ट्रांसपोर्टेशन इनक्यूबेटर की खरीद व इंस्टॉलेशन के मद में 4 लाख रुपए, 3 एक्टोक्लेव मशीन की खरीद व इंस्टॉलेशन के मद में 60 हजार व एमएनसीयू में 6 वॉर्मर मशीनों की खरीद व इंस्टॉलेशन के लिए 9.40 लाख रुपए की धनराशि स्वीकृत की गई है। इसी तरह, बाराबंकी के सिरौली गौसपुर चिकित्सालय में एक्स-रे मशीन प्रिंटर उपलब्ध कराने व कन्नौज के पैरा मेडिकल इंस्टीट्यूट में जारी निर्माण कार्य के लिए 8 करोड़ रुपए की धनराशि जारी की गई है। इसके अतिरिक्त, गाजियाबाद के लोनी नगर पालिका परिषद में निर्माणाधीन 50 बेड्स की क्षमता वाले अस्पताल के लिए प्रथम किस्त के तौर पर 3.08 करोड़ रुपए की धनराशि भी वित्तीय स्वीकृति के बाद जारी कर दी गई है।

# तीन से 31 अक्टूबर तक चलेगा विशेष संचारी रोग अभियान

**लखनऊ।** यूपी में संचारी रोगों के खिलाफ अभियान अक्टूबर महीने में भी जारी रहेगी। 3 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक प्रदेश भर में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान (16 से 31 अक्टूबर) के तहत विशेष सतर्कता बरती जाएगी। खास बात ये है कि इस पूरे अभियान की प्रतिदिन निगरानी और रिपोर्टिंग होगी और शिथिलता या लापरवाही बरतने वाले कर्मियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई भी की जाएगी। इस संबंध में नगरीय निकाय निदेशालय के निदेशक द्वारा समस्त नगर आयुक्त एवं जल संस्थान व जलकल विभाग के महाप्रबंधक को पत्र लिखकर सूचित किया गया है।

प्रदेश में संचारी रोगों व दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण व रोकथाम के लिए योगी सरकार ने कई विभागों के समन्वय से विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान और दस्तक अभियान संचालित कर रही है। इसमें न सिर्फ संचारी रोगों को फैलने से रोकने की कार्यवाही की जा रही है,

### संचारी रोग नियंत्रण और दस्तक अभियान की डेली होगी मॉनिटरिंग, लापरवाही पर कार्रवाई



बल्कि पीड़ित रोगियों के इलाज की भी समुचित व्यवस्था की गई है।

नगरीय निकाय निदेशालय के निदेशक नितिन बंसल द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि प्रदेश में 3 अक्टूबर से 31 अक्टूबर के मध्य विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं 16 से 31 अक्टूबर तक दस्तक अभियान का प्रभावी संचालन किया जाना है। ऐसे में नगर विकास से संबंधित उल्लेखित बिंदुओं पर प्रभावी व समयबद्ध कार्यवाही कराते हुए निर्धारित माइक्रोप्लान के अनुसार अभियान के दौरान प्रतिदिन गतिविधियों का संचालन सुनिश्चित हो। साथ ही प्रतिदिन संपन्न गतिविधियों की सूचना निदेशालय के गूगल लिंक पर अनिवार्य रूप से प्रेषित की जाएं। पत्र में उन्होंने ये भी निर्देश दिए हैं कि इस महत्वपूर्ण अभियान में शिथिलता व लापरवाही बरतने वाले उत्तरदायी कर्मियों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाए।

# हनुमान सेतु मंदिर में मनाया गया बाबा नीम करौरी महाराज का निर्वाणोत्सव



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** बाबा नीम करौरी महाराज का 50वां निर्वाणोत्सव गुरुवार को गोमती तट स्थित हनुमान सेतु मंदिर में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर हनुमान सेतु मंदिर के आचार्य चंद्रकांत द्विवेदी के संयोजन में मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष सदाकांत और सचिव दिवाकर त्रिपाठी ने वैदिक मंत्रों के बीच बाबा की पूजा अर्चना कर सभी भक्तों के लिए सुख समद्धि की मंगल कामना की। बाबा के निर्वाणोत्सव पर हनुमान सेतु मंदिर में विघ्नहर्ता गणेशजी, संकटमोचन हनुमानजी, देवी मंदिर व बाबा नीम करौरी महाराज के मंदिर को रंग बिरंगे फूलों से सजाया गया था। आचार्य ने बताया कि 26 जनवरी 1967 में बाबा नीब करौरी ने हनुमान सेतु मंदिर का निर्माण कराया। बाबा नीब करौरी ने मंदिर निर्माण के दौरान कहा था कि हनुमानजी के दर्शन से सभी मनोकामनाएं पूरी होंगी। यदि कोई श्रद्धालु दर्शन के लिए नहीं आ पाता तो वह यदि सच्चे मन से बजरंग बली को पत्र भेजकर कामना करेगा तो उसकी सभी मनोकामनाएं पूरी हो जाएगी।

# अमेठी के अस्पताल का लाइसेंस निलंबित करने का फैसला जनहित के विरुद्ध : माले

**लखनऊ।** भाकपा (माले) ने कहा है कि अमेठी के संजय गांधी अस्पताल का लाइसेंस निलंबित करने का योगी सरकार का फैसला जनहित के विरुद्ध है। अमेठी व आसपास के इलाके की हजारों जनता को स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित करने वाले इस फैसले पर सरकार तत्परता से पुनर्विचार करे।

पार्टी के राज्य सचिव सुधाकर यादव ने गुरुवार को जारी एक बयान में कहा कि बेशक अस्पताल में ईलाज के दौरान महिला की मौत के दोषी दंडित हों और यदि अस्पताल के पास सर्जरी का लाइसेंस नहीं था, तो इसपर भी यथोचित कार्रवाई हो। मगर इसके बिना पर, हजारों-हजार लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने वाले संस्थान को और उसके सारे विभागों को कलम के एक झटके से बंद कर देने के फैसले में कहां की समझदारी है।

# डिप्टी सीएम के निशाने पर रहा बिजली विभाग, अधिकारियों को दी चेतावनी

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के एटा जिले में आए डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के निशाने पर बिजली विभाग के अधिकारी और कर्मचारी रहे। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार और वसूली की शिकायतें मिलने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वहीं राशन वितरण, जल जीवन मिशन और सरोवरों की पड़ताल 10 प्रतिशत गांवों में कराने के लिए अधिकारियों की टीमें गठित कराई गईं। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ने कलक्ट्रेट सभागार में पत्रकारों से बातचीत के दौरान बताया कि अधिकारियों को पोखर, तालाब, नदी आदि को कब्जा मुक्त करने और निरंतर जल प्रवाह की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं। अफसरों से यह भी कहा है कि भाजपा कार्यकर्ता यदि सही काम लेकर आता है तो उसकी समस्या जरूर सुनकर



समाधान करें। लखनऊ और जिला मुख्यालय पर फरियादियों की संख्या कम करने के लिए थाना और तहसील स्तर पर ही लोगों की शिकायतों का समाधान किया जाए।

उन्होंने कहा कि बिजली निगम की शिकायतें मिली हैं। एक अभियंता अतुल की शिकायत पर उसके विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है। आउटसोर्सिंग एजेंसी कंपनी के माध्यम से भी गड़बड़ी की शिकायतें हैं। ऐसी कंपनियों को काली सूची में डाला जाएगा और भविष्य में प्रदेश में कभी काम करने का मौका नहीं दिया जाएगा। जल जीवन मिशन के तहत पाइपलाइन डालने के लिए तोड़ी सड़कों की मरम्मत न करने की भी शिकायतें हैं। ऐसा नहीं होना चाहिए। पाइपलाइन पड़ने के बाद सड़क को तुरंत बनाया जाना चाहिए। खराब सड़कों के सवाल पर कहा कि दिवाली तक सभी सड़कें गड्ढामुक्त करा दी जाएंगी।

### इस्कॉन संस्था पर लगे आरोपों की होगी जांच

पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी ने इस्कॉन संस्था पर आरोप लगाए हैं कि वो कसाइयों को गाय बेचती है। इसके सवाल पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि आरोप गंभीर हैं। इसकी जांच कराई जाएगी।

# पं. नारायण चतुर्वेदी की स्मृति में हुई काव्यांजलि



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** संस्कार भारती जानकीपुरम और ज्योति कलश संस्कृति संस्थान, लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में श्रद्धेय पंडित नरायण चतुर्वेदी के जन्मदिवस पर शुक्रवार 28 सितम्बर को काव्यांजलि का आयोजन किया गया। विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा शोध संस्थान, द्वितीय तल, निराला नगर 8 नम्बर चौराहा, निकट माधव सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम प्रो.कमला श्रीवास्तव संरक्षक के रूप में उपस्थित रहीं जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता कमलेश मौर्य 'मृदु' ने की। काव्यांजलि की मुख्य अतिथि पद्मश्री डॉ.विद्या बिन्दु सिंह और अति विशिष्ट अतिथि डॉ.पूर्णिमा पाण्डेय रहीं। इस क्रम में विशिष्ट अतिथि पद्मकान्त शर्मा 'प्रभात' और अशोक कुमार पाण्डेय 'अशोक' थे।

आमंत्रित अतिथियों को अंगवस्त्र और पौधे भेंट कर उनका स्वागत किया गया वहीं सभी कवि और कवयित्रियों को अंगवस्त्र और जीवंत पौधे भेंट कर उनका सम्मान किया गया। इसके साथ ही अरविन्द चतुर्वेदी आईपीएस अधिकारी को राम दरबार का चित्र भेंट कर उनका विशेष सम्मान किया। अपने स्वागत उद्बोधन में डॉ.उषा सिंहा ने पंण्नारायण के कृतित्व पर प्रकाश डाला। पं.नारायण चतुर्वेदी सृजित कविता घनश्याम देखे का पाठ करते हुए अरविन्द चतुर्वेदी ने सुनाया कि है नित्य आनन्द विराजता जहां, मैने वही श्रीघनश्याम देखे।

# लेवल दो के पदों पर पदोन्नति में नंबर की बढोत्तरी से होगा दलित व पिछड़ों को नुकसान

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पावर ऑफिसर एसोसिएशन की प्रांतीय कार्य समिति की आज एक आवश्यक बैठक फील्ड हॉस्टल कार्यालय में संपन्न हुई जिसमें सर्वसम्मत से यह प्रस्ताव पास किया गया की पावर कारपोरेशन विभागीय चयन समिति द्वारा जो अधिशासी अभियंता से अधीक्षण अभियंता की चयन प्रक्रिया में 120 नंबर की जगह 130 नंबर का जो मानक और अधीक्षण अभियंता से मुख्य अभियंता लेवल 2 की पदोन्नति के लिए 130 नंबर की जगह 140 नंबर का जो मानक बनाया जा रहा उसका हर स्तर पर विरोध किया जाएगा क्योंकि इससे सबसे ज्यादा नुकसान बिजली कंपनियों में दलित वह पिछड़े वर्ग के अभियंताओं का होगा क्योंकि सबसे ज्यादा रिपोर्ट उनकी संतोषजनक गुड व वेरी गुड में ही लिखी जाती है इस प्रक्रिया से



संतोषजनक व गुड की रिपोर्ट वाले कोई भी दलित वह पिछडे वर्ग के अभियंता पदोन्नति नहीं पाएंगे।

उत्तर प्रदेश पावर ऑफिसर एसोसिएशन के अध्यक्ष के बी राम कार्यवाहक अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा उपाध्यक्ष एसपी सिंह पीएम प्रभाकर महासचिव अनिल कुमार सचिव आरपी केन अतिरिक्त महासचिव अजय कुमार संगठन सचिव हरिश्चंद्र वर्मा राजेश कुमार बिंदा प्रसाद अर्जुन राम राजेश कुमार रवि प्रकाश ने कहा एक तरफ विगत दिनों दर्जनों निर्देशकों के पद पर चयन प्रक्रिया साक्षात्कार माध्यम से की गई जिसमें जिन अभियंताओं की कोई जांच चल रही थी उन्हें भी निदेशक के पद के लिए साक्षात्कार के लिए बुलाया गया और वहीं दूसरी तरफ अधीक्षण अभियंता व मुख्य अभियंता लेवल 2 के पद पर चयन प्रक्रिया में 10 नंबर बढाकर पदोन्नति की प्रक्रिया को कराया जाना अपने आप में बडा सवाल उठा रहा है उच्च पद पर शिथिलता बरती जा रही है और उसके नीचे के सलेक्शन को कठिन बनाया जा रहा है ऐसे में पावर कॉरपोरेशन व उत्तर प्रदेश ऊर्जा विभाग को इस कार्यवाही को पारदर्शी तरीके से करने के लिए जो 10 नंबर की बढोतरी करके पदोन्नति की प्रक्रिया की जा रही है फिलहाल उसमें बदलाव की कोई आवश्यकता नहीं है।

**उपभोक्ता परिषद की लडाई लाई रंग**

# स्मार्ट प्रीपेड मीटर के खर्च की भरपाई उपभोक्ताओं से नहीं होगी

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** पूरे उत्तर प्रदेश में लगभग 20000 से 25000 करोड की लागत वाले स्मार्ट प्रीपेड मीटर की खरीद का खर्च किसी भी रूप में प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं पर ना पडे के लिए उपभोक्ता परिषद लंबे समय से लडाई लड रहा था अंततः केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय भारत सरकार ने प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं के लिए बडी खुशखबरी का रास्ता खोल दिया है ऊर्जा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा सभी विद्युत नियामक अयोगी के लिए आदेश जारी कर दिया है की स्मार्ट प्रीपेड मीटर पर आने वाला खर्च किसी भी रूप में प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं पर पास नहीं किया जाएगा क्योंकि यह पूरी योजना आत्मनिर्भर योजना के अंतर्गत आता है जिस पर केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय 900 से 1350 रुपए प्रति मीटर अनुदान देगा और जो भी इस पूरे परियोजना में अतिरिक्त खर्च आएगा उसकी भरपाई प्रदेश की बिजली कंपनियां परंपरागत मीटर रीडिंग बिलिंग में सुधार कलेक्शन एफिशिएंसी में सुधार करके करेंगे और इसका खामियाजा किसी भी रूप में प्रदेश के विद्युत उपभोक्ता नहीं भुगतेंगे अभी तक जो बिजली कंपनियां आरडीएसएस स्कीम के तहत इस पर होने वाले खर्च की भरपाई प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं की टैरिफ से करना चाह रही थी अब उसे पर पूर्णतया विराम लग गया है यही नहीं भारत सरकार ऊर्जा मंत्रालय का आदेश आते ही बिजली कंपनियों ने आदेश जारी करना शुरू कर दिया है कि इसका भुगतान किसी भी रूप में प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं पर नहीं डाला जाएगा।

# टीएमयू में भगवान वासुपूज्य मोक्षकल्याणक महोत्सव पर यज्ञ

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी में उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म दिवस एवम् भगवान वासुपूज्य मोक्षकल्याणक महोत्सव पर हवन किया गया। इस मौके पर शांतिनाथ विधान, नवदेवता पूजा, समुच्चय चौबीसी पूजन, वासुपूज्य जिन पूजन, सोलहकारण पूजन, रत्नत्रय पूजन, जिनवाणी पूजन प्रतिष्ठाचार्य ऋषभ जैन शास्त्री के सानिध्य में हुए। कुलाधिपति सुरेश जैन, फर्स्ट लेडी वीना जैन, जीवीसी मनीष जैन, ऋचा जैन, एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर अक्षत जैन और नंदिनी जैन ने भगवान शांतिनाथ विधान के मुख्य कलश की स्थापना की। जिनवाणी की स्थापना नंदिनी जैन, जबकि दीप संस्थापन अक्षत जैन ने किया। भोपाल से आई सुनील सरगम एंड पार्टी के संगीतमय भजनों पर रिद्धि-सिद्धि भवन झूम उठा और पूजा-अर्चना करते हुए भक्तिनृत्य में लीन हो गया।



दूसरी ओर कुलाधिपति आवास- संवृद्धि पर कल यानी शुक्रवार प्रातः सात बजे से श्रावक/श्राविकाओं के लिए पारणा होगा। दूसरी ओर ऑडी में सांस्कृतिक सांझ की शुरुआत सीसीएसआईटी के स्टुडेंट्स ने केसरिया केसरिया..., आया पर्व पर्युषण..., मेरे देव के जैसा कोई नहीं..., जैन ब्रेथलेस..., बाजो रे ढोल... पर मंगलाचरण से की। इससे पूर्व ऑडी में प्रो. आरके द्विवेदी, प्रो. आरके जैन, मनोज जैन, विपिन जैन, प्रो. प्रवीन जैन, डॉ. आशीष सक्सेना, डॉ. नीलिमा जैन आदि ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन करके कल्चरल ईवनिंग का श्रीगणेश किया। उल्लेखनीय है, टीएमयू कैंपस में बड़ी धूमधाम से भव्य रथयात्रा महोत्सव 08 अक्टूबर को निकलेगी, जिसमें आर्यिका रत्न 105 सृष्टि भूषण माता और आर्यिका 105 विश्वयशमति माता की गरिमामयी मौजूदगी रहेगी, जबकि आर्यिका रत्न ससंघ का टीएमयू में 06 अक्टूबर को ही मंगलप्रवेश होगा।

# नेशनल डिफेन्स एकेडमी में सीएमएस के तीन छात्र चयनित

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल के तीन मेधावी छात्रों ने संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एन.डी.ए.) की परीक्षा में चयनित होकर लखनऊ का नाम गौरवान्वित किया है। सी.एम.एस. के इन चयनित छात्रों में सी.एम.एस. गोमती नगर (प्रथम कैम्पस) के छात्र शिखर चड्ढा, सी.एम.एस. गोमती नगर (द्वितीय कैम्पस) के छात्र सृजित रमन एवं सी.एम.एस. राजाजीपुरम (प्रथम कैम्पस) की छात्रा महिमा अवस्थी शामिल है। सी.एम.एस. संस्थापक व प्रख्यात शिक्षाविद् डा. जगदीश गाँधी ने इन होनहार छात्रों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। यह जानकारी सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी श्री हरि ओम शर्मा ने दी है। श्री शर्मा ने बताया कि सी.एम.एस. छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-



पिता एवं शिक्षकों के साथ विद्यालय के शान्तिपूर्ण शैक्षिक वातावरण को दिया है। चयन के उपरान्त अब ये छात्र साक्षात्कार एवं चिकित्सा परीक्षण के बाद भारतीय सेना में अधिकारी बनकर देश सेवा के अपने जज्बे को पूरा करेंगे।

श्री शर्मा ने बताया कि यह बड़े गर्व की बात है कि सी.एम.एस. के छात्र विभिन्न प्रतिष्ठित परीक्षाओं में सफलता अर्जित कर विद्यालय का गौरव बढ़ा रहे हैं। सी.एम.एस. अपने छात्रों को उत्कृष्टता की ओर सतत् प्रयासरत रहने को प्रेरित करता है एवं इसी अनुरूप उन्हें भविष्य की चुनौतियों हेतु तैयार करता है। यही कारण है कि सी.एम.एस. छात्र आज विश्व स्तर पर अपनी उपलब्धियों का परचम लहरा रहे हैं।

# गणपति बप्पा मोरिया अगले बरस तू जल्दी आ...

## जयकारों के साथ निकली मनौतियों के राजा की विसर्जन शोभा यात्रा

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** श्री गणेश प्राकट्य कमेटी की ओर से झूलेलाल वाटिका में पिछले 10 दिनों से चल रहे गणेशोत्सव का गुरुवार को भगवान गणेश की मूर्ति का भू विसर्जन के साथ समापन हो गया।

विसर्जन से पूर्व पण्डाल में आचार्यो ने वैदिक मंत्रोंच्चार के साथ पूजा अर्चना की। इसमें कमेटी के सभी पदाधिकारी, सदस्य, कार्यकर्ता अपने पूरे परिवार के साथ शामिल हुये। बाद में सभी ने बप्पा से हाथ जोड़कर अगले बरस फिर आने की प्रार्थना करते हुये भगवान गणेश की विशाल मूर्ति को रथ पर विराजमान किया। उस दौरान 'गणपति बप्पा मोरिया अगले बरस तू जल्दी आ' के जयघोष से झूलेलाल घाट गूंज रहा था। उसके बाद शोभा यात्रा शुरु हुई। शोभा यात्रा में सबसे आगे बैण्ड उसके पीछे 7 देवी देवताओं की सजी सुन्दर झांकी, फिर ढोल का दल, उसके पीछे 7 घोड़े, डीजे



साउण्ड जिस पर कोलकाता के संजय शर्मा भजन सुनाते हुये चल रहे थे। उसके पीछे फिर 8 झांकी राधा कृष्ण, शंकर पार्वती, मां दुर्गा, काली जी, ब्रम्हा विष्णु महेश, सरस्वती जी, मीरा बाई, लक्ष्मी जी, सांई बाबा, भैरव जी, शनिदेव, हनुमान जी, राम दरबार की झांकी सजी थी। उसके पीछे 7 घोडे, उसके पीछे एक और डीजे साउण्ड चल रहा था। संजय शर्मा ने 'देवा हो देवा गणपति देवा तुमसे बढ़कर कौन' 'सच्चा है तेरा दरबार तेरा जवाब नही' 'तेरी जय हो गणेश' आदि भजन जब सुनाये।

ने 'तेरी जय हो गणेश' आदि ने गौरी के लाल तेरी जय हो..' देवा हो देवा गली गली में तेरे नाम का शोर .., आदि सुन्दर भजनो से माहौल भक्तिमय हो रहा था। सबसे पीछे बप्पा का फूलों से बना सुन्दर रथ चल रहा था। रथ से बप्पा का महाप्रसाद सभी को बांटा जा रहा था। यात्रा में कमेटी के भारत भूषण गुप्ता, सतीश अग्रवाल, घनश्याम दास अग्रवाल, योगेश बंसल, संजय सिंह गांधी, रंजीत सिंह महिलाओं में संध्या बंसल, रुक्मिणी देवी, बिन्नी बंसल, नीरजा सिंह, अंशु बंसल, अंजू गुप्ता, आंचल गोयल आदि लोग चल रहे थे। यात्रा के मार्गो पर करीब 50 स्थानों पर लोगों ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। डालीगंज में बहुत से लोगों ने आईस्क्रीम, समोसा, मिठाई, केक, बिस्कुट, टाफी, फ्रूटी और मेवें का वितरण किया।

यात्रा का स्वागत करने के लिए घरों से निकलकर महिलाएं, पुरुष, बच्चे सभी पहले से सड़कों पर एकत्र हो गये। बप्पा का रथ करीब आने पर बप्पा की आरती उतरी और पुष्प वर्षा की। अबीर गुलाल के संग शोभा यात्रा झूलेलाल वाटिका से प्रारम्भ होकर विश्वविद्यालय मार्ग, आईटी चौराहा, रामकृष्ण मठ, शंकरनगर चौराहा, नजीरगंज, डालीगंज होते हुये झूलेलाल घाट पर समाप्त हुई।

# 12 वें तीर्थंकर वासुपूज्य के चरणों में निर्वाण लाड्डू समर्पित



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** गोमतीनगर जैन मंदिर में जैन समाज के दशलक्षण महापर्व में अंतिम दिन अध्यक्ष पीके जैन मंत्री आलोक जैन, सुकांत, निकांत, संदीप, बीके जैन, पंडित पीयूष की मौजूदगी में अनंत चतुर्दशी पर भगवान अनंतनाथ की भी पूजा की गई।

वासपुज्य भगवान का मोक्ष कल्याणक भी बड़े ही धूमधाम से मनाया गया एवं उनको लाडू अर्पण किया गया। लाडू चढ़ाने का सौभाग्य अनीता सुकांत निकांत जैन एवं जय कुमार सीए परिवार को मिला।

**इन्दिरानगर में हुई ब्रह्मचर्य धर्म की पूजा :** इन्दिरानगर जैन मंदिर में दसलक्षण पर्व के अंतिम दिन ब्रह्मचर्य धर्म की पूजा की गई। जैन सिद्धांत के अनुसार प्रत्येक व्यक्ति को ब्रह्मचर्य का पालन करना चाहिये । भगवान वासुपूज्य स्वामी को पांडुकशिला पर विराजमान स्वर्ण कलशों से अभिषेक किया गया। अभिषेक, शांतिधारा करने का सौभाग्य अक्षय जैन, रोबिन जैन, सौरभ जैन, नितिन जैन, अभिषेक जैन एवं जैन ने प्राप्त किया।

# जुलूस-ए-मुहम्मदी में उमड़ पड़ा जनसैलाब





वहाज अली निहाल

- चारों तरफ नूर छाया आका का मीलाद आया की सदाओं से गूंज उठा शहर
- सलात व सलाम और दुआ के बाद समय पर जुलूस हुआ पूरा
- मदरसा दारुल उलूम और नया शहर चौराहे से समय पर निकाला गया जुलूस
- अन्जुमन-ए-हुसैनिया ने कारी सरफराज आलम व उलमाए इकराम का किया गर्मजोशी से इस्तक़बाल
- जुलूस का शहर में जगह-जगह हुआ इस्तक़बाल
- जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन रहा पूरी तरह मुस्तेद

**इटावा।** बारह रबीउल अव्वल-जश्न-ए-ईद मीलाद-उन-नबी सल्ल.यानि पैगम्बरे इस्लाम हज़रत मुहम्मद सल्ल.साहब की यौमे पैदाइश पर आपके चाहने वालों ने जुलूस-ए-मुहम्मदी में जिस तरह से अपनी मौजूदगी दर्ज की वह किसी ऐतिहासिक तसवीर से कम नहीं थी। हज़ारों की संख्या में लोगों ने शहर भर में बहुत ही अदब-एहतराम और पूरी शानो-शौकत के साथ जुलूस निकाल कर अपनी मोहब्बत का सुबूत पेश किया। जुलूस में जनपद भर का मानो जनसैलाब सा उमड़ पड़ा हो। जुलूस का शहर भर में लोगों ने गर्मजोशी से इस्तक़बाल किया। पहला जुलूस सुबह अपने समय पर मदरसा दारुल उलूम गौसिया तजबीदुल कुरआन नई बस्ती आज़ाद नगर से उलमाए इकराम की सरपरस्ती में निकाला गया जिसको हज़रत बन्ने मियां दरगाह शरीफ के ख़ादिम डॉ.शुऐब अहमद नईमी व मौलाना उबैदुर्रहमान खां कादरी ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जुलूस के आयोजक कारी सरफराज आलम निज़ामी ने उलमाए इकराम आदि का साफा पहनाकर इस्तक़बाल किया। हाफिज़ कफील अहमद चिश्ती ने कुरआन पाक की तिलावत की से जुलूस का आगाज़ किया। अब्दुल कादिर (जीलानी) ने खूबसूरत आवाज़ में नात शरीफ पेश की और वाई के शफी चिश्ती आदि ने नारों की सदायें बुलंद की तो उलमाए इकराम ने हुज़ूर की शान में नात शरीफ पढ़ कर जुलूस में चल रहे लोगों में जोश पैदा किया।

दूसरा जुलूस नया शहर चौराहे से अन्जुमन-ए-हुसैनिया के सदर हाजी सरफराज मुस्तफा खां आदि पदाधिकारियों की देख-रेख में निकाला गया। नया शहर पर बने स्टेज से जुलूस में चल रहे उलमाए इकराम आदि का हुसैनिया कमेटी के लोगों ने गर्मजोशी के साथ इस्तक़बाल किया। शहर भर की कमेटियों ने काबा शरीफ, मदीना शरीफ की खूबसूरत चौकियों के काफिलें से जुलूस और अधिक लंबा हो गया जो लोगों के आकर्षण का केंद्र बना। छोटे-बड़े बच्चें सरो पर टोपियां लगाए हाथों में हरे परचम लिए नारे लगाते आगे बढे अदब के साथ चले जा रहे थे। जुलूस में ज़िला प्रशासन, पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तेद रहा। जुलूस के ज़िमेदार लोग भी बराबर नज़र रखें रहे कि इतने बड़े जुलूस में किसी को किसी भी तरह की कोई परेशानी न हो।

इस्लामिया कॉलेज के गेट पर ऑल इंडिया उलमा व मशाइख बोर्ड व उ.प्र.व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने जुलूस का गर्मजोशी से स्वागत किया और जुलूस में चाक चौबंद व्यवस्था के लिए ज़िला प्रशासन व पुलिस प्रशासन के अधिकारियों का स्वागत व सम्मान किया। जुलूस कदीमी रास्तों से होता हुआ अपने मकाम मदरसा दारुल उलूम पहुंचा वहा पर सलात व सलाम के बाद मुल्क में अमनो-अमान और सभी की सलामती के वास्ते दुआएं की गई। जुलूस के आयोजक कारी सरफराज आलम निज़ामी व हाजी सरफराज मुस्तफा खां ने जुलूस में सहयोग के लिए शहर की तंज़ीमो, चौकी वाले हज़रात, जुलूस में शामिल सभी लोगों और ख़ास कर ज़िला प्रशासन व पुलिस प्रशासन का शुक्रिया अदा किया।

इस मौके पर मौलाना वाजिद अशरफी, मौलाना ज़ाहिद रज़ा, मौलाना जहाँगीर अशरफ, मौलाना तफवीज़, हाफिज़ मुहम्मद अहमद अकबरी, हाफिज़ मोहम्मद अहमद चिश्ती, कारी शाहवाज अनवर, हाफिज़ गुलाम गौस, हाफिज़ मुहीउद्दीन, शाहनवाज़ अतहर, फुरकान अहमद पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, वसीम चौधरी, हाजी मुइनुद्दीन गुड्डू मंसूरी, आलोक दीक्षित, एम मुस्तक़ीम, हाजी अज़ीम वारसी, शफीउल्लाह खां, डॉ.अयाज़ अली, शफी अहमद बालक, राहत हुसैन, कामरान खान, हाजी शेख़ शकील अहमद, शेख़ आफताब, कामिल कुरैशी, रियाज़ अब्बासी, दिलशाद पहलवान, हाजी रहीस अहमद, शेख़ नवाब, ज़ैनुल आबदीन, सलीम खां, चौधरी मुमताज़ आदि काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## उर्दू मोहल्ले से निकला शाम का कदीमी जुलूस-ए-मुहम्मदी, उमड़े लोग

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** पैग़म्बरे इस्लाम हज़रत मुहम्मद सल्ल.की यौमे पैदाइश के मुबारक मौके पर जुलूस कमेटी उर्दू मोहल्ला बड़ी मस्जिद चौक से हर साल की तरह इस साल भी अपनी पूरी शानो शौकत अदबो-एहतराम के साथ जुलूसे मोहम्मदी उठाया गया। जूलुस कमेटी अध्यक्ष कुंवर रफत अली खान ने जूलुस में शामिल उलमा-ए-इकराम आदि लोगों का साफा पहनाकर स्वागत किया। जुलूस को रवाना करने से पहले कारी सरफराज़ आलम निज़ामी व मौलाना शाहनूर रज़ा मौलाना याकूब ने कुरान ए पाक की तिलावत की। मदरसों के छोटे-छोटे बच्चे हाथों में हरे परचम लिये सरो पर अदब के साथ सभी लोग टोपियां लगाये आकर्षक का केन्द्र रहे। उलमाए इकराम व बच्चो ने नात पेश कर अपनी मोहब्बत का सुबूत पेश किया। जुलूस में खूबसूरत चौकिया, थरमाकौल से बनाई गई काबे शरीफ, मदीना शरीफ की चौकिया जो अपनी ओर लोगों को खींच रही थी जुलूस कमेटी की तरफ से चौकी व झाकी वालो को शील्ड देकर सम्मानित किया गया। जुलूस शहर के मुख्य मार्गो से होता हुआ ऊर्दू मोहल्ले में सलात व सलाम और दुआ के बाद समाप्त हुआ। जुलूस के अध्यक्ष कुंवर रफत अली खान ने जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन व सभी लोगों का जूलुस में सहयोग के लिये शुक्रिया अदा किया। जुलूस में कारी सरफराज़ आलम, कारी शहबाज़, हाफ़िज़ मोहम्मद अहमद अकबरी, मौलाना उबैदुर्रहमान, हाफ़िज़ अरशद बरकाती, मौलाना शाहनूर रज़ा, मौलाना सैय्यद एजाज़ हुसैन, शफ़ीक़ अहमद सेकेट्री, डॉ शमशुद्दीन सईदी, फज़ल युसूफ, ज़मीर हसन, राजा खान, जावेद खान%सग़ीर खान, शफ़ी अहमद बालक, फ़हीम वारिस, तनवीर अंसारी, वाई के शफी चिश्ती, हाजी अज़ीम वारसी, जब्बार अंसारी, ज़मीर अंसारी, अज़हर फरीदी, ज़ुहैब फैय्याज, फरहान खान, ज़ाकिर राईन, हनीफ खान, इरफ़ान बरकाती, मो.राशिद, फरीद खां, अरशद उल्ला, रिज़वान कुरैशी, रेहान अंसारी आदि उपस्थित रहे।

## शहर में की गई आकर्षक सजावट






अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** जश्ने-ईद-मिलादुन्नबी के मौके पर मुस्लिम समाज ने शहर को दुल्हन की तरह सजाया। साथ ही कई आकर्षक गेट भी बनाये गए। बारह रबीउल अव्वल यानी जश्ने ईद मीलादुन्नबी के मुबाकर मौके पर नया शहर चौराहा, उर्दू मोहल्ला, मेवाती टोला, शाहगंज, पचराहा, नोरंगाबाद, रामगंज सहित शहर के कई मोहल्लों, गली कूंचों में खूबसूरत सजावट की गई। साथ ही मस्जिदों को भी सजाया गया। शाम को जुलूसे मोहम्मदी और सजावट को देखने के लिए जनसमूह उमड़ पड़ा।

शहर में देर रात तक सड़कों पर जश्ने ईद मिलादुन्नबी की रौनक रही। खबसूरत गेट और सजावट करने वालों को कमेटी ने सम्मानित किया। प्रशासन द्वारा सुरक्षा के कड़े इन्तिजाम किये गए। जुलूसे मोहम्मदी में जहां भारी पुलिस बल मौजूद रहा वहीं शहर में भी पुलिस सक्रिय रही। एसएसपी संजय कुमार, एसपी सिटी कपिल देव सिंह, सीओ सिटी अमित कुमार, एसडीएम सदर विक्रम सिंह राघव, शहर कोतवाल विक्रम सिंह चौहान शहर में भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहे।

## मुझे भारत से प्यार है, यहीं रहना चाहूंगा: कोरियन सिंगर अउरा

अवधनामा संवाददाता



**मथुरा।** मुझे भारत से प्यार हो गया है, मौका मिला तो यहीं रहूंगा। ये जज्बात हैं लोकप्रिय कोरियन पाप सिंगर अउरा के। वे अपने बैंड के साथ पर्यटन विभाग के सौजन्य से संस्कृति विश्वविद्यालय में अपना कार्यक्रम प्रस्तुत करने आए थे। कोरियन सिंगर ने सवालों का जवाब देते हुए बताया कि संगीत का शौक बचपन से ही था। जब नौ-दस साल के थे तभी से गाना गा रहे हैं। बिना हिचकिचाहट के वे बोले कि मैंने किसी से प्रभावित होकर गीत गाना नहीं शुरू किया, मुझे तो खुद ही संगीत से लगाव हो गया। उन्होंने बताया कि अनेक प्रतियोगिताओं में भाग लेने के बाद वे आज इस मुकाम पर पहुंचे हैं। सात वर्ष तक के पॉप का प्रशिक्षण लिया। अबतक 50 से ज्यादा उनके और उनके साथी डीजे म्यूजिक प्रोड्यूसर फ्राइडे के गीतों के अल्बम आ चुके हैं। एक सवाल के उत्तर में अउरा ने कहा कि उन्हें खुद भी गीत लिखने का शौक है और उनके स्वयं के लिखे पचास प्रतिशत गीत हैं जो उन्होंने अबतक गाए हैं। बहुत ही स्टाइलिश जीवन जीने वाले अउरा मथुरा मैं आकर बहुत खुश नजर आए और विहारी जी के मंदिर में जा कर दर्शन किये एवं प्रसाद ग्रहण किया। बिहारीजी का प्रसाद पाकर वे बहुत खुश हो गए। मथुरा का रंग ऐसा चढ़ा कि वे हर मिलने वाले से राधे-राधे कहने लगे।

## स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण की समीक्षा किया: डीएम

**मथुरा।** स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता की योजना है ।जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने व्यक्तिगत शौचालय, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, केयर टेकर का समय से मानदेय भुगतान, सामुदायिक शौचालय ,पंचायत सचिवालय से चल रहे जन सुविधा केंद्र के प्रगति की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी ग्राम पंचायत में सामुदायिक शौचालय पर स्वयं सहायता समूह की तैनाती हो जाए तथा ग्राम प्रधान एवं सचिव निर्धारित समय पर मानदेय का भुगतान अवश्य करें। पंचायत सहायक ग्राम पंचायत की आईडी पर अधिक से अधिक जन सेवाओं को ग्रामीण वासियों को प्रदान करें। जो पंचायत सहायक माह सितंबर तक सर्वाधिक जन सेवाओं को प्रदान करेगा, उसे जिलाधिकारी द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण से जुड़े सभी अधिकारी स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में स्वयं प्रतिभाग करें।

## शहीद-ए-आजम भगत सिंह का जन्मदिन मनाया

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** तिरंगा शाखा की ओर से शहीदे आजम भगत सिंह का 116बा जन्म दिवस मनाया गया।सर्वप्रथम तिरंगा शाखा के जिला प्रमुख सुरेश कुमार सैनी ने डेम्पीयर नगर स्थित शहीदे आजम भगत सिंह जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उपस्थित सभी ने प्रतिमा पर पुष्पित अर्पित किए। शाखा सेवियों को संबोधित करते हुए आम आदमी पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष रवि प्रकाश भारद्वाज ने कहा की शहीदे आजम भगत सिंह के विचार आज भी प्रासंगिक हैं। वर्तमान युवा पीढ़ी को शहीद ए आजम भगत सिंह के विचारों को पढ़कर उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए ।व्यवस्था परिवर्तन के लिए शहीदे आजम भगत सिंह के विचारों का कोई मोल नहीं है। वैज्ञानिक समाजवाद के पक्षधर, भगत सिंह के विचारों में सांप्रदायिकता एवं जातिवाद के लिए कोई स्थान नहीं है। भगत सिंह शोषण विहीन समाज की स्थापना करना चाहते थे । उनके मस्तिष्क पर कार्ल मार्क्स और लेनिन के विचारों का प्रभाव था ।वह सच्चे राष्ट्रभक्त और क्रांतिकारी थे। देश सदैव उनकी शहादत का कर्जदार रहेगा।

आम आदमी पार्टी मथुरा के महानगर अध्यक्ष प्रवीण भारद्वाज पूर्व जिला उपाध्यक्ष वी एस ठकुरेला संतोष चंद्र सक्सेना आप यूथ विंग राज्य कमेटी पूर्व सदस्य आदेश शर्मा बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ अध्यक्ष पवन सैनी आप के पूर्व पार्षद प्रत्याशी कमल कुमार बघेल देवेंद्र सैनी शिवचरण पाल गौरी सैनी द्वारका प्रसाद मुरारी लाल बघेल कुलदीप वर्मा नवीन अर्जुन विकास कलश शर्मा गफ्फार खान साहिल आदि उपस्थित थे।

## अज्ञात युवती की हत्या, सिर काटकर झाड़ियों में फेंका

**बांदा।** एक अज्ञात युवती की निर्मम हत्या कर दी गई। उसका सिर काटकर शव को झाड़ियों में फेंक दिया गया। बुधवार की देर शाम ग्रामीणो ने शव पड़ा देखा तो पुलिस को सूचना दी। प्मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया और शिनाख्त कराने का प्रयास किया। लेकिन कोई भी शव को पहचान नहीं सका है। ग्रामीणों ने शक जाहिर किया है कि हत्या के पूर्व युवती के साथ दुष्कर्म किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। एएसपी का कहना है कि घटना कहीं और अंजाम दी गई है और शव को झाड़ियों में लाकर फेंका गया है। अज्ञात 35 युवती की सिर काट कर हत्या कर दी कर दी गई। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी शव को मटौध थाना क्षेत्र के चमरहा रोड स्थित झाड़ियों में फेक कर फरार हो गए। बुधवार की शाम वहां से गुजर ग्रामीणो ने शव पड़ा देखा तो हडकंप मच गया। देखते ही देखते ग्रामीणो की भीड़ जमा हो गई। मामले की जानकारी चौकीदार को दी गई।

## संक्षिप्त समाचार

### कैबिनेट मंत्री आशीष सिंह पटेल के शीघ्र स्वस्थ व दीर्धयु की कामना की



**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** कैबिनेट मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार आशीष सिंह पटेल कार्यकारी अध्यक्ष अपना दल एस, आप हम सबके मार्गदर्शक, अपना दल एस को अनंत उचाईयों पहुँचाने वालों का प्रयागराज से मिर्जापुर कार से जाते समय मार्ग मे कार दुर्घटनाग्रस्त होने से घायल होने का समाचार बहुत चिंताजनक था। परन्तु परमेश्वर की कृपा से कोई गम्भीर चोटे नहीं आयी। आपके शीघ्र स्वास्थ लाभ व दीर्धयु की कामना के लिए हनुमान चालीसा का पाठ तथा प्रार्थना, बडे हनुमान मन्दिर पक्का तालाब पर की गई। इस अवसर पर मुख्य रूप से अपना दल एस केराष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य डा0 हरीशंकर पटेल, कार्यवाहक जिलाध्यक्ष पटेल कबिता वर्मा, जिला उपाध्यक्ष राहुल पाल, जिला कोषाध्यक्ष दीपक सविता, जिला सचिव डा0सुधीर सविता, अरुण कुमार दुबे, रविन्द्र सिंह जाटव जिलाध्यक्ष एससीएसटी (मंच), पटेल अवधेश वर्मा जिलाध्यक्ष व्यापार मंच, सक्रिय सदस्य इन्जी0 राजेश कुमार वर्मा, देशराज वर्मा, डा0अनिल शंकर वर्मा एवं शंशाक पटेल आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### निष्क्रिय पदाधिकारियों को बदला जाएगा : धर्मेन्द्र

**बांदा।** बीजेपी के मंडल सत्यापन अभियान के तहत महुआ मंडल के तीन दिवसीय प्रवास के क्रम मे मंडल प्रवासी बनाये गए डा. धर्मेन्द्र त्रिपाठी जिला उपाध्यक्ष ने गुरुवार को महुआ ब्लाक सभागार मे बैठक ली। डा. त्रिपाठी ने मण्डल पदाधिकारी बैठक, शक्तिकेंद्र सयोंजक, प्रभारी बैठक व बूथ अध्यक्ष बैठक जिसमें मण्डल पदाधिकारी बैठक मे 16 मे 13 पदाधिकारी उपस्थित रहे। आईटी संयोजक व मीडिया प्रभारी रहे। सेक्टर सयोजक मे 14 में 10 उपस्थित रहे। बूथों मे 89 में 53 बूथ अध्यक्ष उपस्थित रहे। डा. धर्मेन्द्र त्रिपाठी ने बताया की 2024 के समर को जीतने के लिए आवश्यकता है कि बीजेपी की बूथों की समिति सक्रिय रहे। इसी क्रम मे जिन बूथों मे समिति व बूथ अध्यक्ष, सेक्टर सयोंजक, व मंडल पदाधिकारी सक्रिय नहीं हैं, उन्हें बदलकर नए नाम सुझाये गए तथा सभी पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि आगामी 2अक्टूबर के पहले हर हाल मे बूथ समितियों की बैठक कर सत्यापन कर लेंतथा प्रत्येक बूथ पर दो व्हाट्सएप्प ग्रुप बना लें। बैठक मे सुधीर मिश्रा, स्वर्ण सिंह सोनू, मनमोहन राजपूत, आंचल गिरि, विनोद सिंह, दिनेश शुक्ला, सौरभ तिवारी, बेटालाल प्रधान महुआ मुन्नीलाल चौरसिया आदि उपस्थित रहे।

### पंखे के करंट लगने से युवती की मौत

**बांदा।** करंट की चपेट में आकर महिला पंखे में चिपक गई। काफी देर बाद मौके पर पहुचे परिजनो ने प्लग हटा कर उसे बाहर निकाला। तत्काल पीएचसी में दाखिल कराया गया। जहां डाक्टरो ने उसे देखने के बाद मृत घोषित कर दिया। तिंदवारी थाना क्षेत्र के बेंदा गांव के मजरा डडवा डेरा निवासी राखी सिंह (37)पत्नी अमित सिंह गुरूवार की सुबह कमरे के अंदर सफाई कर रही थी। वही पर पंखा रखा हुआ था। राखी ने जैसे ही पंखा हटाने लगी तभी करंट की चपेट में आकर चिपक गई। घटना के समय घर पर कोई नही था। काफी देर बाद खेत से घर लौटी सास ने देखा तो आनन फानन प्लग हटाकर उसे बाहर निकाला। शोर गुल सुनकर परिवार के अन्य लोग भी मौके पर पहुच गए। उसे इलाज के लिए पीएचसी तिंदवारी ले जाया गया। जहां डाक्टरो ने देखने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर पुलिस और पूर्व प्रधान बेंदा विवेक सिंह मौके पर पहुच गए। मृतका के परिजनो ने बताया कि उसका पति मलेशिया में रहता है। उसके एक पुत्र एक पुत्री है। परिवारीजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## धान क्रय में गड़ीबड़ी करने वालों के विरूद्ध होगी कार्रवाई: जिलाधिकारी

अवधनामा संवाददाता



- खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 हेतु शासन द्वारा धान कॉमन का समर्थन मूल्य 2183/- रू0 प्रति कुन्टल एवं धान ग्रेड-ए का 2203/-रू0 प्रति कुन्टल घोषित निर्धारित

**शाहजहाँपुर।** जिलाधिकारी महोदय उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 के अन्तर्गत धान क्रय/ई-पॉप डिवाइस पर केन्द्र प्रभारियों की कार्यशाला एवं धान खरीद के सम्बन्ध में तैयारियों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक कें दौरान जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिये कि समस्त केन्द्र प्रभारी 30 सितंबर तक समस्त तैयारिया पूर्ण कराते हुये प्रमाण पत्र प्रेषित करना सुनिश्चित करें। उन्होने जिला खाद्य विपणन अधिकारी को भी निर्देशित किया कि तैयारियों के सम्बन्ध में सभी केन्द्रो से प्रमाण पत्र प्राप्त कर समय से प्रस्तुत करें। जिलाधिकारी ने यह निर्देश दिये कि समस्त क्रय केन्द्रो पर पूर्ण पारदर्शिता के साथ क्रय कार्य कराया जाये किसी भी प्रकार की गड़बडी करने वालों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी। उन्होने बताया कि क्रय केन्द्रो का औचक निरीक्षण किये जाने हेतु टीमें गठित कर दी गयी है जो समय-समय पर क्रय केन्द्रो का औचक निरीक्षण करेंगी, इस दौरान यदि कोई भी अनियमितता पाई जाती है तो सम्बन्धित केन्द्र प्रभारी उत्तरदायी होगें।जिलाधिकारी ने सभी केन्द्र प्रभारियों एवं संबन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये कि क्रय केन्द्रो पर आने वाले किसानो से बेहतर व्यवहार किया जाये तथा किसानों को आवश्यक सुविधाएं एवं जानकारियां उपलब्ध करायी जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि शासनादेश में उल्लिखित निर्देशों का पूर्णतया अनुपालन सुनिश्चित किया जाये। सभी क्रय केन्द्रो पर सत्यापित कांटा बांट, नमी मापक यंत्र आदि उपकरणों की उपलब्धता समय से सुनिश्चित करायी जाये।

साथ ही उन्होने रोजा मंण्डी में ट्रफिक व्यवस्था में सुधार करने हेतु अपर पुलिस अधीक्षक नगर, पुलिस क्षेत्राधिकारी, अपर जिलाधिकारी प्रशासन तथा ट्राफिक इंस्पेक्टर को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने सभी केन्द्रो पर सूचनाओं की बालपेटिंग कराये जाने हेतु कड़े निर्देश दिये। उन्होने कहा कि सभी केन्द्रो पर सम्बन्धित अधिकारीयों के नं0 अवश्य प्रदर्शित किये जाये। केन्द्र पर किसानों के बैठने, पानी इत्यादि अवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जाये। उन्होने कहा कि कृषक बंधु अपना धान साफ सुथरा एवं सुखाकर मानक के अनुरूप निर्धारित तिथि को केन्द्र पर लाकर विक्रय करते हुये लाभकारी मूल्य प्राप्त कर सकते है।

बैठक के दौरान जिला खाद्य विपणन अधिकारी राकेश मोहन पाण्डेय ने बताया कि 01 अक्टूबर, 2023 से 31 जनवरी, 2024 तक धान क्रय किया जायेगा।

आगामी खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 हेतु शासन द्वारा धान कॉमन का समर्थन मूल्य 2183/- रू0 प्रति कुन्टल एवं धान ग्रेड-ए का 2203/- रू0 प्रति कुन्टल घोषित/निर्धारित किया गया है। जिलाधिकारी द्वारा जिला खरीद अधिकारी अपर जिलाधिकारी प्रशासन को नामित किया गया है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 के अंतर्गत गत वर्ष के सापेक्ष अनुमोदित धान क्रय केंद्र पूर्व स्वीकृत 152 क्रय केन्द्रो पर केंद्र प्रभारियों की तैनाती की जा चुकी है शेष नव स्वीकृत 50 क्रय केन्द्रों पर प्रभारी तैनाती प्रक्रिया में है।

## हमाओ बांदा, हमाई शान के तहत पर्यटन स्थलों की डाक्यूमेंट्री दिखाई

अवधनामा संवाददाता

**बांदा।** विश्व पर्यटन दिवस के उपलक्ष्य में बुंदेलखंड पर्यटन विकास समिति द्वारा नूतन बाल समाज के तत्वाधान में पर्यटन गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें बांदा के पर्यटन स्थलों से संबंधित डाक्यूमेंट्री फिल्म का प्रदर्शन सचिव सचिन चतुर्वेदी द्वारा किया गया, जिसमें जिले के विभिन्न पर्यटन स्थलों व धार्मिक ऐतिहासिक महत्व के स्थलों के बारे में जानकारी दी गई। इसके पूर्व अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कलाकार रमेश पाल की टीम द्वारा दीवारी नृत्य का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में बुंदेलखंड पर्यटन विकास समिति के अध्यक्ष श्याम निगम ने जनपदवासियों से कहा कि बुंदेलखंड को विश्व पर्यटन में और आगे ले जाने से यहां के लोग गौरवान्वित होंगे। इसके लिए जरूरी है कि हम सभी को अपने सभी ऐतिहासिक स्थलों के बारे में जानकारी होना चाहिए। साथ ही अतिथि देवो भवः की भावना हमारे मन में होनी चाहिए। तभी यहां के पर्यटन के विकास को गति मिलेगी। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के पूर्व पीडब्ल्यूडी मंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय मौजूद रहे जबकि बांदा अर्बन कोऑपरेटिव बैंक के महा प्रबंधक दिनेश दीक्षित ने अध्यक्षता की। साथ ही कार्यक्रम में विशिष्ट के रूप में जिला अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष अशोक त्रिपाठी जीतू भी मौजूद रहे। इन्हें पर्यटन विकास समिति द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर राजीव गांधी महाविद्यालय के प्राचार्य रामभरत सिंह तोमर को भी स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान अभिषेक सिंह, निखिल सक्सेना, पंकज रावत, संजय निगम अकेला, संजय काकोनिया आदि पर्यटन समिति के सदस्य मौजूद रहे।

## डेंगू के पांच पाजिटिव केस मिले, युवक की बुखार से मौत

**बांदा।** डेंगू का प्रकोप थमने का नाम नहीं ले रहा है। पैथालाजी में हो रही जांचों के दौरान प्रतिदिन पाजिटिव केस मिल रहे हैं। गुरुवार को जिला अस्पताल में जांच के दौरान पांच डेंगू पाजिटिव मरीज मिले। इसके साथ ही बुखार से पीड़ित एक युवक की गुरुवार की दोपहर जिला अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। जबकि कई बुखार पीड़ितों को जिला अस्पताल में भर्ती कर उपचार शुरू किया गया। गुरुवार को बारावफात का अवकाश होने के बाद भी अस्पताल में मरीजों की खासी भीड़ जमा रही। मरीज पर्चा कटवाने के बाद चिकित्सकों के चेंबरों के बाहर भी जमे रहे। अतर्रा थाना क्षेत्र के मुरलिया पुरवा निवासी कमलेश यादव (40) पुत्र मेवालाल काफी दिनों से बुखार से पीड़ित था।

## सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भगत सिंह का स्मरण किया

अवधनामा संवाददाता



**मथुरा।** अखिल भारतीय समता फाउंडेशन जनपद मथुरा द्वारा कृष्णा नगर बिजली घर कैंप कार्यालय पर शहीद ए आज़म युवाओं के हृदय सम्राट त्याग एवं साहस की प्रतिमूर्ति सरदार भगत सिंह के 116 में जन्म दिवस पर पुष्पांजलि सभा का आयोजन मीडिया प्रभारी अंकित सागर के नेतृत्व में हुआ अध्यक्षता किसान नेता धनीराम बाबा ने की पुष्पांजलि सभा में सर्वप्रथम रमेश सैनी मथुरा वृन्दावन महानगर अध्यक्ष समाजवादी पार्टी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ एवं उपाध्यक्ष चित्रसेन मौर्य ने संयुक्त रूप से शहीदे आजम के चित्र पर प्रतीक आत्मक पुष्प स्थापित कर संपूर्ण बृजवासियों की ओर से पुष्प अर्पित कर उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा की सरदार भगत सिंह जी ने भारत को सामाजिक आर्थिक राजनीतिक धार्मिक गुलामी से मुक्त करने के लिए अपने प्राण हंसते-हंसते न्योछावर कर दिए और भारत के आम नागरिकों को मुख्य धारा से जोड़ने का सपना देकर चले गए जो आज भी अधूरा है वर्तमान में सत्ता लोभी लोग सत्ता एवं साधनों का केंद्रीकरण कर नागरिकों को उनके अधिकारों से वंचित कर रहे हैं और सरदार भगत सिंह के सपनों के भारत को धूमिल कर रहे हैं।

पुष्पांजलि सभा के दौरान अध्यक्ष लुकेश कुमार राही ने कहा सरदार भगत सिंह ने शक्ति हाथ में लेकर शांति का संदेश दिया वे सामाजिक राजनीतिक आर्थिक परिवर्तन के समर्थक थे संपूर्ण राष्ट्र सरदार भगत सिंह के प्रति कृतज्ञ रहेगा।

पुष्पांजलि सभा में रमेश सैनी अध्यक्ष सपा पिछड़ा वर्ग मथुरा वृंदावन, चित्रसेन मौर्य, धनीराम बाबा, अंकित सागर, आकाश बाबू, राजकुमार सैनी, विनोद बघेल, अतर सिंह इंजीनियर, सौदान सिंह, गुलशन कुमार पार्षद, मुख्तार सिंह, सच्चिदानंद आदि उपस्थित रहे।

# रोशिबिना देवी ने वुशु में जीता सिल्वर मेडल, मणिपुर को समर्पित किया मेडल




गुरुवार को एशियाई खेलों की महिला 60 किग्रा वुशु सांडा फाइनल में भारत की नाओरेम रोशिबिना देवी ने रजत पदक जीता। जिसके बाद उन्होंने यह पदक मणिपुर हिस्सा के पीड़ितों को समर्पित किया।

भारत की नाओरेम रोशिबिना देवी ने गुरुवार को यहां एशियाई खेलों की महिला 60 किग्रा वुशु सांडा फाइनल में स्थानीय दावेदार वू शियाओवेई के खिलाफ 0.2 की शिकस्त के साथ रजत पदक जीता। उन्होंने यह पदक मणिपुर हिस्सा के पीड़ितों को समर्पित किया।

रोशिबिना का गृह राज्य मणिपुर इस साल मई से हिंसा से जूझ रहा है। विरोधी कुकी जातीय समुदाय के दबदबे वाले चूरचांदपुर के करीबी बिष्णुपुर के क्वाशिफाई गांव की रहने वाली मैतेई समुदाय की रोशिबिना को स्थानीय खिलाड़ी को कड़ी टक्कर देने के बावजूद हार का सामना करना पड़ा। मणिपुर में दोनों समुदायों के बीच हिंसा में कई लोगों की जान जा चुकी है जबकि घायलों का आंकड़ा भी काफी अधिक है।

रोशिबिना ने रजत पदक जीतने के बाद कहा, मणिपुर जल रहा है। मणिपुर में हिंसा जारी है। मैं अपने गांव नहीं जा सकती। मैं यह पदक उन लोगों को समर्पित करना चाहती हूं जो हमारी रक्षा कर रहे हैं और वहां पीड़ा सह रहे हैं। मणिपुर की इस खिलाड़ी ने रोते हुए कहा, मुझे नहीं पता कि क्या होगा, लड़ाई तो जारी है। यह कब रुकेगा और पहले की तरह सामान्य जिंदगी कब लौटेगी।

रोशिबिना को गत चैंपियन शिया ओवेई के खिलाफ जूझना पड़ा और उन्होंने चीन की खिलाड़ी को अच्छी शुरुआत करने का मौका दिया। जजों ने दो दौर के बाद शियाओवेई को विजेता घोषित किया। चीन की खिलाड़ी पहले दौर से ही आक्रामक दिखी और उन्होंने रोशिबिना को गिराकर अंक बनाए। मणिपुर की खिलाड़ी ने वापसी करते हुए शियाओवेई का पैर पकड़कर उन्हें सीमा रेखा से बाहर करने की कोशिश की लेकिन नाकाम रही जिससे चीन की खिलाड़ी ने 1.0 की बढ़त बनाई। दूसरे दौर में चीन की खिलाड़ी ने रोशिबिना के शरीर के ऊपरी हिस्से पर प्रहार से अंक जुटाए और जीत दर्ज की। रोशिबिना ने 2018 में जकार्ता खेलों में कांस्य पदक जीता था।

रोशिबिना ने बुधवार को विश्व चैंपियनशिप की रजत और कांस्य पदक विजेता वियतनाम की थी थू थुइ एनगुएन को 2.0 से हराकर कम से कम रजत पदक सुनिश्चित किया था। इस भारतीय खिलाड़ी ने बुधवार को अपने माता-पिता से बात की और उन्होंने अपनी बेटी को मणिपुर हिंसा से ध्यान नहीं भटकने देने और फाइनल पर ध्यान केंद्रित करने को कहा।

उन्होंने कहा, उन्होंने मेरे से कहा कि मैं मैच पर ध्यान दूं ना कि अन्य चीजों पर। मेरा परिवार ठीक है। मैं उनसे नियमित रूप से बात नहीं करती क्योंकि मेरे कोच कहते हैं कि वहां हो रही हिंसा से मेरा ध्यान भटक जाएगा। रोशिबिना ने कहा, हमने बहुत अच्छी तैयारी की और हम यहां अच्छा प्रदर्शन कर सके और रजत पदक जीता।

## भारतीय साइकिलिस्ट डेविड बैकहम पदक की दौड़ से बाहर, महिलाओं के पास मौका



एशियाई खेलों में भारतीय साइकिलिस्ट डेविड बैकहम की पदक जीतने की उम्मीदें पुरूषों की स्प्रिंट रेस के क्वार्टर फाइनल में हारने के साथ ही खत्म हो गई। डेविड को जापान के केया ओता ने हराया।

भारतीय साइकिलिस्ट डेविड बैकहम की एशियाई खेलों में पदक जीतने की उम्मीदें पुरूषों की स्प्रिंट रेस के क्वार्टर फाइनल में हारने के साथ ही खत्म हो गई। डेविड को जापान के केया ओता ने हराया। वह पहली रेस में जापानी प्रतिद्वंद्वी से 2. 395 और दूसरी में 0. 046 सेकंड पीछे रहे। अब वह पांचवें से आठवें स्थान के लिये उतरेंगे।

भारत के नीरज कुमार सातवें स्थान पर रहे। महिला स्प्रिंट में त्रियाशा पॉल जापान की मीना सातो से 0. 722 सेकंड पीछे रही। वह अब रेपेशॉज में दक्षिण कोरिया की यिओंसियो हवांग से खेलेगी। क्वालीफाइंग दौर में त्रियाशा 15वें स्थान पर रही लेकिन मयूरी धनराज लुटे 17वें स्थान पर रहकर कट में प्रवेश नहीं कर सकी। भारत ने साइकिलिंग में एकमात्र पदक 1951 में पहले एशियाई खेलों में जीता था।

## हैदराबाद एयरपोर्ट पर पाकिस्तान टीम का गर्मजोशी के साथ स्वागत, कप्तान बाबर आजम को छू गया भारतीय फैंस का प्यार




हैदराबाद एयरपोर्ट पर बाबर आजम और शाहीन अफरीदी के फैंस उनका नाम लेकर चिल्लाते नजर आए। बाबर आजम अपने इस स्वागत से अभिभूत हो गए जिसके बाद उन्होंने फैंस का धन्यवाद भी किया।

पाकिस्तान क्रिकेट टीम भी हैदराबाद पहुंची। जहां एयरपोर्ट पर भारतीय फैंस द्वारा उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत हुआ। इस दौरान उनकी सुरक्षा को लेकर कड़े इंतजाम भी किए गए और उन्हें सुरक्षित बस तक पहुंचाया गया।

बता दें किए हैदराबाद एयरपोर्ट पर बाबर आजम और शाहीन अफरीदी के फैंस उनका नाम लेकर चिल्लाते नजर आए। फैंस पाकिस्तानी खिलाड़ियों का नाम लेकर नारे लगा रहे थे। बाबर आजम अपने इस स्वागत से अभिभूत हो गए जिसके बाद उन्होंने फैंस का धन्यवाद भी किया।

पाकिस्तान क्रिकेट टीम के कप्तान बाबर आजम ने फैंस की ओर हाथ हिलाकर और मुस्कुराहट ले फैंस का आभार व्यक्त किया। इस दौरान कई फैंस बाबर भाई कहकर चिल्ला रहे थे।

पाकिस्तान के इस दल में 18 खिलाड़ी और 13 खिलाड़ी सहायक कर्मी शामिल थे। बता दें किए पाकिस्तान क्रिकेट टीम अपना पहला अभ्यास मैच 29 सितंबर को हैदराबाद में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेलेगी। इस बीच उनका आखिरी अभ्यास मैच 3 अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होगा। इससे तीन बाद वे 6 अक्टूबर को आईसीसी वनडे वर्ल्ड कप 2023 में अपने अभियान की शुरुआत नीदरलैंड्स के खिलाफ करेंगे।

## रोशिबिना देवी ने वुशु में रजत पदक जीता



रोशिबिना को गत चैंपियन शियाओवेई के खिलाफ जूझना पड़ा और उन्होंने चीन की खिलाड़ी को अच्छी शुरुआत करने का मौका दिया। जजों ने दो दौर के बाद शियाओवेई को विजेता घोषित किया।

भारत की नाओरेम रोशिबिना देवी ने गुरुवार को यहां एशियाई खेलों की महिला 60 किग्रा वुशु सांडा फाइनल में स्थानीय दावेदार वू शियाओवेई के खिलाफ 0.2 की शिकस्त के साथ रजत पदक जीता।

रोशिबिना को गत चैंपियन शियाओवेई के खिलाफ जूझना पड़ा और उन्होंने चीन की खिलाड़ी को अच्छी शुरुआत करने का मौका दिया। जजों ने दो दौर के बाद शियाओवेई को विजेता घोषित किया।

चीन की खिलाड़ी पहले दौर से ही आक्रामक दिखी और उन्होंने रोशिबिना को गिराकर अंक बनाए। मणिपुर की खिलाड़ी ने वापसी करते हुए शियाओवेई का पैर पकड़कर उन्हें सीमा रेखा से बाहर करने की कोशिश की लेकिन नाकाम रही जिससे चीन की खिलाड़ी ने 1.0 की बढ़त बनाई।


दूसरे दौर में चीन की खिलाड़ी ने रोशिबिना के शरीर के ऊपरी हिस्से पर प्रहार से अंक जुटाया और जीत दर्ज की। रोशिबिना ने 2018 में जकार्ता खेलों में कांस्य पदक जीता था।

## आईसीआई वर्डकप 2023 से पहले बढ़ी ऑस्ट्रेलिया की मुश्किलें, एश्टन एगर हुए विश्व कप से बाहर

ऑस्ट्रेलियाई टीम को बड़ा झटका लगा है। दरअसल, ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर एश्टन एगर विश्व कप से बाहर हो गए हैं। बता दें किए एगर चोट से अभी तक उबर नहीं पाए हैं।

वर्ल्ड कप 2023 के आगाज में अब बस कुछ ही दिन शेष रह गए हैं। लेकिन उससे पहले ऑस्ट्रेलियाई टीम को बड़ा झटका लगा है। दरअसल, ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर एश्टन एगर विश्व कप से बाहर हो गए हैं। द डेली टेलीग्राफ की एक रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि एगर चोट से अभी तक उबर नहीं पाए हैं। जो उन्हें साउथ अफ्रीका के खिलाफ हालिया टी20 सीरीज के दौरान लगी थी।

इस महीने की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया की अस्थायी वर्ल्ड कप टीम में नामित अगर, अपने पहले बच्चे के जन्म के लिए साउथ अफ्रीका के खिलाफ एक मुकाबले के बाद स्वदेश लौट गए थे। बाद में भारत के खिलाफ वनडे सीरीज में भी हो नहीं खेल पाए।




हालांकि, भारत में ऑस्ट्रेलियाई सफेद गेंद टीम में शामिल होने की उम्मीद नहीं है। तनवीर संघा, मार्नस लाबुशेन और मैथ्यू शॉर्ट के साथ उनके संभावित प्रतिस्थापन के रूप में सामने आ रहे हैं। उम्मीद है कि गुरुवार तक ऑस्ट्रेलियाई टीम अपने आखिरी 15 खिलाड़ियों वाली वर्ल्ड कप टीम की घोषणा करे।

बता दें किए इससे पहले एश्टन एगर ने फरवरी-मार्च में टेस्ट सीरीज के लिए भारत का दौरा किया था। लेकिन उन्हें बिना एक भी मैच खिलाए वापस स्वदेश लौटना पड़ा। एश्टन एगर को पहले दो टेस्ट मैचों के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम के प्लेइंग इलेवन में जगह नहीं मिली थी और उसके बाद उन्हें वापस भेज दिया गया था।

अगर एश्टन एगर वर्ल्ड कप से भी बाहर हो जाते हैं। तो ऐसे में ऑस्ट्रेलियाई टीम को जल्द से जल्द उनके रिप्लेसमेंट का ऐलान करना होगा। क्योंकि कंगारू टीम के पास फ्रंटलाइन स्पिनर के रूप में केवल एडम जैम्पा ही बचे हैं। ग्लेन मैक्सवेल ने जरूर भारत के खिलाफ तीसरे वनडे में अच्छा प्रदर्शन किया हो लेकर वो नियमित स्पिनर नहीं हैं।

## लता मंगेशकर की जयंती पर प्रधानमंत्री ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की



भारतीय संगीत में उनका योगदान दशकों तक रहा है, जिसने एक चिरस्थायी प्रभाव पैदा किया है। उनकी भावपूर्ण प्रस्तुतियों ने गहरी भावनाओं को जगाया है। उनका हमारी संस्कृति में हमेशा एक विशेष स्थान रहेगा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महान गायिका लता मंगेशकर की 94वीं जयंती पर बृहस्पतिवार को उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, लता दीदी को उनकी जयंती पर याद कर रहा हूं।

भारतीय संगीत में उनका योगदान दशकों तक रहा है, जिसने एक चिरस्थायी प्रभाव पैदा किया है। उनकी भावपूर्ण प्रस्तुतियों ने गहरी भावनाओं को जगाया है। उनका हमारी संस्कृति में हमेशा एक विशेष स्थान रहेगा।

लता मंगेशकर का जन्म 28 सितंबर, 1929 को हुआ था। उन्होंने बॉलीवुड में अनगिनत सदाबहार गाने गाए हैं।

## आंख मिचौली का ट्रेलर रिलीज, मृणाल ठाकुर और अभिमन्यु दसानी की शादी में होगा हंगामा

आंख मिचौली का ट्रेलर रिलीज हो गया है। एक भारतीय शादी के इर्द-गिर्द स्थापित यह फिल्म दो बेमेल परिवारों के पागलपन और उनकी पागल चालों को दिखाती है जो दर्शकों को हंसी, नाटक और भावनाओं से भरी एक आनंदमय यात्रा पर ले जाएगी।

आंख मिचौली का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म में मृणाल ठाकुर और अभिमन्यु दसानी मुख्य भूमिका में हैं। उमेश शुक्ला की अगली फिल्म आंख मिचौली का ट्रेलर हाल ही में लॉन्च किया गया है और यह त्यौहारी सीज़न के दौरान हमारा मनोरंजन करने के लिए एक शानदार कलाकार के साथ एक मनोरंजक यात्रा का वादा करता है। फिल्म में मृणाल ठाकुर और अभिमन्यु दसानी मुख्य भूमिका में हैं।

***आँख मिचौली का ट्रेलर आउट***




आंख मिचौली का ट्रेलर रिलीज हो गया है। एक भारतीय शादी के इर्द-गिर्द स्थापित यह फिल्म दो बेमेल परिवारों के पागलपन और उनकी पागल चालों को दिखाती है जो दर्शकों को हंसी, नाटक और भावनाओं से भरी एक आनंदमय यात्रा पर ले जाएगी। ट्रेलर को इंस्टाग्राम पर शेयर करते हुए मृणाल ने लिखा, यहां आपकी आंखों के लिए एक छोटी सी दावत है! पूरे परिवार के लिए हंसी-मजाक और मौज-मस्ती से भरे बेहतरीन मनोरंजन के लिए तैयार हो जाइए। आंख मिचोली का ट्रेलर अब रिलीज! ध्यान से देखें, इसमें जो दिखता है उससे कहीं अधिक है।

***आँख मिचौली के बारे में अधिक जानकारी***

फिल्म में परेश रावल, मृणाल ठाकुर, अभिमन्यु, शरमन जोशी, दिव्या दत्ता, अभिषेक बनर्जी, दर्शन जरीवाला, गुरूशा कपूर और विजय राज हैं और फिल्म का संगीत बेहद प्रतिभाशाली जोड़ी सचिन-जिगर ने बनाया है।

उमेश शुक्ला द्वारा निर्देशित, जीतेंद्र परमार द्वारा लिखित और सोनी पिक्चर्स इंटरनेशनल प्रोडक्शंस, उमेश शुक्ला और आशीष वाघ के मैरी गो राउंड स्टूडियो द्वारा निर्मित, आंख मिचोली 27 अक्टूबर को पूरे भारत के सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है।

## सलमान खान ने जोरदार एशन के लिए तैयार, दिवाली 2023 पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी टाइगर-3



बॉलीवुड के भाईजान एक बार फिर से लोगों के दिलों में राज करने के लिए तैयार है। सलमान खान कैटरीना कैफ के साथ टाइगर 3 के साथ एक्शन मोड में वापस आने की तैयारी कर रहे हैं। मनीष शर्मा द्वारा निर्देशित यह फिल्म दिवाली पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

बॉलीवुड के भाईजान एक बार फिर से लोगों के दिलों में राज करने के लिए तैयार है। सलमान खान कैटरीना कैफ के साथ टाइगर 3 के साथ एक्शन मोड में वापस आने की तैयारी कर रहे हैं। मनीष शर्मा द्वारा निर्देशित यह फिल्म दिवाली पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी। हालाँकि, फिल्म के बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाने से पहले, निर्माताओं ने 27 सितंबर को प्रशंसकों के लिए एक विशेष आश्चर्य का अनावरण किया।

यशराज फिल्म्स द्वारा 27 सितंबर को टाइगर का मैसेज के अनावरण के बाद हवा में उत्साह है। यह वीडियो टाइगर 3 के बहुप्रतीक्षित ट्रेलर की झलक है। टाइगर के मैसेज में सलमान खान को रहस्यमय एजेंट, टाइगर के रूप में अपनी भूमिका दोहराते हुए और एक महत्वपूर्ण संदेश देते हुए दिखाया गया है। एक मिनट और 46 सेकंड की मनोरंजक क्लिप महत्वपूर्ण है क्योंकि यह सलमान खान की तीसरी बार टाइगर के रूप में वापसी का प्रतीक है। क्लिप में सलमान को रॉ एजेंट अविनाश सिंह राठौड़ के रूप में दिखाया गया है और बताया गया है कि मीडिया में उनकी छवि कैसे खराब की गई है जहां उन्हें गद्दार के रूप में टैग किया जा रहा है।

संदेश से पता चला कि शत्रु नंबर 1 के रूप में फंसा, जाने के बाद टाइगर खतरे में है! यह वीडियो फिल्म की कहानी तय करता है और दिखाएगा कि कैसे टाइगर इस प्रतिशोधपूर्ण एक्शन मनोरंजक फिल्म में अपने दुश्मनों का शिकार करने के लिए एक जानलेवा मिशन पर निकलता है। टाइगर अपने देश, अपने परिवार के लिए अपना नाम साफ़ करना चाहता है और वह किसी भी कीमत पर नहीं रुकेगा! फिल्म की रिलीज का इंतजार कर रहे प्रशंसक टाइगर स्टाइल में सलमान खान का संदेश देखकर काफी रोमांचित थे।

सलमान खान और कैटरीना कैफकी फिल्म टाइगर 3 का पहला पोस्टर रिलीज हो गया है। टाइगर 3 का निर्देशन मनीष शर्मा ने किया है और यह तमिल, तेलुगु और हिंदी में रिलीज होगी।

## तापसी पन्नू बनने जा रही है निर्माता, शानदार कास्ट के साथ पहली फिल्म धक धक का रिलीज किया पोस्टर



तापसी पन्नू पिछले काफी समय से फिल्मों से ज्यादा अपने मीडिया के साथ करने वाले व्यवहार को लेकर चर्चा में हैं। उन्हें कई बार पैपराजी के संग बुरा व्यवहार करते देखा गया। कुछ समय से पैप्स ने उन्हें बायकॉट भी किया हुआ है। अब तापसी जल्द की एक्टिंग के अलावा फिल्म बनाने में भी हाथ आजमाने वाली है।

तापसी पन्नू पिछले काफी समय से फिल्मों से ज्यादा अपने मीडिया के साथ करने वाले व्यवहार को लेकर चर्चा में हैं। उन्हें कई बार पैपराजी के संग बुरा व्यवहार करते देखा गया। कुछ समय से पैप्स ने उन्हें बायकॉट भी किया हुआ है। अब तापसी जल्द की एक्टिंग के अलावा फिल्म बनाने में भी हाथ आजमाने वाली है। तापसी पन्नू आगामी फिल्म धक-धक के साथ अपना प्रोडक्शन डेब्यू करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। फिल्म में रत्ना पाठक शाह, दीया मिर्जा, संजना सांघी और फातिमा सना शेख हैं। निर्माताओं ने एक नए पोस्टर के साथ फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा की।

धक धक की प्रमुख अभिनेत्रियों ने अपनी फिल्म की रिलीज की घोषणा करने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया। अपनी बाइक के साथ पोज देते हुए वे बेहद खूंखार लग रहे थे।

फिल्म की कहानी चार आम महिलाओं के इर्द-गिर्द घूमती है, जो दिल्ली से खारदुंग ला तक बाइक यात्रा पर भावनाओं, रोमांच और खोज की एक असाधारण यात्रा के लिए एक साथ आती हैं। यह पता चलता है कि कैसे इस यात्रा ने उनकी नियति को हमेशा के लिए बदल दिया।

दीया मिर्जा ने पोस्टर शेयर करते हुए लिखा, आखिरकार हमारा इंतजार खत्म हुआ! मैं आपको यह बताना भी शुरू नहीं कर सकती कि इस कहानी का हिस्सा होना कितना परिवर्तनकारी रहा है। बहुत आभारी और बहुत गौरवान्वित। आपके इसे देखने का इंतज़ार नहीं कर सकती।

भावनाओं, रोमांच और खोज की एक असाधारण यात्रा के लिए 4 सामान्य महिलाएं एक साथ आती हैं। धक-धक 13 अक्टूबर को सिनेमा घरों में रिलीज होगी। बीएलएम पिक्चर्स के सहयोग से वायाकॉम18 स्टूडियोज और आउट साइडर फिल्म्स द्वारा निर्मित, धक धक का निर्देशन तरुण डुडेजा द्वारा किया गया है और पारिजात जोशी और तरुण डुडेजा द्वारा सह-लिखित है। यह फिल्म 13 अक्टूबर 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## आलिया भट्ट की अगली फिल्म जिगरा भाई-बहन के रिश्ते पर आधारित, रिलीज़ डेट सामने आई



आलिया भट्ट अपनी आगामी फिल्म जिगरा के साथ सिनेमाघरों में वापसी करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। मंगलवार को धर्मा प्रोडक्शंस ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर आलिया की आगामी फिल्म के शीर्षक की घोषणा साझा की। वासन बाला द्वारा निर्देशित, यह फिल्म फिल्म निर्माता और गुरु करण जौहर के साथ अभिनेता के आठवें सहयोग को चिह्नित करेगी। शीर्षक के साथ, निर्माताओं द्वारा फिल्म के एक मोशन पोस्टर का भी अनावरण किया गया, जो फिल्म की कहानी की ओर इशारा करता है। आलिया करण के धर्मा प्रोडक्शंस के साथ फिल्म का निर्माण भी करेंगी। जिगरा सितंबर 2024 में सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। करण जौहर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर जिगरा का मोशन पोस्टर एक भावुक कैप्शन के साथ साझा किया। उन्होंने कैप्शन में लिखा मेरी जिगरा आलियाभट्ट की वापसी एक बार फिर वासनबाला द्वारा निर्देशित इस असाधारण कहानी पर। अटूट प्रेम और अटूट साहस की कहानी! मोशन पोस्टर से संकेत मिलता है कि जिगरा की कहानी एक बहन के अपने भाई के प्रति प्यार की कहानी है और कैसे वह अपने भाई-बहन की रक्षा के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगी। वीडियो में बैकपैक के साथ शर्ट और पतलून में आलिया की एक कलाकृति दिखाई गई है। अभिनेता को नीयन रोशनी और होर्डिंग्स से घिरे सड़कों पर खड़े देखा जा सकता है। हालांकि पोस्टर में आलिया का चेहरा नहीं दिखाया गया है, लेकिन बैकग्राउंड में उनका वॉयसओवर सुना जा सकता है। मुख्य भूमिका में आलिया भट्ट अभिनीत, यह फिल्म वासन बाला के साथ पहली बार ऑनस्क्रीन सहयोग का प्रतीक है। इस फिल्म में आलिया पहली बार करण जौहर के साथ किसी प्रोडक्शन में काम करेंगी। उसी पर प्रतिक्रिया देते हुए, आलिया ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर लिखा, धर्मा प्रोडक्शन में डेब्यू करने से लेकर अब उनके साथ एक फिल्म का निर्माण करने तक, कई मायनों में, ऐसा लगता है जैसे मैंने जहां से शुरुआत की थी, वहां से पूरा चक्कर लगा रही हूं।

# राज्य में भड़की ताजा हिंसा के बाद केंद्र ने सीनियर आईपीएस अधिकारी राकेश बलवाल को मणिपुर भेजा

**तैनात**

**राकेश बलवाल 2012 बैच के मणिपुर कैडर के आईपीएस अधिकारी हैं। इस समय वह श्रीनगर के एसएसपी के पद पर तैनात थे।**



**नई दिल्ली।** मणिपुर में जारी हिंसा के बीच केंद्रीय गृह मंत्रालय ने स्थिती को संभालने के लिए सीनियर आईपीएस अधिकारी राकेश बलवाल को मणिपुर भेजा है। जुलाई में लापता हुए दो छात्रों की नृशंस हत्या के बाद एक बार फिर मणिपुर में हिंसा भड़क उठी है। बुधवार को छात्रों और स्थानीय लोगों से सुरक्षाबलों की झड़प हो गई, जिसके बाद आरएएफ ने लाठीचार्ज किया। इसमे 45 लोग घायल हो गए। राकेश बलवाल 2012 बैच के मणिपुर कैडर के आईपीएस अधिकारी हैं। इस समय वह श्रीनगर के एसएसपी के पद पर तैनात थे। केंद्र सरकार ने बलवाल को समय से पहले ही मणिपुर उनके होम कैडर वापस भेज दिया है। गृह मंत्रालय द्वारा जारी एक आदेश के मुताबिक, राकेश बलवाल को समय से पहले एजीएमयूटी कैडर से उनके मूल राज्य में वापस भेजा गया है। उन्होंने 2021 के अंत में श्रीनगर एसएसपी के रूप में कार्यभार संभाला था। इससे पहले राकेश बलवाल पुलिस अधीक्षक के रूप में साढ़े तीन साल तक एनआईए में प्रतिनियुक्ति पर थे। वह साल 2019 में पुलवामा आतंकी हमले की जांच दल के सदस्य थे। इस आतंकी हमले में 40 सीआरपीएफ जवान शहीद हो गए थे।

दरअसल, 6 जुलाई से लापता दो छात्रों की हत्या का विरोध कर रहे छात्र और स्थानीय लोगों से आरएएफ जवानों की मंगलवार रात झड़प हो गई थी। इसके बाद आरएएफ ने प्रदर्नकारियों के ऊपर आंसू गैस के गोले, रबर की गोलियां और लाठीचार्ज किया, जिसमें 45 छात्र घायल हो गए। प्रदर्शनकारियों में अधिकतर छात्र हैं। कांग्रेस मणिपुर हिंसा को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साध रही है और सवाल कर रही है कि प्रधानमंत्री ने हिंसा प्रभावित राज्य का दौरा क्यों नहीं किया? ताजा हिंसा को देखते हुए मणिपुर सरकार ने बुधवार को स्कूलों में छुट्टी की घोषणा कर दी गई।

## त्रिशूर में एक ही दिन दो दर्दनाक सड़क हादसे, तीन लोगों की मौत; कई घायल

**त्रिशूर।** केरल के त्रिशूर में दो दर्दनाक सड़क हादसे हुए। इन दो हादसों में तीन युवकों की जान चली गई। पहले हादसे की बात करें तो कैपामंगलम के पास सड़क किनारे एक कार पेड़ से जाकर टकरा गई, जिसकी वजह से 22 वर्ष के दो युवक की मौत हो गई।

कैपामंगलम पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि दुर्घटना देर रात करीब सवा एक बजे हुई। पुलिस ने बताया कि कार में सात लोग सवार थे और बाकी पांच लोगों को मामूली चोटें आईं। उन्होंने आगे जानकारी दी कि 18 से 22 साल की उम्र के सात दोस्त मिलाद-उन-नबी दिवस समारोह से लौट रहे थे।

मन्नुथी पुलिस स्टेशन के एक अधिकारी ने बताया कि दूसरी दुर्घटना पाननचेरी के पास घटी। यह घटना तब घटी जब 28 वर्षीय व्यक्ति की मोटरसाइकिल सड़क के डिवाइडर से टकरा गई। इस सड़क हादसे में व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना का कारण अभी तक पता नहीं चला है।

# राजस्थान और तेलंगाना का दौरा करेगा चुनाव आयोग, दोनों राज्यों में तैयारियों का लेगा जायजा

**नई दिल्ली।** आगामी चुनाव को देखते हुए चुनाव आयोग ने राज्यों में तैयारियों को लेकर जायजा लेने के लिए दौरा कर रहा है। चुनावी राज्य में तैयारियों का आकलन करने के लिए शुक्रवार से राजस्थान के तीन दिवसीय दौरे पर होगा।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार, चुनाव आयुक्त अनुप चंद्र पांडे और अरुण गोयल शुक्रवार को जयपुर में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करेंगे।इसके बाद आयोग राजस्थान पुलिस, आयकर, उत्पाद शुल्क, परिवहन, वाणिज्यिक कर विभाग, रेलवे और एयरपोर्ट आदि के नोडल अधिकारियों से चर्चा करेगा।

30 अगस्त को मुख्य निर्वाचन अधिकारी, राज्य पुलिस नोडल अधिकारी और केंद्रीय पुलिस बल के नोडल अधिकारियों द्वारा चुनाव की तैयारियों पर एक प्रस्तुति भी दी जाएगी। आधिकारिक सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि चुनाव आयोग चुनावी तैयारियों का




जायजा लेने के लिए 3 अक्टूबर से तीन दिनों के लिए तेलंगाना में रहेगा। ऐसा माना जा रहा है कि चुनाव वाले पांच राज्यों में से आखिरी दो राज्यों के दौरे के बाद चुनाव आयोग अक्टूबर के पहले सप्ताह में चुनाव कार्यक्रम की घोषणा कर सकता है। नवंबर-दिसंबर में छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, तेलंगाना, मिजोरम और राजस्थान में विधानसभा चुनाव होने की संभावना है। मिजोरम की विधानसभा का कार्यकाल इस साल 17 दिसंबर को समाप्त हो रहा है। वहीं वर्तमान में पूर्वोत्तर राज्य में मिज़ो नेशनल फ्रंट सत्ता में है। तेलंगाना, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और राजस्थान की विधानसभाओं का कार्यकाल अगले साल जनवरी में अलग-अलग तारीखों पर खत्म हो रहा है। तेलंगाना में जहां भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) का शासन है, वहीं मध्य प्रदेश में भाजपा का शासन है। छत्तीसगढ़ और राजस्थान में कांग्रेस की सरकारें हैं।

# जेपी नड्डा ने कृषि वैज्ञानिक एम एस स्वामीनाथन के निधन पर शोक जताया, कहा- उनके योगदान ने इतिहास की दिशा बदली

**नई दिल्ली।** देश में हरित क्रांति के जनक कहे जाने वाले महान कृषि वैज्ञानिक एम एस स्वामीनाथन का गुरुवार (28 सितंबर) को निधन हो गया। बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने एमएस स्वामीनाथन के निधन पर शोक जताया है।

**रिवॉल्यूशन**

**हरित क्रांति की वजह से देश के कई राज्यों में कृषि उत्पादों में भारी बढ़ोतरी हुई इसलिए उन्हें फादर ऑफ ग्रीन रिवॉल्यूशन भी कहा जाता है।**




हरित क्रांति की वजह से देश के कई राज्यों में कृषि उत्पादों में भारी बढ़ोतरी हुई इसलिए उन्हें फादर ऑफ ग्रीन रिवॉल्यूशन भी कहा जाता है। जेपी नड्डा ने एक्स पर लिखा, ÷भारत की हरित क्रांति के जनक डॉ. एमएस स्वामीनाथन के निधन पर गहरा दुख हुआ। डॉ. स्वामीनाथन एक बहुआयामी व्यक्तित्व थे जिनके कृषि अनुसंधान और नवाचार के क्षेत्र में अमूल्य योगदान ने इतिहास की दिशा बदल दी। नड्डा ने आगे लिखा, ÷उन्होंने भारत की कृषि क्षमताओं को आगे बढ़ाने और लाखों लोगों को भूख के चंगुल से बाहर निकालने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे हमारे लोगों के जीवन में परिवर्तनकारी बदलाव आया। भारत की वैज्ञानिक प्रगति और नवाचार को आगे बढ़ाने की उनकी प्रतिबद्धता हमारे वैज्ञानिक समुदाय को प्रेरित करती रहेगी। उनके परिवार के सदस्यों और शुभचिंतकों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना। ओम शांति।÷

वैज्ञानिक स्वामीनाथन का निधन 98 साल की उम्र में लंबे समय से बीमार रहने के चलते हुआ। एम एस स्वामीनाथन रिसर्च फाउंडेशन के सूत्रों ने बताया कि मशहूर कृषि वैज्ञानिक का काफी समय से उम्र संबंधी बीमारी का इलाज किया जा रहा था। स्वामीनाथन अपने पीछे तीन बेटियों को छोड़ गए हैं। स्वामीनाथन ने देश में धान की फसल को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने धान की ज्यादा उपज देने वाली किस्मों को विकसित करने में बड़ा योगदान दिया। इस पहल के चलते पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश के किसानों को काफी मदद मिली थी।

# कावेरी जल मुद्दे पर 29 सितंबर को बंद रहेगा कर्नाटक, सामान्य जनजीवन प्रभावित होने की संभावना

**बेंगलुरु।** तमिलनाडु को कावेरी नदी का पानी छोड़े जाने के खिलाफ कर्नाटक में लगातार विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। पड़ोसी राज्य में जारी विरोध प्रदर्शनों के बीच शुक्रवार को एकबार फिर बंद का आह्वान किया गया है। इससे पहले मंगलवार को बेंगलुरु बंद किया गया और वहां विरोध प्रदर्शन देखे गए। दूसरा राज्यव्यापी बंद शुक्रवार यानी कल होगा। कन्नड़ समर्थक और किसान संगठनों द्वारा शुक्रवार को कर्नाटक बंद के आह्वान से आम जनजीवन प्रभावित होने की आशंका बताई जा रही है। कर्नाटक रक्षणा वेदिके, कन्नड़ चलावली (वटल पक्ष) और विभिन्न किसान संगठनों सहित कन्नड़ संगठनों के एक प्रमुख संगठन कन्नड़ ओक्कुटा ने राज्यव्यापी सुबह से शाम तक बंद का आह्वान किया है। आयोजकों ने कहा कि शहर में टाउन हॉल से फ्रीडम पार्क तक एक विशाल विरोध जुलूस निकाला जाएगा। इस जुलूस में सभी क्षेत्रों के लोगों के भाग लेने की संभावना है। आयोजकों का



कहना है कि यह बंद पूरे कर्नाटक के लिए है और प्रदर्शन कर रहे सभी संगठन राजमार्गों, टोल गेटों, रेल सेवाओं और हवाई अड्डों को भी बंद करने की कोशिश करेंगे। विपक्षी भाजपा और जद (एस) के साथ-साथ कर्नाटक में होटल, ऑटोरिक्शा और ओला राइडर्स एसोसिएशन ने भी बंद को अपना समर्थन दिया है। इसके अध्यक्ष तनवीर पाशा ने न्यूज एजेंसी पीटीआई को बताया कि ऑटोरिक्शा ड्राइवर्स यूनियन और ओला उबर ड्राइवर्स एंड ओनर्स एसोसिएशन (ओयूडीओए) बंद का समर्थन कर रहे हैं। हम कल नयंदहल्ली से फ्रीडम पार्क तक एक रैली निकालेंगे। कर्नाटक राज्य निजी स्कूल संघ के एक पदाधिकारी ने न्यूज एजेंसी पीटीआई को बताया कि वे बंद को नैतिक समर्थन दे रहे हैं। पदाधिकारी ने कहा, हमने अपने एसोसिएशन के सदस्यों से कहा है कि वे बंद के संबंध में अपने विवेक का इस्तेमाल करें। हमने अपने छात्रों को बता दिया है कि स्कूल बंद रहने की संभावना है। ब्रुहथ बेंगलुरु होटल एसोसिएशन ने हड़ताल को अपना नैतिक समर्थन दिया है। हालांकि, वे इस पर अंतिम निर्णय लेने के लिए बैठक कर रहे थे कि शुक्रवार को पूरे दिन रेस्तरां और भोजनालयों को बंद रखा जाए या नहीं। इस बीच, राज्य परिवहन विभाग ने राज्य परिवहन निगमों को अपनी सेवाएं हमेशा की तरह जारी रखने के निर्देश जारी किए हैं। इस बीच, कुछ कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को तमिलनाडु को कावेरी जल छोड़े जाने के खिलाफ कावेरी हृदय क्षेत्र मांड्या में विरोध प्रदर्शन किया।

## केरल की स्वास्थ्य मंत्री के निजी स्टाफ पर लगे रिश्वत के आरोप, कांग्रेस ने कहा- मामले की जांच हो

**तिरुवनंतपुरम (केरल)।** केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज के एक निजी स्टाफ के खिलाफ रिश्वतखोरी का आरोप सामने आया है। जिसके बाद विपक्षी कांग्रेस ने इसकी जांच की मांग की है। मलप्पुरम जिले के निवासी हरिदासन ने बुधवार को आरोप लगाया कि मंत्री के एक निजी स्टाफ सदस्य ने उनकी बहू की सरकारी चिकित्सा अधिकारी के रूप में नियुक्ति के लिए एक लाख रुपये रिश्वत ली। पथानामथिट्टा में सीपीआई (एम) की ट्रेड यूनियन शाखा सीटू के एक पूर्व कार्यालय सचिव, जिसने कथित तौर पर बिचौलिए के रूप में काम किया, ने भी उक्त नियुक्ति के लिए रिश्वत ली, उन्होंने दावा किया और अपनी बहू को भी इसमें शामिल कर लिया।

# भारत में अमेरिकी दूतावास ने दस लाख गैर-आप्रवासी वीजा के लक्ष्य को पार किया, राजदूत ने ऐसे जताई खुशी

**नई दिल्ली।** भारत में अमेरिकी मिशन ने गुरुवार (28 सितंबर) को बताया कि उसने इस साल दस लाख गैर-आप्रवासी वीजा आवेदनों की प्रक्रिया के अपने लक्ष्य को पार कर लिया है। राजदूत एरिक गार्सेटी ने गुरुवार को व्यक्तिगत रूप से एक कपल को दस लाखवां वीजा सौंपा।

**भारतीय**

**राजदूत गार्सेटी ने कहा, मैं आज इससे ज्यादा खुश नहीं हो सकता। भारत, भारतीयों और संयुक्त राज्य अमेरिका के लिए खुश हूं।**

डॉ. रंजू सिंह और पुनीत दर्गन नाम के कपल को अमेरिका एमआईटी में अपने बेटे के स्नातक समारोह में भाग लेने के लिए यह वीजा दिया गया है। लेडी हार्डिंग कॉलेज की वरिष्ठ सलाहकार डॉ. रंजू सिंह को अमेरिकी दूतावास से इस साल दस लाखवां वीज़ा मिला। वहीं, उनके पति पुनीत दर्गन को अगला वीज़ा दिया गया। यह कपल साल 2024 में अमेरिका की यात्रा



करेगा। इस कपल को मिस्टर एंड मिसेज वन मिलियन के कह कर बधाई देते हुए राजदूत गार्सेटी ने अमेरिका के लिए उनकी यात्रा योजनाओं के बारे में पूछा। साथ ही उन्होंने कपल को अमेरिका में घूमने की जगहों के बारे में बताया। राजदूत गार्सेटी ने कहा, मैं आज इससे ज्यादा खुश नहीं हो सकता। भारत, भारतीयों और संयुक्त राज्य अमेरिका के लिए खुश हूं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा था कि आइए वीजा और विदेश मंत्रालय के लिए तेजी से काम करें। ज्यादा से ज्यादा लोग जो इन वीजा पर काम कर सकते हैं, हमने अपने सिस्टम को बदल दिया, हमने कड़ी मेहनत और होशियारी से काम किया और हमने इस साल दस लाख वीजा आवेदनों में प्रगति की है। उन्होंने आगे कहा, भारत के साथ हमारी साझेदारी अमेरिका के सबसे महत्वपूर्ण द्विपक्षीय संबंधों में से एक है और सही मायने में दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण संबंधों में से एक है। हमारे लोगों के बीच संबंध पहले से कहीं ज्यादा मजबूत हैं और हम अपने रिकॉर्ड-सेटिंग वॉल्यूम को जारी रखेंगे। आने वाले महीनों में ज्यादा से ज्यादा भारतीय आवेदकों को अमेरिका की यात्रा करने और अमेरिका-भारत मित्रता का प्रत्यक्ष अनुभव करने का अवसर देने के लिए वीजा कार्य शुरू किया जाएगा।

अमेरिकी मिशन ने साल 2019 की तुलना में लगभग 20 प्रतिशत ज्यादा आवेदनों पर कार्रवाई की है। डॉ. रंजू सिह ने कहा, ÷हमारा वीजा इंटरव्यू खत्म होने के बाद हमें एक ईमेल मिला कि हमें अपना वीजा लेना है। हमें बताया गया कि हम दस लाखवें हैं। राजदूत का हमसे व्यक्तिगत रूप से मिलना हमारे लिए एक महान क्षण था।

## अंटार्कटिका की महिलाओं ने की थी उत्पीड़न की शिकायत, अब श्रमिक नहीं खरीद सकते बार से शराब

**वेलिंगटन (न्यूजीलैंड)।** दुनिया की सबसे ठंडी जगह अंटार्कटिका है। बर्फ की चादर में लिपटी हुई यह जगह अपनी खूबसूरती के लिए भी काफी प्रसिद्ध है। अंटार्कटिका में रहना आसान नहीं है क्योंकि यहां का मौसम काफी दुर्लभ है। हालांकि बर्फ से घिरे अंटार्कटिका में यौन उत्पीड़न के कई मामले सामने आए हैं। इस मामले पर एक्शन लेते हुए अनुसंधान कार्यक्रम की देखरेख करने वाली एक संघीय एजेंसी ने रविवार से अंटार्कटिका में मुख्य संयुक्त राज्य अमेरिका बेस पर शराब नहीं परोसने का फैसला किया है। नेशनल साइंस फाउंडेशन ने पुष्टि की है कि मैकमुर्डो स्टेशन पर पूरी तरह से शराब बंद नहीं किया जाएगा। शोधकर्ता और सहायक कर्मचारी अभी भी स्टेशन स्टोर से शराब का साप्ताहिक राशन खरीद सकेंग

# जस्टिन टूडो का बयान गैर-जिम्मेदाराना है', निज्जर हत्या मामले में बोले भारतीय प्रवासी

**ब्रैम्पटन (कनाडा)।** कनाडा में प्रवासी भारतीयों ने खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या पर कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन टूडो द्वारा भारत के खिलाफ लगाए गए आरोपों को बेहद गैर-जिम्मेदाराना करार दिया है।

ब्रैम्पटन के भारतीय-कनाडाई व्यवसायी रवि शर्मा ने कहा, संसद में प्रधानमंत्री टूडो द्वारा की गई टिप्पणी कुछ ऐसी थी जिसे आसानी से टाला जा सकता था और वह आसानी से राजनयिक चैनलों का पालन कर सकते थे।

वह कनाडा की धरती पर खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की घातक गोलीबारी में भारत सरकार की संलिप्तता पर टूडो के आरोपों का जवाब दे रहे थे।

ब्रैम्पटन के कनाडाई व्यवसायी ने कहा, जैसे ही घोषणा की गई, कनाडा में हिंदू समुदाय सतर्क हो गया और इसका तत्काल प्रभाव पड़ा कि लोगों को लगा कि वे संकट में हैं और वे भयभीत थे क्योंकि संसद में जो आवाज उठाई गई थी, वह ऐसी लग रही थी अगर



किसी हिंदू सरकार ने किसी सिख नेता की हत्या कर दी होती जो तथ्य नहीं है तथ्य बहुत अलग था और कनाडा में हिंदू और सिख हमेशा शांति और सद्भाव से रहे हैं और प्रधानमंत्री टूडो द्वारा दिया गया बयान बेहद गैर-जिम्मेदाराना था।

शर्मा ने कहा कि टूडो बस इसे दोबारा लिख सकते थे, इसे दोबारा बदल सकते थे ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि समुदाय प्रभावित न हों। और यही बात मैं अपने साथी हिंदू और सिख सदस्यों और उन लोगों से सुनता रहा हूं जिन्हें मैं जानता हूं। और मुझे उम्मीद है कि समुदाय अपने बंधनों को मजबूत करने की दिशा में काम करेंगे और इस बयान का हमारे सामुदायिक संबंधों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा और हम कनाडा को मजबूत बनाना जारी रखेंगे और हमारे भाईचारे को भी मजबूत बनाएंगे। पिछले गुरुवार को, टूडो ने कहा कि उनका देश अंतरराष्ट्रीय नियम-आधारित आदेश के साथ खड़ा है और खालिस्तानी नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत की भूमिका पर अपने आरोप को दोहराते हुए कहा कि ऐसा मानने के लिए ÷विश्वसनीय कारण÷ हैं। न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र में कनाडा के स्थायी मिशन में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए टूडो ने कहा, जैसा कि मैंने सोमवार को कहा, यह मानने के विश्वसनीय कारण हैं कि कनाडा की धरती पर एक कनाडाई की हत्या में भारत सरकार के एजेंट शामिल थे।

# चीनी हैकरों ने 60,000 अमेरिकी सरकार के ईमेल चुराए, सीनेट कर्मचारी ने किया दावा



**वाशिंगटन।** सीनेट के एक कर्मचारी ने बुधवार को रॉयटर्स को बताया कि इस साल की शुरुआत में माइक्रोसॉफ्ट के ईमेल प्लेटफॉर्म को नष्ट करने वाले चीनी हैकरों ने अमेरिकी विदेश विभाग के खातों से हजारों ईमेल चुरा लिए। बुधवार को विदेश विभाग के आईटी अधिकारियों की एक ब्रीफिंग में भाग लेने वाले कर्मचारी ने कहा कि अधिकारियों ने सांसदों को बताया कि विदेश विभाग के 10 अलग-अलग खातों से 60,000 ईमेल चोरी हो गए थे। हालाँकि पीड़ितों के नाम नहीं बताए गए, लेकिन उनमें से एक को छोड़कर सभी पूर्वी एशिया और प्रशांत क्षेत्र में काम कर रहे थे।

सीनेटर एरिक शिमट के लिए काम करने वाले कर्मचारी ने उसका नाम नहीं छापने की शर्त पर ब्रीफिंग का विवरण साझा किया। अमेरिकी विदेश विभाग ने टिप्पणी मांगने वाले संदेश का तुरंत जवाब नहीं दिया।

## अमेरिका में भारतीय नागरिक ने की 2.8 मिलियन डॉलर की धोखाधड़ी, कोर्ट ने लगाया मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप

**वाशिंगटन।** अमेरिका के मिशिगन में एक संघीय जूरी ने एक भारतीय नागरिक को 2.8 मिलियन अमेरिकी डॉलर की स्वास्थ्य देखभाल की धोखाधड़ी करने और मनी लॉन्ड्रिंग में शामिल होने के लिए दोषी ठहराया है। मुकदमे के दौरान पेश किए गए अदालती दस्तावेजों और सबूतों के अनुसार, 43 वर्षीय योगेश पंचोली अमेरिकी राज्य मिशिगन में स्थित एक घरेलू स्वास्थ्य कंपनी श्रिंग होम केयर इंक के मालिक हैं और इस कंपनी को चलाते हैं। एक बयान में कहा गया है कि बिलिंग मेडिकेयर से बाहर किए जाने के बावजूद पंचोली ने कंपनी के अपने स्वामित्व को छुपाने के लिए दूसरों के नाम, हस्ताक्षर और व्यक्तिगत पहचान संबंधी जानकारी का उपयोग करके श्रिंग कंपनी को खरीदा था। दो महीने की अवधि में आरोपी पंचोली और उनके सह-षड्यंत्रकारियों ने बिल बनाया और मेडिकेयर द्वारा उन सेवाओं के लिए लगभग 2.8 मिलियन अमेरिकी डॉलर का भुगतान किया गया जो कभी प्रदान नहीं की गई थीं।इसके बाद आरोपी पंचोली ने इस धनराशि को फर्जी कंपनियों के बैंक खातों के माध्यम से अंततः भारत में अपने बैंक खातों में ट्रांसफर कर दिया।

# बादलों में मौजूद हैं माइक्रोप्लास्टिक, पर्यावरण और इंसानों में पैदा कर सकते हैं खतरा, वैज्ञानिकों ने की पुष्टी

**वॉशिंगटन।** जापान के शोधकर्ताओं ने पुष्टि की है कि बादलों में माइक्रोप्लास्टिक्स मौजूद हैं। माइक्रोप्लास्टिक्स बादलों के जरिए धरती पर जलवायु को प्रभावित कर रहे हैं. हालांकि, शोधकर्ता अभी तक इसे पूरी तरह से समझ नहीं आए हैं।

एनवायर्नमेंटल केमिस्ट्री लेटर्स में प्रकाशित एक शोध में, वैज्ञानिकों ने माउंट फूजी और माउंट ओयामा की चोटियों पर चढ़ाई करके बादलों से पानी इकट्ठा किया। इसके बाद उनके भौतिक और रासायनिक गुणों का पता लगाने के लिए नमूनों की इमेजिंग तकनीक से जांच की।

**पॉलिमर**

**टीम ने वायुजनित माइक्रोप्लास्टिक्स में नौ अलग-अलग तरह के पॉलिमर और एक तरह के रबर की पहचान की।**

टीम ने वायुजनित माइक्रोप्लास्टिक्स में नौ अलग-अलग तरह के पॉलिमर और एक तरह के रबर की पहचान की। इसका आकार 7.1 से 94.6 माइक्रोमीटर तक है। बादल के हर एक लीटर पानी में प्लास्टिक के 6.7 से 13.9 टुकड़े होते हैं।

इसके अलावा, बादलों में हाइड्रोफिलिक या पानी में पाया जाने वाला पॉलिमर प्रचुर मात्रा में था। इससे पता चलता है कि ये कण तेजी से बादल निर्माण और इस प्रकार जलवायु प्रणालियों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

वासेदा विश्वविद्यालय के प्रमुख लेखक हिरोशी ओकोची ने बुधवार को एक बयान में चेतावनी देते हुए कहा, अगर प्लास्टिक वायु प्रदूषण



के मुद्दे पर सही तरीके से नहीं निपटा गया, तो जलवायु परिवर्तन और पारिस्थितिक जोखिम हकीकत में बदल सकते हैं, जिससे भविष्य में कभी ना बदलने वाले और गंभीर पर्यावरणीय नुकसान हो सकता है।

ओकोची ने कहा, जब माइक्रोप्लास्टिक ऊपरी वायुमंडल में पहुंचते हैं और सूरज की रोशनी से पराबैंगनी विकिरण के संपर्क में आते हैं, तो वे नष्ट हो जाते हैं, जिससे ग्रीनहाउस गैसों में बढ़ोतरी होती है। माइक्रोप्लास्टिक्स को 5 मिलीमीटर से कम के प्लास्टिक कणों के रूप में परिभाषित किया गया है। इसमें- औद्योगिक अपशिष्ट, कपड़ा, सिंथेटिक कार टायर, व्यक्तिगत देखभाल उत्पाद आते हैं।ये छोटे टुकड़े समुद्र की सबसे गहरी जगहों में मछलियों के अंदर पाए गए हैं जो समुद्र तट पर बर्फ जमा कर रहे हैं और फ्रांस और स्पेन के बीच पीरनिस चट्टानों पर बर्फ की चट्टानें बिछा रहे हैं।

## मिल गया दुनिया का आठवां महाद्वीप, धरती में कहां पर है जीलैंडिया? वैज्ञानिकों ने किए खुलासे

**वेलिंग्टन।** दुनिया में सात नहीं आठ महाद्वीप है। जी हां आपने सही सुना। एशिया, अफ्रीका, यूरोप, उत्तर और दक्षिण अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और अंटार्कटिका के बाद भूवैज्ञानिकों और भूकंपविज्ञानियों की छोटी टीम ने दुनिया का आठवां महाद्वीप खोज निकाला है, जिसका नाम जीलैंडिया है।18.9 लाख वर्ग किलोमीटर में फैले इस महाद्वीप का 94 फीसदी हिस्सा पानी में समाया हुआ है। बाकी बचे छह फीसदी हिस्से में न्यूजीलैंड और छोटे द्वीप मौजूद हैं। वैज्ञानिकों ने जानकारी दी कि यह महाद्वीप गोंडवाना नामक एक सुपर कॉन्टिनेंट का हिस्सा था। जीलैंडिया करीब 10.5 करोड़ साल पहले गोंडवाना से अलग हुआ था। कुछ दिनों पहले भूवैज्ञानिकों और भूकंप वैज्ञानिकों की एक अंतरराष्ट्रीय टीम ने टेक्टोनिक्स पत्रिका में जीलैंडिया का एक मैप जारी किया था।

# अशरफ का साला सद्दाम दिल्ली से गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता

- दुबई में लग्जरी लाइफ जी रहा था सद्दाम, लौटने पर यूपी एसटीएफ ने दबोचा
- दुबई में लग्जरी लाइफ जी रहा था सद्दाम



**प्रयागराज।** पूर्व बाहुबली सांसद एवम् माफिया अतीक अहमद के भाई खालिद अजीम उर्फ मो. अशरफ के साले सद्दाम को यूपी एसटीएफ ने आखिरकार दबोच लिया है। उस पर एक लाख रुपए का इनाम था। अधिवक्ता उमेश पाल हत्याकांड के बाद से वह फरार चल रहा था। सद्दाम को दिल्ली से गिरफ्तार किया गया है।

यूपी एसटीएफ के हत्थे चढ़ा सद्दाम धूमनगंज में गत 24 फरवरी को हुए उमेश पाल हत्याकांड के बाद दुबई भाग गया था। कुछ महीने दुबई रुकने के बाद वह भारत वापस लौटा था। अभी सद्दाम दिल्ली में छुपा हुआ था, जहां से यूपी एसटीएफ ने आज उसे धर दबोचे। पिछले दिनों माफिया अशरफ के साले सद्दाम की कई तस्वीरें वायरल हुई, जिसमें वह दुबई में घूमता हुआ दिखाई दिया था। तब बताया गया था कि अतीक और अशरफ की अवैध कमाई को सद्दाम दुबई में निवेश कराता था। इतना ही नहीं सद्दाम बरेली जेल में अधिकारियों की मिलीभगत से अशरफ को वीवीआईपी सुविधा भी मुहैया कराता था। इसके साथ ही सद्दाम बरेली जेल में अशरफ से शूटरों की भी मुलाकात कराता था।

उमेश पाल हत्याकांड में शामिल शूटर गुड्डू मुस्लिम, अरमान और साबिर के साथ अतीक अहमद की पत्नी शाइस्ता परवीन और मो. अशरफ की पत्नी जैनब फातिमा अभी भी फरारी काट रहे है। सद्दाम जैनब फातिमा का भाई है। सद्दाम के अलावा उसके दो अन्य भाई गद्दाफी और जैद भी फरार है। सद्दाम पर इनाम घोषित था। उसके खिलाफ कोर्ट से गैर जमानती वारंट भी जारी किया गया था। सद्दाम अशरफ से जेल में सद्दाम ही गुर्गों की मुलाकात कराता था। उमेश पाल के मर्डर से पहले भी उसी ने अशरफ से गुर्गों की मुलाकात कराई थी। वो अशरफ का बेहद खास था।

बता दें कि 17 अप्रैल को सद्दाम पर आईजी रेंज डॉ. राकेश सिंह ने 50 हजार का इनाम तय किया था। इसके बाद एडीजी जोन की ओर से इनाम की राशि एक लाख रुपये कर दी गई थी। प्रयागराज के धूमनगंज इलाके में रहने वाला सद्दाम बरेली के थाना बिथरी चैनपुर और बारादरी थाना पुलिस की वांटेड लिस्ट में है।

सद्दाम ने जेल में अपना नेटवर्क खड़ा किया और लल्ला गद्दी की मदद से वह जेल में अशरफ से किसी की भी मुलाकात आसानी से करवा देता था। इसके बाद अशरफ जेल में बैठे-बैठे अपने कारनामों को अंजाम देता था। उमेश पाल हत्याकांड से पहले 11 फरवरी को भी जेल में शूटरों से मुलाकात का पूरा प्लान सद्दाम ने बनाया था। उमेश पाल की दिन दहाड़े हत्या से 13 दिन पहले यानी 11 फरवरी को अशरफ से मिलने 8 से 9 लोग गए थे। इस मुलाकात में अतीक का बेटा असद, लल्ला गद्दी, उस्मान चौधरी और गुड्डू मुस्लिम, मोहम्मद साबिर सहित करीब 8 से 9 लोग शामिल थे।

# राष्ट्र रक्षक सेनानी बनकर राष्ट्र एवं सनातन विरोधियों को हमें हराना होगा: राजेश

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** भाजपा भाजपा बेणी माधव मंडल के द्वारा मंडल कार्यालय दारागंज में बूथ सशक्तिकरण अभियान शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एवं जिला प्रवक्ता राजेश केसरवानी में कहा कि आगामी लोकसभा के समर में हमें एक राष्ट्र रक्षक सेनानी की तरह राष्ट्र एवं सनातन विरोधियों के खिलाफ पूरी तैयारी के साथ लड़ना है जिसके लिए हमें अपने बूथ को और मजबूत बनाना है। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष राजू पाठक ने कार्यकर्ताओं को करणीय कार्यों को बताया और मंडल, शक्ति केंद्र, और बूथ स्तर पर वेरिफिकेशन का कार्य किया। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष भरत निषाद ने करते हुए आए हुए अतिथियों को अंगवस्त्रम पहनाकर स्वागत किया। बैठक मे सुभाष वैश्य, लालजी यादव, अतुल जैन ,अरुण श्रीवास्तव, राजेश पाठक, कंचन चंद्रा, सोनू निषाद, अशोक तिवारी, जयवर्धन त्रिपाठी,पार्षद सिंटू मिश्रा, पूर्व पार्षद राजेश निषाद, सुधीर गुप्ता, कमलेश गुप्ता, मनोज शुक्ला, पुरुषोत्तम केसरी, आशुतोष पालीवाल, विकास केसरवानी, संतोष मिश्रा, टीपी सिंह , अशोक कनौजिया, रवि प्रकाश, अर्चित सिंह, रवि गुप्ता, शिशिर श्रीवास्तव, अजय पंडित, तीरथ राज पांडे आदि रहे।

# गोद लिए गए 104 टीबी मरीजों को ठाकुरबाड़ी ने पोषाहार किट बांटी

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत गुरुवार को सामाजिक संस्था ठाकुरबाड़ी महिला विकास कल्याण समिति ने गोद लिए गए 104 टीबी मरीजों को संस्था के मुख्यालय सिंगरामऊ स्थित गौरी शंकर मंदिर में पोषाहार किट का वितरण किया। मुख्य अतिथि डब्लूएचओ के कंसल्टेंट डॉ. विनोद कुमार वीजी एवं संस्था प्रमुख डॉ अंजू सिंह ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। डॉ विनोद कुमार ने राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के प्रमुख बिन्दुओं पर प्रकाश डाला और सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने पोषण की आवश्यकता पर बल दिया। सभी रोगियों को दवा के साथ साथ संस्था द्वारा दिए जा रहे प्रोटीन युक्त पोषाहार को नियमित रूप से लेने की सलाह दी। उन्होंने संस्था को राज्यपाल द्वारा सम्मानित किये जाने पर संस्था प्रमुख और कार्यकर्ताओं को बधाई दी। संचालन शुभम सिंह ने किया। इस दौरान पोषाहार किट तैयार करने वाली स्वयं सहायता समूह की महिलाओं सुनीता देवी, श्यामा देवी एवं शोभावती देवी को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अति. प्रा. स्वा. केंद्र के प्रभारी डॉ. अभिषेक वर्मा, डॉ. मुन्ना पण्डेय, लैब असि. सीएल प्रेमी निगम, बदलापुर के एसटीएस तरुण कुमार, अनिल शर्मा, लालमणि मिश्र, सत्यजीत मौर्य, मंजू सिंह, आशुतोष शुक्ल, जबी अख्तार, रमाशंकर आदि उपस्थित रहे।

# जश्न-ए-यौमे विलादत पर फातेहा ख्वानी के साथ कई मोहल्लों से निकाला गया जुलूस



अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** रात भर नात ओ सलाम और तकबीर की आवाज़ें बुलन्द होती रहीं तो बारहवीं रबीउल अव्वल ब्रहस्पतवार को विभिन्न इलाक़ों से जुलूस ए मोहम्मदी भी निकाला गया। काबे व मदीना ए मुनव्वरा की अक्कासी के हरे झंडे लेकर लहराते हुए नौजवान जुलूस में शामिल रहे तो नातख्वानों व छोटे बच्चों ने भी हर्षोल्लास से नात पढ़ी और नारे तकबीर व नारे रिसालत से इलाक़ा गूंजता रहा। घरों व मस्जिदों में सुबहा से शाम तक फातेहा ख्वानी करा कर एक दूसरे घर मिठाई पहुंचाई गई। वहीं जुलूस के मार्ग पर विभिन्न सामाजिक संस्था व तंज़ीमों की ओर से शर्बत हलवा इमरती पानी चाय बिस्किट तक़सीम की गई।

अच्छे नात ख्वानों को तंज़ीमों की ओर से पुरस्कार भी दिया गया।

ख़ानक़ाहे अजमली दायरा शाह अजमल में ईद मिलादुन्नबी का जलसा अपने पूरी शानो शौकत के साथ मुकम्मल हुआ। पिछले 12 दिनों से लगातार ख़ानक़ाह की मस्जिद में ईद मिलाद की महफ़िल सजाए जा रही थी और बारहवी की रात को पूरी रात बड़ा जलसा खानक़ाह के मैदान में किया गया। पैग़म्बर ए इस्लाम की पैदाइश के मौक़े पर इस्लामी महीने रबी उल अव्वल की एक तारीख़ से लेकर बारह तारीख़ तक लगातार ख़ानक़ाह की मस्जिद और आखरि़ी रात में खानक़ाह के मैदान में मिलाद की महफ़िल का इंतज़ाम किया गया।

इंतज़ाम ख़ानक़ाह के मौजूदा सज्जादानशीन जनाब सैयद ज़र्रार फ़ाख़री और नायब सज्जादानशीन सैयद अरशद ज़की फ़ाख़री की ज़ेरे सरपरस्ती हुआ। दायरे की मस्जिद के पेश इमाम जनाब मौलाना शमशेर आज़म ने जलसे में आए लोगों को पैगंबर हज़रत मुहम्मद साहब की सीरत के बारे में बताया और उनके बताए हुए रास्ते पर चलने का आह्वान किया। इस दौरान बच्चों ने और शहर के मशहूर शायरों ने भी इसमें हिस्सा लिया जिनमें डॉक्टर असलम इलाहाबादी अख़्तर अज़ीज़ इलाहाबादी अनस निज़ामी डॉ जलाल फूलपुरी मुख्य रुप से शामिल रहे! जलसे के आख़रि में ख़ानक़ाह के ग्यारहवें सज्जादा सैयद ज़र्रार फ़ाख़री ने मिलाद पढ़ा और पैग़म्बर हयात ए ज़िन्दगी पर विस्तार से रौशनी भी डाली।महफ़िल से अमन चैन व भाई चारे का पैग़ाम देते हुए यह भी अपील की गई के गणेश उत्सव को देखते हुए सभी जुलूस समय पर निकालें और शासन प्रशासन की गाईड लाईन का अक्षरशः पालन करें और आक़ा रसूल के सच्चे हितैषी होने का सुबूत पेश करें। पूर्व पार्षद अनीस अहमद , सैय्यद मोहम्मद अस्करी ,नूर सफी फाखरी ,शाहिद नियाजी ,मजहर निजामी ,महबूब निजामी ,अमन नियाजी आदि शामिल रहे।

### सुबह नमाज़-ए-फजिर के बाद खानकाह मस्जिद में कराई गई तबर्रुक़ात की ज़ियारत

**प्रयागराज।** खानकाह ए अजमली दायरा शाह अजमल में फ़जिर की नमाज़ के बाद दायरे की मस्जिद में तबर्रुक़ात की ज़ियारत कराई गई जिनमें ख़ास तौर से पैगंबर हज़रत मुहम्मद ए मुस्तफा के मूए मुबारक का हिफाज़त से रखा सैकड़ों बरस से महफूज बाल इसके अलावा ख़ानदान के बुजुर्गों की हस्त लिखित एक दुआ की किताब और वो साफ़ा जिसको हज़रत अली के सर पर हुज़ूर पैगंबर मोहम्मद ने अपने हाथों से बाँधा था। उस साफ़े के कुछ रेशे और दो तलवारें जिनको माना जाता है कि हज़रत खिज़्र की दी हुई हैं उन सब चीज़ों की ज़ियारत कराई गई। लोगों ने बड़े ऐहतेराम से ज़ियारत की व बोसा लिया। खानकाह ए अजमली के नायब सज्जादानशीन सैयद अरशद ज़की फ़ाख़री के ज़ेरे निगरानी में तबर्रुक़ात की ज़ियारत करवाई गई।

# दसलक्षण पर्व के अंतिम दिन बड़े धूमधाम से उत्तम ब्रहाचार्य धर्म की आराधना

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** नगर के लाला मुकुंदीलाल जैन मंदिर, लाला जानकीप्रसाद दिगंबर जैन मंदिर, बेनीगंज, कर्नलगंज, ऋषभदेव तपस्थली झूंसी अंदावा स्थित जैन मंदिरो में एवं जीरो रोड स्थित दिगंबर जैन मंदिर में दसलक्षण पर्व के अंतिम दिन बड़े धूमधाम से उत्तम ब्रहाचार्य धर्म की आराधना की गयी। प्रातः भगवान का अभिषेक एवम शांतिधारा सम्पन्न हुई।मुनि पावन सागर महाराज एवं सुभद्र सागर महाराज के सानिध्य में एवं पंडित सुनील जैन के निर्देशन में केसरिया वस्त्रो में जैन श्रद्धालुओ ने संगीतमय नित्य नियम पूजन, पर्व पूजन एवं दसलक्षण विधान किया। शांतिधारा एवं अभिषेक का सौभाग्य राहुल जैन, रोहन जैन एवं अरुण जैन को मिला। इस अवसर पर जैन धर्म के 12वें तीर्थंकर वासुपूज्य भगवान का निर्वाण महोत्सव भी मनाया। इस अवसर पर श्रद्धालुओ ने 12 किलो का नारियल के रेशो से निर्मित विशेष लड्डू भगवान को समर्पित किया। भगवान वासुपूज्य के जन्म, तप, केवलज्ञान एवं मोक्ष कल्याणक भागलपुर (बिहार) शहर के चंपापुर मे हुए। मुनि पावन सागर महाराज ने ब्रहमचर्य दिवस पर कहा कि ब्रह्मचर्य धर्म हमें सभी प्रकार के भौतिक सुखों, कामनाओं एवं वासना आदि व्यसनों से विरक्त होने की प्रेरणा देता है। यह धर्म कुशीलता से दूर रख शीलवान बनने के पथ पर अग्रसर करता है। जैन साधु-साध्वी अपने व्यवहारिक जीवन में इस धर्म का सख्ती से अनुपालन करते हैं, जबकि गृहस्थ जीवन जीने वाले श्रावक भौतिक सुखों से यथासंभव दूर रहते हुए अपनी पत्नी को छोड़ परस्त्री के साथ माता, बहन एवं बेटी की भांति व्यवहार करते हैं। उन्होंने कहा कि ब्रह्मचर्य धर्म का पालन करने वाले साधक को ब्रह्मांड के संपूर्ण ज्ञान एवं शक्ति की प्राप्ति होती है। इस दौरान श्रद्धालुओं ने कुत्सित व्यसनों से बचने का संकल्प लिया। आज गुरुवार को अनंत चतुर्दशी के दिन मंदिरो में दूर दराज के क्षेत्रों से काफी श्रद्धालु आते रहे। युवाओ एवं बच्चों ने भी बढ चढकर पूजन में हिस्सा लिया। आज के दिन जैन श्रद्धालु निर्जल उपवास करते है एवं मंदिरो मे दान करते है। जैन समाज की चारु जैन, पूनम जैन, हैप्पी जैन, पिंकी जैन, रीता जैन, संगीता जैन, साक्षी जैन, श्रुति जैन, हिना जैन ने 2 दिन, 3 दिन, 5 दिन एवं 10 दिनों को निर्जल उपवास किया। सायंकालीन सामूहिक आरती, भक्ति एवं अष्ट द्रव्य थाली सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कल 29 सितंबर को कर्नलगंज स्थित जैन मंदिर में एवं 1 अक्टूबर को ज़ीरो रोड स्थित प्रातः 8:30 बजे लाला जानकी प्रसाद दिगंबर जैन मंदिर एवं बेनीगंज में क्षमावानी पर्व का आयोजन किया जायेगा।

# धर्म देता है मानवता और इंसानियत का संदेश

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** नगर का ऐतिहासिक ईद ए मिलाद का मरकजी सरत कमेटी के तत्वावधान में जलसा और जुलूस परंपरा के अनुसार मनाया गया। इस अवसर पर कौमी यकजहती का प्रोग्राम किदवई पार्क में कोतवाली के सामने हुआ जिसमे शहर के तमाम गणमान्य लोग सम्मिलित हुए, कार्यक्रम की शुरुआत कारी यासिर हस्सान ने कलामे इलाही से किया। मुख्य अतिथि पूर्व सासद धनंजय सिंह रहे उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा की धर्म सिर्फ इंसानियत और मानवतावाद का संदेश देता है,दुनिया में प्रेम था,और प्रेम हमेशा ही रहेगा,नफरत की जगह कहीं न थी न रहेगी। जुलूस अपनी परंपरा के अनुसार शाही ईदगाह के मैन गेट से उठा उसको हरी झंडी दिखा कर सदर शौकत अली मुन्ना और अरशद खा तथा निखलेश सिंह ने संयुक्त रूप से रवाना किया। जुलूस शाही अटाला मस्जिद पर पहुंचकर एक जलसे के रूप में तब्दील हो गया,इस बीच रास्ते भर विभिन्न अखाड़े अपने-अपने हुनर का मुजाहेरा किए वहीं विभिन्न प्रकार की अंजुमन नातिया कलाम सुनाती हुई रात भर शहर को गुलजार करती रही ,शहर को रंग बिरंगी झालरों, लाइट बत्ती वह झंडों से सजाया गया,जिले के ही नहीं बल्कि प्रदेश के विभिन्न जिलों के भी लोग उक्त ऐतिहासिक मेले में आए और सभी समुदाय के लोग मिलजुल कर इस ऐतिहासिक दिन में शामिल हुए। डॉक्टर कमर अब्बास ने कहा की हुजूर सबके लिए रहमत बनकर आए है तो उनके मानने वाला किसी के लिए जहमत कैसे बन सकते है। पी सी विश्वकर्मा सहित अन्य वक्ताओं ने भी अपने वक्तव्य हजरत मोहम्मद की सीरत पर बयान किए। संचालन नेयाज ताहिर शैखू और आरिफ ने संयुक्त रूप से किया,वही एक जलसा शाही ईदगाह के प्रांगण के अंदर भी हुआ जिसमे शोएब खान अच्छू, हाजी इमरान, कमालुद्दीन, तबरेज ,ताज मोहम्मद आदि मौजूद रहे।

### भोज कार्यक्रम के दौरान दो पक्षों में मारमीट पुलिस पहुंची मौके पर

**जौनपुर।** गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के गजना में एक व्यक्ति के घर पर आयोजित भोज कार्यक्रम में दो पक्षों में किसी बात को लेकर गाली गलौज के बाद मारपीट हो गया। जिसमें सूचना पर मौके पर पुलिस भी पहुच गयी। गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के गजना गांव के नजरे के घर बृहस्पतिवार को दोपहर में भोज कार्यक्रम का आयोजन था। जिसमे गांव के ही उमार निमंत्रण पर पहुचा था। इसी बीच किसी बात को लेकर उमार और नजरे के बीच गाली गलौज होते- होते मारपीट हो गई। जिसमे आरोप है कि उमार को मार पीट दिया गया। सूचना पर डायल 112 की पुलिस पहुच कर दोनों पक्षों को समझा बुझाकर शांत कराया।

# कुलभास्कर डिग्री कॉलेज में चलाया गया स्वच्छता अभियान




अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** 15 सितंबर से 2 अक्टूबर के दौरान स्वच्छता की सेवा अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय परिसर की साफ सफाई का कार्य उत्साह के साथ राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्या प्रोफेसर गीतांजलि मौर्य ने स्वयंसेवक एवं सेविकाओं को अपने आसपास साफ सफाई रखने तथा सामाजिक कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

इस स्वच्छता अभियान में प्रोफेसर सी एस चौबे, प्रोफेसर शीतला प्रसाद वर्मा, प्रोफेसर कमलेश सिंह, डॉक्टर धर्मेंद्र कुमार सिंह, कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना डॉ एस पी यादव एवं डॉ मनोज कुमार सिंह, अनिल कुमार, निशांत श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

### घर से शहद निकालने के लिए गए युवक की हत्या

**जौनपुर (शाहगंज)** कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत उसरहटा गांव निवासी एक युवक को बुधवार की शाम को दो युवक शहद निकलवाने के लिए साथ लेकर गये।जिसका शव गुरुवार की सुबह आमगांव में मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। क्षेत्र के उसरहटा गांव निवासी 30 वर्षीय मनोज कुमार पुत्र फिरतू बुधवार की शाम चार बजे दो अज्ञात युवक आये और शहद निकलवाने के नाम पर अपने साथ लेकर चलें गये। बीती देर रात तक परिजन मनोज के घर वापस आने का इंतजार करते रहे। गुरुवार की सुबह आजमगढ़ जनपद के दीदारगंज थाना क्षेत्र के आमगांव में एक युवक की अज्ञात शव मिला जिसकी चाकू गोदकर हत्या किया गया था। जिसकी शिनाख्त मनोज कुमार पुत्र फिरतू के रूप में हुई।

# 9 अक्टूबर को शिक्षा निदेशालय पर शिक्षक करेंगे धरना प्रदर्शन

- शिक्षक समस्याओं की अनदेखी पर धरना अंतिम विकल्पः अरविंद शुक्ला

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जौनपुर के जनपदीय एवम ब्लॉक पदाधिकारियों की संयुक्त बैठक ओलंदगंज स्थित नव दुर्गा मंदिर के प्रांगण में जिलाध्यक्ष अरविंद शुक्ला के नेतृत्व में संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष अरविंद शुक्ला ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली सहित 21 सूत्रीय मांगो का सरकार द्वारा कोई निराकरण नहीं किया जा रहा है जिससे शिक्षक विवश होकर 9 अक्टूबर को शिक्षा निदेशालय लखनऊ पर धरना प्रदर्शन करेंगे। ज्ञात हो कि शिक्षक अपनी मांगो के लिए चरणबद्ध तरीके से आंदोलन कर रहे है प्रथम चरण में प्रत्येक ब्लाको के शिक्षको द्वारा जनपद के विधायक एवम सांसदों को अपनी समस्याओं को अवगत कराते हुए शासन द्वारा उसका निराकरण कराने की मांग की। आंदोलन के द्वितीय चरण में अपनी समस्याओं के निराकरण हेतु बीएसए कार्यालय के प्रांगण में शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन आयोजित करके बीएसए के माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री जी को ज्ञापन भेजा गया था परंतु निराकरण न होने के कारण शिक्षक अपनी मांगो के निराकरण के लिए आर पार के मूड में है और 9 अक्टूबर से धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य है। वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि आए दिन शिक्षक विरोधी एवम मानसिक यातना देने वाले आदेशों से अजीज आ चुके है और सरकार के द्वारा कोई न सुनवाई की जा रही है और न निराकरण किया जा रहा है , अब आंदोलन ही अंतिम विकल्प है।

बैठक में 9 अक्टूबर के धरना प्रदर्शन को लेकर पदाधिकारियों द्वारा रणनीति पर चर्चा की गई। बैठक को रविचंद्र, लालसाहब, वीरेंद्र प्रताप सिंह, रामदुलार, लक्ष्मीकांत, संजय, देशबंधु, सुनील, अनिलदीप, राकेश, श्रीप्रकाश, शिवेंद्र, शैलेंद्र, संतोष, अरविंद, अनिल, सुधीर, असेवालाल, पंकज, अरुण, रामजीत, धीरेंद्र, राघवेंद्र, चंद्रशेखर सहित जनपदीय एवम ब्लॉक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# याद किये गये शहीदे आजम भगत सिंह



अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** शहीदे आजम भगत सिंह की 116वीं जयन्ती के उपलक्ष्य में राहुल चिल्ड्रेन इंग्लिश मीडियम एकेडमी रदापुर आजमगढ़ के बच्चों द्वारा रैली निकाली गयी। यह रैली. विद्यालय प्रागण से डी0ए0वी0 कालेज के रास्ते गाँधी तिराहा होते हुए कुँवर सिंह उद्यान से होकर कलेक्ट्री कचहरी के रास्ते से त्रिमूर्ति तिराहा पहुँची। यहीं तिराहे पर स्थापित भगत सिंह की मूर्ति पर बच्चों द्वारा माल्यार्पण किया गया और छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। रैली के बाद विद्यालय के सभागार में शिक्षक नेता इन्द्रासन सिंह की अध्यक्षता में भगत सिंह के सपनों का भारतष् विषय पर संगोष्ठी हुई। जिसका संचालन अनिल कुमार चर्तुवेदी ने किया। इस संगोष्ठी में अपनी बात रखते हुए सामयिक कारवा के सम्पादक डॉ रवीन्द्र नाथ राय ने इस विषय पर विस्तार से प्रकाश डाला। इन्होंने कहाँ शहीदे आजम भगत सिंह देश की राजनीतिक आजादी के साथ-साथ आर्थिक आजादी का लक्ष्य रखकर क्रान्तिकारी संगठन को तैयार करने में जुटे थे। के एक ऐसा बेहतर समाज जहाँ शोषण से मुक्ति मिले तथा सभी को राजी-रोटी का समान अधिकार मिले, अमीरी और गरीबी की खाई पट जाये। देश की आम जनता का शोषण बन्द हो। भगत सिंह का मानना था कि ऐसा तभी सम्भव है जब देश में वैज्ञानिक समाजवाद की स्थापना हो। इस गोष्ठी में शिक्षक नेता इन्द्रासन सिंह, चण्डेश्वर के प्रधानचार्य अनिल कुमार चतुर्वेदी, सामयिक कारवां के सम्पादक डॉ0 रवीन्द्रनाथ राय तथा विद्यालय के वरिष्ठ अध्यापक अम्बिका पटेल, सर्वजीत, बृजेश यादव, अनिल प्रजापति, एस0डी0 यादव, कंचन राय सरिता तिवारी, कोमल, रजनी आदि लोग उपस्थित रहे। गोष्ठी के अन्त में विद्यालय की संस्थापक प्रधानाचार्या श्रीमती मीनू राय ने सभी का आभार प्रकट किया और धन्यवाद ज्ञापित किया।

# मोहम्मद ना होते तो कुछ भी ना होता



अवधनामा संवाददाता

**दोहरीघाट मऊ।** हजरत मोहम्मद मुस्तफा सल्लल्लाहो वाले वसल्लम की मुबारक जन्मदिन 12 रबी उल अव्वल के मौके पर जश्ने ईद मिलादुन्नबी के मौके पर नातिया कलाम पढ़ते हुए बाजार में जुलूस निकाला और जन्मदिन को हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर हाफिज कमरुल इस्लाम आदिल अल्ताफ ने नातिया कलाम पढ़ते हुए चल रहे थे। जरूर उसके पीछ काफी संख्या में लोग चल रहे थे। जुलूस चौक स्थित मोइनुद्दीन अहमद के मकान से निकाला जो सब्जी मंडी ,बायपास चौराहा , और शाही मस्जिद ,आजमगढ़ रोड होते हुए कर्बला के पीछे स्थित शाह आलम खान बाबा के निवास पर खत्म हुआ स नातिया कलाम में पढ़ रहे थे। मोहम्मद ना होते तो कुछ भी ना होता। इस मौके पर मोहम्मद अफजल जाफरी शाहनवाज जाफरी हैदर जाफरी मोहम्मद रहमान आदि थे। इस अवसर पर पुलिस की व्यवस्था चुस्त थी।

# हज़रत मोहम्मद की शान में जुलूस, नातिया कलाम पढ़ने वालों का अंजुमनो ने किया स्वागत

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** मरकज़ी सीरत कमेटी के अध्यक्ष मोहम्मद शाहिद खान के नेतृत्व में नगर के निस्वा इंटर कॉलेज से जश्ने ईद मिलादुन्नबी बारह रबीउल अव्वल का जुलूस हज़रत मोहम्मद सल्लल्लाहु ताला अलैहि वसल्लम की शान में नातिया कलाम पढ़ते हुए अंजुमनो द्वारा निकाला गया। इस दौरान नारे तकबीर अल्लाह हू अकबर नारे रिसालत या रसूल अल्लाह की सदाओं से फिज़ा गूंज उठी। ईद मिलाद ईद मिलादुन्नबी का जुलूस निस्वां इंटर कॉलेज से अंजुमनो द्वारा नातिया कलाम पढ़ते हुए शिब्ली कालेज होते हुए पहाड़पुर पहुंचा जहां पर अंजुमन गुलशन ए रसूल के द्वारा समाजवादी पार्टी पूर्व विधायक दुर्गा प्रसाद यादव, परवेज अहमद के संयुक्त रूप से अंजुमनों को इनाम देकर स्वागत किया गया। अंजुमनों का जुलूस तकिया होता हुआ कोट पहुंचा जहां पर कांग्रेस पार्टी द्वारा लगाए गए स्टाल पर शहर सचिव रियाजुल हसन,नज़्म शमीम के संयुक्त रूप से अंजुमनों का स्वागत इनाम देकर किया गया। जुलूस कोट से टेढ़िया मस्जिद बाज बहादुर होते हुए राजा का किला होते हुए पुनः कोट होते हुए दलाल घाट होते हुए पुरानी कोतवाली चौक से सब्जी मंडी होते कटरा और कर्बला से बदरका होते पांडेय बाजार से जामा मस्जिद पर आकर समाप्त हुआ। जुलूस में अंजुमन गुलामाने मुस्तफा पहाड़पुर ,अंजुमन गुलशन ए रसूल पहाड़पुर, अंजुमन मदीना, अंजुमन जामेतुल कुरैश जालंधरी अंजुमन अकबरी मदीना जालंधरी नई बस्ती, अंजुमन टेढिया मस्जिद,अंजुमन आशिकाने रसूल बाज बहादुर, अंजुमन अख्तर राजा, अंजुमन जाने सारे खैरुल बशर मात्बरगंज सहित कुल 32 अंजुमने शामिल रहे। इस दौरान जुलूस की सुरक्षा के लिए पुलिस की कड़ी व्यवस्था की गई थी इस मौके पर मरकज़ सीरत कमेटी के समस्त पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# स्कोडा ऑटो ने अंतरराष्ट्रीयकरण की प्रमुख उपलब्धि का जश्न मनाया




**नई दिल्ली।** स्कोडा ऑटो ने आज वियतनामी बाजार में अपने प्रवेश के साथ अपनी अंतरराष्ट्रीयकरण रणनीति में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इस अवसर पर वियतनामी और चेक सरकारों के प्रतिनिधियों और स्कोडा के स्थानीय वितरण एवं उत्पादन सहयोगी, टीसी ग्रुप के साथ एक उत्सवी समारोह आयोजित किया गया। स्कोडा ऑटो ने उत्सवी समारोहों के साथ मार्केट लॉन्च का जश्न मनाया, डीलर नेटवर्क के विस्तार की योजना बनाई चेक कार निर्माता ने क्रासिनी-उत्पादित एसयुवी मॉडल सीरीज कैरोग और कोडिएक पेश किया, जो स्थानीय बाजार में उपलब्ध प्रथम मॉडल्स होंगी। ग्राहक इन कारों को हनोर में स्कोडा शोरूम से 25 सितम्बर से खरीद सकेंगे। मध्य और दक्षिणी वियतनाम में अतिरिक्त शोरूम खुलने वाले हैं। इसका लक्ष्य वर्ष 2025 तक डीलर नेटवर्क को 20 और 2028 तक 30 तक बढ़ाना है। स्कोडा ऑटो के सीईओ, क्लाउस जेल्मर ने कहा कि, हम वियतनाम की गतिशील अर्थव्यवस्था और इस तेज वृद्धिशील बाजार में ग्राहकों के एक नए समूह के साथ सहभागिता के लिए अत्यंत उत्साहित हैं। यह हमारी त्वरित अंतरराष्ट्रीयकरण रणनीति में अगला कदम भी है, जिससे आसियान क्षेत्र में हमारे ब्रैंड को मजबूती मिलती और भारत तथा यूरोप के हमारे दो प्रमुख बाजारों के बीच सहकार्य में तेजी आयेगी। तैयारियों के दौरान यह स्पष्ट हुआ है कि टीसी ग्रुप हमारे आकर्षक मॉडल पोर्टफोलियो के उत्पादन और बिक्री के लिए एक शानदार सहयोगी है। हमें मिल-जुल कर एक सफल भविष्य की शुरुआत करने की उम्मीषद है। विक्रय और विपणन के लिए स्कोडा ऑटो के बोर्ड मेम्बर, मार्टिन जान ने कहा कि, आज का दिन स्कोडा ऑटो के इतिहास में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि का प्रतीक है। वियतनामी बाजार में प्रवेश करके, हम वैश्विक ऑटोमोटिव उद्योग में अपनी स्थिति और मजबूत कर रहे हैं। हमारे पास एक स्पष्ट रणनीति, महत्वाकांक्षी लक्ष्य, और टीसी मोटर के रूप में एक मजबूत स्थानीय सहयोगी हैं। हमने मध्य-अवधि के लिए लगभग 30 स्थानीय संविदात्मक साझीदार बनाने, सीकेडी किट्स से लगभग 30,000 कारों को असेम्बगल करने, और 2030 के बाद हर साल 40,000 से अधिक वाहनों की बिक्री हासिल करने की योजना बनाई है। यह कदम अपने वियतनामी ग्राहकों को सेवा देने और स्थानीय बाजार में एक महत्वपूर्ण उपस्थिति दर्ज करने के प्रति स्कोडा की वचनबद्धता को मजबूती प्रदान करेगा।

वर्ष 2023 में यूरोप से आयातित प्रथम मॉडल्स, 2024 में स्थानीय सीकेडी उत्पादन का आरम्भ स्कोडा ने ग्राहकों की पसंद के उत्तर में अपना मॉडल पोर्टफोलियो विस्तारित करने की योजना के साथ वियतनामी बाजार के लिए सुस्पष्ट रूपरेखा तैयार की है। मध्य अवधि में ओक्टाविया और सुपर्ब मॉडल्स वियतनाम में आयात किये जाने वाले हैं। इसके अलावा, वियतनामी ग्राहकों के बीच इलेक्ट्रिक व्हीकल्स के लिए बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए सम्पूर्ण-इलेक्ट्रिक ईन्याक फैमिली की पेशकश की जा रही है।

# बजाज ऑटो ने लॉन्च किया पल्सर एन150 भारत की पसंदीदा 150 सीसी का नया रूप

**लखनऊ।** दुनिया की सबसे मूल्य वर्धित टूव्हीलर और थ्रीव्हीलर कंपनी बजाज ऑटो ने भारत में ऑल न्यू पल्सर एन150 का लॉन्च किया है। पल्सर एन150 विस्तारित पल्सर पोर्टफोलियो के लिए एक दम सही जोड़ है, जिसने पिछले 18 महीनों में कई सनसनीखेज लॉन्च देखे हैं, जिनमें अब तक का सबसे बड़ा पल्सर एन250 और अत्यधिक सफल पल्सर एन160 भी शामिल हैं। पल्सर एन150 के साथ, भारत की सबसे अधिक बिकने वाली स्पोर्ट्स बाइक पोर्टफोलियो के लिए ऐसा एक योग्य नया सदस्य मिला है जोन केवल पल्सर मेनियाक्स की विरासत को बनाए रखने का वादा करता है बल्कि कई नए लोगों को भी इसमें शामिल करेगा।

डिज़ाइन की भाषा डायनेमिक और एनरजेंटिक कैरेक्टर लाइन्स, संकुचित अनुपात और आधुनिक एयरो डायनामिजम का दावा करती है। मस्कुलर टैंक को चमकीले, शैली षीवेस्ट सेक्शन से विरोधित किया जाता है जो एकआकर्षक प्रोफ़ाइल बनाता है। यह एक स्पोर्टियर अंडरबेली एग्जॉस्ट से लैस है जो




उच्च RPM पर गरजताहै। बेली पैन, फ्रंट फेयरिंग और फ्रंट फेंडर जैसे फ्लोटिंग बॉडी पैनल प्रभावशाली प्रोफ़ाइल को पूरा करते हैं।

**बजाज ऑटो के अध्यक्ष** मोटरसाइकिल, सारंग कनाडे ने बताया, बीस साल पहले, हमने पहली पल्सर 150 सीसी मोटरसाइकिल लॉन्च की थी, जिसने एंट्री-लेवल स्पोर्ट बाइकिंग सेगमेंट को हिलाकर रख दिया था और तब से यह भारत की सबसे ज्यादा बिकने वाली 150 सीसी मोटरसाइकिल रही है। एन150 के साथ, पल्सर अपने सबसे बड़े और बोल्ड अवतार में सड़क पर राज करने के लिए वापस आ गया है। इसकी आक्रामक स्टाइलिंग, सेगमेंट-अग्रणी विशेषताएं, शानदार ऑन-रोड परफॉर्मेंस और अविश्वसनीय रूप से आकर्षक कीमत इसे पल्सर परिवार के लिए एक शानदार वैल्यू एडिशन बनाती है। हमारा लक्ष्य हर किसी के लिए सवारी के आनंद को सुलभ बनाना है और यह नई बाइक उस मिशन का ही एक प्रमाण है।

# महंगे क्रूड से तेल कंपनियों के मुनाफे पर असर संभव, अप्रैल 2022 से नहीं बदले हैं दाम



**नई दिल्ली।** पिछली तीन तिमाहियों में भारी मुनाफा कमाने वाली सरकारी तेल कंपनियों को आने वाली तिमाहियों में यह रिकॉर्ड बरकरार रखना मुश्किल होगा। नोमुरा का अनुमान है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत अब पिछले एक साल में 98 डॉलर प्रति बैरल के उच्चतम स्तर पर है जिससे तेल कंपनियों को पेट्रोल और डीजल की बिक्री पर औसतन 7.4 रुपये प्रति लीटर का नुकसान हो रहा है।

**तेल कंपनियों को औसतन 7.4 रुपये प्रति लीटर का हो रहा है घाटा**

अब जबकि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत पिछले एक वर्ष के उच्चतम स्तर 98 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गई है तो नोमुरा का आकलन है कि सरकारी तेल कंपनियों को पेट्रोल व डीजल की बिक्री पर औसतन 7.4 रुपये प्रति लीटर का घाटा हो रहा है।

**देश में अप्रैल 2022 से नहीं बदले हैं दाम**

पेट्रोल व डीजल की लागत कंपनियों के लागत मूल्य व सरकारी टैक्स के जोड़ से ज्यादा का है। सरकारी तेल कंपनियों ने अप्रैल, 2022 के बाद देश में खुदरा मूल्य में कोई बदलाव नहीं किया है। जबकि इस दौरान क्रूड की कीमतों में काफी उतार-चढ़ाव देखने को मिला है।

**घाटे में डीजल की हो रही है बिक्री**

नोमुरा का आकलन कहता है कि 24 सितंबर, 2023 को सरकारी तेल कंपनियां लागत के मुकाबले डीजल 5.7 रुपये प्रति लीटर कम पर बेच रही हैं। एक हफ्ते पहले यह राशि 3.9 रुपये प्रति लीटर की थी। कई महीनों से पेट्रोल बिक्री को लेकर तेल कंपनियां लाभ कमा रही थी लेकिन अब वहां भी उन्हें 1.7 रुपये प्रति लीटर का घाटा होने लगा है।

# मोटोरोला की द बिग बिलियन डेज सेल से पहले स्मार्टफोन पर भारी छूट की घोषणा

**नई दिल्ली।** भारत में 5जी स्मार्टफोन के सर्वश्रेष्ठ ब्रांड मोटोरोला ने फ्लिपकार्ट की द बिग बिलियन डेज़ सेल से पहले अपने स्मार्टफोन्स पर अब तक की सबसे कम कीमत के साथ भारी डिस्काउंट की घोषणा की है। ग्राहक आज 28 सितंबर को शाम सात बजे से मोटोरोला एज, मोटो जी और मोटो ई सीरीज़ के ज्यादातर स्मार्टफोन को फेस्टिव स्पेशल बिलियन डेज़ सेल प्राइस पर खरीद शुरू हो गयी, जिसे पहले ही लाइव कर दिया गया है और इतनी शानदार कीमतें किसी को भी हैरत में डाल सकती हैं। इसके अलावा बिग बिलियन डेज़ स्पेशल स्मार्टफोन मोटोरोला एज 40 नियो भी पहली बार सीमित समय के लिए फेस्टिव स्पेशल प्राइस पर उपलब्ध है, जिसका लोगों को बेसब्री से इंतजार था और इस स्मार्टफोन के 8 प्लस 128 जीबी की कीमत 19999 रुपये तथा 12 प्लस 256 जीबी वेरिएंट की कीमत और 21999 रुपये होगी। सबसे पहले बिग बिलियन डेज़ के सबसे खास स्मार्टफोन मोटोरोला एल 40 नियो की बात करते हैं, जो दुनिया का सबसे हल्का आईपी68 रेटेड 5जी स्मार्टफोन होने के साथ साथ दुनिया का पहला ऐसा स्मार्टफोन भी है, जिसमें बिजली से भी तेज मीडियाटेक डायमिनसिटी 7030 प्रोसेसर लगाया गया है, जो ग्राहकों के लिए पहली बार 19999 रुपये बैंक ऑफर के साथ की शानदार कीमत पर बिक्री के लिए उपलब्ध है। इस डिवाइस में 10 बिट बिलियन कलर्स के साथ इस सेगमेंट का पहला 144हर्टज 6.55 इंच कर्व्ड पी ओएलईडी डिस्प्ले मौजूद है।

# एंटरप्रेन्योर और वेल्थ क्रिएटर बनने के लिए टेक्नोलॉजी की क्षमता का उपयोग कर सकते हैं: धर्मेंद्र प्रधान

**नई दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा तथा कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान ने आज शिक्षा तथा कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालयों की एजेंसियों और आईबीएम के बीच 8 समझौता ज्ञापनों पर साइनिंग की अध्यक्षता की और इस अवसर पर मुख्य भाषण दिया।

कार्यक्रम में बोलते हुए, धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि भारत अपनी विशाल और युवा आबादी के साथ, जबरदस्त संभावनाओं के शिखर पर खड़ा है। इस जनसांख्यिकीय लाभांश का उपयोग करने के लिए, युवाओं को आज के आधुनिक कार्यबल में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए आवश्यक कौशल से लैस करना महत्वपूर्ण है। यह सहयोग स्किल्ड इंडिया के हमारे विज़न की दिशा में और आईबीएम स्किल्सबिल्ड प्लेटफॉर्म का उपयोग करके उभरती टेक्नोलॉजी में डिजिटल स्किल ट्रेनिंग और कौशल निर्माण को बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण प्रगति का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि आज बनी ये साझेदारियाँ हमारे लर्नर्स को टेक्नोलॉजी की वास्तविक क्षमता का उपयोग करने, उन्हें भविष्य में वेल्थ क्रिएटर बनने और सोसायटी का एंटरप्रेन्योर बनाने में काफी मदद करेंगी।

समझौता ज्ञापन (एमओयू) के तहत, भारत में युवाओं को फ्यूचर-रेडी स्किल्स के साथ सशक्त बनाने के लिए क्यूरेटेड कोर्सेज़ प्रदान किए जाएंगे। यह सहयोग एआई (जेनरेटिव एआई सहित), साइबर सिक्योरिटी, क्लाउड कंप्यूटिंग और प्रोफेशनल डेवलपमेंट स्किल्स जैसी उभरती टेक्नोलॉजी पर स्कूली शिक्षा, हायर एजुकेशन और वोकेशनल स्किल्स में लर्नर्स को कुशल बनाने के लिए करिकुलम के सह-निर्माण पर ध्यान केंद्रित करेगा।

मिनिस्ट्री ऑफ एजुकेशन और एमएसडीई के साथ आईबीएम का सहयोग शिक्षा के तीन प्रमुख स्तरों तक फैला हुआ है-

**स्कूल एजुकेशन** आईबीएम नवोदय विद्यालय समिति (एनवीएस), नेशनल काउंसिल फॉर टीचर एजुकेशन (एनसीटीई) और केंद्रीय विद्यालय संगठन (केवीएस) द्वारा चिन्हित स्कूलों में अत्याधुनिक कौशल पर हाई स्कूल के छात्रों, शिक्षकों और प्रशिक्षकों के लिए आईबीएम स्किल्सबिल्ड से डिजिटल कंटेंट तक पहुंच प्रदान करेगा। यह कार्यक्रम आईबीएम के सीएसआर इम्प्लीमेंटेशन पार्टनर द्वारा आयोजित वेबिनार और व्यक्तिगत वर्कशॉप के माध्यम से ऑनलाइन पेश किया जाएगा।

इसके अलावा, आईबीएम ग्रेड 11 और 12 के लिए सीबीएसई के एआई करिकुलम को रिफ्रेश करेगा। आईबीएम स्किल्सबिल्ड पर होस्ट किए जाने वाले हाई स्कूल के छात्रों के लिए साइबर स्किलिंग और ब्लॉकचेन करिकुलम विकसित करेगा।

**हायर एजुकेशन** आईबीएम, अपने सीएसआर इम्प्लीमेंटेशन पार्टनर के माध्यम से, डिपार्टमेंट ऑफ हायर एजुकेशन, ऑल इंडिया काउंसिल फॉर टेक्निकल एजुकेशन (एआईसीटीई), नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी (नाइलिट), नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्निकल टीचर्स ट्रेनिंग रिसर्स (एनआईटीटीटीआर), चंडीगढ़ और स्टेट स्किल मिशन मिशन के साथ मिलकर काम करेगा और संबद्ध छात्रों और फैकल्टी को आईबीएम स्किल्सबिल्ड में शामिल करेंगे और उन्हें डिजिटल कंटेंट, अनुभवात्मक लर्निंग और तकनीकी करियर अपनाने में सक्षम बनाने के लिए नए कौशल तक पहुंच प्रदान करेंगे।

# एम्स निदेशक और शार्क टैंक जज ने विश्व हृदय दिवस पर देहरादून स्टार्टअप सनफॉक्स के पांच जीवनरक्षक उत्पाद लॉन्च किए

**देहरादून।** उत्तराखंड के स्टार स्टार्टअप, सनफॉक्स टेक्नोलॉजीज ने विश्व हृदय दिवस के अवसर पर पांच अभिनव हृदय निगरानी उपकरण लॉन्च किए हैं, जिन्हें एम्स ऋषिकेश के निदेशक डॉ. मीनू सिंह और एमक्योर फार्मास्यूटिकल्स और शार्क टैंक की कार्यकारी निदेशक जज नमिता थापर ने लॉन्च किया। ये पोर्टेबल ईसीजी उपकरण उत्तराखंड और देश भर के दूरदराज और पहाड़ी क्षेत्रों में लोगों को हृदय रोगों के निदान और समय पर हृदय जांच में सहायता करेंगे।

विश्व प्रसिद्ध स्वास्थ्य-तकनीक प्रयोगशाला, सनफॉक्स टेक्नोलॉजीज ने देहरादून के एक होटल में इन पोर्टेबल ईसीजी उपकरणों को लॉन्च किया। सनफॉक्स टेक्नोलॉजीज टीम द्वारा 7 साल की कड़ी मेहनत और शोध के बाद विकसित किए गए ये उपकरण हृदय रोगियों के लिए उपयोगी होने और समय पर निदान में सहायता करने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं। इससे पहले, टीम ने स्पंदन नामक एक पोर्टेबल ईसीजी उपकरण विकसित किया था, जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अत्यधिक फायदेमंद साबित हुआ और डॉक्टरों और गैर-पेशेवरों दोनों द्वारा बड़े पैमाने पर उपयोग किया गया था। इस पोर्टेबल ईसीजी डिवाइस को स्मार्टफोन से जोड़ा जा सकता है, जिससे दिल के दौरे के लक्षणों का जल्द पता लगाया जा सकता है और हृदय रोग की रोकथाम में मदद मिल सकती है।

# मीडिया से मुखातिब हुई हम तुम्हें चाहते हैं की स्टारकास्ट



**मुम्बई।** देशभर में जल्द रिलीज़ होने जा रही फ़िल्म हम तुम्हें चाहते हैं को लेकर लोगों में ख़ासा उत्साह देखा जा रहा है। फ़िल्म की रिलीज़ से पहले स्त्रन फ़िल्म्स इंटरनैशनल ने स्टारकास्ट के साथ एक प्रेस कॉन्फ़्रेंस का आयोजन किया गया था, जहां पर सितारों ने मीडिया से फ़िल्म को लेकर तमाम बातें साझा कीं। उल्लेखनीय है कि इस फ़िल्म का निर्माण गोविंद बंसल और रीमा लहिड़ी ने साझा तौर पर किया है जबकि इस फ़िल्म के निर्देशन की कमान राजन लायलपुरी ने संभाली है। यह फ़िल्म 13 अक्तूबर को देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज़ की जाएगी। ग़ौरतलब है कि हम तुम्हें चाहते हैं की कहानी को एक बेहद अलहदा अंदाज़ में पेश किया गया है और फ़िल्म के सभी कलाकारों ने अपने उम्दा अभिनय से फ़िल्म को और भी देखने लायक बना दिया है। जिस अंदाज़ में फ़िल्म को शूट किया गया है, वो भी दर्शकों को हैरत में डाल देगा। इस फ़िल्म के ज़रिए जनमेजाया सिंह बॉलीवुड में अपना डेब्यू करने जा रहे हैं। उनके अलावा इस फ़िल्म में रितुपर्ण सेनगुप्ता, गोविंद नामदेव, अनूप जलोटा, राजपाल यादव, ज़ाकिर हुसैन, अनुस्मृति सरकार, अरुण बक्शी, सुरेंद्र पाल, टीना घई, अनिल नागरथ, कौशल शाह, संगीता सिंह और हितेश सम्पाल जैसे कलाकार भी अहम भूमिकाओं में नज़र आएंगे।

# 'सुल्तान ऑफ दिल्ली' में अपने किरदार को लेकर मौनी रॉय ने कहा- वह एक बंगाली शेरनी जैसी है''



ताकत पाने की ललक, दिल को सुकून देने वाली दोस्ती और 60 के दशक का जादू, डिज़्नी+ हॉटस्टार की आगामी दमदार सीरीज सुल्तान ऑफ दिल्ली में यह सब-कुछ हैं। सुल्तान ऑफ दिल्ली÷ असेंशन बाय अर्णब रे किताब पर आधारित इस सीरीज के प्रोड्यूसर हैं रिलायंस एंटरटेनमेन्ट और इसका निर्देशन किया है मिलन लुथरिया ने। इसका सह-निर्देशन एवं सह-लेखन सुपर्ण वर्मा ने किया है। पुराने भारत की खूबसूरती को नई कल्पना देते हुए और पर्दे पर देखने लायक एक बेहतरीन प्रस्तुति बनाते हुए, मिलन लुथरिया ओटीटी में निर्देशन की शुरूआत कर रहे हैं। ÷सुल्तान ऑफ दिल्ली÷ 13 अक्टूबर 2023 को रिलीज होने के लिये तैयार है। इस सीरीज में ताहिर राज भसीन, अंजुम शर्मा, अनुभवी एक्टर विनय पाठक और निशांत दहिया की मुख्य भूमिकाएं हैं और अनुप्रिया गोयनका, मौनी रॉय, हरलीन सेठी और मेहरीन पीरज़ादा जैसी महिला एक्टर्स उनका साथ दे रहीं हैं । हमारी अदाकारा मौनी रॉय ने 'सुल्तान ऑफ दिल्ली' में नयनतारा की चकाचौंध से भरी, लेकिन चुनौतियों वाली दुनिया में कदम रखा है। अपने किरदार के बारे में मौनी रॉय ने कहा, ÷नयनतारा आजाद और निडर है। उसके विचार स्पष्ट हैं और वह जानती है कि उसे क्या चाहिये। वह एक बंगाली शेरनी जैसी है। जब मैं पहली बार मिलन सर से मिली और उन्होंने इस किरदार के बारे में मुझे बताया, तब मैं अपने मन में उम्मीद कर रही थी कि वह मुझे लेंगे। वह जिस तरह से सोचती है, महसूस करती है और अपने रास्ते में आगे बढ़ती है, इससे मैं सचमुच प्रभावित हुई।

# बच्चों में कैंसर को लेकर हो जाएं अलर्ट, सही वक्त पर इलाज मिलने से सुधर जाएगा भविष्य



लखनऊ। बच्चों में कैंसर एक रेयर समस्या होती है, लेकिन आजकल इलाज के नए तरीके उपलब्ध हैं उससे इस बीमारी को ठीक किया जा सकता है। हर साल, दुनिया भर में लगभग 400,000 बच्चों में कैंसर डायग्नोज होता है। पीडिएट्रिक (बाल चिकित्सा) ऑन्कोलॉजी के क्षेत्र में जो एडवांसमेंट हुए हैं वो हाल के वक्त में ऑन्कोलॉजी के फील्ड में सबसे उल्लेखनीय है। बड़े लोगों की तरह बच्चों में कैंसर का पता स्क्रीनिंग के जरिए नहीं चलता है। हालांकि, बच्चों में कैंसर के कारणों का अभी तक ठीक से पता नहीं चल पाया है लेकिन कुछ मामलों में जेनेटिक असामान्यताएं इसका कारण बनकर उभरी हैं। जबकि बच्चों में कैंसर के ज्यादातर मामलों में सही कारण का पता नहीं चल पाता है। फोर्टिस अस्पताल गुरुग्राम में पीडिएट्रिक ऑन्कोलॉजी के प्रिंसिपल डायरेक्टर व हेड डॉक्टर विकास दुआ ने कहा, ''बच्चों को होने वाले कैंसर में सबसे आम ब्लड कैंसर, ब्रेन कैंसर, लिम्फ नोड ट्यूमर, किडनी, लीवर, एड्रेनल और हड्डी का ट्यूमर होते हैं। बचपन के कैंसर के शुरुआती लक्षण अक्सर बुखार, कमजोरी, सूजी हुई ग्रंथियों या वजन घटने सहित अन्य सामान्य बीमारियों के समान होते हैं। जोड़ों या हड्डियों में दर्द से माता-पिता को चोट लगने का संदेह हो सकता है। कैंसर डायग्नोज के लिए आमतौर पर ब्लड टेस्ट, रेडियोलॉजिकल टेस्ट जैसे सीटी या एमआरआई स्कैन, बोन मैरो टेस्ट, लिम्फ नोड्स या सूजन की बायोप्सी कराई जाती है। कीमोथेरेपी, सर्जरी या रेडियोथेरेपी से बच्चों के कैंसर का इलाज किया जाता है। कुछ बच्चों के लिए इम्यूनोथेरेपी और स्टेम सेल ट्रांसप्लांट जैसी एडवांस तकनीक की जरूरत पड़ती है। यूनिफॉर्म गाइडलाइंस को अपनाने जैसे प्रयासों से दुनियाभर में, पीडिएट्रिक कैंसर के मामलों में बेहतर रिजल्ट आए हैं।'' जिन बच्चों में कैंसर डायग्नोज होता है उनके बेहतर विकास के लिए ज्यादा देखभाल की जरूरत होती है। इसके लिए पूरी तरह से समर्पित मल्टीडिसीप्लीनरी टीम की जरूरत पड़ती है। लॉन्ग टर्म फॉलो-अप की आवश्यकता पड़ती है, साथ ही बीमारी व इलाज के असर पर लगातार नजर रखनी पड़ती है। डॉक्टर विकास दुआ ने आगे कहा, ''अच्छी बात ये है कि एडवांस इलाज की मदद से कैंसर से ग्रसित ज्यादातर बच्चों का जीवन सुरक्षित हो पा रहा है। हालांकि, सही रिजल्ट पाने के लिए ये भी जरूरी है कि बीमारी समय पर डायग्नोज हो जाए और फिर एक्सपर्ट की टीम के साथ सही इलाज उपलब्ध कराया जाए। बच्चों में कैंसर के बोझ को कम करने और परिणामों में सुधार करने के लिए सबसे प्रभावी रणनीति ये है कि पीडिएट्रिक ऑन्कोलॉजिस्ट कैंसर के डायग्नोज पर फोकस करें, जिसके बाद पीड़ित को सही इलाज दिया जा सके।''

# विश्व हृदय दिवस पर मेदांता हॉस्पिटल, लखनऊ में विश्व की पहली हार्ट टनल का उद्घाटन किया गया

**लखनऊ।** विश्व हृदय दिवस के अवसर पर मेदांता हॉस्पिटल में विश्व की पहली हार्ट टनल का दोपहर 2.30 उद्घाटन किया गया। इस हार्ट टनल से लोगों यह पता चल सकेगा कि हृदय कैसे काम करता है, इससे गुड हार्ट और बैड हार्ट में अंतर के बारे मे पता चलेगा, इसके अलावा वे यह सब वीडियो के माध्यम से देख भी सकेंगे। इसको लेकर शाम 3.00 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस का भी आयोजन किया गया। मेदांता हास्पिटल की कार्डियकसाइंसेज टीम ने 15000 से अधिक इंटरवेंसन (सीएजी, पीटीसीए, पेसमेकर, आईवीएस, टीएवी, टीएवीआर, एएसडी, वीएसडी, बेंटल, बीआईएमए के साथ सीएबीजी, वाल्व रिपेयर और रिप्लेसमेंट, रेडो सर्जरी, बाल चिकित्सा सर्जरी आदि प्रकार की विभिन्न जलिट सर्जरियों को सफलातपूर्वक पूरा कर इतिहास रचा है। इसी पर बात करते हुए स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने विभिन्न मुद्दों पर जानकारी दी और हृदय रोगों को लेकर जागरूक भी किया।

डॉ. आर.के सरन, क्लिनिकल एवं प्रिवेंटिव कार्डियोलॉजी, के अनुसार, आजकल युवाओं में अनियमित जीवन शैली के चलते उच्च रक्तचाप, मोटापा, मधुमेह, उच्च कोलेस्ट्रॉल की दिक्कतें हो रही है जिससे कई प्रकार की हृदय संबंधित समस्या उत्पन्न होती हैं, जो आगे चलकर मृत्यु का कारण बनती हैं। इसलिए लोगों को सावधानी बरतनी चाहिए।



डॉ नकुल सिन्हा ने भी कहा कि खुद को स्वस्थ रखने के लिए अपनी जांच करवाते रहें जिसमें अपना वजन नियंत्रित रखें, बीपी 120/80 एमएमएचजी, फास्टिंग शुगर 110 मिलीग्राम के आसपास, कोलेस्ट्रॉल 180 मिलीग्राम से कम हो इसके साथ ही यह ध्यान रखें कि धूम्रपान शराब इत्यादि का सेवन न करें।

डॉ प्रवीन कुमार गोयल, डायरेक्टर- इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी ने बताया कि हृदय को ऑक्सीजन युक्त रक्त की आपूर्ति करने वाली रक्त वाहिकाओं में वसा जमा होने के कारण हृदय की धमनियों में रुकावट पैदा होती है और हार्ट अटैक आ जाता है। इस पर नियंत्रण प्राप्त करने के लिए अच्छी जीवनशैली बहुत महत्वपूर्ण है।

# रीजेंसी हॉस्पिटल उत्तर प्रदेश में सबसे पहले आधुनिक तकनीकों का प्रयोग करने में सबसे आगे



**बांदा।** रीजेंसी हॉस्पिटल उत्तर प्रदेश में सबसे पहले आधुनिक तकनीकों का प्रयोग करने में सबसे आगे है। इससे यह अस्पताल भारत के विकसित इलाकों से कदम मिलाता रहता है। कानपुर के अग्रणी हेल्थकेयर संस्थान रीजेंसी हॉस्पिटल ने इंडियन सोसाइटी ऑफ एनेस्थेशियोलॉजिस्ट्स के साथ मिलकर एक्स्ट्राकोरपोरियल मेंब्रेन ऑक्सीजेनेशन और रीनल रिप्लेसमेंट थेरेपी पर ज्ञानवर्द्धक कार्यशाला का आयोजन किया। इस महत्वपूर्ण कार्यशाला में उत्तर प्रदेश के विभिन्न स्थानों से अनेक प्रतिष्ठित इंटेसिविस्ट्स, फिजिशयन और हेल्थकेयर प्रोफेशनल एक मंच पर एकत्र हुए। यहां प्राप्त आधुनिक मेडिकल प्रक्रियाओं की जानकारी का लाभ पूरे राज्य में मरीजों की बेहतर देखभाल और स्वास्थ्य केंद्रों पर बेहतर परिणामों के रूप में सामने आएगा।

डॉ आदित्य नाथ शुक्ला ,इंटेशिविस्ट रीजेंसी हॉस्पिटल, ने बताया की हाल के वर्षों में, मेडिकल तकनीक में हुई उन्नति ने क्रिटिकल केयर को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। डेंगू, वायरल निमोनिया या सेप्सिस जैसी बीमारियों से मल्टीऑर्गन फेल्योर जैसी समस्याएं हो सकती हैं और शरीर के महत्वपूर्ण अंग, जैसे - दिल, फेफड़े और किडनी काम करना बंद कर सकते हैं। पूर्व में इस प्रकार की नाजुक स्थितियों से जूझने वाले मरीजों के ठीक होने की संभावना बहुत कम होती थी। लेकिन आधुनिक तकनीक के विकास से, हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स की पहुंच एक्स्ट्राकोरपोरियल लाइफ सपोर्ट (ईसीएलएस) सिस्टम्स और मशीनों तक हो सकी है।

# भारत में 1.6 ट्रिलियन का व्यापार और 45.9 मिलियन नौकरियों का सृजन किए जाने की उम्मीद है

**नई दिल्ली।** अमेज़न.कॉम कंपनी, अमेज़न वेब सर्विस (एडब्लूएस) ने आज एक नई रिपोर्ट जारी की, जिसमें खुलासा हुआ है कि भारत में क्लाउड-इनेबल्ड टेक्नोलॉजीज अपनाने वाले स्मॉल बिज़नेसेज़ द्वारा 2030 तक स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और कृषि क्षेत्रों में 1.6 ट्रिलियन तक का वार्षिक उत्पादकता लाभ प्राप्त किए जाने और 45.9 मिलियन नौकरियों का सृजन किए जाने की उम्मीद है, जो भारत में 9% नौकरियों के बराबर होगा। एडब्लूएस ने सामाजिक समस्याओं को हल करने वाले स्मॉल बिज़नेसेज़ (250 से कम कर्मचारियों वाले बिज़नेस) के लिए क्लाउड पर जाने के संभावित लाभों का परीक्षण करने के लिए " क्लाउड-इनेबल्ड इकोनॉमी- हाउ क्लाउड ड्राइव्स इकोनॉमिक एंड सोसायटल इंपैक्ट थ्रू स्मॉल बिज़नेसेज़ नामक रिपोर्ट को कमीशन किया। ग्लोबल प्रोफेशनल सर्विसेज़ फर्म, एक्सेंचर तैयार इस रिपोर्ट में 2030 में क्लाउड-इनेबल्ड इकोनॉमी 1 का पूर्वानुमान लगाने के लिए क्लाउड एडॉप्शन लेवल की ऑर्गेनाइज़ेशन फॉर इकोनॉमिक कोऑपरेशन एंड डेवलपमेंट (ओईसीडी) परिभाषा का उपयोग किया गया है, जिसमें 90% व्यवसाय कम से कम एक बुनियादी स्तर की क्लाउड टेक्नोलॉजी अपनाते हैं। इस रिपोर्ट में सामने आया कि भारत में सभी व्यवसायों के लिए कम से कम बुनियादी क्लाउड, जैसे कि वेब- आधारित ईमेल सेवाओं या क्लाउड-आधारित स्टोरेज समाधान का उपयोग करने की मौजूदा दर 28% है। हालाँकि यह रिपोर्ट इंटरमीडिएट एप्लिकेशंस जैसे कस्टमर रिलेशनशिप मैनेजमेंट या एंटरप्राइज़ रिसोर्स प्लानिंग टूल्स के उपयोग और जटिल टास्क जैसे फ्रॉड डिटेक्शन या सप्लाई चैन फ़ोरकास्टिंग के लिए जेनरेटिव एआई और मशीन लर्निंग सहित आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) जैसी उन्नत एप्लिकेशंस के उपयोग द्वारा उत्पन्न होने वाले अवसरों पर प्रकाश डालती है।

# 30 सितंबर को होगा ताल और तरंग का आयोजन

**लखनऊ।** आर्टिस्ट बेयरफुट 30 सितंबर को ताल और तरंग नामक एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है जिसमें विभिन्न लाइव बैंड प्रदर्शन, प्रदर्शन कला और कविता शामिल होंगे। जोकि द आर्टिस्ट बेयरफुट द्वारा प्रस्तुत किया गया है और सोलास्टा इवेंट्स द्वारा आयोजित किया जाएगा। जिसकी स्थापना सुदीप्ति सिंह ने की है जो टीएबी की एसोसिएट पार्टनर भी हैं। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अदिति सिंह विधायक रायबरेली और पवन




सिंह एमएलसी होंगे । संस्था के निदेशक

रुद्रेश राज सिंह ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य लखनऊ और आस-पास के विशिष्ट लोगों को आमंत्रित करना है जो संगीत, प्रदर्शन कला और हमारे द्वारा प्रदर्शित कार्यक्रमों को और बड़ा मंच प्रदान कर सकें। यह आयोजन द आर्टिस्ट बेयरफुट द्वारा प्रदेश की नई प्रतिभाओं को मंच देने और उन्हें संभालने का भी काम करेगा।

संस्था के संस्थापक शैलेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि लाइव बैंड प्रदर्शन कला, कविता और गतिविधियों की एक विस्तृत श्रृंखला के साथ हमारा यह कार्यक्रम सभी के लिए एक मजेदार और रोमांचक अनुभव होने का वादा करता है। हम एक प्रसिद्ध तालवादक तन्मय मुखर्जी द्वारा एक विशेष ताल प्रदर्शन और एक आश्चर्यजनक गतिविधि भी आयोजित कर रहे हैं। ढोल बजाना उनकी विशेषता है, इसलिए वह पूरे भारत के साथ-साथ विदेशों में भी 500 से अधिक संगीत कार्यक्रम प्रस्तुत करने में सफल रहे हैं।

# यौमे पैदाईश पर शिद्दत से याद किए गए पैगम्बर मुहम्मद साहब



पडरौना में जुलूस के दौरान मुस्लिम समाज के उलेमा और लोग



जुलूस का जायजा लेते डीएम व एसपी

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** बारह रबी अव्वल (ईद-उल-मिलादुन्नबी) के अवसर पर गुरुवार को जिले भर में पैगम्बर मुहम्मद साहब का जन्मदिन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर गांव से लेकर शहर तक जुलुश निकाला गया।

- सरकार की आमद मरहबा-मरहबा की नारो से गूंज उठा पूरा वातावरण
- जनपद के सभी क्षेत्रों में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने निकाला जश्न- ए-मोहम्मदी का जुलूस

सरकार की आमद मरहबा-मरहबा, नारे तकबीर अल्लाह हु अकबर के गूंज से पूरा वातावरण गुंजयमान रहा। जुलूस में शामिल बच्चे, बूढ़े जवान सभी उत्साहित नजर आएं तथा मुस्लिम घरों में मिठे पकवान बना एक दूसरे में बांट कर खुशी का इजहार किया गय। जुलूस पडरौना शहर के छावनी, जमालपुर, खिरिया टोला, चिकटोली, कसेरा टोली, पवरिया टोला, हाथीसार मुहल्ला, राईनी मुहल्ला, साहबगंज के अलावा निकटवर्ती बलुचहा, सोहरौना, मंसाछापर, जोगीछापर, नन्दलाछापर आदि ग्रामीण क्षेत्रों में भी धूम धाम से जुलूसे मुहम्मदी निकाला गया। नगर के लगभग सभी मस्जिदों के पेश इमाम अपने अपने क्षेत्र की जुलूस के साथ अगुआई कर रहे थे। कुछ युवा सजाए गए घोड़ों पर सवार थे तो हथिसार मोहल्ले के युवाओं ने तिरंगा, मक्का मदीना की फूल पत्तियों से सजाई गई झांकी आदि भी निकाली गई।

जुलूस के साथ चल रहे युवाओं ने अपने हाथों में हरे रंग के इस्लामी परचम ले रखे थे। जिनके द्वारा जोश-खरोश के साथ इस्लामी नारे लगा खुशी की इजहार किया गया। जुलूस नगर के सुभाष चौके से होकर कोतवाली रोड, तिलक चौक, साहबगंज मुहल्ला होते हुए बावली चौक तक पहुंचा, जहां उसका समापन हो गया। फिर वहां से लोग अपने घरों को लौट गए। इस अवसर पर विभिन्न लोगों और समाजसेवियों द्वारा नगर के विभिन्न चौक चौराहों पर स्टाल लगाकर जुलूस में शामिल लोगों को लिए जलपान की व्यवस्था की गई। इस क्रम में स्थानीय थाने के मिश्रौली गांव में भी मुहम्मद साहब का जन्म दिन मनाया गया। साथ ही इस अवसर पर छावनी मदीना

मस्जिद के पेश ईमाम कारी यूसुफ मिस्बाही, जामा मस्जिद के पेश ईमाम मुफ्ती रजाऊल मुस्तफा, मोगलपुरा मस्जिद के पेश ईमाम कारी जौहर अली के अलावा हैदर अली राईनी, क्यामुद्दीन हैदरी, एड0 जहिरूल हसन, साकिर अली, परवेज खान, डा0 के0 खान, कैसर जमाल टिटू, निसार अहमद, साकिरूल्लाह अंसारी, तौहिद अली, गुड्डू अंसारी, सैफ लारी, जलालुद्दीन अंसारी, पूर्व मंत्री जावेद इकबाल

## कप्तानगंज में बारह रबी अव्वल पर निकला जुलूस

अवधनामा संवाददाता

**कप्तानगंज, कुशीनगर।** बारह रबी अव्वल का महीना इस्लाम में विशेष महत्व रखता है क्योंकि मुसलमान समुदाय का मानना है कि पवित्र पैगंबर का जन्म भी इसी महीने में हुआ था, इसलिए मुसलमान अक्सर इसे रबी उल अव्वल के दिन मनाते हैं जिसे अक्सर ईद मिलाद उन नबी के नाम से जाना जाता है। पैगंबर का जन्म पूरे विश्व में मुसलमानों द्वारा बहुत उत्साह के साथ मनाया जाता है।

कप्तानगंज नगर में गुरुवार को बड़े धूमधाम से 12 रबी अव्वल का



कप्तानगंज में जुलूस निकालते लोग व मौके पर प्रशासन

जुलूस निकला जो चांदनी चौक, धर्मशाला रोड, आजाद चौक, मंगल बाजार, डीसीएफ चौक होते हुए शहीद बाबा के मजार आया जहां मिलाद वगैरा प्रसाद के रूप में वितरण किया गया। इस मौके पर उप जिलाधिकारी व्यास नारायण उमराव व थाने की फोर्स तैनात रही।

शामिल होकर सभी को पर्व का मुबारक वाद दिए। ओलमाओ ने कहा कि मोहम्मद साहब ने दुनिया को अमन व मोहब्बत का पैगाम दिया। उनके बताए सदमार्ग पर ही चलने से जीवन का कल्याण होगा। **यह भी जाने :** इस्लाम के संस्थापक पैगंबर हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम का जन्मदिन हिजरी रबीउल अव्वल महीने की 12 तारीख को मनाया जाता है।

571 ई0 को शहर मक्का में पैगंबर साहब हज़रत मुहम्मद सल्ल. का जन्म हुआ था जो मक्का सऊदी अरब में स्थित है। आप सल्ल. के वालिद साहब (पिता) का नाम अब्दुल्ला बिन अब्दुल्ल मुतलिब था और वालिदा (माता) का नाम आमना था। मुहम्मद सल्ल. के पिता का इंतकाल उनके जन्म के 2 माह बाद ही हो गया था। ऐसे में उनका लालन-पालन उनके चाचा अबू तालिब ने किया। आपके चाचा अबू तालिब ने आपका खयाल उनकी जान से भी ज्यादा रखा।

### डीएम व एसपी ने लिया जायजा

बारह रवि अव्वल के अवसर पर जिले में ईद उल मिलादुन्नबी का जुलूस निकाला गया। इस मौके पर शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु जिलाधिकारी उमेश मिश्रा, एसपी धवल जायसवाल पडरौना शहर में जायजा लिया। इस मौके पर अफसरों ने शांति माहौल में त्यौहार मनाने का अपील किया। साथ ही सभी से मुलाकात कर बारावफात की मुबारकबाद दी व जिलाधिकारी ने इस त्योहार को जनपदवासियों को पारस्परिक प्रेम और सौहार्दपूर्ण तथा शांतिपूर्ण मनाने की अपील की है। जिलाधिकारी ने बारावफात पर्व को लेकर सभी मजिस्ट्रेट और पुलिस अधिकारीयों को हाई अलर्ट मोड पर रहने हेतु निर्देशित किया।

## स्वच्छता कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत गुरुवार को नेहरू युवा केन्द्र की उपनिदेशक डॉ आराधना राज के निर्देशन में युवा मंडल अध्यक्ष रमेश यादव के नेतृत्व में स्वच्छता कार्यक्रम चलाया गया। धार्मिक स्थल हनुमान मंदिर के पास गांव तिवारीपुर में स्वच्छता कार्यक्रम में सिंगल यूज प्लास्टिक को बोरी में एकत्रित किया गया।साथ ही ग्रामीणों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में भाजपा नेता बिंधेश्वरी प्रसाद दुबे राष्ट्रीय युवा स्वयं सेविका सीमा यादव युवा मंडल अध्यक्ष संग्रामपुर दारा सिंह युवा मंडल उपाध्यक्ष शुभम यादव सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## खेत जा रहे अधेड़ को पीछे से कार सवारों ने रौंदा, मौत



**मथौली बाजार, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** हाटा कप्तानगंज मार्ग पर स्थित मलुकही गांव के पास गुरुवार को एक तेज रफ्तार कार ने अधेड़ को रौंद डाला और कर वहीं पलट गई। मौके पर ही अधेड़ की दर्दनाक मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार कप्तानगंज थाना क्षेत्र के मलुकहीं गांव निवासी पूजन प्रसाद पुत्र तपसी उम्र 55 वर्ष पैदल खेत की तरफ जा रहे थे कि तेज गति से आ रही कार ने पीछे से जोरदार ठोकर मारकर कार पलट गई। पूजन की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। जबकि कार में सवार तीन लोगों को ग्रामीणों ने पकड़ लिया था, जिसे पुलिस थाने ले आई। बताया जा रहा कि मृतक के परिवार में पत्नी सुरसती के अलावा एकलौता बेटा सतीश उम्र 20 वर्ष है, जो इस समय बाहर कमाने गया हुआ है। पूजन की मौत पर परिवार में मातम छा गया परिजनों का रो रोकर बुरा हाल हो गया है।

## जर्जर विद्युत तार बदलवाने के लिए डीएम को पत्रक

**पकड़ी बाजार अवधनामा संवाददाता।** स्थानीय पकड़ी बाजार सब्जी मंडी में



लगी विद्युत तार बदलवाने के लिए गुरुवार को व्यापार मण्डल अध्यक्ष नवीन यादव ने जिला अधिकारी को पत्रक दिया। जिला अधिकारी को दिए गए पत्रक में नवीन यादव ने कहा कि पकड़ी बाजार क्षेत्र के प्रमुख बाजार है, सप्ताह में दो दिन सोमवार, गुरुवार को बाजार लगता है, प्रमुख बाजार होने के कारण बाजार करने के लिए हजारों के संख्या में क्षेत्रीय लोगों की भारी भीड़ होती है। सब्जी मंडी में लगा विधुत तार काफी पुरानी होने के कारण जर्जर हो चुका है, आया दिन विधुत तार गीर जाता है,जो किसी दिन बडा हादसा हो सकता है।

## कवि सम्मेलन आज

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** नगर स्थित चाणक्यपुरी मोहल्ले में हिंदी पखवाड़ा के समापन पर कल 29 सितंबर को नेहरू युवा केंद्र और साधना फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में कवि सम्मेलन व विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया है।उक्त आशय की जानकारी देते हुए कार्यक्रम की संयोजक साधना त्रिपाठी ने बताया कि हिंदी के संवर्धन विषय पर विचार गोष्ठी एवं कवि सम्मेलन का आयोजन शुक्रवार को अपराह्न 2 बजे से किया जाएगा।

## कृषि मंत्री की अध्यक्षता में आयोजित होगी चौपाल

**देवरिया।** कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही की अध्यक्षता में 01 अक्टूबर को पूर्वाह्न 11 बजे से ब्लॉक तरकुलवा अंतर्गत ग्राम पंचायत- नरायनपुर में चौपाल कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पाण्डेय ने आयोजित होने वाले चौपाल कार्यक्रम के दृष्टिगत समस्त जिला स्तरीय अधिकारी, उप जिलाधिकारी सदर, क्षेत्राधिकारी सदर, खण्ड विकास अधिकारी तरकुलवा को आवश्यक निर्देश दिया है। उन्होंने कहा है कि समस्त संबंधित की उपस्थिति ग्राम पंचायत में सुनिश्चित करें तथा अपने-अपने विभाग की योजनाओं की जानकारी जनसामान्य को दिये जाने एवं लिखित रूप से कर्मचारियों की ड्यूटी लगाकर तत्काल अवगत कराना सुनिश्चित करें। बताया है कि चौपाल कार्यक्रम में जन आरोग्य मेला का आयोजन किया जाएगा जिसमें आमजन का स्वास्थ्य परीक्षण, आयुष्मान कार्ड का वितरण किया जाएगा। सभी प्रकार के ऋण वितरण, प्रधानमंत्री आवास योजना / मुख्यमंत्री आवास योजना, स्वच्छ शौचालय, स्वच्छ पेयजल, तथा जनसामान्य को उपलब्ध कराए जाने वाले अन्य कल्याणकारी कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

## क्रांतिकारी आंदोलनों के नायक थे भगत सिंह: पवन



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** भाजपा किसान मोर्चा देवरिया द्वारा अमर शहीद भगत सिंह जी की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में किसान मोर्चा कार्यकर्ताओ ने न्यू कालोनी चौराहा स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनको नमन किया। इस अवसर पर उपस्थित किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष पवन कुमार मिश्र ने कहा कि आजादी की लड़ाई में अंग्रेजों के खिलाफ क्रांतिकारी आन्दोलनों के नायक थे भगत सिंह। भारत की आजादी के लिए उनका बलिदान और अटूट समर्पण आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा। साहस की प्रतिमूर्ति के रूप में वह हमेशा भारतवासियों के दिलो में जिंदा रहेंगे। जिला मीडिया प्रभारी भाजपा अम्बिकेश पाण्डेय ने कहा कि देश के प्रति निष्ठा के कारण ब्रिटिश राज के खिलाफ बचपन से इन्होंने अध्ययन किया और क्रांतिकारी विचारों को लेकर आजादी की लड़ाई में भाग लिया। देश को अंग्रेजों से मुक्त कराने के लिये भगत सिंह महज 23 वर्ष की उम्र में शहीद हो गए। भगत सिंह के क्रांतिकारी विचार आज भी देशवासियों में देश भक्ति का संचार करता है। नगर अध्यक्ष किसान मोर्चा अरुण कुमार ने उपस्थित लोगों के प्रति आभार प्रकट किया। इस अवसर पर रामु वर्मा, विजय कुशवाहा, अनूप सिंह, नित्यानंद पाण्डेय, अरुण मिश्र, कौशलेंद्र पाठक, अजित कुमार, प्रिन्स शर्मा, मनीष शर्मा, राजेश कुमार सिंह उपस्थित रहे।

## जनपद न्यायाधीश देवरिया की अध्यक्षता में अण्डर ट्रायल रिव्यू कमेटी की हुई बैठक

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के तत्वावधान में जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के अध्यक्षता में निरूद्ध कैदियों की रिहाई हेतु जिला कारागार देवरिया में अण्डर ट्रॉयल रिव्यू कमेटी की बैठक आहूत की गयी।

बैठक में ऐसे निरूद्ध बंदी जो दंड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 436(क) दं0प्र0सं0 से आच्छंदित हैं तथा पूर्ण सजा के सापेक्ष आधी सजा से अधिक अवधि व्यतीत कर चुके हैं उससे संबंधित बंदियों के मामलों की सूची अधीक्षक जिला कारागार देवरिया द्वारा प्रस्तुत की गयी हैं जिनके रिहाई के संदर्भ में वार्ता की गयी किन्तु उनके अन्य गंभीर मामलें न्यायालय में विचाराधीन हैं या आजीवन कारावास से दंडित होकर सजा भुगत रहे हैं। जनपद न्यायाधीश देवन्द्र सिंह द्वारा निर्देशित किया गया कि जो भी बंदी उक्त निर्देशों के अनुरूप रिहाई के पात्रता के अन्तर्गत आते हैं उनके नियमानुसार रिहाई की कार्यवाही की जायें। उन्होंने पाकशाला तथा बैरकों का निरीक्षण किया तथा निरंतर स्वच्छता बनाये रखने हेतु निर्देशित किया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के सचिव/ अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अशोक कुमार दूबें ने कहा कि धारा 436(क) दण्ड प्रक्रिया संहिता एवं ऐसे बन्दी जिनकी जमानत मा0न्यायालय से हो चुकी है परन्तु जमानतदार के अभाव में कारागार में निरूद्ध है उनके के अन्तर्गत प्राप्त प्रार्थना पत्र पर चर्चा की गयी व उसके संबंध में अधीक्षक जिला कारागार देवरिया को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया, उनके द्वारा ऐसे विचाराधीन बंदियों जिनके विरूद्ध अधिकत्तम 07 वर्ष के दण्डादेश संबंधित अपराधिक विचारण लम्बित हैं और वे कारागार में निरूद्ध हैं, से संबंधित मामलों पर विचार-विमर्श किया गया तथा जिला कारागार में निरूद्ध बंदियों की समस्याओं को सुना गया जिसमें निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराने, जमानतदार उपलब्ध कराने, नियमित रूप से बंदियों के लिए दवा उपलब्ध कराने महिला कैदियों के साथ रह रहें उनके छोटे बच्चों के लिए दूध की व्यवस्था कराने हेतु निर्देशित किया गया।

## मनरेगा योजना में सरकारी धन बंदरबाट वास्तविक मजदूरों के हक पर डांका

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** मनरेगा योजना केन्द्र सरकार की महात्वाकांक्षी योजना है, जो ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगार लोगों को गांव में ही रोजगार की गारंटी देकर उनके जीवन स्तर में सुधार हो सके लेकिन यह योजना ज़िम्मेदारों के चलते भ्रष्टाचार के भेंट चढ़कर रह गई हैं जिसके चलते जो वास्तविक मजदूर हैं उनको काम मिलना मुश्किल हो गया है।

रोजगार सेवक द्वारा मनरेगा पोर्टल पर मस्टररोल में फर्जी हाजिर लगाया जा रहा है। एक ही फोटो को सभी मस्टररोल पर एक ही फोटो अपलोड के किया जा रहा है। जिन मनरेगा मजदूरों की हाजिरी लगाई जा रही वह मजदूर साइड पर नहीं रहते दुसरे लोगो का खड़ा कर फोटो खींच अपलोड कर दिया जा रहा। इस तरह मनरेगा मजदूरों के हक पर डाका डाल जिम्मेदारों द्वारा मनरेगा मजदूरों को दर दर भटकने पर मजबुर



रामपुर भाठ में कार्य करते गिने चुने मजदूर

- रोजगार सेवक व मेठ लगा रहे फर्जी हाजिरी
- नौरंगिया विकास खंड के रामपुर भाठ गांव का मामला

किया जा रहा है। मामला जनपद के नेबुआ नौरंगिया विकास खण्ड के ग्राम पंचायत रामपुर भाठ का हैं। जहां एक साइड पर तीन सेट में मस्टररोल जारी है। 30 मजदूरों की हाजिरी मस्टररोल में लगी हुई हैं लेकिन मौके पर 8 मजदूर काम करते मिले। इससे साफ तौर से स्पष्ट होता है कि किस तरह मनरेगा योजना में जमीनी धरातल पर भ्रष्टाचार हो रहा है। रोजगार सेवक व पंचायत सचिव द्वारा फर्जी हाजिरी लगाकर सरकारी धन की लूट की जा रही है। अधिकारियों की मिलीभगत से मनरेगा योजना अपने उद्देश्य से भटकती नजर आ रही है। एक तरफ सरकार जीरो टालरेंस की बात कर रही और यहां सरकारी पैसे का जमकर बंदरबांट हो रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि रोजगार सेवक द्वारा मनरेगा मजदूर जो कभी काम पर नहीं आते उनकी हाजिरी लगाकर उनके खाते में पैसा भेज कर, पैसा निकलवा कर ले लिया जाता है। वास्तविक जो मजदूर हैं वह काम की तलाश में दर-दर भटकने पर मजबूर रहते हैं और उनके खाने के भी लाले पड़े रहते हैं। इस तरह मनरेगा योजना में मनरेगा मजदूरों के हक पर डाका डाल, जिम्मेदार मलाई काट रहे है। अब देखना यह है कि इस पूरे मामले की जांच कर क्या कार्यवाई होती है या योजना इसी तरह भ्रष्टाचार की भेंट चढ़कर दम तोड़ती रहेगी।

## ईद मिलादुन्नबी के जुलूस मार्ग पर टीम अहलेबैत ने लगाया स्टाल

अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** ईद मिलादुन्नबी यानी बारावफात का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर मुस्लिम समाज ने पैगम्बर हज़रत मोहम्मद साहब के जन्मदिन के अवसर पर

- निःशुल्क जलपान के साथ किया फल वितरण

जगह जगह महफ़िल ए मिलाद का आयोजन किया और जुलूस निकाला। इस अवसर पर रबी उल अव्वल के मौके पर टीम मिशन अहलेबैत ने अपने कार्यालय पर इस्लामिक झंडारोहण किया व मिलाद की महफ़िल सजाई जिसमें वक्ताओं ने पैगम्बर मुहम्मद साहब के जीवन पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर लोगों ने नाते पाक भी पढ़ी। टीम की जानिब से यतीमखाना घासीकटरा से गुज़रने वाले तमाम जुलूसे मुहम्मदी में आए हुए लोगों को निःशुल्क जलपान विरतण किया गया। इसके अलावा प्यारे नबी के



जन्मदिन के अवसर पर टीम मिशन अहलेबैत की जानिब से जरूरतमंदो में फल और अन्य जरूरत की चीज़े बाटी गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में सैय्यद दानियाल हैदर शम्सी, वक़ार चिश्ती, खुर्शीद आलम, इस्हाक़ वारसी, वसीम वारसी, फज्ल सिद्दीक़ी , जुबैर शम्सी, समीर हैदर, कैफ़ हाशमी, अमन वारसी, राज़िक वारसी, अयान वारसी, हाफ़िज सुहैल वारसी, अमन चिश्ती, यासीर वारसी, मुहम्मद साक़िब आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## पारंपरिक तरीके से मनाया गया नवी की आमद का जश्न

अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** जनपद में गुरुवार को नवी की आमद का जश्न पारंपरिक तरीके से मनाया गया। जुलूस ए मोहम्मदी में दर्जनों अंजुमन शामिल हुई। सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। जगह जगह सजे गेट पर सिरनी का वितरण कराया गया।

गांधी चौक पर स्थित जामा मस्जिद से जुलूस रवाना हुआ। जो सगरा तिराहा गंगागंज पावर हाउस गली के रास्ते पांचो पीरन के रास्ते चांदनी चौक होते हुए पीएनबी पहुंचा। वहां से रोडवेज तिराहा डाकखाना तिराहा होते हुए फिर गांधी चौक पहुंचा यहां जामा मस्जिद पर जुलूस संपन्न हुआ। मौलाना साजिद रजा ने तकरीर की उन्होंने आवाम को नवी के बताये रास्ते पर चलने की नसीहत दी।मौजूद आवाम को उनके संदेश बताये।निर्धारित समय पर जामा





मस्जिद की प्राचीर से परचम कुशाई हुई। उसके बाद जुलूस में शामिल अंजुमनों को शील्ड दी गई। पुलिस प्रशासन जुलूस के दौरान सजग रहा।जगह-जगह पुलिस बल तैनात किया गया था। पुलिस अफसर कड़ी निगरानी करते रहे। बुधवार की शाम नगर में सजे अंजुमनों व गेट पर पहुंच कर मौलाना साजिद रजा ने तकरीर की। देर रात यह प्रोग्राम चलता रहा। नवी की आमद पर घर-घर जश्न मनाया गया।

## दो समुदायों के बच्चों में विवाद, छह गिरफ्तार

**कुशीनगर।** जनपद में ईद उल मिलादुन्नबी का त्योहार पूरे हर्षोल्लाह पूर्वक मनाया जा रहा था कि इसी बीच कसया थाना क्षेत्र के गोला बाजार मोहल्ले में दो समुदाय के दो बच्चों के बीच आपसी विवाद हो गया। जिसको लेकर दोनों समुदायों के बीच तनाव पैदा हो गया। एक समुदाय ने दूसरे समुदाय के ऊपर ईट पत्थर चलाने तथा हथियार लहराते का आरोप लगाया और उसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल होने लगा। सूचना मिलते ही हरकत में आई पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को तुरंत ही नियंत्रण में किया और शांति व्यवस्था बहाल की।

इस संदर्भ में छह युवकों को पुलिस ने हिरासत में लिया एवं उनके विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करते हुए आवश्यक कार्रवाई में जुट गई। एसपी धवल जायसवाल ने बताया कि मौके पर सभी आला अधिकारी मौजूद हैं और माहौल पूरी तरह से शांतिपूर्ण है। छः लोगों को गिरफ्तार कर मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्यवाई की जा रही है।

## शिया फेडरेशन ने किया जश्न ए ईदमिलादुन्नबी का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** पैगम्बर मुहम्मद साहब का जन्मदिन बृहस्पतिवार को जश्न ए ईदमिलादुन्नबी के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर शिया समुदाय द्वारा नबी का जन्मदिन वक्फ़ इमामबाड़ा अशरफुननिशा खानम में मनाया गया। बताते चलें कि पैगम्बर मोहम्मद साहब के जन्म दिन का जश्न हफ्ता ए वहदत के रूप में 12 से 17 रबिलव्वल तक मानया जाता है।

इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम का प्रारम्भ कलाम ए इलाही की तिलावत से कारी उस्मान ने किया। कार्यक्रम का संचलन करते हुए मौलाना शमशाद अब्बास ने सबसे पहले सरकार ए दो आलम, सरवर ए कायनात हज़रत मोहम्मद मुस्तफा (स0अ0) की यौमे विलादत की



सबको पुरखुलूस मुबारकबाद दिया। महफ़िल ए मिलाद कार्यक्रम की अध्यक्षता उप्र उर्दू एकेडमी के चेयरमैन चौधरी कैफुलवरा ने किया। इस मौके पर आयोजित महफ़िल ए मिलाद में शायरों ने अपने कलाम से खूब वाहवाही लूटी। अपनी तक़रीर में मौलाना शमशाद अब्बास ने नबी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए रास्ते पर चलते हुए अल्लाह की रज़ा हासिल करने की बात कही। उन्होंने कहा कि पैगम्बर मुहम्मद साहब को रहमतुल लिल आलमीन कहा जाता है यानी उनकी रहमत किसी एक धर्म या जाति के लिए नही बल्कि पूरी दुनिया के लिए है। कार्यक्रम में आए मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी के अध्यक्ष चौधरी कैफ्पूल वाला को शाल ओढ़ा कर रफत हुसैन ने स्वागत किया और मिर्जा अली ने फूल माला पहनकर उनका स्वागत किया। इस दौरान शायर वसीम मज़हर, अब्दुल्लाह जामी, शाकिर अली शाकिर, ई कैसर अब्बास, मिर्ज़ा अली, जव्वाद रिज़्वी और शारिब रिज़्वी ने अपने कलाम पेश किया। कार्यक्रम के अंत में आयोजन समिति

- शिया समुदाय द्वारा 12 से 17 रबिलव्वल तक पैगम्बर मुहम्मद साहब के जन्मदिन का जश्न हफ्ता ए वहदत के रूप में मनाया जाता है

के अध्यक्ष एजाज रिज़्वी ने आयोजन में शामिल सभी लोगों समेत उर्दू एकेडमी के चेयरमैन चौधरी कैफुलवरा का शुक्रिया अदा किया और कहा कि सरदार ए अम्बिया की विलादत के इस जश्न को पूरे एक सप्ताह तक मनाया जाएगा। इस सिलसिले में 2 अक्टूबर यानी 16 रबिलव्वल को एक महफ़िल ए नमिलाद का आयोजन किया जा रहा है जिसमें स्थानीय शायरों के अलावा बाहर से आये शायर नबी की शान में अपना कलाम पेश करेंगे। उन्होंने सभी धर्मों और समुदाय के लोगों से शिरकत की गुज़ारिश की है।

# मृतक चिकित्सक के परिजन से मिला कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रेस कॉन्फ्रेंस में भाजपा सरकार पर कांग्रेसियों ने किया तीखा हमला**



**सुल्तानपुर।** चिकित्सक हत्याकांड को लेकर कांग्रेस ने खासा नाराजगी जाहिर की है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय के निर्देश पर उ.प्र कॉंग्रेस कमेटी द्वारा 4 सदस्यीय टीम गठित कर सखौली गांव भेजा गया, बीते कुछ दिनों पूर्व चिकित्सक डॉ. घनश्याम तिवारी की भाजपा नेता के परिवार द्वारा निर्मम हत्या कर दी गई थी, जिससे जनपद के साथ-साथ पूरे प्रदेश भर के लोगों में भारी आक्रोश प्राप्त हो गया था। प्रदेश सचिव एवं जनपद प्रभारी मो अनीस खा व कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा के साथ कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल में सम्मिलित पूर्व विधायक/मंत्री मोईद अहमद, पूर्व विधायक सतीश अजमानी, पूर्व विधायक श्याम किशोर शुक्ला व पूर्व विधायक भूधर नारायण मिश्र चिकित्सक डॉ. घनश्याम तिवारी के घर सखौली गांव पहुंचे, जहां पीड़ित परिजनों से मुलाकात कर उनका हाल-चाल जाना और शासन प्रशासन से हर संभव मदद दिलाने व भाजपा नेता द्वारा की गई चिकित्सक की निर्मम हत्या पर कठोर कार्रवाई कराने के लिये हर स्तर पर संघर्ष का आश्वासन दिया। वहीं कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल पूरे मामले को लेकर डीएम और सपा से मुलाकात करने का समय सुनिश्चित किया गया था लेकिन ईद मिलादुन्नबी का त्यौहार होने की वजह से डीएम और एसपी से मुलाकात न हो पाने से जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों की डीएम व एसपी से दूरभाषा से वार्ता कराई, और पूरे मामले से अवगत कराया कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल ने डीएम और एसपी से अपनी बात रखते हुए कहा कि पीड़ित परिजनों को सुरक्षा हेतु सशस्त्र लाइसेंस व मुआवजा, आरोपी की तत्काल गिरफ्तार हो,भाजपा की प्रदेश में सत्ता है अंदर खाने से भाजपा संरक्षण दे रही है जब तक पीड़ित परिवार को न्याय नहीं मिल जाता कांग्रेस इस लड़ाई को अंतिम सांस तक लड़ती रहेगी। पूर्व विधायक सतीश अजवानी ने कहा कि भाजपा नेता द्वारा जिस तरह से इस भयावाह घटना को अंजाम दिया गया की लोगों की रूह कांप उठी। हमने पीड़ित परिवार से मुलाकात की उनका हाल-चाल जाना उनके दुःख दर्द में हम और हमारी पार्टी साथ है। पूर्व विधायक श्याम किशोर मिश्रा ने कहा कि घटना को अंजाम देने वाले आरोपियों को बक्सा नहीं जाएगा कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने कहा कि सुल्तानपुर की कोई भी राजनैतिक पार्टी स्वर्गीय डॉ. घनश्याम तिवारी के लिए सड़क पर नहीं उतरी, सिर्फ कांग्रेस के नेता व कार्यकर्ता उस दिन सड़क पर उतरकर कई घंटे तक जिलाधिकारी कार्यालय का घेराव किए,कठोर कारवाई की मांग की और ज्ञापन दिया, एडीएम प्रशासन के कार्यवाही का आश्वासन दिये जाने के बाद कांग्रेस कार्यकर्ता व नेताओं ने जिलाधिकारी का दफ्तर खाली किया था, उसके 1 घंटे बाद पुलिस प्रशासन हरकत में आया, बुलडोजर की कार्यवाही की गई, हत्या अभियुक्त पर इनाम घोषित किया गया। इस मौके वरिष्ठ नेता लक्ष्मीकांत मिश्रा, योगेश सिंह, फिरोज अहमद, वरूण मिश्र, ओपी चौधरी, ओम प्रकाश दूबे, ओमप्रकाश त्रिपाठी चौटाला,चंद्रभान सिंह,नफीस फारुकी, सरदार परमजीत सिंह, राजेश तिवारी, शिवपूजन सिंह, मोहित तिवारी, पूनम कोरी आदि लोग मौजूद रहे।

## घर-घर विराजे भगवान गणपति की हुई विदाई

**ललितपुर।** अनंत चतुर्दशी के पावन पर्व को सनातन धर्मावलंबियों द्वारा बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। आज घरों में अनंत भगवान स्वरूप विष्णु भगवान का पूजन किया गया। प्रातः काल से ही श्रद्धालुओं द्वारा गणेश विसर्जन का कार्यक्रम प्रारंभ हो गया था। प्रातः काल ब्रह्म मुहूर्त से ही श्रद्धालुओं ने भगवान गणेश का विसर्जन प्रारंभ कर दिया जो देर रात तक चलता रहा। जिला प्रशासन एवं नगर पालिका द्वारा विसर्जन कार्यक्रम के लिए उत्तम व्यवस्था की गई थी। पूरे शहर में यातायात को नियंत्रित करने के लिए यातायात पुलिस एवं प्रशासन सक्रिय दिखा। वही गोविंद सागर बांध पर विसर्जन हेतु अलग से व्यवस्था की गई थी, जिससे श्रद्धालु गहरे पानी में जाकर मूर्तियों को विसर्जित ना करें, और किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके।

# बारावफात: दिखा हिन्दू-मुस्लिम एकता के प्रतीक का माहौल



**कूरेभार, सुल्तानपुर।** गुरुवार को बारावफात के मौके पर हिंदू- मुस्लिम एकता का मिसाल देखने को मिला।कूरेभार क्षेत्र में पहली बार ऐसा देखने को मिला कि हिन्दू मुस्लिम दोनों एक दूसरे से गले लगे,और दोनों समुदायों के लोग बारावफात के जुलूस में शामिल रहे पूर्व में माना जा रहा है कि कूरेभार थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार यादव द्वारा हिंदू और मुस्लिम समुदाय के बीच पीस कमेटी की मीटिंग की गई थी, उस मीटिंग में थानाअध्यक्ष दोनों समुदाय के लोगों को हिंदू और मुस्लिम एकता का प्रतीक बताते हुए त्यौहार मनाने को कहा था। उस पर खरा उतारते हुए हिंदू और मुस्लिम समुदाय के लोगों ने एकता का मिसाल देते हुए एक अच्छा संदेश लोगों तक पहुंचा है,जो क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। कूरेभार कस्बे में शांति माहौल ढंग से बारावफात का जुलूस चल रहा है इस मौके पर थानाध्यक्ष कूरेभार प्रवीण कुमार यादव के साथ भारी पुलिस बल तैनात रहा।

# डॉ. पल्लवी तिवारी महिला शक्ति प्रकोष्ठ की बनी प्रदेश महामंत्री

**अवधनामा संवाददाता**



**सुल्तानपुर।** ब्रह्मदेव जागरण मंच महिला शक्ति प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय अध्यक्ष वन्दना तिवारी ने ब्रह्मदेव जागरण मंच के प्रदेश संगठन मंत्री पंडित जितेन्द्र मणि द्विवेदी के निवेदन पर संगठन को मजबूत बनाने के लिए सुल्तानपुर निवासी डॉक्टर पल्लवी तिवारी को ब्रह्मदेव जागरण मंच महिला शक्ति प्रकोष्ठ का प्रदेश महामत्री मनोनीत किया है। डॉक्टर पल्लवी तिवारी को ब्रह्मदेव जागरण मंच महिला शक्ति प्रकोष्ठ का महामंत्री बनाए जाने पर ब्रह्मदेव जागरण मंच प्रदेश अध्यक्ष पंडित सत्येन्द्र नारायण तिवारी एडवोकेट, महामंत्री पंडित वज्रघोष ओझा , प्रवक्ता पंडित जय प्रकाश मिश्र एडवोकेट, जिला अध्यक्ष पंडित श्रीप्रकाश दुबे, नगर अध्यक्ष पंडित राजेश नारायण मिश्र, ब्रह्मदेव जागरण मंच अधिवक्ता प्रकोष्ठ अध्यक्ष पंडित घनश्याम शुक्ल एडवोकेट, ब्रह्मदेव जागरण मंच युवजन प्रकोष्ठ अध्यक्ष पंडित रवीन्द्र नारायण तिवारी, ब्रह्मदेव जागरण मंच महिला शक्ति प्रकोष्ठ अध्यक्ष श्रीमती शर्मिला शुक्ला सहित जिला, तहसील, ब्लाक, नगर, महिला शक्ति प्रकोष्ठ ईकाई के समस्त पदाधिकारियो ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

# नारी शक्ति को समाजवादी विचारधारा से प्रेरित कर बनाएं पार्टी का साथी: रीबू

**अवधनामा संवाददाता**

**सपा कार्यालय पर आहूत महिला सभा संगठन की समीक्षा बैठक**



**बहराइच।** जनपद में आज समाजवादी महिला सभा की प्रदेश अध्यक्ष रीबू श्रीवास्तव अपने निर्धारित कार्यक्रम के तहत जनपद बहराइच पहुंची जहाँ पर उन्होंने जिला समाजवादी कार्यालय पर आहूत महिला सभा की संगठन समीक्षा बैठक में मुख्य अतिथि के रूप मे प्रतिभाग लिया। सर्वप्रथम शहर बहराइच की सीमा दोनक्का चौराहे पर नगर अध्यक्ष महिला सभा सुमन शर्मा के नेतृत्व मे सैकड़ों की संख्या मे शामिल महिला पदाधिकारियों ने प्रदेश अध्यक्ष रीबू श्रीवास्तव का फूल मालों व गाजे बाजे के साथ जोरदार स्वागत एवं अभिनन्दन करते हुए वहाँ से पार्टी कार्यालय पहुंची जहाँ पर मौजूद सपा जिलाध्यक्ष रामहर्ष यादव महिला सभा जिलाध्यक्ष मनु देवी जिला महासचिव सुनील निषाद व जफर उल्ला खान बंटी सहित तमाम वरिष्ठ सपा नेताओं व महिला पदाधिकारियों ने प्रदेश अध्यक्ष का पुष्प गुच्छ चित्र मालार्यपण कर उनका स्वागत किया। उक्त समीक्षा बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मनु देवी ने और बैठक का संचालन जिला उपाध्यक्ष महिला सभा सुनीता यादव ने किया। समीक्षा बैठक में गत वर्षो में समाजवादी महिला सभा बहराइच द्वारा समाजवादी पार्टी की नीतियों, योजनाओं का प्रचार प्रसार आंदोलनों में की गई भागीदारी और 2022 विधानसभा चुनाव में संगठन द्वारा किए गए कार्य के बारे मे विस्तार से जिलाध्यक्ष मनु देवी ने प्रदेश अध्यक्ष को अवगत कराया व महिला सभा की उपस्थित महिलाओ ने व्यक्तिगत रूप से उनसे संवाद भी कायम किया। समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए रीबू श्रीवास्तव ने समाजवादी नीतियों का प्रचार प्रसार करने और अधिक से अधिक नारी शक्ति को पार्टी की विचारधारा से प्रेरित कर उन्हे पार्टी से जोड़ने का आह्वाहन किया उन्होंने कहा कि मणिपुर की महिला उत्पीड़न की घटनाओं से विश्व भर में देश की छवि को नुकसान पहुंचा है और देश के प्रधानमंत्री मणिपुर की घटनाओं को लेकर मौन रहे। देशभर के एनसीआरबी के आंकड़े प्रमाणित करते हैं कि जहां-जहां भारतीय जनता पार्टी की सरकार है वहां महिलाओं और बच्चों के प्रति जघन्य अपराध मे बेतहाशा वृद्धि हुई है। उन्होंने महिला आरक्षण विधेयक को अधूरा करार देते हुए कहा कि जनगणना और जाति गणना के बिना महिला आरक्षण सम्भव ही नही है। सपा ने महिला आरक्षण मे सदैव दलित ओबीसी आदिवासी और अल्पसंख्यक महिलाओं के लिए आबादी के हिसाब से आरक्षण मे मांग की है भाजपा द्वारा लाया गया आधा अधूरा बिल महिला आरक्षण जैसे गंभीर विषय का उपहास है। इसका जवाब महिलाए आगामी लोकसभा चुनाव मे भाजपा के विरुद्ध वोट डाल कर देंगी। इस बैठक मे करीब सैकड़ो की संख्या मे महिलाओं ने समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पूर्व विधायक रमेश गौतम जिलाध्यक्ष बाबा साहेब वाहिनी पेशकार राव नंदेश्वर यादव एड0 मंजू चौधरी रेनू श्रीवास्तव रेखा राव अमाना बेगम रुखसार शाह अंजली पूनम गुप्ता सायमा इंद्रावती कोमल पाल महक शाह अलीना फातमा सहित काफी संख्या मे पार्टी जन मौजूद रहे।

## सामुदायिक कार्यक्रम संपन्न

**ललितपुर।** संस्था द्वारा उत्तर प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी लखनऊ के सहयोग से उच्च जोखिम समुदाय के बीच एचआईवी/एड्स के बचाव हेतु कार्य कर रही। समुदाय के मनोरंजन हेतु समय समय पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है, जिसके क्रम में परियोजना कार्यालय में सामुदायिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें परियोजना प्रबंधक हरेन्द्र रिछारिया ने एमएसएम एवं टीजी समुदाय के साथ संस्था में उपस्थित समुदाय के साथ एचआईवी/एड्स, टी.बी. एवं गुप्त रोगों के प्रति जागरूक किया गया एवं मौसमी एवं संक्रामण बीमारियों के बचाव हेतु उपाए तदोपरान्त मेंहदी प्रतियोगिता, कला प्रतियोगिता एवं डान्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

# गणपति बप्पा मोरया अगले बरस तू जल्दी आना

**अवधनामा संवाददाता**



**हरदोई।** बिलग्राम कस्बे के विभिन्न स्थानों से ढोल तासों के बीच धूमधाम से गणेश प्रतिमा विसर्जन के लिए शोभायात्रा निकाली गई। कस्बे में स्थापित भगवान गणेश की पूजा अर्चना व आरती के बाद गुरुवार को बिलग्राम कस्बे में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई।झाकियों से सुसज्जित शोभायात्रा के दौरान अबीर गुलाल उड़ाते नाचते-गाते भक्तों के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया। गुरुवार सुबह पूजन अर्चन के बाद कस्बे में गजानन सेवा समिति द्वारा सुभाष पार्क से होते हुए भगवान की शोभायात्रा प्रारंभ हुई।वही कस्बे मोहल्ला रफैयत गंज स्थित ब्रह्मदेव सेवा समिति के द्वारा शिवाला से होते हुए भगवान की शोभायात्रा प्रारंभ हुई।तथा कस्बे के अन्य स्थानों से शोभायात्रा प्रारंभ हुई। गाजे बाजे के साथ सभी भक्त नाचते गाते रहे जिससे पूरा बिलग्राम कसबा भगवान गणेश की भक्ति में सरोबार हो गया। सभी भक्त अबीर गुलाल की बौछार कर श्रद्धालु गणेश आरती करते और भजनों पर थिरकते आगे बढ़ते रहे। बड़ी संख्या में महिलाएं व बच्चे भी शामिल हुए। शोभायात्रा को देखने के लिए लोगों की भीड़ कस्बे की सड़कों पर व घरों की छतों पर भी लगी रही। इस दौरान श्रद्धालु गणपति बप्पा मोरया.. के जयकारे भी लगाते रहे। श्रद्धालुओं ने घर की छतों से पुष्पवर्षा कर जयकारे लगाए। मां दुर्गा, भगवान शंकर आदि की झाकियों से सुसज्जित शोभायात्रा में भक्तिभाव से ओत-प्रोत श्रद्धालु अबीर गुलाल हवा में उड़ाते हुए एक दूसरे को लगाते हुए आग बढ़ते रहे। श्रद्धालु गणपति बप्पा मोरिया, अगले बरस तू जल्दी आना..., देवा हो देवा गणपति देवा तुमसे बढ़कर कौन...भजनों पर श्रद्धालु खूब थिरके।विसर्जन यात्रा मोहल्ला रफैयत गंज, पीपल चौराहा, ऊपर कोट होते हुए बिलग्राम कस्बे के मुख्य चौराहा पर पहुंची तो भक्तों ने पूजा अर्चना तथा आरती की। इसके बाद विसर्जन यात्रा गुलाब बाड़ी चुंगी पहुंची जहां पर श्रद्धालुओं ने जमकर नृत्य किया। इसके बाद गंगा नदी के पावन तट पर भगवान लंबोदर का विसर्जन गणपति बप्पा मोरया अगले बरस तू जल्दी आना.. के साथ किया गया। बिलग्राम कस्बे के मोहल्ला रफैयत गंज में स्थापित भगवान गणेश प्रतिमा का श्रद्धालुओं ने पूजन अर्चन किया। सुबह भक्तों ने भगवान गणेश का दुग्धाभिषेक किया। रंगबिरंगी फूल मालाओं से सुसज्जित गणपति का शाम को विभिन्न फूलों से श्रंगार किया

## कलश यात्रा में जिलाधिकारी ने लिया भाग

**हरदोई।** मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम के अन्तर्गत आज जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने अहिरोरी ब्लाक के ग्राम खॉड़ा खेड़ा में ग्राम पंचायत की ओर से आयोजित कलश यात्रा में भाग लिया। यात्रा के दौरान महिलाओं ने घर-घर से कलश में मिट्टी एवं चावल जमा किया और कलश यात्रा प्राथमिक विद्यालय से प्रारम्भ होकर पंचायत भवन तक आयोजित की गयी। इस दौरान जिलाधिकारी ने गांव में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा बनाये जा रहे आयुष्मान कार्ड की जानकारी ली तथा एएनएम, आशा तथा ग्राम प्रधान को निर्देश दिये कि गांव के शतप्रतिशत लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाना सुनिश्चित करें। इसके उपरान्त जिलाधिकारी ने गांव के अमृत सरोवर का निरीक्षण किया।

# विश्व पर्यटन दिवस: बच्चों ने देखे जनपद के पर्यटन स्थल



**अवधनामा संवाददाता**

**पर्यटन मित्र फिरोज इकबाल ने बच्चों को बताई पर्यटन की महत्ता**

**ललितपुर।** विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर जिला पर्यटक अधिकारी ने अवगत कराया है कि विश्व पर्यटन दिवस का शुभारंभ सन 1980 में संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन द्वारा किया गया था, इस वर्ष द्वारा दी गई थीम के तहत पर्यटन एवं सामाजिक राजनीति क्षेत्र में पारम्परिक एवं गैर पारम्परिक क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा दिये जाने पर जोर है। इसी क्रम में कलैक्ट्रेट सभागार में राज्यमंत्री मनोहर लाल, जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण एवं जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की उपस्थिति में पर्यटन जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें उक्त विद्यालयों के बच्चों को पर्यटन के प्रति प्रेरित करते हुए उन्हें जनपद के पर्यटन स्थलों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। राज्यमंत्री ने बच्चों को पर्यटन के प्रति सहज रहने व पर्यटन स्थलों का भ्रमण कर अपनी संस्कृति को जानने के लिए प्रेरित किया। जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा पर्यटन के महत्व, जनपद की एतिहासिकता एवं यहां की संस्कृति के बारे में बच्चों को बताया गया। जिलाधिकारी द्वारा वर्तमान में पर्यटन को बढ़ावा दिये जाने, पर्यटन स्थलों पर बच्चों के निरंतर भ्रमण पर जोर दिया गया। जिला पर्यटक अधिकारी ने बताया कि जनपद ललितपुर में अनेकों पर्यटन स्थल हैं, जिनकी जानकारी बच्चों को होना नितान्त आवश्यक है। उन्होंने जानकारी देते हुए बच्चों को पर्यटन स्थलों का भ्रमण करने हेतु प्रेरित किया तथा पर्यटन विभाग के साहित्य एवं कैप का वितरण किया।

इस अवसर पर जिला पर्यटन अधिकारी द्वारा पर्यटन मित्र फिरोज इकबाल को उनके द्वारा पर्यटन के क्षेत्र में किए जा रहे विशिष्ट प्रयासों और पुरातत्व स्थलों के प्रति जन जागरूकता कार्यों के लिए सम्मान चिन्ह और प्रशस्ति पत्र भेंट किया गया। इसके उपरान्त राज्यमंत्री, जिला पंचायत अध्यक्ष एवं जिलाधिकारी द्वारा पर्यटन स्थलों के भ्रमण हेतु बच्चों की बस को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया।

# निरंतर अध्ययन एवं परिश्रम सफलता की सबसे बड़ी कुंजी: राज्यमंत्री

**अवधनामा संवाददाता**

**शिक्षा में मील का पत्थर साबित होंगी नालंदा डिजिटल लाइब्रेरी**

**ललितपुर।** नालंदा डिजिटल लाइब्रेरी का शुभारंभ राज्यमंत्री मनोहर लाल के मुख्य आतिथ्य एवं झांसी प्रयागराज क्षेत्र के शिक्षक विधायक डा.बाबूलाल तिवारी व जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर बोलते हुए राज्यमंत्री ने कहा कि जीवन में निरंतर अध्ययन एवं परिश्रम ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री की दूरदर्शी सोच का ही परिणाम है कि आज हम बुंदेलखंड के पिछड़े जनपद ललितपुर में भी डिजिटल लाइब्रेरी जैसे सपने को साकार होता देख रहे हैं।

शिक्षक विधायक डा.बाबूलाल तिवारी ने कहा की बुंदेलखंड के युवाओं को मिट्टी गिट्टी और बालू में व्यस्त रखकर उनके जीवन की अमूल्य समय को बड़ा बर्बाद कराया जाता रहा। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की दूरदर्शी सोचो का परिणाम है की छोटे शहरों में भी अध्ययन के प्रति युवाओं की सोच जागृत करने के लिए डिजिटल लाइब्रेरी जैसे केंद्र प्रदेश में विकास की राह में पीछे छूट गए। बुंदेलखंड के ललितपुर जैसे जनपद में डिजिटल अध्ययन केंद्र खोले जा रहे उन्होंने कहा कि नालंदा डिजिटल लाइब्रेरी जनपद के युवाओं को शिक्षक शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करने में मील का पत्थर साबित होगी जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा की शिक्षा ही जीवन में परिवर्तन लाने का सबसे बड़ा साधन है। इस अवसर पर पर्यटन दिवस के संबंध में एक गोष्ठी का भी आयोजन किया गया, जिसमें संतोष शर्मा के संचालन में शिक्षकों ने जनपद में पर्यटन की विकास की संभावनाओं पर चर्चा की। कार्यक्रम में राजकीय शिक्षक संघ के प्रदेशीय महामंत्री केदारनाथ तिवारी उत्तर प्रदेश की प्राथमिक शिक्षक संघ के मांडलिक मंत्री राजेश लिटोरिया, जिला मंत्री अरुण गोस्वामी, राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के कार्यकारी अध्यक्ष हरिहर नारायण तिवारी, मंत्री कमलेश सिंह, राज्य पुरस्कार शिक्षक हृदेश गोस्वामी, ब्लॉक अध्यक्ष आलोक श्रीवास्तव, पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के कोषाध्यक्ष मनोज किलेदार, पार्षद आलोक जैन मयूर, एआरपी प्रफुल्ल जैन, अनुराग जैन, के.के.पंथ, सुजान सिंह, मो.आसिफ, अनिल पटैरिया, के.के.पाठक, कालका प्रसाद अवस्थी, रविंद्र प्रजापति, रूपेश पटैरिया, ऋषभ कुमार जैन, श्रीकृष्ण पटैरिया, सुजानसिंह कुशवाहा, अनंत तिवारी, अभिषेक शर्मा, मयंक बबेले, कृष्णकांत रावत, राहुल तिवारी, मनीष खरे, राजेंद्र साहू, बृजमोहन तिवारी, देवेंद्र गुरु, धर्मेंद्र गोस्वामी, प्रताप नारायण तिवारी, मुकेश योगी, डा.दिनेशबाबू गौतम, डा.हेमंत तिवारी, डा.जितेंद्र तिवारी, अशोक श्रीवास, शशिकांत तिवारी, आशीष मिश्रा, बृजेश सिंह प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। गोष्ठी में पधारे समस्त शिक्षकों एवं अतिथियों का आभार व्यक्त नालंदा डिजिटल लाइब्रेरी के संरक्षक अनंत तिवारी ने किया।

# पैगंबर साहब के जन्मदिन पर निकला जुलूस, दिखा देश भक्ति का जज्बा

**अवधनामा संवाददाता**



**बिलग्राम।** ईद मिलादुन्नबी (पैगंबर साहब के जन्म दिन) पर निकले जुलूसे मुहम्मदी में आपसी सद्भाव और देश प्रेम का जज्बा देखने को मिला। नगर में निकले जुलूस में शामिल लोग इस्लामिक झंडे के साथ राष्ट्रध्वज भी लहराते हुए चल रहे थे।

इसमें हिंदू भाइयों ने भी बढ़-चढ़ कर सहयोग किया। ईद मिलादुन्नबी पर निकलने वाला यह बिलग्राम का सबसे बड़ा जुलूस है। इसमें बिलग्राम के साथ ही आसपास के गांव के लोग भी शामिल होते है। इसके चलते रविवार को बीस हजार की संख्या में लोग जुलूस में शामिल हुए। आलम ये था कि एक स्थान से जुलूस पास होने में ढाई से तीन घंटे लग रहे थे। पूरा जुलूस कई ग्रुपों में बंटा हुआ था। हर ग्रुप के सदस्य अलग-अलग रंग की पगड़ी पहने हुए चल रहे थे। हाथों में इस्लामिक और तिरंगा झंडा था तो लबों पर सरकरा की आमद मरहबा और नार-ए-तकबीर वगैर नारे थे। सैय्यद हज़रत उवेश मुस्तफा वास्ती ने बताया कि क्यू निकालते है जुलूस पैगंबर-ए-इस्लाम हजरत मोहम्मद साहब का जन्म इस्लामिक माह रबीउल अव्वल की 12 तारीख को हुआ था। इस दिन को ईद मिलादुन्नबी, यौमुन्नबी या विलादत-ए-नबी के नाम से पुकारा जाता है। इस दिन को जश्न के रूप में मनाते हैं। घरों पर हरी झंडियां लगाई जाती हैं, जुलूस निकलते है और पूरे रबीउल अव्वल माह में जलसों का आयोजन होता है। इस परंपरा की शुरुआत अरब में पैगंबर साहब के हयात(जीतेजी) में ही उनके सहाबा (शिष्य) ने की थी। इन रास्तों से होकर निकला जुलूस मैदानपूरा से सुबह 9 बजे जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाला गया। जुलूस ऊपर कोट सैय्यद वाड़ा कासूपेठ बिलग्राम चौराहा बाजार पीपल चौराहा मलकंट पहुंच कर सभा में परिवर्तित हो गया। तकरीर और दुआ के साथ जुलूस समाप्त हो गया। तकरीर में पैगंबर साहब के जीवन के बारे में बताया गया और उनके द्वारा बताए गए रास्तों पर चलने की बात कही गई। इसके अलावा देश और दुनिया में अमन और शांति के लिए दुआ की गई।


# ग्राम पंचायत- सीतारामपुर वि.खं.-शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर

## अल्पकालीन निविदा

वित्तीय वर्ष 2023-24 में ठोस तरल अपशिष्ट प्रबन्धक (SLWM) केंद्रीय वित्त/वित्त आयोग/मनरेगा/ स्वच्छ भारत मिशन अन्तर्गत स्वीकृत कार्य हेतु ई रिक्शा, साइकिल रिक्शा, कूड़ेदान, प्लास्टिक बैग, प्लास्टिक बैंक, सफेद सीमेंट, गिट्टी, प्रथम श्रेणी ईट, रोड़ा, सीमेट, रेट्रोफिटिंग मौरंग बालू, इंटरलॉकिंग, सरिया, लोहे का जाल, ह्यूम पाइप, वॉल पुट्टी, टीन चादर, बजरफुट, बजरी, वॉल पेंटिंग, प्लास्टिक पाइप कलेक्श सेंटर हैण्डपंप मरम्मत, रीवोर, इलेक्ट्रॉनिक मेटेरियल आदि सामानों की आपूर्ति हेतु इच्छुक व मान्य आपूर्तिकर्ता दिनांक 28.09.2023 से 05.10.2023 तक निविदा कार्यालय में जमा कर सकते हैं। दिनांक 05.10.2023 को सुबह 11:00 बजे निविदा ग्राम पंचायत कार्यकारिणी के समक्ष खोली जाएंगी प्रतिबंध नियम व शर्तें एवं अन्य विवरण कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय से सम्पर्क कर सकते हैं।

**रामस्वरूप गुप्ता**
**सचिव**
**ग्रा.पं. सीतारामपुर**

**अब्दुल रसीद**
**प्रधान**
**ग्रा.पं. सीतारामपुर**



G20 भारत 2023 INDIA

**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता / टीआरडी / हजरतगंज, मंडल रेल प्रबंधक, कार्यालय लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रारूप पर निम्नलिखित कार्यों के लिए मुहरबंद खुली ई निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | ई निविदा सूचना संख्या | टीआरडी–10–सीनि०डी०ई०ई०–लखनऊ–23 |
| 2. | कार्य का नाम | एन० टी० पी० सी० ऊंचाहार रेल यार्ड स्टेज चतुर्थ के विद्युतीकरण के लिए 25 के वी सिंगल फेज ओ० एच० ई० की डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण एवं कमीशनिंग का कार्य। |
| 3. | अनुमानित लागत | रू. Rs. 3,57,34,958.47 |
| 4. | बयाना राशि | रू. 3,28,700/- |
| 5. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 12 माह |
| 6. | निविदा फार्म जमा करने की अन्तिम तिथि व समय तथा खोलने की तिथि | दिनांक 17.10.2023 को 15.00 बजे तक तथा खुलने का समय उसी दिन 15.00 बजे के बाद। |
| 7. | प्रस्ताव की वैधता | निविदा खुलने की तिथि से 60 दिन। |
| 8. | उत्तर रेलवे की बेबसाइट | अतिरिक्त सूचना उत्तर रेलवे की बेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर चेक की जा सकती है। |
| 9. | पात्रता मापदण्ड | निविदाकर्ता तब तक निविदा डालने योग्य नहीं है, जब तक कि वह निम्नलिखित पात्रता मापदंड पूरा नहीं करता: **1.** निविदाकर्ता का न्यूनतम औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार वी/एन या 'वी'जो भी कम हो होना चाहिए, जहा वी = निविदा का विज्ञापित मूल्य करोड़ रुपये में। एन = कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षों की संख्या जिसके लिए बोलियां आमंत्रित की गई हैं **2.** निविदाकर्ता पिछले सात वित्तीय वर्ष (निविदा के आमंत्रित करने के एक महिने पहले के अन्तिम दिन तक), कम से कम एक समान प्रत्येक तीन कार्य का 30 प्रतिशत न्यूनतम विज्ञापित राशि का कार्य किया हो" या "कम से कम एक समान प्रत्येक दो कार्य का 40 प्रतिशत न्यूनतम विज्ञापित राशि का कार्य किया हो" या "कम से कम एक समान एक कार्य का 60 प्रतिशत न्यूनतम विज्ञापित राशि का कार्य किया हो। एक समान कार्य की परिभाषा होगी: Similar work means design, supply, erection testing & commissioning of 50 Hz, single phase 25 KV AC OHE **3.** निविदाकर्ता अपने आफर के साथ बिजली के ठेकेदारों के वैध लाइसेंस की प्रमाणित छायाप्रति अवश्य जमा करें। |

**नोट:** इस निविदा के लिए किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव नजरअंदाज / खारिज कर दिया जाएगा। पूर्ण विवरण बेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है।

**सं०: टीआरडी–10–सीनि०डी०ई०ई०–लखनऊ–23 दिनांक: 22.09.2023**

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ** 2952/23

# अकीदत के साथ जूलूस निकालकर मनाया गया जश्ने ईद मिलादुन्नबी



अवधनामा संवाददाता

**चोपन/सोनभद्र।** गुरुवार को नगर के जामा मस्जिद से सलल्लाहु अलैहि वसल्लम की शान में मक्का मुनउवरा की सुन्दर झांकी व झण्डा जूलूस को लेकर सैकड़ों की संख्या में मुस्लिम बन्धुओं ने वाराणसी - शक्तिनगर मुख्यमार्ग से होते हुए चोपन बैरियर होते हुए प्रीत नगर तत्पश्चात बकरिदिया इस्लामिया स्कूल पर जूलूस को ले जाकर सभा कर दूरूद पढ़ा गया।वहीं मुस्लिम बन्धुओं ने अपने अपने घरों व मुहल्लो को दुल्हन की तरह सजा दिया था। प्रभारी निरीक्षक विश्व नाथ प्रताप सिंह मय फोर्स सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत चाक चौबंद नजर आये। देर शाम को जामा मस्जिद में नबी की शान में जश्ने ईद मिलादुन्नबी का प्रोग्राम रखा गया था जिसमें बाहर से औलमा इकराम तशरीफ़ लाये जहां खुशुशी खिताब खुशुशि तकरीर करने के लिए हजरते अल्लामा इख्लाख अहमद किब्ला बरकाती बनारस से तशरीफ़ लाये ,शायरे इस्लाम फुजैल अहमद किब्ला सलखन से तसरीफ लाये । वही हजरते इख्लाख अहमद किब्ला ने नबी की शान मे मनकबत के नजराने अकीदत पेश किये वही अन्त मे जामा मस्जिद के पेश इमाम सद्दाम हुसैन कादरी ने बाहर से आये हुये मेहमानो का ईस्तकबाल किया व अन्त मे सभी मुस्लिम बन्धुओं ने अल्लाह की बारगाह मे रो - रोकर मुल्क की सलामती के लिए दुआएं मांगी वही मस्जिद में लंगर का प्रोग्राम रखा गया था। मस्जिद को दुल्हन की तरह सजाया गया था। इस अवसर पर चेयरमैन उस्मान अली, जामा मस्जिद के सदर हाजी शरफराज अहमद, नायब सदर नाजिम खान, सेक्रेटरी महफूज आरिफ , ईदु भाई, एजाज अंसारी, साकिब खान, रिजवान अहमद, सरफराज अंसारी, नजमुद्दीन इदरीसी, सभासद सलीम कुरैशी, अतहर कुरैशी, सर्फुद्दिन, चिराग अली, के साथ ही भारी संख्या में मुस्लिम बन्धु मौजूद रहे। वही कार्यक्रम का संचालन हाफ़िज़ व कारी परवेज साहब किब्ला ने किया।

## सरकार की आमद मरहबा से गूंजा नारा

**सोनभद्र/ डाला, अवधनामा संवाददाता।** स्थानीय डाला क्षेत्र में हर वर्ष के भांति अंजुमन निजामुल उलूम मदरसा इस्लामिया डाला के जानिब से ईद उल मिलादुन्नबी का जूलूस



निकाला गया जिसमें कमेटी द्वारा सुरक्षा के दृष्टिकोण से युवाओं को वालिंटियर के तौर पर भी सबको जिम्मेदारी सौंपी गई।जूलूस ए मुहम्मदी सुबह के वक्त जामा मस्जिद डाला से बाड़ी क्षेत्र में गया तथा उसके बाद दुसरी मीटिंग में अपने परम्परागत रास्ते से जूलूस को डाला बाजार, अल्ट्राटेक परिसर व सेक्टर बी चौराहे के तय रास्तों से निकाला गया। दुनिया भर में गुरुवार को ईद उल मिलादुन्नबी का पर्व बड़े की धुम धाम से मनाया जा रहा है। इस्लाम धर्म के अनुयाई द्वारा पुरी दुनिया में पैगम्बर हजरत मुहम्मद साहब के जन्मदिन को ईद उल मिलादुन्नबी के रूप में मनाया जाता है।इसे ईदो की ईद भी कहा जाता है।इस्लामिक कैलेंडर के अनुसार ये त्योहार तीसरे महीने के रबी-उल-अव्वल की 12 तारीख को मनाया जाता है।ईद उल मिलादुन्नबी के मौके पर पुरा नगर रौशनी तथा सरकार की आमद मरहबा के नारों से गूंज उठा।सुरक्षा के दृष्टिकोण से डाला चौकी प्रभारी वृजेश कुमार पाण्डेय अपने मय फोर्स के साथ डटे रहे। जुलूस में बच्चों, नौजवानों, बुजुर्गों का हूजूम देखने को मिला तथा जगह जगह पर लोगों के लिए पानी, बिस्कुट तथा शरबत आदि की व्यवस्था लोगों द्वारा की गई थी। इस मौके पर पेश इमाम जुबेर आलम साहब, शाहनवाज आलम, दिलकुम, इसरार, इरशाद, गुलाम मुस्तफा, परवेज आलम, मोहम्मद नियाज़, शहनवाज, अमिनवाज, अहमद, मुमताज, मोनू, अश्फाक सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

## बेपनाह मोहब्बत की जाए नबी की मोहब्बत दुनिया की सारी मोहब्बत से अफजल है

**सोनभद्र, अवधनामा ब्यूरो।** जिला मुख्यालय स्थित नगर में बारावफात यानी ईद मिलादुन नवी को मोहम्मद मुस्तफा साल साल की पैदाइश हुई थी जिसको लेकर गुरुवार को पूरे जनपद में मनाया गया पर्व मुस्लिम बंधुओ ने जुलूस निकालकर बड़े ही सद्भाव एवं हरसोला के



रावटसगंज नगर में मुस्लिम बंधुओं ने निकाला जुलूस

साथ पूरे नगर का भ्रमण कर पूरब मोहाल मस्जिद के पास खत्म किया मुस्लिम समाज के सदर एजाज कादरी प्यारे भाई ने कहा कि दुनिया में पैगंबर इस्लाम के आने से भटके हुए लोगों को सही रास्ता दिखाया गया उन्होंने कहा कि इंसानों को पैदा करने वाला रब एक है कल आज में उसे रविब्बल अलमीन कहा गया है पैगंबर इस्लाम सारी कायनात के मालिकों मुख्तार सारे इंसानों के लिए इस्लाम का पैगाम लेकर अगर इसलिए उन्हें रह्मगुल दिल आलमीन कहते हैं। वही अंजुमन मिलाद कमेटी के सदर मुश्ताक खान ने बताया कि अपने रसूल से बेपनाह मोहब्बत की जाए नवी की मोहब्बत दुनिया की सारी मोहब्बत से अफजल है बच्चों का जुलूस 11 दिन तक बड़े ही धूमधाम से उठा जुलूस की देखरेख की हिदाउल्ला खान ने किया जुलूस में मुख्य रूप से सदर मुस्ताक अहमद, मौलाना खुर्शीद, प्यारे भाई , अजहर खान, दानिश खान, लल्लू भाई, मुहम्मद इमरान बख्शी, अली खान, तनवीर खान, तौसीफ अहमद बाबू, सीपू खान, गुलाम यासिन, सहित आज लोग मौजूद रहे।

# सरकार द्वारा योजनाओं की गरीबों को दी गई जानकारी



अवधनामा ब्यूरो

**सोनभद्र।** बस्ती सम्पर्क अभियान के तहत गुरुवार कोभाजपा के निवर्तमान जिलाध्यक्ष अजीत चौबे के नैतिक में दर्जनों कार्यकर्ताओं ने चूर्क मण्डल के ग्राम कोटास में घर घर सम्पर्क कर सरकार के जन कल्याणकारी योजनाओं की चर्चा वही वही अजीत चौबे ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा सरकार की दर्जनों ऐसी योजनाएं हैं जिनका प्रचार प्रसार के बिना लोगों तक उसका लाभ नहीं पहुंच पा रहा है जिसको लेकर भाजपा सरकार जिले भर में एक विशेष महा अभियान चला रही है जिसके तहत हर योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्ति तक पहुंचाया जाए उसी क्रम में बस्ती संपर्क अभियान चलाया जा रहा है हर पात्र व्यक्ति तक पहुंच कर उसे सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है कि नहीं इसकी जानकारी लेते हुए ना मिलने वाले अपात्र व्यक्तियों को पत्र दिलाने के लिए भी प्रयास किया जा रहे हैं श्री चौबे ने बताया कि सरकार इतनी योजनाएं लाई है कि अब गरीब गरीब नहीं रह गया उसको एक समान दर्जे पर लाकर खड़ा कर दिया है सरकार की योजनाएं सरकार की मनसा यह चाहती है कि सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास के साथ एक नया संकल्पित भारत बने या तभी संभव होगा जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पुनः प्रधानमंत्री बनाया जाएगा इसके लिए जनता एक बार फिर उनके साथ कदम से कदम मिलाकर चले इस दौरान पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अमरेश पटेल, सुरेश शुक्ला प्रधान मंडल अध्यक्ष, महेन्द्र पांडेय महामंत्री, सुबास पाठक, मिन्नी पाठक ग्राम प्रधान, जितेन्द्र सिंह, राजाराम विश्वकर्मा, सुरेन्द्र चौहान, दिलीप चौबे ,सूर्यपाल चौहान, रामकिशुन पटेल ,अशर्फी शक्ति केन्द्र संयोजक बुथ अध्यक्ष आदि लोग रहे।

# पुनिस ने किया अज्ञात महिला की हत्या का खुलासा

- गन्ने के खेत मे मिला था महिला का नग्न शव

अवधनामा संवाददाता

**शाहजहांपुर।** करीब एक सप्ताह पहले गन्ने के खेत मे नग्न अवस्था में अज्ञात महिला का शव मिला था। जिसकी पोस्टमार्टम रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि महिला की चाकुओं से हत्या की गई है। इस पर पुलिस ने गॉव के ही चौकीदार की ओर से हत्या का मुकदमा दर्ज कर तफ्तीश शुरू कर दी थी। जिसका शाहजहांपुर एसओजी, सर्विलांस व फील्ड यूनिट द्वारा इकठ्ठे किये गए साक्ष्यों के आधार पर पहले तो महिला के नाम व पते की जानकारी जुटाई गई तो वहीं आज पुलिस ने इस हत्या को अंजाम देने वाले अभियुक्त को भी गिरफ्तार कर



लिया है। पकड़े गए अभियुक्त ने महिला के एफडी के एक लाख से ज्यादा रुपये लेने के बाद उसकी हत्या करने की बाद कबूली है। शाहजहांपुर शहर कोतवाली क्षेत्र के अजीजगंज चांदापुर गॉव में गन्ने के खेत मे अज्ञात महिला का नग्न अवस्था में शव मिला था। चाकुओं से उसकी हत्या की गई थी लेकिन उस वक्त पुलिस को उसके नाम व पते की भी जानकारी नही थी। ऐसे में पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीना मौके पर पहुँचे। इसके बाद फील्ड यूनिट द्वारा मौके से जुटाए गए साक्ष्यों व मोबाईल नम्बर से पता चला कि महिला उत्तराखंड की रहने वाली सीता है। वह जहाँ किराए पर रहती थीं उसके पास के कमरे में शाहजहांपुर के थाना सेहरामऊ दक्षिणी का शिवनाथ भी रहता था। दोनों के बातचीत शुरू हो गयी थी। खुलासे के बाद पुलिस ने बताया कि सीता की 1 लाख 30 हजार की एफडी थी। जिसे तुड़वाकर उसका पैसा वह शिवनाथ को दे चाहती थी। सीता अकेली रहती थी उसने शिवनाथ के साथ रहने का मन बना लिया था। कुछ दिन बाद सीता ने शिवनाथ को एफडी तुड़वाकर सारा पैसा दे दिया। इसके बाद वह शिवनाथ से उसके घर चलने की जिद करने लगी। शिवनाथ सीता को साथ लेकर शाहजहांपुर आया और सीता को समझाने लगा कि वह कुछ दिन आसाराम बापू के आश्रम में रह ले इसके बाद वह घर वालो से बात करके उसे वहा से घर ले जाएगा। लेकिन सीता नही मानी। इसके बाद देर रात में शिवनाथ ने गन्ने के खेत मे उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने शिवनाथ के पास से 1 लाख 20 हजार की नगदी सहित अन्य सामान को बरामद किया है।

# संयुक्त रूप से किया गया संस्थाओं का औचक निरिक्षण

- संस्था मे आवासित बालिकाओं का कौशल विकास हेतु कराया जाये प्रशिक्षणः सौरभ

अवधनामा ब्यूरो

**सोनभद्र।** दिनांक 28/09/2023 को मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार एवं मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ अश्विनीकुमार द्वारा संयुक्त रूप से महिला कल्याण विभाग द्वारा जनपद मे संचालित बाल गृह बालिका व विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण का औचक निरीक्षण किया गया।जिसमे संस्था के समस्त अभिलेख, रसोई कक्ष, स्टोर रूम आवासित कक्ष एवं छ्ष्ट्ब्ङ्क कैमरा का अवलोकन किया गया एवं अवलोकन मे पायी गयी कमियों के निराकरण के सम्बन्ध में



सम्बंधित को निर्देशित किया गया

मुख्य विकास अधिकारी द्वारा बाल गृह बालिका की बच्चियों से बारी बारी बातचीत किया गया और उन्हें अपने हित सोचने और इंडिपेंडेंस होने के गुण बताए एवं बालिकाओं व उनके अभिभावक को परामर्श के माध्यम से परिवार में पुनर्वासन कराने एवं प्रत्येक बालिका की केश हिस्ट्री तैयार करने के निर्देश दिए गये ,बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय की जाने वाली खेलकूद प्रतियोगिता में प्रतिभाग कराने एवं बालिकाओं के रुचि के अनुरूप कौशल विकास प्रशिक्षण कराए जाने के निर्देश दिए।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा संस्था अधीक्षिका को निर्देशित किया गया की बच्चियों की नियमित स्वास्थ परिक्षण कराया जाना सुनिश्चित करे।

साथ ही विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण में आवासित नवजात बच्चो के शयन कक्ष, रसोई , संस्था के अभिलेख का निरीक्षण किया गया साथ ही नवजात शिशुओं के कक्ष में खिलौने झूमर आदि लगाने एवं उनको दी जा रही दवाओं का चार्ट बनाकर चस्पा करने जिसमे दवाओं के एक्सपायरी डेट लिखा हो के लिए संबन्धित को निर्देशित किया गया।चिकित्साधिकारी द्वारा बताया गया की आयु के अनुरूप नवजात शिशुओं को दूध की मात्रा दिया जाये समय समय पर बच्चों की चिकित्सा जांच कराई जाय। मौकेपर जिला प्रोवेशन अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा, जिला बाल संरक्षण इकाई से संरक्षण अधिकारी रोमी पाठक, ओ आर डब्ल्यू शेषमणि दुबे एवं संस्था अधीक्षक आदि उपस्थित रहे।

# धारदार हथियार से वार कर पिता-पुत्र को किया जख्मी

- तिंदवारी थाना क्षेत्र के अमलीकौर गांव में हुई घटना

अवधनामा संवाददाता

**बांदा।** गणेश प्रतिमा बिर्सजन से पहले भंडारा के दौरान गाली गलौज का विरोध करने पर दबंगो ने पिता पुत्र के ऊपर बांका से हमला कर दिया। जिससे दोनो लोग लहूलुहान हो गए। शोर गुल सुनकर आस पास के लोग मौके पर पहुच गए। हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। दोनो घायलो को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

तिंदवारी थाना क्षेत्र के अमलीकौर गांव में बुधवार की शाम ग्रामीणो ने गणेश प्रतिमा विसर्जन से पहले भंडारा का आयोजन किया था। इसमें गांव के शिवलखन और उसका पुत्र भोला सिंह ग्रामीणो को भोजन परोस रहे थे। भंडारा के दरौना दबंगो ने भी प्रसाद गृहण किया। कुछ देर के बाद पांच दबंग आ धमके और शिवलखन (65)पुत्र सरदार सिंह को गाली गलौज करने लगे शिवलखन से इसका विरोध किया। दबंगो ने शिवलखन के ऊपर बांका से हमला कर दिया। वह लहूलुहान होकर गिर पड़ा। शोर सुनकर पिता को पिता देख पुत्र भोला (32) बचाने आया तो उसके ऊपर भी हमला कर दिया। जिससे दोनो पिता पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। आरोपी मौके से फारर हो गए। ग्रामीणो ने दोनो घायलो को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई है। घायल शिवलखन ने बताया कि उसने मार्च माह में पड़ोसी रामआसरे का खेत खरीदा था। वह खेत दबंग के यहां सात लाख में रेहन रखा था। तभी से वह रंजिस मानने लगा। इसी रंजिस के चलते उसके ऊपर बांका से हमला किया गया।

# गणपति प्रतिमाओं का किया गया विसर्जन, रो पड़े भक्त

- गाजे-बाजे धूमधड़ाके के साथ निकाला गया विसर्जन जुलूस
- आधा सैकड़ा गजानन की प्रतिमाओं का किया गया विसर्जन

अवधनामा संवाददाता

**बांदा।** ग्रामीण क्षेत्रों और शहर में विराजमान गणेश प्रतिमाओं को गुरुवार को विसर्जित किया गया। तमाम प्रतिमाएं प्रशासन और यातायात पुलिस के द्वारा निर्धारित किए गए रूट से गुजरीं। जुलूस की शक्ल में चल रहे गणपति भक्त डीजे की धुन पर रंग गुलाल उड़ाते थिरकते नजर आए। सभी श्रद्धालु गणपति प्रतिमाएं लेकर केन नदी पहुंचे। वहां पर आरती करने के बाद नम आंखों के साथ गजानन की प्रतिमाओं का विसर्जन किया। इस दौरान कई श्रद्धालु फफक कर रो पड़े।

शहर में आधा सैकड़ा से ज्यादा गणपति प्रतिमाओं के पंडाल स्थापित किए गए थे। यहां पर कई दिनों वहां पर प्रतिदिन गणेश प्रतिमाओं को सजाते हुए झांकियों का प्रदर्शन किया गया। भक्त शाम के समय भ्रमण करते हुए शहर में विराजमान 50 से ज्यादा गणपति प्रतिमाओं का दर्शन किया। इतने दिनों तक गणपति की सेवा करने के बाद जब गुरुवार को विसर्जन का समय आया तो पंडाल स्थापित करने वालों का मन बोझिल हो गया। पूर्व निर्धारित तिथि के मुताबिक गणेश भवन में स्थापित गणेश प्रतिमा समेत 50 गणपति प्रतिमाओं का विसर्जन करने के लिए तैयारियां की गईं। पुलिस ने विसर्जन को लेकर जहां रूपरेखा तैयार की थी, वहीं यातायात पुलिस ने भी रूट डायवर्जन किया था। गुरुवार को दोपहर 12 बजे से गणपति प्रतिमाओं का जुलूस शहर में घूमा। जुलूस में डीजे के साथ ही भांगड़ा ढोल भी साथ चल रहा था। डीजे की धमक और भांगड़ा ढोल की धुन पर थिरकते हुए सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु निर्धारित रास्तों से होते हुए केन नदी पहुंचे। इस दौरान जमकर गुलाल उड़ाया गया।



### गणेश प्रतिमाओं का आज भी होगा विसर्जन

**बांदा।** गणेश प्रतिमा विसर्जन को लेकर भी उहापोह की स्थिति बनी रही। हालांकि गणेश भवन में विराजमान प्रतिमा का गुरुवार को ही विसर्जन किया गया। इसके अलावा तकरीबन आधा सैकड़ा गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। नूतन बाल समाज के संरक्षक अशोक अवस्थी ने बताया कि 10वें दिन हमेशा से ही विसर्जन किया जाता रहा है, उसी के तहत गणपति प्रतिमा का विसर्जन किया गया। इधर, केंद्रीय गणेश पूजा महोत्सव समिति के अध्यक्ष अभिषेक पांडेय ने बताया कि गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन शुक्रवार को भी किया जाएगा।

### विसर्जन के दौरान श्रद्धालुओं का उमड़ा रेला

**बांदा।** गजानन की प्रतिमाओं का पूरे नौ दिनों तक श्रद्धालुओं ने दर्शन किया। दसवें दिन गुरुवार को भी श्रद्धालु विसर्जन रूट पर विभिन्न स्थानों में कतारबद्ध खड़े नजर आए। सड़क के दोनो किनारों पर खड़े होकर श्रद्धालुओं ने गणेश प्रतिमाओं का दर्शन किया। प्रतिमाएं लेकर जा रहे भक्तों ने सड़क के दोनो छोरों पर खड़े श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण किया। रह-रहकर अगले बरस तू जल्दी आ, गणपति बप्पा मोरया का उद्घोष गुंजायमान होता रहा।

# दो मनचलों ने की इंटर की छात्रा से छेड़छाड़

- सिर्फ कागजों में ही दिख रही है एंटी रोमियो स्क्वायड की टीम

अवधनामा संवाददाता

**शाहजहांपुर।** महिलाओं व छात्राओं की सुरक्षा को लेकर सीएम योगी समीक्षा बैठकों में अधिकारियों के पेंच कसते हुए नजर आते हैं।अभी हाल ही में यूपी के अंबेडकर नगर में बाईक सवारों ने साईकिल सवार छात्रा का सरेराह दुपट्टा खींचा था इस दौरान पीछे से आ रहे वाहन से कुचलकर उसकी दर्दनाक मौत हो गयी थी। ऐसा ही एक मामला यूपी के शाहजहांपुर से सामने आया है। यहां निगोही थाने से कुछ ही दूरी पर बाईक सवार दो युवकों ने साईकिल सवार इंटर की नाबालिग छात्रा से छेड़छाड़ की । छात्रा द्वारा शोर मचाने पर राहगीरों ने दोनों युवकों को जमकर पीटा। मौका पाकर एक मनचला फरार हो गया लेकिन दूसरे युवक को पुलिस ने पकड़ लिया।निगोही



पुलिस ने छात्रा की माँ की ओर से दी गयी तहरीर पर दो युवकों के खिलाफ छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी तहरीर में नाबालिग छात्रा की मां ने बताया कि उसकी नाबालिग बेटी इंटर में पढ़ती है। वह रोज साइकिल से स्कूल जाती और आती है। छात्र की मां ने बताया कि पास के गांव के दो लड़के पिछले कई दिनों से उसकी बेटी का पीछा किया करते थे और छेड़खानी भी करते थे। कल जब छात्रा छुट्टी के बाद स्कूल से घर जा रही थी तो स्कूल से ही वह दोनों लड़के पीछे-पीछे चलने लगे और थाने से कुछ दूरी पर दोनों लड़कों ने छात्रा के साथ छेड़छाड़ की।

# शान व शौकत से निकला जुलूसें मोहम्मदी

अवधनामा संवाददाता

**मौदहा/हमीरपुर।** भारत के प्राचीन धार्मिक ग्रंथों में भी रसूल-अल्लाह (सललल्लाह अलैह व सल्लम) का जिक्र मिलता है। यह दर्शाता है कि आपकी पैदायश दुनिया के लिए सबसे महत्वपूर्ण घटना है।पैगंबर हजरत मोहम्मद (सल0) का जन्म रबी-उल-अव्वल के बारहवें दिन भोर में हुआ था। दिन सोमवार था।हजरत मोहम्मद (सल0) के विलादत का मुबारक दिन है उस अजीम हस्ती के विलादत का दिन जिन्होनें आलमे हस्ती पर अजीम ऐहसान किया। कमजोर व मजलूमों के दुखों का इलाज किया। मानवता के अधिकारों को दृढ़ निश्चय किया। हुकूमत करनें के सिद्धान्तों को निर्धारित किया, जाहलाना रूसूम व रिवाज को मिटाया, जिहालत के अन्धेरों को रौशनी में दबदील किया। औरतों, बेवाओं, कमजोरों व बेकसों को समाज में एहतिराम अता किया।



मेहनत और मजदूरी को प्रोत्साहित किया। रंग व नस्ल के फर्क को खत्म किया जिस के नतीजे में गुलाम समझे जानें वाले हजरत बिलाल अशराफे (कुरैशी के शरीफों) में शुमार किये जानें लगे। आप (सल0) की शिक्षाओं नें बेचैन दिल व दिमाग को ऐसा चैन व सुकून अता किया कि देखते देखते ही दुनिया का एक बड़ा हिस्सा दामनें इस्लाम में दाखिल होगया और तौहीद का पैगाम अरब के जंगल से निकल कर एशिया और अफ्रीका के दूरदराज इलाकों तक पहुंच गया। उस हस्ती के जन्म दिन को उन के मानने वाले अपनें अपनें तरीके से मनाते है कोई बीमारों को फल बांटता है तो कोई राहगीरों को शर्बत व पानी पिलाता है और बहुत है ऐसे मानने वाले भी है जो गाजे बाजे के साथ हाथों में हरें रंग के झंडे लेकर नारे लगाते हुए जाते है ।यह सब भिन्न भिन्न प्रकार से अपनी मोहब्बत का इजहार करते है। इन्ही जश्न के बीच मौदहा मे सुबह 11 बजे पावर हाउस से एक बडा जुलूस जिस में हजारों की संख्या में लोग शामिल थे डी जे, बैंड घोड़े आदि के साथ निकला जो पूरी बाजार होते हुए बड़ा चौराहा पहुंचा वहां से फिर वापस आकर समाप्त होगया।

## जिनकी आमद से जग हुआ रौशन

**मौदहा - हमीरपुर।** मोहल्ला हुसैन गंज स्थित खानकाह निजामिंया में ईद मिलादुन्नबी के मुबारक मौके पर आल इंडिया नातिया मुशायरे का आयोजन किया गया जिसकी सदारत गफ्फार अहमद निजामी और हाजी इफ़तेखार अहमद ने व संचालन शायर मसीह निज़ामी ने की मुशायरे का आगाज पवित्र कुरआन की तिलावत से हुआ इस बाद शकील कुरैशी झांसी ने हम्द पढ़ी और पूरी रात नातिया कलाम पढ़े गये। फहीम पिहानवी ने अपना कलम यू पढ़ा-

**सभी अम्बिया से आला है मकाम मुस्तफा का।**
**जो खुदा के बाद आय है वो नाम मुस्तफा का**
**शकील कुरेशी झांसी का ये शेर बहुत पसंद किया गया**
**वो किस्मत का सिकंदर हो गया है जिसे इश्के पयम्बर हो गया है**
**यावर मौध्वी का शेर था**
**नबी के इश्क ने अंदाज़ वो दिया यावर -बिलाल ने जो कही वो अज़ान खुशबू दे**
**शायर मुजहेदुल इस्लाम मऊ का शेर बहुत पसंद किया गया**
**पर बिछाते है फरिश्ते शौक से आकर वहा -बात होती है जंहा पर सय्यदे अबरार की**
**संचालन कर रहे मसीह निज़ामी ने पढ़ा ,ऐ मसीह नाते मुस्तफा लिखने बैठे तो पता चला**



**वसफे मुस्तफा न हो सकी शेर बेशुमार हो गये**

ज़िया ग़ाज़ीपुरी ने पढ़ा रहमते दो आलम का फ़ैज़ है ज़िया तुम पर -तेरी नात सुन सुन कर लोग झूम जाते हैं ताज निज़ामी में पढ़ा जिनकी आमद से जग हुआ रौशन उस हबीबे खुदा की बात करें , आदिल हिरा मऊ का ये शेर पसंद किया गया फरिश्तों की नजरें हैं कागज़ कलम पर -मैं कागज़ पे सल्ले अला लिख रहा हूँ फैसल रशीदी लखनवी ने पढ़ा जिस ज़माने में पैदा हुये मुस्तफा - उस ज़माने से बेहतर ज़माना नहीं ईसर अहमद आगरा ने पढ़ा देखा न कोई सय्येदे अबरार की तरह - सरकार की तरह मेरे सरकार की तरह, मुशायरा बड़ी कामयाबी के साथ पूरी रात चलता रहा और श्रोताओं ने सभी शायरों को खूब दाद से नवाजा।

## जुलूस में मजहबी झंडे के साथ लोगों ने शान से तिरंगा लहराया

**शाहजहाँपुर।** जनपद में दावत-ए-इस्लामी की ओर से बारावफात (ईद मिलादुन्नबी) के मौके पर बृहस्पतिवार को जुलूस-ए-मोहम्मदी धूमधाम से निकाला गया। जुलूस में हजारों लोग शामिल हुए। जुलूस-ए-मोहम्मदी में मजहबी झंडे के साथ लोगों ने शान से तिरंगा लहराया। बृहस्पतिवार सुबह स्टेशन वाली नूरी मस्जिद से शहर इमाम मौलाना हुजूर अहमद मंजरी ने हरी झंडी दिखाकर जुलूस को रवाना किया। जुलूस में सबसे आगे मंडलीय निगरा गुफरान अत्तारी चल रहे थे। हजारों लोग पत्ती-पत्ती फूल-फूल या रसूल के नारे लगाते हुए चल रहे थे। जुलूस अशफ़ाक़ नगर चौकी होते हुए निगोही रोड, दिलाजाक होते हुए पुवायां रोड से रोडवेज बस स्टैंड से होकर लाल इमली होते हुए आगे की तरफ कूच कर गया। घंटाघर के पास कटहल वाली मस्जिद के पास जुलूस का समापन दुआ के बाद किया गया। सुरक्षा को लेकर पुलिस फोर्स तैनात रहा। पुलिस के अधिकारी लगातार निगरानी करते रहे।

# उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने किया 19 सड़कों का लोकार्पण



उप मुख्यमंत्री जी ने पोषण माह के अन्तर्गत पांच गर्भवती महिलाओं की गोदभराई, दो शिशुओं को कराया अन्नप्राशन्न

**अवधनामा ब्यूरो**


**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अपने एटा जनपद के व्यस्ततम कार्यक्रम के तहत गुरुवार को कलेक्ट्रेट एटा में पीएमजीएसवाई के तहत 70.42 करोड़ की लागत की 19 सड़कों का लोकार्पण किया।उप मुख्यमंत्री ने पोषण माह के अन्तर्गत पांच गर्भवती महिलाओं की गोदभराई, दो शिशुओं को अन्नप्राशन्न कराया। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के पांच लाभार्थियों को आवास की चाभी वितरित की।

निर्देश दिए कि हेल्थ एटीएम की सुविधा जनजन तक पहुंचाने हेतु प्लान तैयार कर कैम्प का आयोजन कराएं। बिजली विभाग की समीक्षा में कहा कि जरूरत के हिसाब ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि की जाए। निर्धारित रोस्टर के अनुसार बिजली दी जाय। कहा कि निराश्रित गौवंश सड़कों पर नजर न आयें। इस पर अधिकारी पैनी नजर रखें। गोचर की भूमि, चकमार्गो, तालाबों आदि पर अवैध कब्जे हटवायें जांय। जल जीवन मिशन के कार्यों का निरीक्षण किया जाय। कहा कि सभी कार्य निर्धारित मानक व मापदण्डो के अनुरूप ही होने चाहिए। कहा कि जनप्रतिनिधियों तथा अधिकारियों का व्हाट्सएप ग्रुप बनाया जाय और यथाउचित महत्वपूर्ण मसलों व अनिवार्य आवश्यकता के मामलों व जन आकांक्षाओं की पूर्ति करने वाले निर्णयों आदि को इस ग्रुप पर शेयर किया जाए। राशन वितरण की समीक्षा में कहा कि अधिकारी कुछ गोदामों को चेक कराएँ तथा बस्तियों में जाकर वितरण की जांच कराऐं। दीपावली तक सड़के गड्ढा मुक्त करायी जांय।

## पीएम आवास योजना व, मुख्यमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को अनुमन्य सुविधाएं बेहतर ढंग से उपलब्ध कराई जाए

जनप्रतिनिधियों को पूरा सम्मान देकर प्रस्तुत समस्याओं का समयांतर्गत निस्तारण करें: केशव प्रसाद मौर्य

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार एटा में जनपद स्तरीय अधिकारियों के विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक की। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि समस्त अधिकारीगण अपने कार्यालय में जनप्रतिनिधियों को पूरा सम्मान दें, उनके द्वारा प्रस्तुत समस्याओं को गंभीरता से लेकर यदि निस्तारित किया जा सकता है, तो समस्या को निस्तारित किया जाए। तहसील स्तर पर एसडीएम, व सीओ अपने क्षेत्रीय विधायक के साथ बैठक कर क्षेत्रीय समस्याओं के निस्तारण पर जोर दें। थाना, तहसील पर आने वाले प्रत्येक फरियादी की समस्याओं का निस्तारण किया जाए। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि जिले के अंदर जो भी विकास व निर्माण कार्य चल रहे हैं, उन्हें गति प्रदान की जाए। यदि कहीं पर कोई समस्या आ रही है, तो अवश्य अवगत कराएं। बजट की कोई कमी नहीं हैं, सभी अधिकारी अपना अच्छा प्रदर्शन करें। विद्युत विभाग द्वारा रोस्टर के अनुसार विद्युत आपूर्ति जनपद मुख्यालय, तहसील एवं गांव स्तर पर दी जाए। विद्युत विभाग आमजनता से जुड़ा विभाग है, ओवर बिलिंग किसी भी दशा में नहीं होनी चाहिए। प्रदेश सरकार द्वारा 01 अप्रैल 2023 के उपरान्त निजी नजकूपों का विद्युत बिल भुगतान किया जाएगा, नलकूप हेतु लगे ट्रांस्फार्मर समय से बदले जाएं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि पीएम स्वनिधि योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना आदि अन्य लाभार्थीपरक योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन हो। पीएम स्वनिधि योजना के तहत लाभार्थियों को समय से ऋष्ठा मिले। सिंचाई विभाग द्वारा सभी नहरों में टैल तक पानी पहुंचाया जाए। शुक्रवार को आयोजित होने वाली ग्राम चौपाल में गांव की समस्याओं को गांव में ही निस्तारित करने पर बल दिया जाए। बैठक से पूर्व उप मुख्यमंत्री ने सरदार भगत सिंह 116वीं जयन्ती के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उप मुख्यमंत्री ने कलक्ट्रेट सभागार में जनपद के मा0 जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों की उपस्थिति में मीडिया से रू-ब-रू होकर विभिन्न विषयों पर चर्चा की। जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह ने उप मुख्यमंत्री को आश्वस्त किया कि उनके द्वारा दिए गए दिशा निर्देशानुसार जनपद में चल रहे विकास कार्यक्रमों को युद्ध स्तर पर तेजी लाई जाएगी।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर फिल्म अभिनेता अनुपम खेर ने शिष्टाचार भेंट की

# संस्कृत किताबों पर 40 प्रतिशत और उर्दू पुस्तकों पर 75 प्रतिशत तक छूट

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** बलरामपुर गार्डन अशोक मार्ग पर चल रहा 20वां राष्ट्रीय पुस्तक मेला समापन की ओर बढ़ चला है। मेले के खाते में सातवें राज आज एक छुट्टी का दिन आया तो मेले में भारी भीड़ उमड़ पड़ी। निःशुल्क प्रवेश वाला ये मेला गांधी जयंती के दिन विदा ले लेगा।



बलरामपुर गार्डन में बीसवां राष्ट्रीय पुस्तक मेलाः सातवां दिन

मेले में उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान के स्टाल पर डा.मिथिलेश तिवारी की स्वर से स्वराज, डा.बैजनाथ पुरी की अध्य एशिया में भारतीय संस्कृति के संग साहित्यिक व्यक्तित्वों कुबेरनाथ राय, चन्द्रबली पाण्डेय, उपाध्याय चौधरी बदरीनारायण, पं.दशरथ प्रसाद द्विवेदी पर प्रकाशित किताबें एकदम नयी हैं। उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान के स्टाल पर वैदिक संस्कृत ग्रंथों और साहित्य की पुस्तकों के अलावा संस्कृत वांग्मय का वृहत्त इतिहास के 17 खण्ड महत्वपूर्ण हैं। यहां 25 से 40 प्रतिशत तक छूट मिल रही है। जनगणना कार्य निदेशालय के स्टाल पर डाटा सम्बंधित पुस्तकें और फोल्डर हैं। प्रकाशन विभाग दिल्ली के स्टाल पर क्रान्तिकारियों, राजनेताओं लोक संस्कृति और ऐतिहासिक तथ्यों की अनेक प्रमाणिक पुस्तकें हैं। योजना क्लासिक्स, प्रधानमंत्री के सम्बोधन, स्वाधीनता संग्राम और अण्डमान के अलावा कश्मीर, असम और सिक्किम की लोककथाओं की किताब नवीन प्रकाशित पुस्तकें हैं। राष्ट्रीय उर्दू भाषा परिषद द्वारा प्रकाशित किताबों पर 20 से 75 प्रतिशत तक छूट है। यहां उर्दू से उर्दू, उर्दू-हिन्दी, इंग्लिश-उर्दू के शब्दकोशों के संग यादे फिराक, अलिफ लैला और हिन्दुस्तान में मुसलमानों की तालीम जैसी नवप्रकाशित पुस्तकें हैं। अंग्रेजी से उर्दू सीखने वाली गोपीचन्द नारंग की दो पुस्तकों का सेट केवल 72 रुपये में उपलब्ध है। उर्दू अकादमी दिल्ली के स्टाल पर डा.मो.हफीजुर्रहमान की औलियाए देहली की दरगाहें और महाभारत काल से सन् 1919 तक का इतिहासे समेटने वाली बशीरुद्दीन की पुस्तक वाकयाते दारुल हुकूमते देहली नये प्रकाशन हैं। साहित्यिक मंच पर आज के कार्यक्रमों का आरम्भ विश्वम फाउण्डेशन द्वारा यूपी त्रिपाठी के संयोजन में युवा प्रतिभाओं के प्रदर्शन से हुई। दोपहर में उत्तर प्रदेश साहित्य सभा के अंतर्गत गठित व्यंग्य सभा के मुकुल महान के संचालन और पंकज प्रसून के संयोजन में हुए नुक्ताचीनी कार्यक्रम में पद्मश्री अशोक चक्रधर ने कहा कि हरिशंकर परसाई और शरद जोशी की परंपरा को बनाए रखना व्यंग्यकारों की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि व्यंग्य विधा नहीं बल्कि सुविधा है। व्यंग हर विधा में विद्यमान मिलता है। उन्होंने लखनऊ के व्यंग्य लेखकों की तारीफ करते हुए कहा कि लखनऊ में व्यंग्य का भविष्य सुरक्षित है। अशोक चक्रधर की व्यंग्य रचनाओं के बाद पांच व्यंग्य कारों अलंकार रस्तोगी, इंद्रजीत कौर, पंकज प्रसून, के.कांत अस्थाना व राजेश कुमार और कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ व्यंग्य का अनूप श्रीवास्तव ने व्यंग्य रचनाएं पढ़ीं।

# अनुसूचित बस्ती में चौपाल लगाकर गिनाई सरकार की उपलब्धियां

भाजपा सरकार बाबा साहब भीमराव आंबेडकर के विरासत को आगे ले जा रही है: मुकेश शर्मा

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा सेवा पखवाड़े के अंतर्गत चलाए जा रहे हैं अनुसूचित बस्ती संपर्क अभियान में आज सदस्य विधान परिषद मुकेश शर्मा ने पूर्व मंडल -3 की रहीम नगर दलित बस्ती और महापौर सुषमा खर्कवाल ने मध्य मंडल 3 की पीर जलील बस्ती में दलित नेताओं व पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ घर-घर जाकर जनसंपर्क किया व बस्ती में चौपाल लगाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और योगी सरकार की दलित और गरीबों के लिए चलाई जा रही विभिन्न प्रकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया।



मुकेश शर्मा ने अनुसूचित वर्ग के विकास और कल्याण के लिए अनुसूचित बस्ती में जनसंपर्क कर अनुसूचित जाति के लिए किए गए विकास कार्यों की चर्चा की और मोदी व योगी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के पत्रक वितरित किए।

संपर्क के दौरान मुकेश शर्मा ने जन-संपर्क के दौरान बस्ती में लोगों से संवाद करते हुए कहा कि भाजपा सरकार न सिर्फ बाबा साहब भीमराव आंबेडकर का सम्मान करती है, बल्कि उनकी विरासत को भी आगे ले जा रही है। सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान के लिए कार्य कर रही है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय सपने को भी साकार कर रही है। आज अनुसूचित वर्ग के लोग भी मानते हैं कि सरकार उनके हितों के प्रति गंभीर है और योजनाओं के जरिये सभी का उत्थान कर रही है।

2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा का साथ देने और केंद्र में पुनः नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने हेतु आह्वान किया। उन्होंने कहा कि फिर से मोदी सरकार बनी तो न सिर्फ विकास कार्यों को गति मिलती रहेगी, बल्कि दुनिया में भारत की स्थिति मजबूत बनी रहेगी। मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि बस्तियों में जनसंपर्क व चौपाल के दौरान अनुसूचित मोर्चा नगर अध्यक्ष विपिन सोनकर उपाध्यक्ष विमल चौधरी, विश्वनाथ भारती, इंद्रजीत सोनी ,रामू सोनकर,राहुल सोनकर, प्रशांत सोनकर मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## समाजसेवी डॉ. अरुण की मनाई गई जयंती

**लखनऊ।** मां दुर्गा साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था की ओर से गुरुवार को यूपी प्रेस क्लब में समाजसेवी डॉ. अरुण कुमार श्रीवास्तव की जयंती अनन्त चौदस पर अरुणोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ अरुण साहित्य सम्मान डॉ. अशोक अज्ञानी और युवा अरुण साहित्य सम्मान युवा कवियत्री वन्दना विशेष गुप्ता को दिया गया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. अरुण की पुत्री डॉ. अल्का अस्थाना ने किया। कार्यक्रम का आरम्भ डॉ. अर्चना प्रकाश ने गणेश वन्दना से किया और अतिथियों ने मां सरस्तवी के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित किया।

# लखनऊ में दिखा गंगा जमुनी तहजीब का नज़ारा

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** जश्ने ईद ए मिलादुन्नबी के मौके पर देश के सबसे बड़े सूबे की राजधानी लखनऊ में निकलने वाले जुलूस में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के वफ़ा का कारवां ने पहुँचकर जुलूस में मौलानाओं की गुल पोशी की वही बिल्लौच पूरा में सबील लगाकर फल वितरित किया, ऐशबाग ईदगाह में लगा अम्बर फाउंडेशन का स्वास्थ्य और नेत्र शिविर लगाया गया,चेयरमैन वफ़ा अब्बास ने मुख्यमंत्री का सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अदा किया शुक्रिया,पुलिस महानिदेशक विजय



कुमार को अम्बर रत्न सम्मान दिया। मालूम हो सुबह से ही फ़िज़ा झूम रही थी,अक़ीदत से सराबोर लोग झंडे लिए पूरे शहर में घूम रहे थे,बिल्लौच पूरा,यहाँ लगे अम्बर फाउंडेशन के कैम्प में चेयरमैन वफ़ा अब्बास ने फल वितरित किये,मोतियाबिन्द का ऑपेरेशन करा चुके लोग और चश्मा, वज़ीफ़ा पाने वाले लोगो ने नाराये तकबीर अल्लाहो अकबर, नाराये रिसालत या रसूल अल्लाह के नारों के बीच वफ़ा अब्बास का गुलपोशी कर इस्तेकबाल किया। क़ाज़ी ए शहर मौलाना अबुल इरफान फ़िरंगी महली ने गंगा जमनी तहज़ीब और समाज सेवा के काम कर रहे वफ़ा अब्बास को मुबारक बाद दी। वही ईदगाह में अम्बर फाउंडेशन के चेयरमैन वफ़ा अब्बास के साथ गोयल मेडिकल कॉलेज के आई और स्वास्थ्य कैम्प की सराहना कर उनके ख़लूस की तारीफ की इस मौक़े पर नगराम फाउंडेशन के चेयरमैन अरशद नगरामी, ऑल इंडिया जमियतुल कुरैश के सचिव शहाबुद्दीन कुरैशी, रहनुमा कुरैशी , सलमान कुरैशी, धोबी समाज के अध्यक्ष राजू बच्चन, मुन्ना और श इमरान, आमिर मुख़्तार बिल्लौचपुरे के बड़े बुजुर्गों और ओलमाओ ने मिलकर क़दीमी जुलूस का इस्तक़बाल किया।

# जुलूसे मोहम्मदी शानो-शौकत के साथ निकाला गया

**अवधनामा ब्यूरो**

जुलूस में शामिल अंजुमनें मदहे सहाबा पढ़ते हुए जुलूस में शामिल हुईं

**लखनऊ।** बारह रबीउल अव्वल के मौके पर गुरुवार को मजलिस तहफ्फुजे नामूसे सहाबा की ओर से जुलूस मदहे सहाबा और आल इंडिया मोहम्मदी मिशन की ओर से जुलूसे मोहम्मदी शानो-शौकत के साथ निकाला गया। अमीनाबाद स्थित झण्डे वाला पार्क से गुरुवार सुबह मौलाना अब्दुल अलीम फारुकी, मौलाना अब्दुल अजीम फारुकी, मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली, मौलाना मोहम्मद मुश्ताक के नेतृत्व में जुलूस मदहे सहाबा निकाला गया। जुलूस में शामिल अंजुमनें मदहे सहाबा पढ़ते हुए जुलूस में शामिल हुईं। जुलूस अपने पूर्व निर्धारित रास्तों से होता हुआ ऐशबाग ईदगाह पहुंच कर सम्पन्न हुआ, जहां जलसा सीरतुन्नबी और पयामे अमन आयोजित हुआ। वहीं आल इंडिया मोहम्मदी मिशन की ओर से चौक मेडिकल कॉलेज स्थित शाहमीना शाह की मजार से जुलूसे मोहम्मदी मौलाना अबुल इरफान फिरंगी महली, इकबाल हाशमी और एजाज अली मीनाई के नेतृत्व में निकाला गया। जुलूस चौक स्थित ज्योतिबा फुले पार्क पहुंच कर जश्ने ईद मिलादुन्नबी में तब्दील हुआ। अमीनाबाद स्थित झण्डे वाला पार्क से गुरुवार सुबह जुलूस मदहे सहाबा निकाला गया। जुलूस में शामिल अंजुमनें रंग-बिरंगे झण्डे लिए हुए थीं जिन पर कल्मा-ए-तौहीद, रसूले अकमर, खुलफा-ए-राशिदीन और सहाब-ए-कराम के नाम लिखे हुए थे। जुलूस में शामिल अंजुमनें रास्ते भर अपना तराना और मदहे सहाबा पढ़ते हुए चल रही थीं। जुलूस के रास्ते में सड़क के दोनों किनारों पर सबीलों का इंतजाम किया गया था, जहां से जुलूस में शामिल लोगों को चाय, पानी-शर्बत और तबर्रुक बंट रहा था। बड़ी संख्या में हिन्दूओं ने भी सबीलें लगा कर जुलूस का स्वागत किया। जुलूस में मजलिस तहफ्फुजे नामूसे सहाबा, इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया, आल



इंडिया सुन्नी बोर्ड और तहरीक तहफ्फुजे नामूसे रसूल के कार्यकर्ता जुलूस की व्यवस्था सुचारू करने में मदद कर रहे थे। जुलूस अपने पूर्व निर्धारित रास्तों मौलवीगंज, रकाबगंज चौराहा, नादान महल रोड, नक्खास तिराहा से मुड़ कर टूड़ियागंज, बाजारखाला, हैदरगंज से मुड़ कर ऐशबाग ईदगाह पहुंचा, जहां जुलूस का स्वागत इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया के कार्यकर्ताओं और दारुल उलूम फरंगी महल के अध्यापकों ने किया। रास्ते में जुलूस का विभिन्न जगहों पर स्वागत किया गया। ईदगाह ऐशबाग में जोहर की नमाज अदा की गयी, जिसके बाद जलसा सीरतुन्नबी और पयामे अमन आयोजित हुआ। जलसे का आगाज कारी कमरुद्दीन ने तिलावते कलामे पाक से किया। जलसे को इमाम ईदगाह मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली, मौलाना मोहम्मद मुश्ताक और मोहम्मद अहमद खां अदीब सहित अन्य ने सम्बोधित करते हुए रसूल के अमन, प्यार मोहब्बत और आपसी भाईचारे को बयान किया। मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने कहा कि आज का दिन वह मुबारक दिन है जिस दिन खुदा ने अपने आखिरी नबी हजरत मोहम्मद मुस्तफा को इस दुनिया में तमाम इंसानों की रहनुमाई के लिए भेजा। आज रसूल के इंसानियत, अमन और भाईचारे के पैगाम को घर-घर पहुंचाने की जरूरत है, जिससे इस्लाम और मुसलमानों के बारे में फैलाई जा रही भ्रांतियों को दूर किया जा सके। जलसे में देश-प्रदेश में अमन-चैन, आपसी भाईचारे और तरक्की की दुआएं की गयीं। इस मौके पर जेसीपी उपेन्द्र कुमार अग्रवाल ने उलमा विशेष कर मौलाना खालिद रशीद का शुक्रिया अदा किया। डीसीपी रईस अख्तर ने कहा कि पुलिस को जनता का सहयोग मिले तो बड़े से बड़े मसले आसानी से हल हो जाते हैं। ईदगाह में अंजुमनों के पहुंचने का सिलसिला शाम तक चलता रहा। बच्चों को इस्लामी जिंदगी गुजारने का बताएं तरीका~ मौलाना अबुल इरफान वहीं आल इंडिया मोहम्मदी मिशन की ओर से शाहमीना शाह की मजार से जुलूसे मोहम्मदी निकाला गया। मौलाना अबुल इरफान फिरंगी महली, इकबाल हाशमी आदि के नेतृत्व में निकला जुलूस दोपहर लगभग ढाई बजे ज्योतिबा फुले पार्क पहुंचा, जहां जश्ने ईद मिलादुन्नबी आयोजित हुआ। जुलूस में शामिल अंजुमनें खानए काबा के मॉडल और अपने झण्डे और बैनर लिए हुए थीं। जुलूस ज्योतिबा फुले पार्क पहुंच कर जश्ने ईद मिलादुन्नबी में तब्दील हो गया। जश्न का आगाज मौलाना शमीम ने तिलावते कलामे पाक से किया, जिसके बाद मौलाना हसीब, मौलाना शाहजहां, मौलाना हबीब, फाखिर मीनाई ने नात का नजराना पेश किया। जश्न को खिताब करते हुए मौलाना अबुल इरफान फिरंगी महली ने कहा कि अल्लाह का फजल है कि 12 रबीउल अव्वल को हमारे आका और मौला इस दुनिया में तशरीफ लाए, जिससे यह दिन तमाम ईदों से बढ़ कर ईद का दिन बना और यौमे ईद मिलादुन्नबी के नाम से जाना गया। मौलाना ने कहा कि हमारा दीन रस्म नहीं बल्कि नबी ने खुद अमली जिंदगी गुजार कर अपनी उम्मत को अमल करने का हुक्म दिया। हमें अपने घरों में मिलाद करके अपने बच्चों को इस्लामी जिंदगी गुजारने का तरीका और सबब बताना चाहिए।



अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री दानिश आज़ाद अंसारी ने ईद मिलाद उन नबी के जुलूस में गृह जनपद बलिया में शामिल हुए।

# उ.प्र. परिवहन निगम को एक अरब से अधिक रुपए की हुई आय

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** यूपीएसआरटीसी द्वारा प्रदेश के विभिन्न जनपदों/ग्रामीण क्षेत्रों के अलावा 08 राज्यों एवं नेपाल के बीच अंतरराज्यीय/अंतर्राष्ट्रीय बस सेवा का संचालन भी किया जाता है। इसमें दिल्ली, उत्तराखंड, राजस्थान, हरियाणा,मध्य प्रदेश, बिहार,चंडीगढ़/ पंजाब, हिमाचल प्रदेश एवं नेपाल शामिल है। कुल 2326 बसों का संचालन किया जाता है। इन बसों के संचालन से अगस्त 2023 में कल 1 अरब दो करोड़ 38 लाख 78 हजार 430 रुपये की आय उत्तर प्रदेश परिवहन निगम को हुई है। यह जानकारी परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि प्रदेश में अन्य राज्यों से यात्री धार्मिक एवं व्यक्तिगत कार्यों से आते रहते हैं। साथ ही प्रदेश के निवासी भी अन्य राज्यों में धार्मिक एवं व्यक्तिगत कार्यों से जाते रहते हैं। अपने देश एवं प्रदेश के यात्रियों को सुविधा उपलब्ध कराने के लिए उत्तर प्रदेश परिवहन निगम द्वारा प्रदेश के अंदर और प्रदेश से लगे राज्यों के मध्य बसों का संचालन किया जाता है। जिससे कि लोगों को आवागमन में असुविधा न हो। इन राज्यों के साथ उत्तर प्रदेश परिवहन निगम का अनुबंध है। परिवहन मंत्री ने बताया कि उत्तर प्रदेश परिवहन निगम द्वारा प्रदेश की सीमा से लगे अन्य राज्यों के धार्मिक स्थलों को जोड़ने के लिए बसों के संचालन के क्षेत्र में कार्य तेजी से चल रहा है। जल्द ही प्रमुख धार्मिक स्थलों के लिए राजधानी से बस सेवाएं संचालित की जाएंगी।



प्रदेश की सीमा से लगे राज्यों के महत्वपूर्ण धार्मिक स्थलों को बस सेवा से जोड़ने का चल रहा कार्यः दयाशंकर सिंह

# वृद्धाश्रम के लिए डॉ. राजेश्वर ने सीएम को लिखा पत्र

## डॉ राजेश्वर सिंह के प्रयासों से वृद्धाश्रमों में रहने वाले वृद्धजनों को मिलेगी बहुत सी सुविधाएँ और संसाधन

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह समाज के वृद्धजनों की सेवा, सम्मान, सहायता करने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। वृद्धाश्रम में रहने वाले वृद्धजन जो अपने परिवार से दूर रहते है, डॉ. राजेश्वर सिंह एक बेटे की तरह उनकी सभी समस्याओं को दूर करने तथा उन्हें हर सुविधा-संसाधन का लाभ भी पहुंचने के लिए निरंतर प्रयासरत है। वृद्धजनों की सेवा के अपने संकल्प को पूर्ण करने के क्रम में डॉ. राजेश्वर सिंह ने 4 अगस्त



2023 को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को एक पत्र लिखा था जिसमें उन्होंने वृद्धजनों की समस्याएं तथा उनकी आवश्यकताओं से संबंधित कई पहलुओं का उल्लेख किया गया था जिस पर उन्हें शासन की ओर से सकारात्मक आश्वसन प्राप्त हुआ है। डॉ. राजेश्वर सिंह ने पेंशन लाभ की सुविधा के लिए नियमों को शिथिल किए जाने का सुझाव दिया था जिस पर शासन की ओर से प्रदेश के जनपदों के वृद्धाश्रमों में रहने वाले वृद्धजनों, जिन्हें विभिन्न पेंशन योजनाओं का लाभ नहीं मिल पार रहा है।